


इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, बारिश के साथ होती संक्रमण की दस्तक व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

श्रावण कृष्ण पक्ष अष्टमी विक्रम संवत 2081

# अमृत विचार

वर्ष 5, अंक 252, पृष्ठ 16+4, मूल्य: 6 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार



**आज का मौसम** 37.0° अधिकतम तापमान | 27.0° न्यूनतम तापमान | आसमान में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। | सूर्योदय 05 : 31 सूर्यास्त 18 : 58

बरेली, रविवार, 28 जुलाई 2024

रणवीर की नई फिल्म को लेकर उत्साहित हैं दीपिका...16

# निवेशकों के अनुकूल बनें नीतियां

## नीति आयोग संचालन परिषद की बैठक में बोले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को नीति आयोग की बैठक की अध्यक्षता करते हुए देश की नीतियों को अंतर्राष्ट्रीय निवेशकों के अनुकूल बनाने के महत्व पर बल देते हुए कहा कि भारत सही दिशा में चल रहा है और आज देश के लोगों में आत्मविश्वास झलक रहा है।

नीति आयोग की संचालन परिषद की नौवीं बैठक की अध्यक्षता करते हुए मोदी ने 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है और इसके लिए राज्यों की भागीदारी महत्वपूर्ण है। मोदी ने कहा कि यह दशक बदलावों, तकनीकी और भू-राजनीतिक बदलावों और अवसरों का है। भारत को इनका लाभ उठाकर अपनी नीतियों को अंतर्राष्ट्रीय निवेश के अनुकूल बनाना चाहिए। यह भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में प्रगति की सीढ़ी है।

मोदी ने कहा कि हम सही दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। हमने सौ साल में एक बार आने वाली महामारी को हराया है। हमारे लोग उत्साह और आत्मविश्वास से भरे हुए हैं।

केंद्र में नई सरकार के गठन के बाद नीति आयोग की पूर्ण बैठक विकास के विभिन्न मुद्दों और नीतिगत विषयों पर चर्चा के लिए आयोजित की गई। विकसित भारत 2047 बैठक का मुख्य विषय था। नीति आयोग की संचालन परिषद में आज की चर्चा का उद्देश्य विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिए वृहद खाका तैयार करना और केंद्र तथा राज्यों के बीच टीम वर्क को बढ़ावा देना था। साइबर सुरक्षा, आकांक्षी जिलों और ब्लॉक कार्यक्रम, राज्यों की भूमिका और शासन में एआई पर विमर्श करने के लिए विशेष सत्र भी आयोजित किए गए। प्रधानमंत्री की अध्यक्षता वाली परिषद में सभी राज्यों के मुख्यमंत्री, केंद्र शासित प्रदेशों के उपराज्यपाल और कई केंद्रीय मंत्री शामिल हुए।




नीति आयोग गवर्निंग काउंसिल की बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और अन्य।

### ममता बोलीं-माइक बंद कर मुझे बोलने नहीं दिया



प. बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी नीति आयोग की बैठक छोड़कर बीच में ही बाहर निकल आईं। उन्होंने आरोप लगाया कि उन्हें भाषण के दौरान बीच में ही रोक दिया गया। कहा कि पांच मिनट के बाद उनका माइक्रोफोन बंद कर दिया गया, जबकि अन्य मुख्यमंत्रियों को अधिक देर तक बोलने की अनुमति दी गई।

### माइक बंद करने का ममता का दावा भ्रामक

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का माइक्राफोन बंद किए जाने के दावे को केंद्र सरकार के अधिकारियों ने भ्रामक बताया है। उनका कहना है कि बनर्जी को राज्य सरकार के अनुरोध पर उनके क्रम से पहले बोलने का मौका दिया गया और उनका समय पूरा होने की घंटी तक नहीं बजाई गई। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि मुख्यमंत्री बनर्जी का माइक्रोफोन बंद नहीं किया गया था।

### भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए राज्यों की भागीदारी महत्वपूर्ण

### वन ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था के लिए हो रहे प्रयास : योगी



**लखनऊ।** नीति आयोग की बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि ईज ऑफ डुइंग बिजनेस, निवेश अनुकूल नीतियों के परिणाम स्वरूप उत्तर प्रदेश देश में निवेश के ड्रीम डेस्टिनेशन के तौर पर उभरा है। उन्होंने एमएसएमई, महिला सुरक्षा, इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट, पीएम गति शक्ति, स्वास्थ्य एवं पोषण पर चरणवार उपलब्धियां गिनाईं। योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री के देश को पांच ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी बनाने के संकल्प में योगदान देने के लिए राज्य की अर्थव्यवस्था को एक ट्रिलियन डॉलर करने का लक्ष्य रखा गया है। योगी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को आगामी जनवरी, 2025 में प्रयागराज महाकुम्भ में भी आमंत्रित किया।

# कुपवाड़ा में सैन्य चौकी पर 'बैट' का हमला नाकाम, जवान शहीद

## हमले में कैप्टन समेत चार सैन्यकर्मी घायल, एक पाकिस्तानी घुसपैठिया ढेर

नई दिल्ली/श्रीनगर, एजेंसी

भारतीय सेना ने जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले के कमकारी सेक्टर में शनिवार को पाकिस्तान की बॉर्डर एक्शन टीम (बीएटी) के हमले को नाकाम कर दिया। हालांकि इस दौरान हुई मुठभेड़ में सेना के जवान बदायूं (उप्र) निवासी मोहित सिंह राठौर शहीद हो गए और एक कैप्टन सहित चार अन्य सैन्यकर्मी घायल हो गए। मुठभेड़ में एक पाकिस्तानी घुसपैठिया भी मारा गया जबकि दो अन्य घुसपैठिए पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में भाग गए। 'बैट' में पाकिस्तानी सेना के विशेष बल के जवान और आतंकवादी शामिल होते हैं।

श्रीनगर में मौजूद रक्षा प्रवक्ता ने बताया कि घुसपैठिए खराब मौसम और क्षेत्र में कम दृश्यता का फायदा उठाकर नियंत्रण रेखा पार कर इस ओर आए तथा उन्होंने नजदीक से अग्रिम सैन्य चौकी पर गोलीबारी की। उन्होंने बताया कि घायलों को श्रीनगर में बेस अस्पताल ले जाया गया। शहीद सैनिक की पहचान राइफलमैन मोहित राठौर के रूप में हुई है।

### बदायूं के निवासी थे शहीद मोहित राठौर



**इस्लामनगर (बदायूं)।** जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा में आतंकी हमले में बलिदान मोहित सिंह राठौर (28) इस्लामनगर क्षेत्र के गांव सभानगर के नत्थू सिंह के इकलौते बेटे थे। वह 2017 में सेना में भर्ती हुए थे और 57 राष्ट्रीय राइफल यूनिट कुपवाड़ा में तैनात थे। डेढ़ साल पहले ही शादी हुई थी। शुक्रवार रात लगभग 8 बजे चाचा सोनपाल से वीडियो कॉल पर बात हुई थी। कहा कि वह सर्च ऑपरेशन पर निकले हैं। देखना तुम्हारा भतीजा बहुत आगे तक जाएगा। शनिवार सुबह पत्नी रुचि के पास दिल्ली स्थित सेना मुख्यालय से फोन आया। पिता नत्थू सिंह से बात की। बताया कि आतंकी हमले में मोहित सिंह घायल हो गए हैं। उसके बाद टीवी और मीडिया से मौत की सूचना मिली तो पूरा परिवार सन्न रह गया। शव बदायूं आने के बाद उनके खेत में ही अंतिम संस्कार किया जाएगा।

# सीएसआईआर-नेट परीक्षा में नकल मामले में 7 गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**23 लोगों पर एफआईआर**

**अमृत विचार :** मेरठ स्थित सुभारती यूनिवर्सिटी में सीएसआईआर-नेट परीक्षा नकल मामले में एसटीएफ ने 23 के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है, जबकि 7 को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में रोहतक, हरियाणा की तीन लड़कियां भी शामिल हैं। एसटीएफ की जांच में यह तथ्य सामने आया कि 11 अभ्यर्थियों ने 25 जुलाई को और 4 ने 26 जुलाई को ऑनलाइन नकल की थी।

एसटीएफ के एडीजी अमिताभ यश ने बताया कि ऑनलाइन नकल कराने में बड़ा गिरोह सक्रिय था। इसमें अब तक 23 लोगों के शामिल होने की सूचना मिली है। एसटीएफ एएसपी ब्रजेश सिंह के अनुसार, गिरोह में 4 सॉल्वर शामिल हैं। आईटी मैनेजर और लैब असिस्टेंट की मदद ली गई।

## तिहाड़ जेल में कैदी के हमले में दो अन्य कैदी घायल

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली स्थित तिहाड़ जेल में एक कैदी ने दो अन्य कैदियों पर धारदार हथियार से हमला कर उन्हें घायल कर दिया। शनिवार को दिल्ली पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि घायल कैदियों को दीनदयाल उपाध्याय अस्पताल ले जाया गया जहां इलाज के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई। उन्होंने कहा कि यह घटना शुक्रवार को जेल नंबर-9 में हुई।

### नक्सली का आत्मसमर्पण

**कबीरधाम।** तीन राज्यों में वांछित 13 लाख रुपये की इनामी महिला नक्सली हिड़मे कोवासी उर्फ रानीता (22) ने शनिवार को छत्तीसगढ़ के कबीरधाम जिले में आत्मसमर्पण कर दिया। उस पर 13 लाख रुपये का इनाम था।









# कृषि क्षेत्र की तरह उद्योगों को भी मिलेगी स्वतंत्र फीडरों से बिजली

रमेश चन्द्र, लखनऊ

- योजना में लगभग एक हजार करोड़ खर्च होने का अनुमान

**अमृत विचार :** प्रदेश के उद्योगों को जल्द स्वतंत्र फीडरों के जरिए बिजली उपलब्ध होगी। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन ने किसानों के लिए कृषि फीडरों की तर्ज पर औद्योगिक फीडर बनाने की तैयारी शुरू कर दी है। इस पर करीब हजार करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। कॉरपोरेशन ने अनुपूरक बजट में औद्योगिक फीडर के लिए धन जुटाने की कवायद शुरू कर दी है।

प्रदेश में अभी केवल किसानों को सिंचाई के लिए स्वतंत्र फीडर से बिजली आपूर्ति होती है। वर्तमान में इन फीडरों के जरिए किसानों को 12 घंटे बिजली आपूर्ति की जा रही है। राज्य सरकार उद्योगों को भी निर्बाध बिजली आपूर्ति देने पर जोर दे रही है। पिछले दिनों मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी उद्योगों को गुणवत्तापरक बिजली आपूर्ति पर जोर दिया था। पावर कॉरपोरेशन के अफसरों ने इसे धरातल पर उतारने की योजना पर काम शुरू कर दिया है। सूत्रों का कहना है कि विधानमंडल के इस बार पेश होने वाले अंतरिम बजट में बिजली आपूर्ति में सुधार के लिए जो बिजनेस प्लान तैयार किया है, उसमें उद्योगों के लिए अलग फीडर बनाने की कार्ययोजना है।

### ऊर्जा निगमों में अतिरिक्त धन की जरूरत

पावर कॉरपोरेशन के सूत्रों के अनुसार अनुपूरक बजट में वितरण क्षेत्र के साथ ही उत्पादन व पारेषण क्षेत्र में सुधार के लिए अतिरिक्त धन जुटाने की तैयारी है। इससे केंद्र सरकार की रिवैम्प्ड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम (आरडीएसएस) के तहत चल रहे कार्यों को और गति दी जाएगी। नए बिजलीघरों के निर्माण व विस्तार पर रकम खर्च की जाएगी।

## एक नजर

### जंगली हाथी के हमले में दो सगे भाइयों की मौत

**जशपुर।** छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले में जंगली हाथी के हमले में दो सगे भाइयों की मौत हो गई। अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि जशपुर के तपकरा वन परिक्षेत्र के अंतर्गत केरसई गांव में शुक्रवार देर रात जंगली हाथी के हमले में दो सगे भाइयों कोकडे राम (45) और पड़वा राम (43) की मौत हो गई।

### कुएं में जहरीली गैस से तीन लोगों की मौत

**बेमेतरा।** छत्तीसगढ़ के बेमेतरा जिले में नवागढ़ विकासखंड के कुंआ गांव के कुएं में जहरीली गैस के रिसाव से तीन लोगों –आत्माराम, रामकुमार और राकेश साहू की मौत हो गई। एएसपी ज्योति सिंह ने यह जानकारी दी।

# संतोष कुमार गंगवार बने झारखंड के राज्यपाल

नई दिल्ली, एजेंसी



- राष्ट्रपति भवन ने जारी किए आदेश, कई राज्यपालों की नई नियुक्ति

केंद्र सरकार ने शनिवार देर रात कई प्रदेश के राज्यपाल बदल दिए। राष्ट्रपति भवन से इस आशय के आदेश जारी किए गए। पूर्व मंत्री एवं बरेली से पूर्व सांसद संतोष कुमार गंगवार को झारखंड का राज्यपाल बनाया गया है जबकि वहां से सीपी राधाकृष्णन को महाराष्ट्र भेजा गया है। रमेन डेका को छत्तीसगढ़, जिष्णु देव वर्मा को तेलंगाना और ओम प्रकाश माथुर को सिक्किम तथा सी एच विजयशंकर को मेघालय का राज्यपाल बनाया गया है। के कैलाशनाथन को पुडुचेरी का उपराज्यपाल, वहीं असम के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया को पंजाब का राज्यपाल और केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ का प्रशासक बनाया गया है। लक्ष्मण प्रसाद आचार्य को असम का राज्यपाल नियुक्त किया गया, उन्हें मणिपुर के राज्यपाल का अतिरिक्त प्रभार भी सौंपा गया है। श्री हरिभाऊ किशन राव बागड़े को राजस्थान का राज्यपाल बनाया गया।

## अरुणाचल, असम राजस्थान में भी मिलेगा आरक्षण

**अग्निवीरों को सुविधा**

**नई दिल्ली।** अरुणाचल प्रदेश, असम और राजस्थान में भी अग्निवीरों को आरक्षण देने की घोषणा की गई है। अरुणाचल प्रदेश में अग्निवीरों को पुलिस, आपातकालीन एवं अग्निशमन में प्राथमिकता दी जाएगी। वहीं, राजस्थान सरकार सेना में अग्निवीर के रूप में सेवाएं देने वाले युवाओं को पुलिस, जेल प्रहरी और वनरक्षक भर्ती में आरक्षण देगी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शनिवार को यह घोषणा की। असम सरकार ने भी अग्निवीरों को पुलिस भर्ती में आरक्षण देने का एलान किया है।

**लापरवाही** पेंशन ले रहे लोगों का समाज कल्याण विभाग की ओर से कराया गया था सत्यापन

# प्रदेश में 1.77 लाख अपात्र व मृतकों को दे दी पेंशन

राजीव शुक्ला, लखनऊ

**अमृत विचार :** समाज कल्याण विभाग की ओर से संचालित पेंशन योजना का लाभ अपात्रों और मृतकों को मिल गया है। इसका खुलासा विभागीय सत्यापन में हुआ है। प्रदेश में 1 लाख 77 हजार अपात्रों-मृतकों के खाते में पेंशन चली गई है।

विभाग अब इनसे पेंशन वापस लेने की तैयारी कर रहा है। समाज कल्याण विभाग की ओर से वृद्धावस्था पेंशन दी जाती है। एक हजार रुपये प्रतिमाह के हिसाब से पेंशन की राशि खाते में जाती है। तिमाही दी जाने वाली इस पेंशन को देने से पहले विभाग की ओर से पात्रों का सत्यापन कराया जाता है। आदर्श आचार संहिता होने के कारण इस बार अधिकतर सत्यापन जून माह में हो पाया। सत्यापन में पाया गया कि प्रदेश के 75 जिलों में 1 लाख 77 हजार 163 अपात्रों और मृतकों को पेंशन दी गई है। विभागीय अधिकारियों ने पेंशन राशि वापस लेने के लिए अब कवायद शुरू कर दी है।


सत्यापन में ढिलाई पर गौतमबुद्ध नगर, बुलंदशहर, गाजियाबाद और हापुड़ के समाज कल्याण अधिकारियों को फटकार लगाई गई है। इनसे दोबारा सत्यापन करने को कहा गया है।

### संयुक्त खाता वाले भी नहीं बचेंगे, जारी होगी आरसी

पेंशन का लाभ लेने वाले किसी अपात्र या मृतक व्यक्ति का अगर संयुक्त खाता हुआ तो उससे वसूली के लिए आरसी जारी की जाएगी। नियम के अनुसार संयुक्त बैंक खाते में पेंशन की राशि तभी जाती है जब लाभार्थी का खाते में पहला नाम हो। आरसी जारी होने के बाद उससे रिकवरी होगी। आरसी जारी होने के बाद अपात्र या मृतक व्यक्ति की पत्नी या पति को तहसील में जाकर धनराशि जमा करानी होगी।

| जिला | कुल पेंशनर्स | अपात्र या मृतक |
|---|---|---|
| कुशीनगर | 132744 | 4853 |
| गोरखपुर | 157073 | 4312 |
| बरेली | 78469 | 4235 |
| अयोध्या | 91030 | 2615 |
| कानपुर देहात | 74613 | 2438 |
| कानपुर नगर | 78234 | 2303 |
| रामपुर | 46666 | 1901 |
| मुरादाबाद | 47525 | 1696 |
| कन्नौज | 61776 | 1586 |
| लखनऊ | 65931 | 1486 |




## एक नजर

### मेडिकल कॉलेज में एक्सरे, अल्ट्रासाउंड चालू

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** मेडिकल कॉलेज में 15 दिन पूर्व गर्रा नदी में बाढ़ का पानी आ जाने से अल्ट्रासाउंड व एक्स-रे मशीन खराब हो गई थी। जिसके चलते मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। अब 15 दिन बाद अल्ट्रासाउंड व एक्स-रे मशीन चालू हो जाने से मरीजों को काफी राहत मिली है। ट्रामा सेंटर, वार्डो, अल्ट्रासाउंड और एक्स-रे मशीन कक्ष में पानी घुस गया था। परिसर में करीब चार फुट पानी भरा था। सीएमएस डॉ नेपाल सिंह ने बताया कि दोनों मशीनें चालू हो गई है।

### महिला को पीटा, रिपोर्ट

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** रोजा थाना क्षेत्र के गांव बरनई नौगवां निवासी मीना ने बताया कि उसके खेत में पॉपुलर के पेड़ लगे है। 20 जुलाई को दिन में 11 बजे गांव के कमलेश, रामकुमार, अजय, धनपाल ने पेड़ काट लिए थे। विरोध करने पर आरोपियों ने महिला को मारा पीटा और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

# तकनीकी खेती अपनाएं, कम लागत में लें अधिक पैदावार

## गन्ना शोध संस्थान में वैज्ञानिक तकनीक के गुर सीख रहे गन्ना किसान, 45 गन्ना उत्पादक जिलों के किसान कर रहे प्रतिभाग

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- **दो फरवरी से 117 प्रशिक्षण कार्यक्रमों में 9225 कृषक सीख चुके हैं खेती की बारीकियां**

**अमृत विचार :** प्रदेश के गन्ना किसान तकनीकी खेती करके कम लागत में ज्यादा पैदावार लेंगे। गन्ना शोध संस्थान में किसानों को तकनीकी खेती के गुर सिखाए जा रहे हैं। दो फरवरी से किसानों का प्रशिक्षण चल रहा है। जिसमें 45 गन्ना उत्पादक जिलों के किसान हिस्सा ले रहे हैं और गन्ना खेती की बारीकियां सीख रहे हैं। अब तक 9225 किसान प्रशिक्षण ले चुके हैं। शनिवार को प्रशिक्षण कार्यक्रम में शाहजहांपुर के गन्ना विकास परिषद पुवायां, सीतापुर के गन्ना विकास परिषद महोली के कुल 124 कृषकों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण लेने के बाद गन्ना खेती से संबंधित अपने-अपने अनुभव साझा किए।

गन्ना शोध परिषद शाहजहांपुर के निदेशक डॉ. वीके शुक्ल ने बताया कि यह प्रशिक्षण दो फरवरी से चल रहा है, जिसमें अब तक 117 प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से 9225 गन्ना किसानों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। इस प्रशिक्षण की विशेषता है कि किसानों को वैज्ञानिकों द्वारा सैद्धांतिम जानकारी पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से देने के साथ-साथ ट्राइकोकार्ड एवं ट्राइकोडर्मा जैसे गन्ना उत्पादन के लिए उपयोगी जैव उत्पाद को प्रयोगशाला में तैयार करते हुए दिखाकर उसकी उपयोगिता बताई जाती है। इसके साथ-साथ शोध प्रक्षेत्र पर गन्ने की विभिन्न किस्मों, बुवाई, विभिन्न विधियों, पेड़ी प्रबंधन व अन्तः फसल के प्रदर्शन को प्लाट दिखाकर जानकारी दी जाती है। गन्ना खेती में प्रयुक्त होने वाले विभिन्न कृषि यंत्रों को प्रक्षेत्र पर डेमो भी किया जाता है। शुक्ल ने कहा कि सरकार का उद्देश्य है कि अधिक से अधिक कृषक तकनीकी ज्ञान प्राप्त कर गन्ना खेती को और लाभकर बनाया जाए। उन्होंने कहा कि यह प्रशिक्षण लगातार चलता रहेगा। जनपद मुरादाबाद, संभल, रामपुर, बरेली, कासगंज, पीलीभीत, बदायूं, शाहजहांपुर, लखीमपुर, सीतापुर, हरदोई, कानपुर, रायबरेली, फर्रुखाबाद, अयोध्या, आंबेडकर, बाराबंकी, सुल्तानपुर, जौनपुर, बहराइच, गाजीपुर व वाराणसी के किसानों को शाहजहांपुर संस्थान पर और जनपद बलरामपुर, गोण्डा, गोरखपुर, बस्ती, महाराजगंज, सिद्धार्थनगर, देवरिया कुशीनगर, आजमगढ़, बलिया व मऊ के किसानों को सेवरही संस्थान पर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसी तरह जनपद सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, शामली, मेरठ, बागपत, हापुड़, गाजियाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़, मथुरा व बिजनौर के किसानों को मुजफ्फरनगर संस्थान पर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। शनिवार को प्रशिक्षण कार्यक्रम में जनपद शाहजहांपुर के गन्ना विकास परिषद पुवायां, जनपद सीतापुर के गन्ना विकास परिषद महोली के कुल 124 कृषकों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण लेने के बाद गन्ना खेती से संबंधित अपने-अपने अनुभव साझा किए।



खेतों में तकनीकी जानकारी लेते बड़ी संख्या में किसान। ● अमृत विचार

### प्रथम चक्र में 50 हजार किसानों को प्रशिक्षित करने का है लक्ष्य

जनपद में स्थित गन्ना विकास परिषदों की ओर से कृषकों का चयन कर प्रशिक्षण के लिए भेजा जाता है। प्रशिक्षण के लिए इच्छुक कृषक स्वयं संबंधित गन्ना विकास परिषद से संपर्क कर प्रशिक्षण में भाग ले सकते हैं। प्रथम चक्र में प्रदेश के 50 हजार किसानों को प्रशिक्षित किये जाने का लक्ष्य है। शुक्ल ने बताया कि किसानों के लिए यह प्रशिक्षण पूर्णतया नि:शुल्क है। प्रशिक्षण का संपूर्ण खर्च गन्ना विकास विभाग की ओर से वहन किया जा रहा है।

## लंबित मांगें पूरी करने की मांग

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** वरिष्ठ नागरिक पेंशनर्स सेवा संस्थान की शनिवार को हुई बैठक में लंबित मांगे शीघ्र पूरी किए जाने की मांग उठाई गई। कोषागार पेंशनर्स कक्ष में हुई बैठक में 12 बिंदुओं पर चर्चा की गई। बैठक में मुख्य रूप से कोरोना काल में स्थगित किया गया महंगाई भत्ता जारी करने, 30 जून और 31 दिसंबर को सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों की काल्पनिक वेतन वृद्धि स्वीकृत करने, 80 वर्ष की आयु पर 20 प्रतिशत की जगह प्रत्येक पांच वर्ष पर पांच प्रतिशत की बढ़ोत्तरी करने, रेलवे और रोडवेज में किराए में छूट दिलाने, गन्ना शोध परिषद के कर्मचारियों को पूर्ण पेंशन देने, बैंकों में वरिष्ठ नागरिकों के लिए अलग से काउंटर लगवाने, जीवित प्रमाण पत्र जमा करने के लिए कोषागार से व्यक्तिगत मोबाइल पर संदेश दिलाने आदि मांगों पर चर्चा हुई। जिलाध्यक्ष प्रेमपाल सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक का संचालन सत्य प्रकाश तिवारी ने किया। इस मौके पर अतुल गुप्ता, हर प्रसाद पांडेय, रवि शर्मा, राजेश शुक्ल, चंद्र प्रकाश मिश्र, ज्ञानेश शुक्ल, उमेश पाठक, संतोष त्रिपाठी, महेश गुप्ता, सर्वेश गुप्ता, सुशील कुमार सक्सेना, कामता प्रसाद, विश्वनाथ, दिनेश चंद्र सिंह, चंद्र शेखर दीक्षित, अशोक मिश्र आदि शामिल रहे।

# जेडी और डीआईओएस ने नवनिर्मित जीजीआईसी में रोपी पौध

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** अजीजगंज बाईपास मार्ग स्थित राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में शनिवार को वीआईपी ग्रुप विद हैल्पिंग हैंड्स के बैनर तले वृहद पौधरोपण अभियान चलाया गया। नगर निगम के सहयोग से चलाए गए अभियान का प्रारंभ मुख्य अतिथि संयुक्त निदेशक माध्यमिक शिक्षा राकेश कुमार और विशिष्ट अतिथि डीआईओएस हरिवंश कुमार ने आम और अमरूद की पौध रोपित कर किया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि जेडी राकेश कुमार ने कहा कि वृक्ष हमारे जीवन के अनमोल रत्न हैं, इनकी देखभाल करना सभी का कर्तव्य है। विशिष्ट अतिथि डीआईओएस हरिवंश कुमार ने ग्रुप अभियान की सराहना करते हुए कहा कि आने वाली पीढ़ी को हम शुद्ध वातावरण और पर्यावरण संरक्षित माहौल दे सकें, इसके लिए पौध लगाने का अभियान जारी रखना होगा। उन्होंने प्रधानाचार्य आस्था वर्मा को निर्देश दिए कि वह पौधों की देखभाल कराना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर ग्रुप क्रिएटर अभिनय गुप्ता, प्रभारी ज्योति गुप्ता, संयोजक रिद्धि बहल, विजय शंकर मिश्रा, अवधेश शुक्ला, संजय अग्रवाल, डॉ. दीपा सक्सेना, सतीश सक्सेना, एडवोकेट पुनीत मिश्रा, मीनाक्षी आर्य, काजल यादव, शासकीय अधिवक्ता अतुल अग्निहोत्री, अपूर्व अग्रवाल, शुभम मौर्य, पार्षद मनीष गुप्ता, साहिल, करन, अनूप, रेहान आदि ने लगभग 100 पौधे रोपित किए।

- **वीआईपी ग्रुप के बैनर तले कॉलेज परिसर में लगाए गए विभिन्न प्रजातियों के 100 पौधे**



नवनिर्मित जीजीआईसी अजीजगंज में वीआईपी ग्रुप के सदस्यों के साथ पौध रोपित करते जेडी राकेश कुमार और डीआईओएस हरिवंश कुमार। ● अमृत विचार



महोलिया मुंडी गांव के स्कूल में पौधरोपण करते सहयोग संस्था के सदस्य।

### सहयोग संस्था ने महोलिया मुंडी में रोपी पौध, बांटी स्टेशनरी

**शाहजहांपुर।** सामाजिक संस्था सहयोग ने पौधरोपण मुहिम जारी रखते हुए शनिवार को भावलखेड़ा की ग्राम पंचायत महोलिया मुंडी में पौधे लगाए। प्राथमिक विद्यालय प्रांगण में चले पौधा रोपण अभियान में स्कूल के बच्चों को स्टेशनरी किट भी प्रदान की। मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी किशोर गुप्ता ने बच्चों को पौधे भेंट कर उन्हें लगाने और देखभाल करने की शपथ दिलाई। संरक्षक अनिल गुप्ता प्रधान, शाहनवाज़ खां एडवोकेट ने बच्चों को सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा पर ध्यान देने का संदेश दिया। पौधरोपित करने वालों में प्रगतिशील किसान महेंद्र दुबे, महासचिव अनूप कुमार एडवोकेट, शालू यादव, हरजीत सिंह, रेहान, पूनम यादव, धर्मेंद्र सिंह, शिराज मोहम्मद, विपिन कुमार पांडेय, रविंद्र कुमार, देवेश सिंह, वीरेंद्र सिंह, अनूप सिंह, विश्राम सिंह, कप्तान सिंह, राजेश वर्मा, राजाराम, दृगपाल सिंह, अखिलेश सिंह, रामदीन वर्मा, प्रतिपाल सिंह आदि शामिल रहे।

### आईकेएमजी ने नालंदा स्कूल में लगाई पौध

**शाहजहांपुर।** सामाजिक सरोकारों से जुड़ी संस्था अंतर्राष्ट्रीय खत्री महासभा (आईकेएमजी) ने शनिवार को कैंट स्थित नालंदा पब्लिक स्कूल परिसर में पौध रोपण किया। ग्रुप के सदस्यों ने यूकेलिप्टस, अमरूद, नींबू, सहजन आदि के 25 पौधे रोपित किए। अध्यक्ष रजनी सेठ ने मुहिम का नेतृत्व करते हुए कहा कि पेड़ जीवनदायी होते हैं, जो सभी को आक्सीजन देते हैं। पृथ्वी पर वृक्षों से ही जीवन संभव है। उपाध्यक्ष पूनम टंडन, सचिव रिद्धि बहल ने भी पर्यावरण संरक्षण के लिए पेड़ों का महत्व समझाया। पौधरोपित करने वालों में कोमल खन्ना, नीरू कपूर, अमित आर्य, समेत स्कूल के बच्चों और स्टाफ की सहभागिता रही।



### हर कुमार पाठक कॉलेज में किया पौधरोपण

**शाहजहांपुर।** श्री हर कुमार पाठक कन्या इंटर कॉलेज में प्रधानमंत्री के आह्वान पर एक पेड़ मां के नाम से पौध रोपित की गई। कार्यक्रम का आरंभ कॉलेज के प्राधिकारी वरिष्ठ अधिवक्ता संजीव शुक्ला ने पौध रोपित कर किया। प्रधानाचार्य ब्यूटी ने पौध रोपित करते हुए छात्राओं को भी प्रेरित किया और पौधों की देखभाल करने की जिम्मेदारी उन्हें सौंपी। प्रधानाचार्य ने छात्राओं एक पेड़ अपनी मां के नाम लगाने को प्रेरित किया। पौध रोपित करने वालों में मीना, अनीता, अंजू, विमल आदि स्टाफ के सदस्य रहे।



### रोटरी ने रिलायंस परिसर में रोपे 251 पौधे

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** रोटरी क्लब की ओर से रिलायंस पॉवर इकाई परिसर में वृहद रूप से पौधरोपण किया। इस अवसर पर 251 फल व छायादार पौधे रोपित किए गए। रोटरी अध्यक्ष रोहित गुप्ता ने कहा कि पेड़ों की देखभाल करने की जिम्मेदारी सभी को उठानी होगी। संयोजक जय अग्रवाल ने सभी से अधिक से अधिक पौध लगाने की अपील की। पौध रोपित करने वालों में पॉवर स्टेशन के डायरेक्टर हृदय सिंह तोमर, निरंजन जेना, सुरेंद्र सिंह, चंद्र शेखर, अशोक खन्ना, सुनील शर्मा, सह संयोजक अश्वनी विज, कुलदीप श्रीवास्तव, डॉ. रवि मोहन, अतुल मेहरोत्रा, नवीन कपूर, विकास अग्रवाल, निर्मल कटियार, तरुण गुप्ता, सुमन चंद गुप्ता, राजीव मोहन अग्रवाल, मृदुला शर्मा, कंचन खन्ना, सरिता अग्रवाल, अर्चना श्रीवास्तव, रोचक गुप्ता, मीना तोमर, रेखा जेना, रुचि सिंह, अपर्णा सिन्हा, लक्ष्मी सिंह, संगीता सिंह, सुहासिनी यादव, स्वाति निगम, रुचि गर्ग, आयशा खातून आदि शामिल रहे।




### भंडारे में गए युवक को पीटकर किया घायल

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** मदनापुर के गांव रामनगर निवासी अजय ने बताया कि 13 जून की शाम छह बजे गांव में देव स्थान पर भंडारे में गया था। वहां मौजूद गांव के मनीराम, दामोदर, रामलड़ैते, सचिन ने उसे मारा पीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। शोर शराबा होने पर भाग गए। घटना का कारण पुरानी रंजिश बताया जाता है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# बीएसए ने बच्चों को वितरित कीं निःशुल्क किताबें



मदरसा नूरुल हुदा में बच्चों को पाठ्य पुस्तकें वितरित करतीं बीएसए दिव्या गुप्ता। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** सर्व शिक्षा अभियान के तहत मदरसा नूरुल हुदा बिजलीपुरा में कक्षा एक और दो में अध्यनरत बच्चों को निःशुल्क पाठ्य पुस्तकों का वितरण किया गया। मुख्य अतिथि बीएसए दिव्या गुप्ता ने बच्चों को किताबें देकर उन्हें अच्छी तालीम हासिल कर तरक्की करने का आशीष दिया।

अनुदानित मदरसा में किताबें पाकर बच्चों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। पाठ्य पुस्तक वितरण समारोह में मुख्य अतिथि बीएसए दिव्या गुप्ता ने बच्चों को देते हुए कहा कि बच्चों को खेलों के माध्यम से भी शिक्षा प्रदान की जानी चाहिए। उन्होंने शिक्षको का आह्वान किया कि वह बच्चों के लिए शिक्षा के खेलने को भी प्रेरित करें, ताकि उनका शारीरिक स्वास्थ्य भी दुरुस्त रहे। शिक्षकों को चाहिए कि वह बच्चों के साथ अच्छा व्यवहार करें और उनमें विभिन्न रोचक गतिविधियों के माध्यम से शिक्षा के प्रति रुचि पैदा करने का कार्य करें। विशिष्ट अतिथि पार्षद रामबरन, पार्षद मजहर हुसैन, पार्षद मोहसिन, पार्षद मोहम्मद रजी ने भी शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए निरंतर अध्ययनरत रहने की नसीहत दी। पार्षदों ने कहा कि शिक्षा वह रतन है, जिसे कोई चुरा नहीं सकता, इसलिए शिक्षित होकर वह परिवार के साथ शिक्षण संस्था का भी नाम रोशन करें। प्रधानाचार्य इकबाल हुसैन उर्फ फूलमियां ने आभार व्यक्त किया। पुस्तक वितरण में मोइन खां, शारिक अली खां, साजिद अली खां, ममनून खां, सैयद शारिक अली, मोहम्मद जाहिद आदि मौजूद रहे।

- **मदरसा नूरुल हुदा में शिक्षकों को दिए खेलों के माध्यम से बच्चों को शिक्षित करने के मंत्र**

# डीआईओएस संग जेडी ने दो स्कूलों में मान्यता के संबंध में जांच की

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** संयुक्त निदेशक माध्यमिक शिक्षा (जेडी) ने शनिवार को जिले के दो स्कूलों की मान्यता के संबंध में जांच की। इस दौरान डीआईओएस भी उनके साथ रहे।

जेडी राकेश कुमार ने बताया कि उन्होंने मान्यता प्रकरण में चंदनलाल विशाल कॉलेज कपसेड़ा और कैंट एरिया स्थित सेंट गैरीसन कॉलेज की जांच की। इस दौरान उन्होंने दानों कालेजों के अभिलेखों समेत स्कूल की चल-अचल संपत्ति के बारे में भी जायजा लिया। जेडी ने बताया कि सेंट गैरीसन कॉलेज कैंट को सीबीएसई बोर्ड की मान्यता के लिए रिपोर्ट तैयार करनी थी, इसलिए वहां की व्यवस्थाओं, भवन आदि का जायजा लिया गया। जबकि कपसेड़ा स्कूल में मान्यता प्रत्याहरण संबंधी जांच पूरी करनी थी। दोनों कॉलेजों की जांच करने के बाद जेडी डीआईओएस कार्यालय भी पहुंचे, वहां उन्होंने डीआईओएस हरिवंश कुमार के साथ जिले में शैक्षिक वातावरण बनाने, स्कूलों का समय से संचालन और शैक्षिक पंचांग के अनुरूप पाठ्यक्रमों का पठन-पाठन सुनिश्चित कराने आदि के बारे में दिशा निर्देश दिए।

### विद्यालयों में शत-प्रतिशत छात्र उपस्थिति करें सुनिश्चित

**निगोही, अमृत विचार:** सर्वोदय विद्यावती हायर सेकेंडरी स्कूल में शनिवार को बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी दिव्या गुप्ता ने कहा कि सभी के सहयोग से जनपद को निपुण बनाना है। उन्होंने सभी विद्यालयों में शत-प्रतिशत छात्र उपस्थिति सुनिश्चित करने को कहा।

उन्होंने कहा कि शिक्षक पूर्ण मनोयोग से अपना कार्य करें, किसी भी प्रकार की समस्या होने पर मुझे अवगत कराएं। समस्या का उचित समाधान किया जाएगा। खंड शिक्षा अधिकारी रमेश पंकज ने नवीन शैक्षिक सत्र में नामांकन बढ़ाने के लिए कार्ययोजना बनाकर कार्य करने को कहा। खंड शिक्षा अधिकारी ने कहा कि इस समय बरसात का मौसम चल रहा है, बच्चों को संचारी रोगों के बारे में जागरूक करते रहें। बैठक में एआरपी ओमप्रकाश वर्मा, रामौतार, वैभव मिश्रा, खुशीराम यादव, सुरेश पाल कुशवाहा, राजेंद्र वर्मा, पारस वर्मा, अचलेश द्विवेदी, आशीष बाजपेयी, राजेश कुमार, दर्पण गंगवार, अंकित कुमार, सत्यपाल वर्मा, त्रिभुवन नाथ, विजयपाल, सुनील कुमार, कहकशा निगार, रतिराम, राकेश कुमार वर्मा, परविंदर कौर समेत तमाम शिक्षक उपस्थित रहे।

- **बीएसए बोलीं, सभी के सहयोग से जनपद को बनाना है निपुण**















# कातिल घूम रहे खुलेआम, लुटेरों का भी नहीं लग पाया सुराग

## जिले की हाईटेक पुलिस पर भारी पड़ रहे अपराधी, वारदातों का ढेर लेकिन खुलासा एक का भी नहीं

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** जिले की पुलिस लूट और हत्या जैसे जघन्य अपराधों के खुलासे में फेल साबित हो रही है। मदनापुर के चर्चित गोविंद हत्याकांड का खुलासा नहीं हो पा रहा है। हत्यारे खुलेआम घूम रहे हैं। वहीं, लूट की तीन-तीन वारदातें भी राज बनी हुई हैं। लुटेरे सीसीटीवी फुटेज में दिखाई दे रहे हैं, लेकिन तस्वीर इतनी धुंधली है कि पहचान नहीं हो पा रही है। पुलिस और एसओजी लुटेरों के पीछे लगी और लुटेरों से पीछे ही रह गई। एसपी अशोक कुमार मीणा ने विशेष तौर पर खुलासे के लिए एसओजी को लगाया है, लेकिन वह भी खुलासा नहीं कर पा रही है। पुलिस सूत्रों की माने तो पुलिस ने इन घटनाओं के खुलासे के लिए पूरी ताकत झोंक रखी है। हालांकि अब से पहले हुए ज्यादातर लूट और हत्या के मामलों का खुलासा पुलिस कर चुकी है। ऐसे में सवाल उठ रहा हैं कि आखिर इन वारदातों का खुलासा क्यों नहीं हो पा रहा है। जिले की हाईटेक पुलिस पर अपराधी क्यों भारी पड़ रहे हैं। क्यों कातिल खुलेआम घूम रहे हैं और क्यों लुटेरों के गिरेबान तक पुलिस के हाथ नहीं पहुंच पा रहे हैं। मिश्रीपुर निवासी मुर्गी दाना व्यापारी से हुई लूट के मामले में तो बदमाश सीसीटीवी फुटेज में भी दिखाई दे रहे हैं। इसके बाद भी उनकी पहचान नहीं कराई जा सकी क्योंकि बदमाशों के चेहरे धुंधले हैं।



शाहजहांपुर का एसपी कार्यालय। ● अमृत विचार

- गोविंद हत्याकांड में हत्यारे पुलिस की पकड़ से बाहर
- पुलिस को छका रहे बदमाश, लूट की घटनाएं बनी पहेली
- सीसीटीवी में दिख रहे लुटेरे लेकिन धुंधली तस्वीर दे रही दगा

"मिश्रीपुर में व्यापारी के घर हुई लूट की घटना के खुलासे के लिए टीमें लगी है। पुलिस बदमाशों की सुरागरसी में लगी है। खुदागंज और कांट क्षेत्र में हुई घटना के लिए दोनों थाना प्रभारियों को निर्देश दिए गए कि घटना का खुलासा किया जाए।
– **अशोक कुमार मीणा**, एसपी

### सरेराह गोली मारकर गोविंद की कर दी थी हत्या

**केस 1**

**8 जून :** इसी तरह मदनापुर क्षेत्र के राजपूतपुर उर्फ चिति गांव निवासी गोविंद सक्सेना की आठ जून को सरेराह गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। बाइक भी गायब थी। ऐसे में लूट के उद्देश्य से घटना को अंजाम देने की प्राथमिकी परिजनों ने पंजीकृत कराई थी। इस प्रकरण में इंस्पेक्टर अश्वनी सिंह व एक दारोगा को भी निलंबित कर दिया गया था। अलग-अलग थानों में तैनात कई विशेषज्ञ पुलिसकर्मियों की टीम बनाकर इस चर्चित हत्याकांड का राजफाश करने के लिए लगाया गया। 20 किमी के दायरे में 90 से अधिक सीसीटीवी खंगाले गए। 150 से अधिक की सीडीआर निकलवाई गई, लेकिन उसके बाद भी अब तक नतीजा शून्य है।

### दुकान पर बैठे व्यापारी से बैग लेकर भाग गए थे बदमाश

**केस 2**

**23 जुलाई :** दूसरी घटना कांट थाना क्षेत्र के कुरिया कला के व्यापारी रामसरन गुप्ता के साथ 23 जुलाई को घटी। उनकी चौहनापुर रोड पर दुकान थी और गल्ला खरीदने का काम करते थे। दोपहर के समय व्यापारी दुकान पर बैठे थे। दो बाइक सवार बदमाश आए थे और उनका बैग उठाकर भाग गए। बैग में 40 हजार रुपये और दुकान की चाबी थी। कैमरे की फुटेज में बाइक से बदमाश जाते दिखायी दिए थे।

### ग्राहक बनकर आए, गल्ले से निकाल ले गए 80 हजार

**केस 3**

**24 जुलाई :** तीसरी घटना 24 जुलाई को खुदागंज के गांव मझिला निवासी व्यापारी राहुल सिंह के साथ घटी। उनकी खाद व बीज की दुकान जलालपुर रोड पर है। बाइक पर दो बदमाश ग्राहक बनकर आए। बदमाश गल्ले से 80 हजार रुपये निकालकर ले गए। तीनों घटनाओं की रिपोर्ट संबंधित थानों में दर्ज करायी गयी थी। घटना के खुलासे के लिए एसओजी और थानों की टीमों को लगाया गया था। पुलिस कई दिन बीत जाने के बाद एक भी घटना का खुलासा नहीं कर पाई है।

### बेटे पर तमंचा तानकर दिया था डकैती को अंजाम

**केस 4**

**19 जुलाई :** रामचंद्र मिशन थाना क्षेत्र के गांव मिश्रीपुर निवासी मुर्गी दाना व्यापारी मोहम्मद लईक अहमद के यहां 19 जुलाई की रात में मकान की छत से जीने से पांच नकाबपोश बदमाश घुस आए थे। बदमाशों ने व्यापारी के परिवार को एक कमरे में बंद कर दिया था। अलमारी की चाबी न देने पर उसके सात साल के बेटे सलमान पर तमंचा तानकर जान से मारने की धमकी दी थी। बदमाशों ने चाबी लेकर अलमारी से एक लाख 70 हजार रुपये और आठ लाख रुपये के जेवर लूट लिए। पुलिस ने कैमरे खंगाले तो तीन बदमाश फुटेज में दिखे, लेकिन चेहरे साफ नहीं दिखाई दिए। पुलिस ने घटना की रिपोर्ट दर्ज कर ली, लेकिन खुलासा अभी तक नहीं हो पाया है।

# तमंचा समेत दो लोग गिरफ्तार

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** रामचंद्र मिशन थाना प्रभारी निरीक्षक सीपी शुक्ला को शनिवार की सुबह साढ़े दस बजे सूचना मिली कि हरदोई बाईपास चौराहे पर एक युवक संदिग्ध अवस्था में खड़ा है। पुलिस ने उसे पकड़ लिया। पुलिस ने उसकी जामा तलाशी ली तो उसके कब्जे से तमंचा तथा एक कारतूस बरामद किया है। पकड़ा गया अभियुक्त इब्राहिम निवासी सुजातपुर थाना मीरगंज जिला बरेली है। पकड़े गए अभियुक्त पर विभिन्न धाराओं के चार मुकदमे है। पुलिस ने उसका चालान कर दिया। टीम में उन निरीक्षक राजेश कुमार, सिपाही मनजीत कुमार थे। वहीं पुवायां, अमृत विचारः कोतवाल प्रदीप राय को मुखबिर ने सूचना दी कि गांव जनकपुर के सामने एक व्यक्ति कच्चे रास्ते पर अवैध शस्त्र के साथ आ रहा है। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और बताए गए व्यक्ति को पकड़ लिया। तलाशी में एक 315 बोर का तमंचा और एक कारतूस बरामद हुआ। पकड़े गए व्यक्ति ने अपना नाम संजीव पुत्र नंदराम निवासी ग्राम भरतापुर थाना पुवायां बताया।

## एक नजर

### कंपोजिट विद्यालय से चोरी करने के दो आरोपी गिरफ्तार

**पुवायां।** सरकारी स्कूल से चोरी करने के मामले में पुलिस ने दो चोरों को गिरफ्तार किया है। 23 जुलाई को कंपोजिट विद्यालय इमलिया के प्रधान अध्यापक आशीष मिश्रा ने कोतवाली में तहरीर दी थी कि कुछ अज्ञात लोगों ने विद्यालय में घुसकर गेहूं, चावल और सभी बर्तन छोटा, एक बक्सा और सरकारी अभिलेख चुरा लिए हैं। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी। पुवायां कोतवाल प्रदीप राय को शनिवार को मुखबिर ने सूचना दी कि स्कूल से चोरी करने के आरोपी दो चोर सातवां बुजुर्ग की ओर से पुवायां की तरफ आ रहे हैं। अगर जल्दी की जाए तो उन्हें माल सहित पकड़ा जा सकता है। सूचना पर पुवायां पुलिस पहुंची और दोनों आरोपियों को पकड़ लिया। पकड़े गए लोगों ने अपना नाम मोहित निवासी मोहल्ला हदयाल कूचा और आलोक निवासी इमलिया थाना पुवायां बताया है। पुलिस ने दोनों के पास से एक गैस सिलेंडर, एक भगोना, एक साइकिल एक बोरे में 25 किलो गेहूं और चावल बरामद किए हैं।

### रंजिशन युवक को पीटकर किया घायल

**शाहजहांपुर।** जैतीपुर थाना क्षेत्र के गांव कीरतपुर निवासी प्रमोद सिंह ने बताया कि 25 जुलाई को उसके घर की छत पर दावत चल रही थी। वह नीचे था। उसके पड़ोसी रिषिपाल, बृजेश, पप्पू, मानसिंह लाठी, डंडे लेकर घर में रात आठ बजे घुस आए। घटना का कारण पुरानी रंजिश बताया जाता है। पुलिस ने आरोपी रिषीपाल, बृजेश, पप्पू, मानसिंह के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

# नहर में फेंक रहे थे...वह फिसलकर भाग निकला

संवाददाता, खुटार

- बेटे के अपहरण मामले में पिता ने पुलिस को दी तहरीर
- पुलिस ने मामले की जांच के बाद कार्रवाई का दिया आश्वासन

**अमृत विचारः** दो दिन पहले हुए छात्र हरमन सिंह अपहरण मामले में पिता की ओर से शनिवार को तहरीर दी गई। जिस पर पुलिस ने जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

क्षेत्र के गांव पुनौती खुर्द निवासी गुरनाम सिंह ने पुलिस को बताया कि उसका पुत्र हरमन सिंह(15) 25 जुलाई को घर से गुरुद्वारा साहब गया था। अंधेरा होने पर वह नहीं आया तो उसे फोन किया जो लग नहीं रहा था। तब आसपड़ोस में उसकी तलाश की। उसी दिन शाम करीब साढ़े सात बजे बहनोई साहब सिंह ने फोन पर बताया कि कुछ लोग हरमन का अपहरण करके उसे मकसूदापुर बंडा नहर किनारे ले गए थे। जहां से वह छूट गया था। घटना के बाद बहनोई साहब सिंह और थाना बंडा पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। हरमन ने बताया कि उक्त लोगों ने अपहरण कर लिया और नहर के किनारे ले जाकर गाली गलौज और पिटाई की। शोर मचाने पर अपहरणकर्ता जान से मारने की नीयत से नहर में फेंकने लगे थे। लेकिन उक्त लोगों के हाथ से वह फिसल गया और भागने के बाद एक व्यक्ति ने जान बचाई। हरमन सिंह ने बताया कि उक्त लोग एक व्यक्ति से फोन पर बात कर रहे थे। जबकि आपस में एक दूसरे का नाम लेकर बात कर रहे थे।

सामने आने पर पहचान लेंगे। शनिवार को गुरनाम सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की है। थानाध्यक्ष संजय कुमार ने बताया की तहरीर मिली है। मामले की जांच चल रही है। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

# छात्रा की पिटाई स्कूल में परिजनों का हंगामा

**बंडा/शाहजहांपुर, अमृत विचारः** क्षेत्र के एक स्कूल के अध्यापक ने 10 वर्षीया बच्ची को बेरहमी से पीटा। जिसको लेकर परिजनों ने स्कूल में हंगामा कर दिया। मीरी पीरी खालसा एकेडमी बच्चों के साथ मारपीट को पहले भी चर्चा में रहा है। स्कूल की एक छात्रा के पिता हिम्मत सिंह ने बताया कि उनकी बेटी की कॉपी काफी दिनों से चेक नहीं हो रही थी। जिसको लेकर दो दिन पहले उन्होंने प्रिंसिपल से शिकायत की। जिससे गुस्साए अध्यापक ने छात्रा को बेरहमी से पीटा और ऊपर से धमकाया भी कि अगर घर जाकर बताया तो कल और पिटाई होगी। शनिवार को सुबह गुस्साए परिवार के लोगों ने स्कूल पर हंगामा किया। परिजनों ने आरोप लगाया कि एक शिक्षक ने उनकी बेटी को बेहरमी से पीटा है। जिनको स्कूल के प्रिंसिपल ने अध्यापक पर कार्रवाई का आश्वासन देकर शांत कराया। प्रिंसिपल दलबीर सिंह ने बताया कि बच्ची के गिरने कान के पास चोट आई है। पिटाई की घटना नहीं हुई है।

# ओवरटेक करने में वाहन से टकराई कार, महिला की मौत

संवाददाता, पुवायां

**अमृत विचार :** पत्नी के साथ चार पहिया वाहन से रिश्तेदारी में जा रहे फार्मर की पत्नी की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। वहीं पति को घायल अवस्था में निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

मोहम्मदी थाना क्षेत्र के बिजौली फॉर्म निवासी जीत सिंह पत्नी जसविंदर कौर (55)के साथ शनिवार को बंडा स्थित रिश्तेदारी में जा रहे थे। बंडा पुवाया रोड पर उदना मोड़ के पास एक ट्रक को ओवरटेक करने के चक्कर में जीत सिंह की गाड़ी एक अज्ञात वाहन से टकरा गई। जिसमें जसविंदर की मौके पर ही मौत हो गई। किसी राहगीर ने पुलिस और एंबुलेंस को फोन किया। जब तक पुलिस और एंबुलेंस पहुंची उससे पहले ही पीछे से आ रहे उनके रिश्तेदार जसविंदर को लेकर उनके घर मोहम्मदी बिजौली फॉर्म चले गए। वहीं जीत सिंह को घायल अवस्था में एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया। जीत सिंह के रिश्तेदार ने बताया कि जसविंदर के दो बेटे मनजोत सिंह और अनमोल सिंह हैं। मंजोत विदेश में रहते हैं। अनमोल सिंह फार्म पर ही खेती करता है। दो बेटी हैं, जिनकी शादी हो चुकी है। वहीं मौके पर पहुंची पुलिस ने बताया कि जब तक पुलिस मृतका का पंचनामा भरने पहुंची, तब तक उनके रिश्तेदार शव को ले जा चुके थे।


दुर्घटनाग्रस्त कार।

- बंडा पुवाया रोड पर उदना मोड़ के पास हुआ हादसा, पति घायल
- मोहम्मदी निवासी जीत सिंह पत्नी जसविंदर के साथ जा रहे थे बंडा

### कार की टक्कर से बाइक सवार पिता-पुत्र घायल


घटना के बाद क्षतिग्रस्त हुई कार और मौके पर लगी लोगों की भीड़। ● अमृत विचार

**जलालाबाद।** शाहजहांपुर रोड पर नगरिया स्वास्थ्य केंद्र के पास शनिवार दोपहर दो बजे तेज रफ्तार कार ने बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार पिता-पुत्र घायल हो गए। घायलों को गंभीर हालत में सीएचसी से जिला मेडिकल कॉलेज भेज दिया। क्षेत्र के गांव रामपुर बैन निवासी ओमेंद्र सिंह(22) अपने पिता शिशिराम(65) को बाइक पर बैठाकर शाहजहांपुर रोड नगरिया बुजुर्ग स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आ रहे थे। उन्हें अस्पताल में आंखों के ऑपरेशन के लिए लगने वाले कैंप के बारे में जानकारी लेनी थी। दोनों लोग बाइक से अस्पताल गेट पर पहुंचे, तभी पीछे से आ रही तेज रफ्तार कार ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे दोनों उछलकर दूर जा गिरे और घायल हो गए। वहीं बाइक क्षतिग्रस्त हो गई और कार अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे उतर गई। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल पिता-पुत्र को अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने दोनों को जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। पुलिस ने कार को कब्जे में लेने के साथ ही चालक को भी हिरासत में ले लिया है।

# पेड़ पर रस्सी के फंदे पर लटका मिला युवक का शव

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- मजदूरी करने शनिवार सुबह घर से निकला था अहसान, पत्नी ने व्यक्त की हत्या की आशंका

**अमृत विचार :** उमराह गांव के बाहर खेत पर एक युवक का शव पेड़ पर रस्सी से लटका हुआ मिला है। वह सुबह काम करने के लिए घर से निकला था। उसकी पत्नी ने हत्या की आशंका जताई है।

कांट थाना क्षेत्र के गांव खिजरपुर निवासी अहसान मोहम्मद(30) मजदूरी करता था। शनिवार की सुबह आठ बजे वह घर से निकला था। ग्रामीणों ने उमराह गांव के बाहर शाम चार बजे उसका शव पेड़ पर रस्सी से लटका हुआ देखा। शव मिलने की खबर खिजरपुर गांव में पहुंची। जीनत अपने परिवार के साथ मौके पर गई और शव की शिनाख्त पति अहसान मोहम्मद के रूप में की। परिवार वालों ने थाने पर सूचना दी। प्रभारी निरीक्षक अश्वनी कुमार सिपाहियों के साथ मौके पर पहुंचे और शव को उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उसकी पत्नी जीनत ने पुलिस को बताया कि उसके पति मजदूरी करते थे और सुबह घर से निकले थे। उसने हत्या की आशंका जताई है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मृतक के परिवार वालों की तरफ से कोई तहरीर नहीं आई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत का कारण स्पष्ट होगा। उसकी पत्नी तथा चार बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# लाठी-डंडों से पीट-पीटकर युवक की हत्या

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर/कटरा

- खेत की मेड़ पर यूकेलिप्टिस के पौधे लगाने के दौरान हुआ विवाद
- कटरा के गांव फीलनगर की घटना, दूसरे पक्ष की युवती घायल

**अमृत विचारः** खेत की मेड़ पर यूकेलिप्टस के पौधे लगाने को लेकर शनिवार शाम को हुए विवाद में दूसरे पक्ष ने ग्रामीण को लाठी-डंडों से पीटकर घायल कर दिया। गंभीर हालत में इलाज के लिए बरेली ले जाते समय रास्ते में उसने दम तोड़ दिया। वहीं दूसरे पक्ष की युवती घायल हुई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जानकारी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।


मृतक धर्मसिंह।


हत्या के बाद विलाप करते परिजन। ● अमृत विचार

गांव फीलनगर निवासी धर्मसिंह (45) पुत्र बाबू राम शनिवार शाम लगभग चार बजे अपने खेत की मेड़ पर यूकेलिप्टस के पौधे लगा रहा था। खेत की मेड़ के पास बालकराम का मकान है। जिसको लेकर बालकराम से धर्म सिंह का विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर दोनों के बीच मारपीट होने लगी। मारपीट के दौरान विपक्षियों ने धर्म सिंह को लाठी डंडों से पीट-पीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। दूसरे पक्ष के बालकराम की पुत्री प्रीति भी मारपीट में घायल हो गई। गंभीर रूप से घायल धर्म सिंह व बालकराम की पुत्री प्रीति को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया गया। डॉक्टर ने गंभीर रूप से घायल धर्म सिंह को बेहोशी की हालत में बरेली के अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। बरेली जाते समय रास्ते में धर्म सिंह की मौत हो गई। वापस लौटकर परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम रिपोर्ट के लिए भिजवा दिया है। वहीं थानाध्यक्ष गौरव त्यागी ने बताया कि मामले की तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

# दो पक्षों में चले लाठी डंडे, किसान नेता सहित तीन लोग घायल

संवाददाता, तिलहर

- किसान नेता का आरोप, पत्नी के कपड़े फाड़े, नाबालिग बेटी को बदनीयती से पकड़ा
- दूसरे पक्ष ने भी लगाया मारपीट का आरोप, दोनों पक्षों की ओर से रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार :** खेत के बंटवारे को लेकर दो पक्षों में जमकर चले लाठी-डंडे चले। जिसमें किसान नेता सहित तीन लोग घायल हो गए। पुलिस ने दोनों पक्षों की ओर से रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एक पक्ष ने महिला के कपड़े फाड़ने और नाबालिग को बदनीयती से पकड़ने का आरोप लगाया है।

कोतवाली थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी किसान नेता ने बताया कि उसका गांव में ही एक व्यक्ति से खेत के बंटवारे को लेकर विवाद चल रहा है। पीड़ित ने बताया कि उसने खेत की पैमाइश कराकर बंटवारा करने के लिए राजस्व टीम से कहा। आरोप है कि राजस्व टीम में शामिल एक कर्मचारी ने रुपये मांगे, जब उसने रुपये नहीं दिए तो उसने खेत की पैमाइश गलत कर दी। पीड़ित ने बताया कि इसकी शिकायत उसने उच्च अधिकारियों से भी की थी। आरोप है कि राजस्व कर्मचारी दूसरे पक्ष से मिलकर लगातार समझौता करने का दबाव बना रहा था। समझौता नहीं करने पर विपक्षी उससे रंजिश मानने लगे। शनिवार सुबह करीब 7:30 बजे सात लोग उसके घर में लाठी-डंडा लेकर घुस आए और परिवार पर हमला बोल दिया। किसान नेता ने बताया कि हमलावरों ने मारपीट करने के दौरान उसकी पत्नी के कपड़े फाड़ दिए और नाबालिग पुत्री को बदनीयती से पकड़ लिया। इस दौरान मोबाइल और 21 सौ रुपये लूट लिए।

दूसरे पक्ष की महिला की ओर से दी गई तहरीर में कहा गया कि किसान नेता अपने भाई और पत्नी व पुत्री के साथ घर में घुस आए और गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। पीड़िता ने बताया कि इससे उसके शरीर में काफी चोटें आईं। हमलावर उसके पति को जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए।

"खेत के बंटवारे को लेकर दो पक्षों में मारपीट का मामला सामने आया है, इसमें तीन लोगों का मेडिकल कराया गया है। एक पक्ष की तहरीर पर छेड़छाड़, पॉक्सो एक्ट में रिपोर्ट दर्ज की गई है। दूसरे पक्ष की तहरीर पर भी मामला दर्ज कर लिया गया है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।
–**विशाल प्रताप सिंह**, कोतवाल

# मां-बेटे सहित तीन को पीटकर किया बेदम

**बंडा, अमृत विचार :** गाली देने का विरोध करने पर कुछ लोगों ने दरवाजे पर आकर किशोर की पिटाई कर दी। बचाने आई उसकी बहन और मां को भी पीटकर बेदम कर दिया। किशोर के पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। गांव कुलुम जुझारपुर निवासी महेश सिंह ने पुलिस को बताया कि उसका पुत्र आदित्य(17) खेत में मूंगफली की फसल की रखवाली कर रहा था। शुक्रवार शाम गांव का कल्लू वहां गया और उसे गालियां देने लगा। विरोध करने पर कल्लू अपने साथी गुलाब सिंह, ध्यान सिंह,भूप सिंह, सुदामा उर्फ साहब सिंह को साथ लेकर उसके दरवाजे पर आया, और उसके पुत्र को लाठी डंडों से जमकर पीटा बचाने आई। उसकी पत्नी सुनीता व पुत्री शिवानी को भी पीटा। पुलिस ने घायलों का मेडिकल कराकर पांच लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है।

# तिलहर में एसपी ने सुनीं शिकायतें, जल्द निपटाने के निर्देश

संवाददाता, तिलहर

- समाधान दिवस में पूर्व में आईं शिकायतों के निस्तारण की समीक्षा की
- शनिवार को आईं 11 शिकायतों में से दो का हुआ निस्तारण

**अमृत विचार :** कोतवाली परिसर में शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा की अध्यक्षता में हुआ। 11 शिकायतों में से दो शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। इस दौरान एसपी ने पूर्व के समाधान दिवसों में आई शिकायतों के निस्तारण की समीक्षा की और संबंधित को शिकायतों का निस्तारण करने के निर्देश दिए।

समाधान दिवस में शिकायत लेकर पहुंचे गांव सरेली निवासी रामचंद्र ने गांव के ही कुछ लोगों पर खेत पर लगे शीशम के पेड़ काटने का आरोप लगाया, जबकि टाह बनारस निवासी जोगेंद्र पाल, वीरेंद्र सहित दर्जन भर लोगों ने हस्ताक्षर युक्त शिकायती पत्र सौंप कर जर्जर सड़क मार्ग को ठीक करने की मांग की। ग्राम भुड़िया की शशि प्रभा ने कोटेदार पर खाद्यान्न नहीं देने का आरोप लगाया। जबकि गांव सरेली के छेदालाल व महेश ने दो लोगों पर आराजी पर जबरन कब्जा करने की शिकायत की। गांव बरहा मोहब्बतपुर की सुनीता ने गांव के ही दबंग पर रास्ता बंद करने का आरोप लगाया। पुलिस अधीक्षक ने उप जिलाधिकारी अंजलि गंगवार को आने वाली शिकायतों के निस्तारण के लिए टीम भेज कर निस्तारण कराने को कहा। इस दौरान सीओ प्रयांक जैन, कोतवाल विशाल प्रताप सिंह और समस्त लेखपाल मौजूद रहे।


तिलहर में शिकायतों के निस्तारण संबंधी रजिस्टर देखते एसपी अशोक कुमार मीणा, साथ में एसडीएम अंजलि गंगवार।


समाधान दिवस में लोगों की समस्याओं को सुनते एसडीएम संजय पांडेय व सीओ पंकज पंत। ● अमृत विचार

### शिकायतों के निस्तारण में देरी से नाराज हुए सीओ

**बंडा, अमृत विचार :** थाना समाधान दिवस पर एसडीएम संजय पांडेय, सीओ पंकज पंत पहुंचे, जहां कई फरियादी मौजूद थे। फरियादियों का निस्तारण न होने पर सीओ ने थाना प्रभारी राकेश मौर्या से नाराजगी जताते हुए फरियादियों की समस्या का निस्तारण करने के निर्देश दिए। समाधान दिवस पर आठ शिकायत आईं, जिनमें तीन पुलिस से संबंधित थी, जिन्हें अतिशीघ्र ही एनसीआर दर्ज कर निस्तारण कर दिया। वहीं राजस्व संबंधी पांच शिकायतों पर टीम गठित कर मौके पर पहुंचकर निस्तारण करने के निर्देश दिए। बंडा पुवायां मार्ग पर भट्टा बाबा के स्थान के पड़ोस में बने चकमार्ग को एक कॉलेज स्वामी ने पूरी तरह से बंद कर दिया, जिसकी शिकायत मोहल्ला देवीस्थान, बालाजी नगर व सुनासीर नाथ के लोगों ने एसडीएम से की। इस पर एसडीएम संजय पांडेय ने लेखपाल के साथ टीम गठित कर अति शीघ्र रास्ता खुलवाने के निर्देश दिए। वहीं मोहल्ला धर्मापुर में कई महीनों से चल रहे विवाद में रास्ते पर इंटरलॉकिंग कराने के निर्देश दिए। इसके साथ ही एक हल्का दरोगा के मौके पर नहीं होने पर फरियादियों का बात सुनकर तस्करा डालकर रपट लिखने के निर्देश दिए।

### कांट में सबसे अधिक राजस्व की पहुंची शिकायतें

**शाहजहांपुर।** थाना कांट में पुलिस और भूमि विवाद से जुड़े मामलों की सुनवाई हुई। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली अश्वनी सिंह चौहान ने शिकायतें सुनकर निस्तारण कराया। सुनवाई के दौरान सर्वाधिक जमीन से संबंधित मामले पहुंचे। थाना दिवस पर कुल 14 मामले आए, जिसमें 12 राजस्व ओर दो पुलिस के मामले पहुंचे। प्रभारी निरीक्षक ने पुलिस के दोनों मामले मौके पर ही निस्तारण कर दिया। वहीं राजस्व के संबंधित मामले के लिए संबंधित लेखपालों को निर्देश दिए।

### किसान को पीटकर किया घायल

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** कटरा थाना क्षेत्र के गांव कसरक निवासी रामनाथ ने बताया कि 25 जुलाई को शाम पांच बजे खेत पर धान की फसल की सुरक्षा के लिए खेत के चारों तरफ रस्सी बांध रहा था। कटरा थाना के गांव शाहपुर निवासी राजीव उसके खेत पर आया तो उसने रस्सी का सिरा पकड़ा दिया। राजीव का भाई अजीत पहुंचा तो गाली देते हुए कहा कि उसके भाई से काम करा रहे हो। आरोप है कि जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए अजीत ने रामनाथ के सिर पर लाठी मार दी, जिससे वह घायल हो गया। घायल ने शोर मचाया तो खेत पर काम कर रहे लोग आ गए। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। प्रभारी निरीक्षक गौरव त्यागी ने अजीत के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

# भावलखेड़ा बीआरसी पर बने 140 दिव्यांग बच्चों के प्रमाण पत्र

## बेसिक शिक्षा विभाग की पहल पर लगा विशेष कैंप, मिला लाभ

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से चलाए जा रहे कार्यक्रम के अंतर्गत शनिवार को विकास खंड भावलखेड़ा में असेसमेंट कैंप लगाकर दिव्यांग बच्चों की जांच कराकर उन्हें प्रमाण पत्र उपलब्ध कराए गए। यह सराहनीय मुहिम परिषदीय स्कूलों में अध्ययनरत बच्चों के लिए चलाई जा रही है।

खंड शिक्षा अधिकारी विनय कुमार मिश्र की देखरेख में बीआरसी में चले कैंप में परिषदीय स्कूलों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं की दिव्यांगता का परीक्षण कराया गया। साथ ही मौके पर ही बच्चों के दिव्यांगता प्रमाण पत्र उनके अभिभावकों को दिलाए गए। बीईओ ने बताया कि कैंप में क्षेत्र के 219 बच्चों का परीक्षण किया जाना था, लेकिन प में 140 अभिभावक ही बच्चों को लेकर पहुंच सके। इन सभी की जांच कर दिव्यांगता प्रमाण पत्र जारी किए गए। विशेष


भावलखेड़ा में दिव्यांग बच्चों की जांच कराने पहुंचे अभिभावक। ● अमृत विचार

● **स्वास्थ्य विभाग की टीम ने जांच के बाद जारी किए दिव्यांगता प्रमाणपत्र**

कैंप में स्वास्थ्य विभाग के चलन क्रिया के डॉ. सरोज, मानसिक रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रभात, ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. पीएस मौर्य ने बच्चों की दिव्यांगता की जांच की। शिविर में फिजियोथैरेपिस्ट अभिषेक मिश्रा, ऑडियोलाजिस्ट सुनील कुमार मिश्र, शिक्षा विभाग के अश्विनी शर्मा, विशेष शिक्षक राम सुधीर पाल, अतुल दीक्षित, राम नरेश यादव, राजीव कुमार, अशोक भारती, महिपाल सिंह, मनोज शर्मा, बादशाह, अमित मिश्रा, अजय कुमार चौधरी आदि रहे।


कैंप में एक बच्चे की आंखों की जांच करता चिकित्सक।

### पहले टोकन पाने को भिड़े अभिभावक

**कलान, अमृत विचार :** डाकघर में अभिभावक एवं बच्चों की भीड़ सुबह से ही लग जाती है। शनिवार को डाकघर खुलते ही कई अभिभावक आपस में पहले टोकन पाने के लिए भिड़ गए। उधर डाक घर में आधार कार्ड बनाने, बच्चों के फिंगरप्रिंट लगाने के लिए आने वाली भीड़ को नियंत्रित करने के लिए सुरक्षा के तौर पर होमगार्ड पीआरडी जवान लगाए गए हैं, फिर भी डाकघर में सिस्टम से काम नहीं हो रहा है। इसी के तहत शनिवार सुबह 9:30 बजे दो दर्जन अभिभावक अपने बच्चों को लेकर थाने पर शिकायत करने के लिए पहुंच गए लेकिन शिकायत नजर अंदाज कर दी गई। लोगों का कहना है कि मात्र डाकघर से लोगों का भला होने वाला नहीं है अन्यत्र सरकारी संस्थानों में आधार कार्ड बनाने एवं बच्चों के फिंगरप्रिंट लगाने के लिए व्यवस्था की जाए। ऐसे तो महीनों आधार कार्ड, फिंगरप्रिंट के लिए चक्कर लगाने पड़ सकते हैं, जिससे गरीबों को कल्याणकारी योजनाओं से हाथ धोना पड़ सकता है।

# कब तक करेंगे मात्र दस हजार में काम


आंवला सांसद नीरज मौर्य को उनके आवास पर ज्ञापन सौंपते शिक्षा मित्र।

संवाददाता, जलालाबाद

● **शिक्षामित्रों ने आंवला सांसद को सौंपा ज्ञापन, लोकसभा में मुद्दा उठाने की मांग**

**अमृत विचार :** आंवला सांसद नीरज मौर्य के जलालाबाद स्थित आवास पर शनिवार को बड़ी संख्या में उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षा मित्र संघ के पदाधिकारी उनसे मिलने पहुंचे और लोकसभा में उनकी मांगें उठाने के लिए एक ज्ञापन सौंपा।

इस दौरान शिक्षामित्र संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि 2017 में प्राथमिक स्कूलों में शिक्षामित्रों का समायोजन उच्चतम न्यायालय ने निरस्त कर दिया था। तबसे आज तक शिक्षामित्र मात्र दस हजार रुपये में ही काम कर रहे हैं। सात साल से प्रदेश सरकार ने अभी तक इसमें कोई वृद्धि नहीं की है, इससे हमारी स्थिति दयनीय बनी हुई है। प्रदेश में बारह हजार शिक्षामित्र अवसाद के चलते आत्महत्या कर चुके हैं। हमारा लगातार शोषण किया जा रहा है, ऐसे में उनकी मांगे सदन में उठाई जाए, ताकि उनकी समस्याएं दूर हो सके। उनकी मांग है कि प्रमुख सचिव बेसिक शिक्षा के निर्देश में 14 अगस्त 2023 को जो कमेटी गठित की गई थी, उस प्रस्ताव को शीघ्र लागू करवाया जाए। शिक्षा मित्रों को नई शिक्षा नीति में सम्मिलित करते हुए स्थायीकरण किया जाए। जब तक नियमितीकरण नहीं होता है, तब तक उत्तराखंड, राजस्थान, हरियाणा, बिहार की तरह मानदेय में वृद्धि की जाए। ज्ञापन देने वालों में राजपूत पाल, आलोक वर्मा, जगरूप बाबू, रत्नाकर दीक्षित आदि शिक्षामित्र शामिल रहे।

## सार-संक्षेप

### रेड क्रॉस ने सीएनजी प्लांट पर लगाया स्वास्थ्य शिविर



**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड के प्रस्ताव पर इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी की ओर से पीपरोला स्थित हिंदुस्तान पेट्रोलियम के सीएनजी प्लांट पर शनिवार को मेडिकल हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें प्लांट के सभी अधिकारियों व कर्मचारियों का नि :शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस दौरान हिंदुस्तान पेट्रोलियम के सीनियर मैनेजर रवि कुमार भट्टी रेडक्रॉस के प्रदेश प्रबंधन समिति सदस्य व अशासकीय जिला सचिव डॉ. विजय जौहरी, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी सीएचसी ददरौल डॉ. अमित यादव व उनकी टीम रेडक्रॉस के आजीवन सदस्य अमित सहाना, अवनीश सक्सेना, अग्रज जौहरी उपस्थित रहे। यह जानकारी जिला प्रबंधन समिति सदस्य अनुज जौहरी ने दी।

### लायंस क्लब ने बाढ़ पीड़ितों को वितरित किए कपड़े



**शाहजहांपु, अमृत विचार :** लायंस क्लब शक्ति की ओर से शनिवार को लोधीपुर में कपड़ों का स्टॉल लगाकर बाढ़ पीड़ितों को कपड़े वितरित किए गए। क्लब की चार्ट प्रेसिडेंट लायन गुरजीत कौर ने बताया कि बाढ़ पीड़ित क्षेत्रों में लगातार कैंप लगाए जाएंगे। इस मौके पर लायन गुरजीत कौर, प्रियंका बियानी ट्रेजरआर, कमल नारंग सेक्रेटरी, अध्यक्ष करिश्मा टंडन, शिक्षिका ललिता यादव, अनुप्रिया ग्रोवर आदि ने मिलकर बाढ़ पीड़ितों की सहायता के लिए यह पहल की और उन्हें हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। क्लब के सदस्य नियमित रूप से बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर रहे हैं और जरूरतमंदों की सहायता कर रहे हैं। क्लब का उद्देश्य है कि बाढ़ पीड़ितों को जल्द से जल्द सामान्य जीवन में वापस लाया जा सके और उनकी सभी आवश्यकताएं पूरी की जा सकें।

डॉ. कुलदीप गंगवार
M.B.B.S M.D (Pediatrics)
शिशु रोग विशेषज्ञ
गंगवार हॉस्पिटल
चौकी चौराहा निकट महिला थाना, बरेली
मो. 9411088493
9457096487
इमरजेंसी 24 घण्टे
प्रतिदिन ओपीडी
प्रातः 10 बजे से 02 बजे
सायं 8 बजे से 9 बजे तक
अत्याधुनिक विदेशी मशीनों से युक्त
शिशु एवं बच्चों का सर्वश्रेष्ठ गहन चिकित्सा केन्द्र
OMPC सोसाइटी
चैरिटेबिल ओ.पी.डी.
मंगलवार एवं शुक्रवार
समय : प्रातः 10 से 11 बजे
परामर्श शुल्क मात्र 200 रुपये
आर्थिक रूप से असहाय रोगियों हेतु विशेष सहयोग
दिन मंगलवार एवं शुक्रवार
कैंट जनरल अस्पताल, बरेली
समय दोपहर 2 से 4 बजे
परामर्श शुल्क मात्र 100 रुपये
Mob. 5812970135
ऑवला
IFFCO HOSPITAL
मंगलवार
समय 4.30 से 6.30 बजे तक
नवजात शिशुओं में खतरनाक लक्षण
1. शिशु का किन्हाना या कराहना
2. शिशु का दूध का कम पीना या न पी पाना
3. दूध पीने पर ओंछू या फंदा लगना
4. सांस की गति प्रति मिनट 60 या उससे अधिक होना
5. छाती के निचले भाग में गढ्ढे पड़ना
6. सांस के साथ नथूने फूलना
7. नाल से या कान से मवाद आना, आंख से कीचड़ आना, त्वचा में फोड़े-फुंसी होना
8. शिशु की सांस का अनियमित होना या सांस रोकना
9. तलुआ (AF) फूलना
10. शिशु का सुस्त या बेहोश हो जाना (शिशु द्वारा हाथ पैर का कम चलाना)
11. खून की कमी से शिशु का सफेद होना
12. आक्सीजन की कमी से शिशु का नीला पड़ना
13. शिशु के शरीर का रंग स्लेटी व त्वचा का सख्त होना
14. शिशु के नाल, उल्टी या टट्टी में खून आना
15. नवजात शिशुओं में पीलिया
● 24 घंटे के अन्दर
● 14 दिन के बाद भी
● हथेली व तलुवे का भी पीला होना
● Bilirubin का 20 से अधिक होना
16. शिशु को दौरे पड़ना
17. शिशु को बुखार या तापमान का कम होना
18. पेट फूलना व टट्टी, पेशाब का न आना
19. शिशु को 24 घण्टे के बाद भी पेशाब व टट्टी न होना
20. लगातार व हरे रंग की उल्टियां होना व मुँह से झाग आना
21. शिशु का सफेद मुंआ होना
22. शिशु का सात दिन के बाद भी वजन न बढ़ना
23. शिशु का बहुत अधिक रोना
(EMO Doctors)
डा. प्रवीण गंगवार (तिलहर)
डा. परमजीत सिंह (खीरी)

बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
डॉ. रजनी कांत साहू
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX HOSPITAL, DELHI
दिमाग एवं रीढ़ रोग विशेषज्ञ
समय
प्रातः- 11 बजे से 3 बजे तक
सायं- 7 बजे से 9 बजे तक
सुविधायें
• सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन।
• रीढ़ की हड्डी की चोट का इलाज व ऑपरेशन।
• ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हेमरेज का ऑपरेशन।
• दूरबीन विधि द्वारा हाइड्रोसिफेलस (दिमाग में पानी भरना) का इलाज व ऑपरेशन।
• सिर दर्द (माइग्रेन) व मिर्गी के दौरे का ईलाज।
• दिमाग के फोड़े का इलाज व ऑपरेशन।
• गर्दन (सर्वाईकल) व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क का ईलाज व ऑपरेशन।
• रीढ़ की नस का ट्यूमर (स्पाइनल ट्यूमर) का ऑपरेशन।
• बच्चों के पीठ की गांठ का ऑपरेशन।
• अत्याधुनिक माइक्रोस्कोप द्वारा ईलाज।
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाइन सेन्टर
427, डिवाइन अस्पताल के सामने, के.के. अस्पताल रोड, राजेन्द्र नगर, बरेली
पर्चा लगाने के लिए सम्पर्क करें-
7417389433, 7017678157

प्रवेश प्रारम्भ
चन्द्रलोक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस
रजऊपरसपुर (बरेली) उ.प्र.
चिकित्सा के क्षेत्र में उज्जवल भविष्य बनाने हेतु उत्तम संस्थान
• उ.प्र. स्टेट मेडिकल फैकल्टी लखनऊ एवं उ.प्र. सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
• सरकारी, अर्द्धसरकारी, सेना एवं विदेश में नौकरी के लिए मान्य
• सरकारी मानकों के अनुसार फीस एवं छात्रवृत्ति
स्थान सीमित शीघ्र प्रवेश लें
GNM (जनरल नर्सिंग एण्ड मिडवाइफरी)
3 Years (इंटरमीडिएट)
GNM में एडमिशन पिछले सालों की तरह बिना प्रवेश परीक्षा के होंगे।
विशेष सुविधाएं
• मेडिक्लेम, बीमा योजना
• आयुष्मान भारत योजना एवं पं. दीनदयाल उपाध्याय योजना में निःशुल्क इलाज
सिटी ऑफिस
चन्द्रलोक हॉस्पिटल
दूरबीन विधि द्वारा
• पित्त की थैली, पित्त की नली की पथरी (Lap Chole, ERCP),
गुर्दे, यूरेटर की पथरी (PCNL, URS)
• प्रोस्टेट (गदूद) (TURP, TURBT)
• रसौली, बांझपन की जाँच
• बबासीर, हर्निया का ऑपरेशन
• मेडिक्लेम • स्त्री एवं प्रसूति रोग
• सभी प्रकार की सर्जरी
• पैथोलॉजी, अल्ट्रासाउण्ड
• ट्रॉमा, हेड इंजरी, फ्रेक्चर आदि।
• ICU, कार्डियक मॉनिटर, वेन्टिलेटर,
• हृदय, सांस, गुर्दा रोग एवं डायबिटीज
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
सम्पर्क करें-
9458882565
9410002566
8859491000

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

चरक पैथलैब
विश्वसनीय परिणाम
FullBody BLOOD TEST PACKAGE
CBC+KFT+LFT+TFT+LIPID+SUGAR
1499/- ONLY 799/-
जांचों पर विशेष छूट
चाट बाजार रोड, 39-बी, एकता नगर, बरेली
मो. 9410200042, 9410200047 समय प्रातः 8 से रात 9 बजे तक
घर से सैम्पल लेने की सुविधा उपलब्ध E-mail: pathlab.charak@gmail.com

डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन – 8979252222, 9457663289

आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
60000 से अधिक आँखों के ऑपरेशन का अनुभव
उपलब्ध सुविधायें
बिना सुई बिना टांका आधुनिक से आधुनिक लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा उपलब्ध
बी-स्कैन द्वारा पर्दे की जाँच उपलब्ध
आ.सी.टी.मशीन से रेटीना एवं ग्लोकॉम की जाँच उपलब्ध
8077344353
समय प्रातः 10 से 4 बजे तक एवं सायं 6 से 8 बजे तक
डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB MNAMS
CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाई पास, बरेली

डॉ. प्रेम गंगवार
B.H.M.S. (Homeo Cafe Gwalior)
वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक
मो. 8859517808
सैक्स रोग, शीघ्रपतन, नामर्दी, त्वचा, गुर्दे, कैंसर, जोड, नस, थायराइड व महिलाओं का बांझपन
होम्योपैथिक से जुड़ी समस्या व दवाईयों के लिये निःशुल्क सम्पर्क करें।
आधुनिक जर्मन दवाईयों द्वारा कुशल डाक्टर के मार्गदर्शन में इलाज
10 वर्षो का अनुभव प्रेम जर्मन होम्योपैथिक
रूहेलखण्ड यूनिवर्सिटी के सामने, पीलीभीत बाईपास, एच.के. टावर, बरेली

डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
• प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) • गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) • गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSL) • पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
आयुष्मान योजना अन्तर्गत स्वास्थ्य लाभ मुफ्त
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर
स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
समय दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348

आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री मोतियाबिन्द व नाखूना के ऑपरेशन
TPA कैशलेस की सुविधा,
ECHS द्वारा मोतियाबिन्द की सुविधा
नेत्र सर्जन
डॉ. आफताब आलम
एम.बी.बी.एस., डी.ओ.एम.एस. (ए.एम.यू.)
रोहिलखंड रत्न व अचीवर अवार्ड से सम्मानित
मोतियाबिन्द के ऑपरेशन की शुरूआत मात्र 2000/- रु. से
मिलने का समय-प्रातः 10 से 3 बजे तक, शाम : 6 से 8 बजे तक
डॉ. आफताब आई केयर मो. 9758934778
ताजुश्शरिया हॉस्पिटल के सामने, जगतपुर रोड, निकट बीसलपुर चौराहा, बरेली


# भूख हड़ताल: अनशनकारियों की सेहत में गिरावट

## कोलाघाट पुल चार पहिया वाहनों के लिए खोले जाने की मांग को लेकर 22 जुलाई से डटे हैं लोग

संवाददाता, मिर्जापुर

**अमृत विचार:** मिर्जापुर क्षेत्र के कोलाघाट पुल का लोड टेस्ट कर चार पहिया वाहनों के लिए खोले जाने की मांग को लेकर 22 जुलाई से पुल के पास चल रहा धरना तीन दिन पहले भूख हड़ताल में बदल गया है। बीते तीन दिन से प्रदर्शनकारी भूख हड़ताल पर बैठे हैं। प्रशासन की ओर से अभी तक आंदोलनकारियों की मांगों पर कोई कार्रवाई नहीं की गई है। भूख हड़ताल पर बैठे लोगों के स्वास्थ्य में गिरावट आने लगी है।

कोलाघाट पुल संघर्ष मोर्चा के बैनर तले क्षेत्र की विकराल समस्या के निदान को लेकर चल रहे इस आंदोलन को शनिवार दोपहर सांसद नीरज मौर्य व पूर्व विधायक रोशन लाल वर्मा ने भी समर्थन दिया है। सांसद ने कहा कि सरकार जनता के धैर्य की अब और परीक्षा न ले। जनता को परेशान करने का नतीजा उन्हें विधानसभा चुनाव में मिलेगा। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता के लिए हमेशा तैयार रहेंगे। नीरज मौर्य ने कहा कि अगले विधान सभा में फिर जलालाबाद से चुनाव लड़कर भाजपा को करारी शिकस्त देंगे।



धरना स्थल पर प्रदर्शनकारियों को समर्थन देते सपा से आंवला सांसद नीरज मौर्य।



अनशनकारियों का मेडिकल परीक्षण करते डॉक्टर। ● अमृत विचार

● **आंवला सांसद नीरज मौर्य ने धरना स्थल पर पहुंचकर बढ़ाया हौसला**

जनहित में शीघ्र कोलाघाट पुल चार पहिया वाहनों के लिए खोलकर आमजन को राहत देने की मांग की। भूख हड़ताल पर रामकुमार राठौर, सूरजपाल सिंह, ओमपाल सिंह कुशवाहा, रामदास राठौर, रामवीर सिंह सोमवंशी, मोहित शर्मा, प्रभाकर गुप्ता, उदयवीर यादव उर्फ कल्लू, पार्थ यादव समेत नौ लोग बैठे हुए हैं। अनशनकारियों ने बताया कि उन्हें काफी कमजोरी के साथ चक्कर आ रहे हैं।

### सीएचसी जरियनपुर की टीम ने जांचा स्वास्थ्य

भूख हड़ताल पर बैठे आंदोलनकारियों का सीएचसी जरियनपुर के स्वास्थ्य विभाग की टीम ने स्वास्थ्य परीक्षण किया। सीएचसी प्रभारी आदेश रस्तोगी ने बताया कि फिलहाल अनशनकारियों के स्वास्थ्य में कुछ गिरावट है। स्वास्थ्य खराब होने पर कोई भी अस्पताल में भर्ती हो सकता है।

### ये लोग रहे मौजूद

आंदोलन में तारा यादव, तसब्बर अली, रवीशपाल कुशवाहा, रजनेश शास्त्री, ओमवीर सिंह यादव, मालती कश्यप, शीला मौर्या, शोभा अग्रवाल, नीलम गुप्ता, सावित्री राठौर, अंकुर यादव, श्यामलाल सागर, जयवीर राठौर, कल्लू खा, नरेंद्र गौतम, सौरभ कुशवाहा, आशीष कुशवाहा आदि मौजूद रहे। संचालन चौधरी विनोद यादव ने किया।

# महापौर ने बाढ़ग्रस्त क्षेत्र का निरीक्षण कर दिए निर्देश

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** महापौर अर्चना वर्मा ने शनिवार को महानगर के बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों में स्थापित एमआरएफ सेंटर, नगर निगम का गेस्ट हाउस, निर्माणाधीन नवीन नगर निगम कार्यालय, जैव विविधता पार्क का निरीक्षण किया गया। बाढ़ के पश्चात स्थिति अत्यंत भयावह हो गई है।

इस बाबत तत्काल प्रभाव से गंदगी, मिट्टी हटवाने व खराब हो चुकी दीवारों की मरम्मत के निर्देश महापौर संबंधित अधिकारियों को दिए। इसके अतिरिक्त गेस्ट हाउस में लॉन बनाने व वेस्ट मटेरियल से सामग्री बनाने के लिए संबंधित को निर्देशित किया। जिससे कि अतिथियों के लिए एक सुंदर व अलौकिक स्थल का निर्माण हो सके। सभी सफाई नायकों को सख़्त हिदायत दी कि बाढ़ से प्रभावित किसी भी क्षेत्र से शिकायत का मौका नहीं मिलना चाहिए। निरीक्षण के दौरान निजी सचिव शिवा सक्सेना आदि मौजूद रहे।

# मिशन चंद्रयान: प्रश्न मंच में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा



एसएसएमवी में मिशन चंद्रयान-3 के बारे में विचार रखते बच्चे। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

● **एसएसएमवी में पूर्व राष्ट्रपति डॉ. कलाम को श्रद्धांजलि भी अर्पित की गई**

**अमृत विचार:** श्री शंकर मुमुक्षु विद्यापीठ सीनियर सेकेंडरी स्कूल (एसएसएमवी) में शनिवार को कक्षा 10 व 11 के बच्चों के बीच मिशन चंद्रयान-3 से संबंधित प्रश्न मंच का आयोजन किया गया। साथ ही मिसाइल मैन के नाम विख्यात हुए पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम को श्रद्धांजलि भी अर्पित की गई। बच्चों ने चंद्रयान-3 से संबंधित मॉडल प्रदर्शनी भी लगाई।

इस अवसर पर प्रधानाचार्य डॉ. मेघना मेहंदीरत्ता ने बच्चों को डॉ. कलाम के व्यक्तित्व और कृतित्व से अवगत कराते हुए महत्वपूर्ण जानकारी दी। इसी क्रम में विश्व पोषण दिवस भी मनाया गया, जिसमें कक्षा चार और पांच के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रधानाचार्य ने बच्चों को स्वस्थ रहने के लिए ताजे फल और ताजा भोजन तथा शुद्ध जल पीने का संदेश दिया। इस दौरान उन्होंने साफ-सफाई का भी महत्व समझाया। कार्यक्रम में स्टाफ के सदस्यों का योगदान रहा।

# आरक्षित स्टैंड पर खड़े हों सिर्फ कर्मियों के वाहन

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

● **ग्राम्य विकास एसोसिएशन की बैठक में कई अन्य समस्याओं पर की गई चर्चा**

● **कहा, स्टैंड संचालक मासिक शुल्क लेकर दें रसीद**

**अमृत विचार:** ग्राम्य विकास मिनिस्ट्रियल एसोसिएशन की बैठक शनिवार को विकास भवन सभागार में हुई। जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अमित कुमार व संचालन ओमकार ने किया। विशिष्ट अतिथि सीडीओ के आशुलिपिक अनिल कुमार का एसोसिएशन पदाधिकारियों ने माला पहनाकर स्वागत किया।

उन्होंने बैठक में साइकिल स्टैंड की अव्यवस्थाओं पर विचार रखते हुए कहा कि कर्मचारियों के लिए साइकिल स्टैंड की सही व्यवस्था हो और टीनशेड डलवाया जाए। आरक्षित स्टैंड पर सिर्फ कर्मचारियों के ही वाहन खड़े किए जाएं। कर्मचारियों से मासिक शुल्क लिया जाए और रसीद दी जाए। लिपिकीय कर्मचारियों का स्थाईकरण कराने की मांग उठाई गई। बैठक में एसोसिएशन की ओर से विकास भवन में लगाए गए वाटर कूलर के साथ आरओ व फिल्टर लगवाने की बात हुई। साथ ही साथ दिव्यांग कर्मचारियों के लिए शौचालयों में कमोड लगाने का अनुरोध किया गया। मोहम्मद नकी ने विकास भवन में कार्यरत कर्मचारियों के रुटीन चेकअप कामकाज के चलते न हो पाने की बात रखते हुए कहा कि 3 दिवसीय चिकित्सा कैंप लगाया जाए। जिलाध्यक्ष अमित कुमार ने शिवशंकर सक्सेना, रश्मि सक्सेना, किरन श्रीवास्तव को सदस्य को संगठन में धारित पद के प्रमाण पत्र उपलब्ध कराए गए। अंत में अमित कुमार ने सभी का आभार जताया। इस दौरान अंकुश, श्यामकिशोर, मोहित, शैलजा, विष्णु प्रताप सिंह, मुश्ताक, महेश बाबू, रोली आदि मौजूद रहे।



सीडीओ के आशु लिपिक अनिल कुमार का स्वागत करते ग्राम्य विकास मिनिस्ट्रियल एसोसिएशन के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

# रेल लाइन पर खड़ी महिला ट्रेन के इंजन से टकराकर घायल

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

● **आत्महत्या करने के लिए पहुंची थी, चालक ने रोक दी ट्रेन**

**अमृत विचार:** रेलवे स्टेशन पर प्लेटफार्म दो की रेल लाइन पर एक महिला आत्महत्या करने के लिए खड़ी हो गई। लोगों ने शोर मचाया कि ट्रेन आ रही है। लेकिन वह नहीं हटी और इंजन से टकराकर घायल हो गई। घायल महिला को मेडिकल कॉलेज भेजा गया।

रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म दो पर निर्माण कार्य चल रहा है। शनिवार की शाम 7 बजे एक 45 वर्षीय महिला प्लेटफार्म दो पर बैठी हुई थी। उसने देखा कि बरेली की तरफ से आनंद बिहार-दानापुर एक्सप्रेस जनसाधरण एक्सप्रेस आ रही है। वह प्लेटफार्म से उतरकर रेल लाइन पर दो खड़ी हो गई। दोनों हाथ ऊपर खड़ी कर पटरी के बीच में खड़ी हो गई। लोको पायलट ने दूर से देखा कि एक महिला रेल लाइन पर खड़ी है। लोको पायलट ने हार्न बजाया। लेकिन वह नहीं हट रही थी। प्लेटफार्म एक पर खड़े यात्रियों ने शोर मचाया कि ट्रेन आ रही है। महिला ने कहा मुझे मर जाने दो। लोको पायलट ने इमरजेंसी ब्रेक लगाकर ट्रेन को रोकने का प्रयास किया। आखिर में महिला इंजन से टकराकर रेल पटरी के साइड में गिर गई। उसके सिर में चोट लगी है। इधर आरपीएफ तथा जीआरपी मौके पर पहुंची और घायल महिला को रेल लाइन से उठाकर प्लेटफार्म एक पर लाए। महिला बेहोशी हालत में थी और बोल नहीं पा रही थी। जीआरपी एसओ रेहान खां ने बताया कि महिला को मेडिकल कॉलेज भेज दिया गया है। उसकी पहचान नहीं हो पाई है। ट्रेन दस मिनट तक रुकी रही।

# सूखे व गीले कचरे को व्यवस्थित रखें

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** नगर आयुक्त डॉ. विपिन कुमार मिश्र ने शनिवार को न्यू सिटी ककरा स्थित निर्माणाधीन नगर निगम कार्यालय भवन के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। इसके बाद ककरा स्थित मैटेरियल रिकवरी फैसिलिटी सेंटर पहुंचे और सूखे व गीले कचरे को एक व्यवस्थित स्थान पर रखने को कहा।

उन्होंने निर्माणाधीन भवन में अब तक हुए निर्माण कार्यों की जानकारी ली। नगर आयुक्त ने निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण ढंग से कराए जाने व शीघ्र से शीघ्र निर्माण कार्य को पूर्ण कराए जाने को संबंधित को निर्देशित किया। कार्यदायी संस्था के प्रोजेक्ट मैनेजर आदि मौजूद रहे। इसके बाद उन्होंने ककरा स्थित मैटेरियल रिकवरी फैसिलिटी सेंटर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय सेंटर पर आने वाले सूखे व गीले कचरे के ठोस निस्तारण की विधि को देखकर निर्देशित किया कि महानगर से आने वाले सूखे व गीले कचरे को एक व्यवस्थित स्थान पर रखे। नियमित रूप से कचरे के निस्तारण के लिए कहा।



एमआरएफ सेंटर का निरीक्षण करते नगर आयुक्त डॉ. विपिन कुमार मिश्र।

● **नगर आयुक्त ने किया एमआरएफ सेंटर का निरीक्षण**

# महिलाओं से संपर्क कर दिल्ली चलने का आह्वान

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** महिला कांग्रेस के संसद घेराव के आह्वान पर शनिवार को महिला कांग्रेस अध्यक्ष अर्चना वाल्मीकि ने महानगर के विभिन्न मोहल्लों का भ्रमण कर महिलाओं को दिल्ली चलने का आह्वान किया। अर्चना ने बिजलीपुरा, हथौड़ा, लोधीपुर, रोजा, ककरा, बंगश में जनसंपर्क करते हुए कहा कि देश-प्रदेश में मौजूदा डबल इंजन की सरकार महिला विरोधी है। लेकिन इनको यह याद रखना चाहिए कि जब जब महिला सड़क पर उतर कर सरकार के खिलाफ बोली है। तब तब हर सरकार की कुर्सी डोली है। महिला अत्याचार के विरुद्ध जनपद की महिलाएं दिल्ली कूच करेंगी और राष्ट्रीय अध्यक्ष अल्का लांबा व प्रदेश अध्यक्ष भारती त्यागी के नेतृत्व संसद घेरेगी। इस दौरान संजना सिंह, शबनम बेगम, युसरा खान, विटोली देवी, प्रीति सिंह आदि मौजूद रहे।

# अभाविप खुटार नगर इकाई की कार्यकारिणी का गठन

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की खुटार नगर इकाई का गठन किया गया। श्री गंगाराम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लालपुर में शनिवार को आयोजित बैठक में कार्यकारिणी का गठन किया गया। ब्रज प्रांत खेलो भारत गतिविधि के प्रमुख रविकांत शुक्ला ने पदाधिकारियों की घोषणा की। निशिकांत शुक्ला को नगर अध्यक्ष और अस्मित पटेल को मंत्री पद की जिम्मेदारी सौंपी गई।

चुनाव अधिकारी जिला संयोजक योगेंद्र मिश्रा की उपस्थिति में घोषित इकाई में अंकित कुमार और अभिषेक मिश्रा को उपाध्यक्ष, दामिनी और लक्ष्य को सहमंत्री, गीतेश को आंदोलन प्रमुख, तुषार शर्मा को सह आंदोलन प्रमुख, समर वर्मा को एसएफएस संयोजक, हर्षित शुक्ला को एसएफडी संयोजक, उदित मोहन तिवारी को एग्रीविजन संयोजक, कुलदीप शर्मा को मीडिया संयोजक, कशिश गुप्ता को राष्ट्रीय कला मंच संयोजक, अंश कुमार, रजत, आयुष वाजपेई, शिवम कुमार, क्रिष पटेल, वंश पटेल, अमन कुमार को कार्यकारिणी का सदस्य नामित किया गया।



अभाविप खुटार की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

● **श्री गंगाराम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में हुई बैठक में निशिकांत अध्यक्ष और अस्मित चुने गए मंत्री**

# ईओ ने नाली पर अवैध निर्माण हटवाया

संवाददाता, तिलहर

● **बतलैया सोसायटी के पास एक व्यक्ति ने नाली में भरवा ली थी नींव**

**अमृत विचार:** नगर में सार्वजनिक नाली पर कब्जा कर मकान की नींव भरवाए जाने की शिकायत पर अधिशासी अधिकारी कल्पना शर्मा ने शनिवार को पालिका टीम के साथ पहुंचकर अवैध निर्माण हटवाया। अधिशासी अधिकारी ने बताया कि उन्हें शिकायत मिली थी कि नगर में बतलैया सोसायटी के समीप नटवीर बाबा की समाधि वाले रास्ते पर मंसूर अली नमक व्यक्ति ने नाली में नींव और पिलर भरवा लिए हैं।

जिसके बाद वह पालिका टीम के साथ मौके पर पहुंची तो उन्हें अवैध निर्माण होता मिला। उन्होंने उसे हटवाया। मंसूर अली को सख्त हिदायत दी गई है कि अगर दोबारा इस प्रकार का अवैध निर्माण कराया तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान आरआई सुशांत कुमार, प्रधान लिपिक अयूब हुसैन, संपत्ति लिपिक कमलदीप आदि मौजूद रहे।




नाली पर अवैध निर्माण हटवाने पहुंचीं ईओ कल्पना शर्मा। ● अमृत विचार

शाहजहांपुर की खबरें पेज 10 पर भी पढ़ें

ROHILKHAND CANCER INSTITUTE
150 बेड का विश्वस्तरीय कैंसर हॉस्पिटल
RADIOTHERAPY
TRUE BEAM STX LINAC
यह SRS, SBRT, IGRT, IMRT, VMAT और 3D CRT जैसी फोटॉन थेरेपी (6 Mv, 10Mv, 15Mv) पद्धतियाँ प्रदान करने में सक्षम है।

BRACHYTHERAPY
24 Channel

PET CT SCAN
बरेली मंडल की एक मात्र मशीन

FDG -PET CT
PSMA- PET CT (प्रोस्टेट कैंसर)
सोडियम फ्लोराइड बोन पीईटी
DOPA -PET CT (पार्किंसंस आवर्तक ब्रेन ट्यूमर, आदि)
द्वितीय पीढ़ी की मशीन जिससे कैंसर के स्टेज का पता चलता है
Immunotherapy & Chemotherapy
Dedicated Cancer Modular OT's
आयुष्मान कार्ड से 5 लाख तक का इलाज
हमारे विशेषज्ञ
डॉ. अर्जुन अग्रवाल (सर्जिकल ऑन्कोलॉजिस्ट)
डॉ. लक्ष्मण पांडे (रेडिएशन ऑन्कोलॉजिस्ट)
डॉ. आमिर मलिक (हेड एंड नेक कैंसर सर्जन)
डॉ. सिद्धार्थ अरोड़ा (क्लिनिकल ऑन्कोलॉजिस्ट)
डॉ. संदीप (मेडिकल ऑन्कोलॉजिस्ट)
डॉ. चीना गर्ग (ऑन्कोपैथोलॉजिस्ट)
डॉ. अंकित कुमार (न्यूक्लियर मेडिसिन ऑन्कोलॉजिस्ट)
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें - 92581 16087, 78912 35003
रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल कैम्पस, सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

KCMT GROUP OF INSTITUTIONS
KCMT CAMPUS 2
AT PREM PRAKASH GUPTA INSTITUTE OF ENGINEERING
COURSES AFFILIATED TO AKTU, PCI & BTE | APPROVED BY AICTE
अपना उज्जवल भविष्य बनाएं हमारे साथ
JOIN
B.Tech (ME & CS | College Code : 653 & Lateral Entry in B.Tech)
POLYTECHNIC (CIVIL & ME)
D. PHARMA (College Code : 2554 & D.Jeecup Enterance Mandatory)
B.Ed
ADMISSION OPEN 2024-2025
LOWEST FEES STRUCTURE

Call on : 8081332211
Campus - Address - 16th km. Faridpur Road, Bareilly



# हकीम जहीर अहमद (क्लीनिक)

Dr. M. Nadeem ®
(BUMS)

यूनानी चिकित्सक
Reg. No. 19709

पुरुषों एवं महिलाओं के समस्त गुप्त रोग

जो व्यक्ति बचपन की नादानी के कारण जिनको धातु स्वप्नदोष, नामर्दी का होना, जोश, शीघ्रपतन, गलत विचारों से वीर्य का निकलना, शुक्राणु का कम होना, पेशाब में जलन होना, ज्यादा आयु वाले मर्दों का सैक्स पॉवर खत्म होना, व बहने सफेदी का आना (ल्यूकोरिया) नलों पर सूजन होना, माहवारी का होना निसंतान दम्पत्ति मिलें।

बवासीर, खूनी व बादी भगन्दर, गठिया, जोड़ों का दर्द, पेट की समस्या रोगों का इलाज

Sugar (मधुमेह) जैसे जानलेवा बीमारी का आयुर्वेदिक और यूनानी दवाइयों द्वारा इलाज, जोड़ों में दर्द रहना। कोलेस्टॉल का खराब होना, लीवर का बार-बार खराब हो जाना, ऐसे जटिल से जटिल समस्याओं का इलाज बिना किसी साइड इफेक्ट्स के यूनानी और आयुर्वेदिक उपचार...

शनिवार रविवार

बिहारीपुर पुलिस चौकी के आगे इस्लामियां मैदान के सामने, बरेली

9634499693
9837338306

## बाइक की टक्कर से छात्रा घायल

**पूरनपुर, अमृत विचार :** गढ़वाखेड़ा चौकी क्षेत्र के गांव मकरंदपुर के सईद अंसारी की पुत्री राविया गुरुवार को विद्यालय से साईकिल से घर वापस जा रही थी। पूरनपुर खुटार मार्ग पर अनियंत्रित गति से आ रही बाइक ने छात्रा की साइकिल में टक्कर मार दी। जिससे छात्रा घायल हो गई। सेहरामऊ उत्तरी पुलिस को तहरीर देकर पिता ने कार्रवाई की मांग की है।

प्रवेश प्रारम्भ

बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली

बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)

केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)

मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)

बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
- एम.एच.ए. (2 वर्षीय)
- एम.पी.एच. (2 वर्षीय)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

प्रवेश प्रारम्भ

बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली

फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
- बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलाजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
- एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
- बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
- एम.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (2 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)

For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

# यह कैसी वैकल्पिक व्यवस्था, बड़े वाहन पलट रहे तो कहीं मिट्टी में धंस रहे ट्रक

## बारिश और बाढ़ से कटे मार्गों पर आए दिन घंटों जाम लगने से राहगीर हो रहे परेशान

संवाददाता, पीलीभीत/मझोला

**अमृत विचार:** जनपद के विभिन्न मार्गों पर बाढ़ के बाद हुई तबाही का दर्द अभी भी पूरी तरह से दूर नहीं हो सका है। बाढ़ का पानी तो समस्त जगहों से निकल चुका है। सुधार कार्य तेजी से कराए जा रहे हैं। मगर, बाढ़ के दौरान कटी सड़कों की मरम्मत कराकर की गई वैकल्पिक व्यवस्था मुसीबत का सबब बन गई है। बड़े वाहनों की आवाजाही होते ही हादसे का डर बना हुआ है। कहीं वाहन पलट रहे हैं तो कहीं मिट्टी में ट्रक धंस गए। इससे आवागमन भी प्रभावित हो रहा है।

पहाड़ों और मैदानी इलाकों में बीते दिनों हुई बारिश के बाद नदियां उफनाने पर बाढ़ आ गई थी। शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों तक कई फीट जलभराव हो गया था। आधा दर्जन से अधिक सड़कें भी कट गई थी। जिसके चलते आवागमन लंबे समय तक बाधित रहा। बाढ़ के दौरान मझोला-सितारगंज मार्ग का हिस्सा भी कट गया था। पखवाड़ा भर आवागमन पूरी तरह बंद रहा। जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों से मार्ग के सुधार की गुहार लगाई कि इस मार्ग पर यूपी और उत्तराखंड से आने वाले वाहनों की आवाजाही अधिक रहती है। इसके बाद जिम्मेदारों ने मिट्टी आदि डालकर वैकल्पिक व्यवस्था कराई थी। जिसके बाद आवागमन चालू हो गया था। मगर, अभी पूरी तरह से मार्ग सुचारू नहीं हो सका है। शनिवार सुबह एक बार फिर ओवरलोड ट्रक इस मार्ग पर पहुंचा तो मिट्टी में ही धंस गया। जिसके बाद रोड के दोनों तरफ जाम की स्थिति बन गई। स्कूल जाने वाले बच्चे हो या फिर बड़ी संख्या में मझोला से उत्तराखंड मजदूरी करने जाने वाले श्रमिक हर कोई फंसकर रह गया। व्यापारी और किसान भी इसके लपेटे में आए और परेशान हो गए। राहगीरों की भी समस्या हुई। वह सड़क किनारे बैठकर जाम खुलने का इंतजार में घंटों परेशान हुए।



बरखेड़ा-गजरौला मार्ग पर प्रताप डांडी गांव के पास पलटे ट्रक। ● अमृत विचार



मिट्टी में धंसा ट्रक और सड़क किनारे बैठकर जाम खुलने का इंतजार करते लोग।

### बरखेड़ा-गजरौला मार्ग पर ट्रक पलटा

**बरखेड़ा :** बीते दिनों आई बाढ़ से देवहा नदी का जलस्तर बढ़ गया था। बाढ़ से कस्बा बरखेड़ा से गजरौला को जाने वाले मार्ग पर गांव प्रताप डांडी के पास मार्ग की पुलिया धंस गई थी। कई फीट तक मार्ग कट गया था। इसके बाद से कई दिन आवागमन बंद रहा। इसके बाद क्षतिग्रस्त मार्ग पर सीमेंट के पाइप डालकर उसके बाद ऊपर से रोड बिछाई गई और मिट्टी डालकर अस्थाई तौर पर आवागमन शुरू करा दिया गया था। शनिवार सुबह इस स्थान पर रेत से भरा ट्रक पलट गया। कुछ देर बाद नजदीक में ही दूसरा ट्रक पलट गया। दो ट्रक पलट जाने से इस मार्ग पर बड़े वाहनों का आवागमन बाधित रहा। छोटे वाहन जैसे तैसे निकल सके। इस दौरान जाम की स्थिति बनी रही। राहगीरों को भी दिक्कत आई।

### राज्यमंत्री से मार्ग के पुनर्निर्माण की मांग



**पीलीभीत :** राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार से मझोला – सितारगंज मार्ग के क्षतिग्रस्त हिस्से के पुनर्निर्माण की मांग की है। उनके जिला प्रतिनिधि कपिल अग्रवाल ने शनिवार को जन सहयोग कार्यालय पर मुलाकात के दौरान क्षेत्र से संबंधित समस्याएं भी रखीं। जिसमें इस मार्ग पर आ रही दिक्कत को बताया। इसके अलावा जोशी कॉलोनी से सूरजपुर मोड़ तक ड्यूनी डैम मार्ग के क्षतिग्रस्त भाग का निर्माण कराने, मझोला से अमरिया जाने वाले मार्ग पर सार्वजनिक यातायात के संसाधन न होने से आ रही दिक्कत को बताया। कहा सिंगल रोड होने से आम जनमानस को आवाजाही में दिक्कत आ रही है। भदसरा और उडरा ग्राम में मोबाइल नेटवर्क की समस्या को लेकर बीएसएनएल का टावर लगवाने की मांग की।

KESHLATA INTERNATIONAL SCHOOL
NAVADIYA JHADA, BISALPUR ROAD BAREILLY 243006

REQUIRED TRAINED
EXPERIENCED & QUALIFIED STAFF AS PER C.B.S.E. NORMS FOR THE SESSION 2024-25
P.G.T. and T.G.T. FOR ALL SUBJECTS
LAB ASSISTANTS -2 RECEPTIONIST - 1
Candidates must be fluent in written and spoken English.
Kindly share your resume on the following mail ID klisbly@gmail.com
PRINCIPAL


## घास काटने गए युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**पीलीभीत, अमृत विचार :** खेत पर घास काटने गए युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उसका शव खेत पर ही पड़ा मिला। पुलिस शव पोस्टमार्टम को भेज छानबीन में जुट गई है।

थाना न्यूरिया क्षेत्र के ग्राम टांडा बिजैसी के रहने वाले 45 वर्षीय गोरंग डले पुत्र सुबोध कुमार डले शुक्रवार को अपने घर से करीब चार किलोमीटर दूर घास काटने गए थे। दोपहर बाद उसका शव खेत की मेड़ पर पड़ा मिला। आसपास के ग्रामीणों ने शव देखा तो सूचना परिवार वालों को दी गई। कुछ ही देर में मौके पर भीड़ जमा हो गई। इसकी सूचना न्यूरिया पुलिस को दी। सूचना मिलने पर पहुंची न्यूरिया पुलिस ने मौका मुआयना कर जानकारी की।

एसओ न्यूरिया प्रदीप कुमार विश्नोई ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा। मामले की जांच की जा रही है। परिजन ने किसी तरह का आरोप नहीं लगाया है।

प्रवेशप्रारंभ



वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
कैम्पस : वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एण्ड रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
एन.एच.-24, बन्थरा, शाहजहाँपुर, उत्तर प्रदेश-242307

| कोर्स | अवधि | योग्यता |
|---|---|---|
| एम.एस.सी. मेडिकल एनाटॉमी | 3 वर्ष | अभ्यर्थी को तीन वर्ष का स्नातक कार्यक्रम बीएससी उत्तीर्ण होना चाहिए, जिसमें 50% अंक प्राप्त हों (एससी/एसटी के लिए 45%) और जैविक विज्ञान एक विषय के रूप में हो या एमबीबीएस, बीडीएस, बीएएमएस, बीएचएमएस, बीपीटी, बी.फार्मा, बीएमएलटी, बीएमआरआईटी, बीएससी नर्सिंग में किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से उत्तीर्ण होना चाहिए। |
| एम.एस.सी. मेडिकल बायोकेमिस्ट्री | 3 वर्ष | |
| एम.एस.सी. फिजियोलॉजी | 3 वर्ष | |
| एम.एस.सी. मेडिकल माइक्रोबायोलॉजी | 3 वर्ष | |
| एम.एस.सी. फार्माकोलॉजी | 3 वर्ष | |
| बी.एस.सी. फोरेन्सीक साइंस | 3 वर्ष | पात्रता: 10+2 (पी.सी.एम./पी.सी.बी0) |

फैकल्टी ऑफ कॉमर्स एण्ड मैनेजमेंट

| कोर्स | अवधि | योग्यता |
|---|---|---|
| एम.एच.ए. (मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन) | 2 वर्ष | किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से न्यूनतम 50% अंकों के साथ स्नातक की डिग्री पूरी की हो, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों के लिए 45% अंक प्राप्त किए हों। |
| एम.पी.एच. (मास्टर इन पब्लिक हेल्थ) | 2 वर्ष | |

For Online Registration : www.vau.in, Contact No. 05842297879
E-mail : admission @vau.edu.in, info@vau.edu.in.

प्रवेश हेतु संपर्क करें
डॉ. अनिल पाल (डिप्टी रजिस्ट्रार) मो. 9956248504
डॉ. अमित सिंह (डिप्टी मेडिकल सपरिटेन्डेन्ट) मो. 7521001987

प्रवेश प्रारम्भ

बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली

बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ ह्यूमनटीज एण्ड जर्नलिज्म
- बी.ए. (जर्नलिज्म)
- एम.ए. (मास कम्युनिकेशन)
- बी.ए. (मास कम्युनिकेशन)
- एम.ए. (अंग्रेजी)
- एम.ए. (जर्नलिज्म)
- एम.ए. (मनोविज्ञान)

बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
- बी.कॉम. (ऑनर्स)
- एम.कॉम.
- बी.बी.ए. (फाइनेन्स एण्ड टेक्सेशन)
- एम.बी.ए.
- बी.सी.ए. (आई.टी. एंड मल्टीमीडिया)

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) श्री अतुल बाबू (7409998289)

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी

साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।

शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने, पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

### दिव्यांगों ने सीएचसी में किया पौधारोपण

**पूरनपुर, अमृत विचार :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी के जिलाध्यक्ष तनु मिश्रा ने दिव्यांगों के साथ पौधा रोपण किया। इस दौरान उन्होंने जामुन के पौधे लगाकर उन्हें पानी से सींचा। इसके अलावा पेड़ों के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला और बताया कि पेड़ है तो जीवन है। इसलिए पैधारोपण के साथ यह भी जरूरी है कि पौधों की समय-समय पर देखबाल की जाए ताकि आगे जाकर इनका लाभ मिल सके। प्रभारी चिकित्साधिकारी डा. आलम से लगाए गए पौधों की सुरक्षा कराने की मांग की। इस मौके पर अभिषेक कुमार, अमित सिंह, सैयद तारिक, नदीम, जलपाल प्रभाकर, सुरेंद्र राठौर आदि मौजूद रहे।

# अपडेट होते ही लोगों को चक्कर कटवाना सीखा जन्म-मृत्यु पोर्टल

## पहले चल रहा था टीकठाक, अपडेशन के बाद अधर में लटके 200 से ज्यादा प्रमाण पत्र

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र अभी तक तो झट से बन जाते थे लेकिन जब से सीआरएस (सिविल रजिस्ट्रेशन सिस्टम) पोर्टल अपडेट हुआ है तब से व्यवस्था चरमरा गई है। लंबित आवेदनों की संख्या 200 से अधिक पहुंच गई है। लोग नगर पालिका दफ्तर के चक्कर लगा रहे हैं पर उनकी समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा। कहा जा रहा है कि पोर्टल के पूर्ण रूप से काम नहीं करने की वजह से दिनभर सिर्फ अपलोडिंग ही चल रही है। इससे कर्मचारी भी परेशान हैं। वह एक ही काम में उलझकर रह जाते हैं। दूसरे काम नहीं हो पाते।

शहरी क्षेत्र के जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र सदर नगर पालिका से जारी होते हैं। जून माह से पहले तक यह जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र आसानी और समय रहते जारी हो जाते थे। लेकिन 14 जून से सीआरएस पोर्टल को अपडेट करने के लिए पोर्टल बंद कर दिया गया था। इसे लेकर कई दिन तक पोर्टल बंद रहा था। 18 जून से पोर्टल को खोला गया तो लोगों को उम्मीद थी अब प्रमाण जल्द जारी होने लगेंगे, लेकिन पोर्टल अपडेट करने के बाद काम शुरू हुआ तो यह पोर्टल पहले से भी धीमा हो गया। 18 जून से सीआरएस पोर्टल को अपडेट कर डीसी सीआरएस कर दिया गया है। इसके तहत अब 31 दिन से ऊपर वाले जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र को जारी कराने के लिए पहले रजिस्टार यानी कि डीएम से अनुमति लेना होगी। इसके अलावा प्रमाण पत्र संशोधन के लिए ओटीपी आएगा। जोकि सब रजिस्टार यानी कि संबधित पालिका के ईओ पर आएगा। इसके बाद ही काम आगे बढ़ सकेगा।

लेकिन, हकीकत यह है कि पोर्टल अपेडट होन होने के बाद से समस्याएं बढ़ गई हैं।

प्रमाण पत्र संशोधन करने के लिए ओटीपी मांग रहा है, जोकि पोर्टल की ओर से नहीं पहुंच रहा है। इस वजह से जन्म व मृत्यु प्रमाणपत्र के लिए लोग नगर पालिका के चक्कर लगा रहे हैं।

कर्मचारियों के मुताबिक एक दिन में सिर्फ तीन-चार प्रमाणपत्रों पर काम हो पा रहा है। इतना ही नहीं सीएमओ की डीएसी बंद कर दी गई है। जिस वजह से स्वास्थ्य विभाग की ओर जन्म और मृत्यु प्रमाण का पत्रों का अनुमोदन जिलाधिकारी की आईडी से किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग का तर्क है कि शासन से ही अपडेशन के लिए आईडी बंद की गई है।



नगरपालिका का मुख्यद्वार।

- **ओटीपी के चक्कर में नहीं हो रहा संशोधन, रजिस्ट्रार नामित नहीं होने से भी आ रहीं दिक्कतें**

### दावा: नौ सितंबर 2015 के बाद के प्रमाणपत्रों में आ रही दिक्कत

पोर्टल में बदलाव के बाद से ज्यादातर विभागों व संस्थाओं ने डीसी प्रमाणपत्रों की मांग शुरू कर दी है। इसमें स्कूल आदि भी शामिल हैं। ऐसे में नौ सितंबर 2015 के बाद जारी प्रमाणपत्रों के रजिस्ट्रेशन नए पोर्टल पर नहीं हो पा रहे हैं। इस वजह से लोग लगातार पालिका के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन उनकी समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है। इसके अलावा नए एडमिशन के लिए भी जन्म प्रमाण पत्र की आवश्यकता पड़ रही है।

### हिंदी में गलतियों की भरमार

अस्पतालों में भरे जाने वाले फार्म को नए पोर्टल के साथ अपडेट किया दिया है। इसमें अंग्रेजी के साथ हिंदी में भी फार्म को भरना होता है। बताया जाता है कि अस्पतालों की ओर से हिंदी का डाटा भरने में काफी गलतियां सामने आ रही हैं। नगर पालिका के कर्मचारी नए पोर्टल पर इन गलतियों का संशोधन कर रहे हैं। इसमें भी पोर्टल गड़बड़ी कर रहा है।

पोर्टल को अब केंद्र सरकार की ओर से एक ही बना दिया गया है। पुराना पोर्टल कुछ दिन पहले बंद हो गया है। नए पोर्टल में अपडेशन का कार्य अभी चल रहा है। इसको लेकर मेल कराई गई है। पहले की तुलना पोर्टल में काफी सुधार हुआ है। कुछ खामियां रह गई है। उन्हें भी दूर करने के लिए उच्च अधिकारियों को अवगत कराया गया है। - **लाल चंद भारती**, ईओ नगरपालिका

# विधायक के आश्वासन पर नहीं बात, धरना जारी


अनशनकारियों से वार्ता करते विधायक विवेक वर्मा। • अमृत विचार

संवाददाता, बीसलपुर

- **कोयला उतारने के विरोध में शनिवार को जारी रहा कालोनी वासियों का अनशन**

**अमृत विचार:** रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म पर कोयला उतारने के विरोध बढ़ता जा रहा है। कॉलोनी वासियों का क्रमिक अनशन दूसरे दिन यानी शनिवार को भी जारी रहा। भाजपा विधायक विवेक वर्मा ने एसडीएम महिपाल सिंह के साथ पहुंचकर अनशनकारियों से वार्ता की। लेकिन वह मानें इस पर वह समस्या को हल कराने का आश्वासन देकर चले गए।

रेलवे प्लेटफार्म के सामने स्थित इंडस्ट्रियल एरिया में शुक्रवार को रेलवे प्लेटफार्म पर उतरने वाले कोयले को लेकर आसपास के मोहल्ले वालों और कॉलोनी वासियों ने अपने पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत क्रमिक अनशन शुरू कर दिया था। शनिवार को अनशन स्थल पर बड़ी संख्या में महिला पुरुष शामिल हुए। रेलवे के विरोध में नारेबाजी कर अपना रोष प्रकट किया। विधायक विवेक वर्मा, एसडीएम महिपाल सिंह, कोतवाल अशोक पाल अनशन स्थल पर पहुंचे। उन्होंने अनशनकारियों से काफी देर वार्ता की और कहा कि वह बरेली मंडल की डीआरएम रेखा यादव से शीघ्र ही वार्ता करेंगे।

कोई भी व्यक्ति जो इससे परेशान है वह उनके साथ दिल्ली चल सकता है। वहां रेल मंत्री से वार्ता कर कोयले उतार की समस्या को रखा जाएगा। लोगों ने अनशन तो समाप्त नहीं किया। इतना आग्रह किया कि वह शांतिपूर्ण ढंग से अपना विरोध दर्ज करा रहे हैं। मगर पुलिस बेवजह परेशान न करे।

# पैर फिसलने से तालाब में गिरी विवाहिता की डूबने से मौत

**बीसलपुर, अमृत विचार :** शौच के लिए जा रही महिला की तालाब में डूबकर मौत हो गई। ग्रामीणों ने बमुश्किल शव को निकाला। पुलिस ने मौका मुआयना कर जानकारी की और शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कोतवाली क्षेत्र के गांव शिवपुरी नवदिया के रहने वाले वीरेश कुमार की पत्नी नीतू कुमारी शनिवार सुबह चार बजे गांव के बाहर स्थित तालाब की तरफ शौच करने गई थी। इस बीच पैर फिसलने से वह तालाब में गिर गई। पानी गहरा होने से डूब गई। जब काफी देर बाद भी महिला घर नहीं पहुंची तो उसकी तलाश करते हुए परिजन तालाब की तरफगए। देखा तो शव तालाब में उतराता मिला। ग्रामीणों की मदद से शव को बाहर निकाला गया। सूचना मिलने पर खनंका चौकी प्रभारी ऋषिपाल सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और जानकारी की। परिजनों का रोकर बुरा हाल रहा।


मृतक नीतू।

# कांवड़ यात्रा मार्गों पर सफाई व्यवस्था रहेगी चाक-चौबंद

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- **शासन के आदेश पर जिला पंचायत राज अधिकारी ने सभी एडीओ पंचायत को दिए निर्देश**
- **मंदिरऔर घाट भी किए जाएंगें स्वच्छ, निरीक्षण में खामियां मिलने पर होगी सख्त कार्रवाई**

**अमृत विचार:** सावन में ग्रामीण अंचलों के कांवड़ यात्रा मार्गों पर भी विशेष सफाई अभियान चलाया जाएगा। शिव मंदिरों समेत नदी घाटों आदि की विशेष साफ-सफाई की जाएगी। शासन के फरमान के बाद डीपीआरओ ने सभी एडीओ पंचायत को शासनादेश का कड़ाई से अनुपालन करने के निर्देश दिए हैं।

श्रावस मास के दौरान शहर के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में बड़ी संख्या में शिव भक्त जलाभिषेक के लिए जल लेने के लिए कछला समेत स्थानीय नदी, सरोवर एवं घाटों पर जाते हैं और गांव में ही बने शिव मंदिरों में जलाभिषेक करते हैं।

इधर, शासन ने कांवड़ यात्रा के दृष्टिगत सभी ग्राम पंचायत क्षेत्रों में पड़ने वाले कांवड़ यात्रा मार्गों पर विशेष सफाई अभियान चलाने का फरमान जारी किया है। शासन के निर्देश पर डीपीआरओ सतीश कुमार ने सभी एडीओ पंचायत को पत्र जारी कर शासनादेश के अनुरूप कार्य कराने के निर्देश दिए हैं।

जारी पत्र के अनुसार कांवड़ियों के विश्राम के लिए विश्राम स्थलों पर शुद्ध पेयजल, प्रकाश, स्वच्छता संबंधी व्यवस्था की जाएं। ग्रामीण क्षेत्रों में उन नदियों, सरोवरों के घाटों एवं मार्गों पर विशेष सफाई कराई जाए, जहां जलाभिषेक को जल भरा जाता है। सफाई कर्मियों की टीमें बना नदी-सरोवर के घाटों पर विशेष तौर पर साफ-सफाई की व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए हैं।

शासन के निर्देशानुसार श्रावण मास के दृष्टिगत ग्राम पंचायतों में विशेष सफाई अभियान चलाया जाएगा। इसको लेकर सभी एडीओ पंचायत को निर्देशित किया गया है। लापरवाही मिलने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। **-सतीश कुमार**, जिला पंचायत राज अधिकारी

### तालाब में गोवंश का अवशेष मिलने से हड़कंप

**पूरनपुर : अमृत विचार** : तालाब में गोवंशीय पशु का अवशेष मिलने से हड़कंप मच गया। इसकी सूचना पर कोतवाली पुलिस ने मौका मुआयना किया। मामले की जांच शुरू कर दी गई है। पूरनपुर माधोटांडा मार्ग पर लोधीपुर मोड़ के पास शनिवार को एक तालाब में गोवंश का अवशेष मिला। जानकारी लगते ही विभिन्न संगठनों के कार्यकर्ता व ग्रामीण जमा हो गए। सूचना मिलनेपर कोतवाली पुलिस पहुंची। तालाब से अवशेष निकलवाकर दफन करा दिए गए। इससे पहले उसकी पशु चिकित्सक को बुलाकर जांच कराई गई। मामले को गोकशी से जोड़कर देखा जा रहा है। कोतवाल राजीव कुमार शर्मा ने बताया कि तालाब में मिला अवशेष पुराना है। बाढ़ के पानी में बहकर उसके तालाब में पहुंचने की संभावना जताई जा रही है।

### विवाहिता के साथ की मारपीट

**पूरनपुर।** नगर के मोहल्ला साहूकारा की प्रियंका देवी ने बताया कि आठ माह पहले उसकी शादी रवि वर्मा से हुई थी। आरोप है दहेज के लिए ससुराल वाले मारपीट करते हैं। बीते गुरुवार को पति ने दहेज के लिए पिटाई की। पुलिस जांच कर रही है।

### रंजिश में युवक को पीटा

**बीसलपुर।** पुरानी रंजिश में एक युवक की पिटाई कर दी गई। मोहल्ला दुर्गाप्रसाद के रहने वाले अक्षय कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि शुक्रवार शाम को वह काम निपटाकर घर जा रहे थे। रास्ते में मोहल्ले के विजय गोस्वामी ,अरुण गोस्वामी, अर्जुन गोस्वामी मिले और गाली गलौज की। विरोध करने पर हमला कर पिटाई कर दी। आसपास के लोगों के जमा होने पर धमकी देकर भाग गए। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।

अम्बा हैल्थ क्लीनिक




डॉ.आर.एस. सिंह
B.A.M.S.(आयुर्वेदाचार्य)
स्त्री-पुरुष रोग विशेषज्ञ
25 वर्षों से चिकित्सा का अनुभव प्राप्त
ISO.9001:2015 Certify Treadmark Clinic
पतले-दुबले, गाल पिचके व कमजोर स्त्री-पुरुष मोटापा व वजन बढ़ाने के लिए परामर्श लें।
चिकित्सा जानकारी
● भूख न लगना ● अपच ● कब्ज ● गैस बनना ● खाने के बाद शौचालय जाना ● बच्चों का शारीरिक विकास न होना ● पुलिस व फोर्स आदि नौकरी में नाप तौल में कमी होना ● बच्चों का बिस्तर गीला करना ● मोटे पेट व थुल-थुले व्यक्ति का वजन कम करना ● कील- मुंहासे ● झाइयां ● सफेद दागो व सावलापन हटाना ● सुन्दर दिखाना ● बालों का समय से पहले झड़ना ● टूटना ● सफेद होना एवं गंजापन होना ● खूनी व वादी बवासीर आदि सभी बिमारियों का परामर्श लें।
किसी भी प्रकार का नशा जैसे
शराब, अफीम, गुटखा, सुल्फा, गांजा, बीड़ी सिगरेट आदि नसा छुड़ाने की रोगी को बिना लाये बिना बताये जानकारी प्राप्त करें।
स्त्री-पुरुष गुप्त समस्याएं
● स्वपन दोष, शीघ्रपतन, मदीना-कमजोरी होना
● हस्तमैथुन, धात जाने से कमी होना
● इन्द्री का ढीलापन-छोटापन व पतलापन होना
● वीर्य में शुक्राणु का कम होना
● ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसोली होना
● यौन अंगो का ढीलापन या इच्छा कम होना
● मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र से पहले बन्द होना।
नारी तत्व को सुडौल व आकर्षक बनानें एवं वैवाहिक जीवन को सफल बनाने हेतु जानकारी प्राप्त करें
Sexually Transmitted Bacterial Disease
सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें
गलत फिल्में दखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें।
डॉ. साहब आपके विश्वास पर सभी बिमारियों को ठीक करने की कोशिश कर सकते हैं दावा या गारन्टी नहीं दे सकते।
मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक
दिनांक:- 21 जुलाई 2024, रविवार
04 अगस्त 2024, रविवार
निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल काली बाड़ी चौराहा, बरेली
9837069463
7599211076

ROHILKHAND AYURVEDIC MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL BAREILLY Excellence towards profession
रोहिलखण्ड आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी
(उ.प्र. सरकार, आयुष मंत्रालय भारत सरकार एवं एन.सी.आई.एस.एम., नई दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त)
सेक्टर-7, रामगंगा नगर योजना, डोहरा रोड, बरेली




बच्चों के रोग प्रतिकार बढ़ाने की आयुर्वेदिक क्रिया
सुवर्ण प्राशन संस्कार
आयुर्वेद विधि में तैयार स्वर्ण प्राशन ड्रॉप बच्चों की विकृति दूर कर बढ़ाए रोग प्रतिरोधक क्षमता


रोहिलखण्ड आयुर्वेदिक कॉलेज एण्ड हॉस्पीटल, बरेली द्वारा प्रत्येक माह के पुष्य नक्षत्र पर नि:शुल्क सुवर्णप्राशन कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें जन्म से 12 वर्ष तक के बच्चों को नि:शुल्क स्वर्णप्राशन इम्युनिटी ड्रॉप पिलाई जाएगी। जिससे बच्चों की मौसमी बीमारियों जैसे खांसी, जुकाम, बुखार से बचाव एवं पाचन शक्ति में वृद्धि, बौद्धिक विकास, एलर्जी जैसे कई रोगों के प्रति रोग प्रतिरोधक क्षमता का विकास होता है। अत: अधिक से अधिक संख्या में पहुँचकर नि:शुल्क स्वर्णप्राशन कैम्प का लाभ उठाएँ।

● सुवर्णप्राशन संस्कार में आयुर्वेदिक औषधियों के साथ सिद्ध किया हुआ गाय का घी, शहद और सुवर्ण होता है, जो अवलेह/ड्राप के स्वरूप में दिया जाता है।
सुवर्णप्राशन :-
● सुवर्णप्राशन संस्कार से भूख बढ़ती है, पाचन ठीक से होता है और बालक स्वस्थ रहता है।
● सुवर्णप्राशन संस्कार से स्मृति बढ़ती है, बुद्धी कुशाग्र होती है और बालक दीर्घ आयु बनता है।
● शिशु को विविध प्रकार के बैक्टीरिया, वायरस के इन्फेक्शन से बचाता है।
● सुवर्णप्राशन संस्कार यह एक शास्त्रीय आयुर्वेदिक टीकाकरण पद्धति है।
● भारत को हजारों साल पहले ही रोगप्रतिकारक्षमता और रोगप्रतिकार प्रक्रिया के बारे में ज्ञान था।
● सुवर्णप्राशन संस्कार से शिशु के शरीर में सर्वांगीण रोगप्रतिकारक क्षमता बढ़ती है जो सभी प्रकार के रोगों से बचाने की क्षमता रखती है।
● सुवर्णप्राशन संस्कार न सिर्फ रोगों से बचाने के लिए है लेकिन आयुर्वेद के शास्त्रों के अनुसार यह बल, बृद्धि और आयुष्य को भी बढ़ाता है।

पुष्य नक्षत्र में सुवर्णप्राशन
नि:शुल्क कैम्प
सुवर्ण प्राशन-वर्ष 2024
पुष्य नक्षत्र की तिथियाँ

| खुराक | पुष्य नक्षत्र तिथि | दिन |
|---|---|---|
| प्रथम | 3 अगस्त | शनिवार |
| द्वितीय | 31 अगस्त | शनिवार |
| तृतीय | 27 सितम्बर | शुक्रवार |
| चतुर्थ | 24 अक्टूबर | गुरुवार |
| पंचम | 21 नवंबर | गुरुवार |
| षष्ठ | 18 दिसम्बर | बुधवार |

बच्चों के Autism (ऑटिज्म) की विशेष चिकित्सा सुविधा यहाँ उपलब्ध है।
यदि आपका बच्चा निम्न बीमारियों से पीड़ित है तो एक बार रोहिलखण्ड आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पीटल में कमरा नं0 9 में सम्पर्क करें।
● Cerebral Palsy (मानसिक एवं शारीरिक पक्षाघात)
● DMD (वंशानुगत मांसपेशी विकार)
● Autism (ऑटिज्म)
● ADHD (अतिसक्रियता विकार)



जन्म से 18 वर्ष तक के बच्चों को यदि उपरोक्त लक्षण दिखाई दें तो तुरन्त संपर्क करें जैसे बच्चे को दौरे पड़ना, शारीरिक एवं बौद्धिक विकलांगता, ध्यान की कमी, आंख न मिलाना एवं अकेले रहना, हाव-भाव की कमी, अतिसक्रिय होना, एकाग्रता की कमी आदि।
स्वर्णप्राशन की 2 बूंद पिलायें, अपने बच्चों को स्वस्थ सुखी समृद्ध बनायें
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें : 8077808309, 9520876144

अमृत विचार
क्लासीफाइड

आवश्यकता है
Accountant की (M/F)
Tally या Busy
अनिवार्य है।
Sahib Traders
100 Futa Road, Delapeer, Bareilly
9897893460, 8533998122

आवश्यकता है
सी.बी. गंज बरेली में
वैल्डिंग कार्य हेतु लड़कों की, एक कार ड्राइवर की एवम् एक मेल/फीमेल सुपरवाइजर की जो वर्कशाप की उचित देखरेख कर सके।
सम्पर्क करें :
8273414444, 8923414444

आवश्यकता है
प्राचार्य (01) पद (अनुभव 15 वर्ष)
कम्प्यूटर आपरेटर (01) पद
लाइब्रेरियन (01) पद
प्रवक्ता सभी विषयों हेतु
(योग्यता-यूजीसी के मानकानुसार)
इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन पत्र समस्त अंक पत्र सह प्रमाण पत्रों के साथ, दो प्रतियों में 15 दिन के अन्दर रजिस्टर्ड डाक द्वारा कॉलेज के निम्न पते पर भेजें।
माहिरा लॉ कॉलेज
बुद्ध बाजार रोड, इतवार नकाशा बिसौली (बदायूँ) पिन-243720
मो. 9412511333, 9412601810
E-mail : mahiralawcollege@gmail.com

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

# पीलीभीत के तन्मय का अंडर 16 की जोन टीम में हुआ चयन

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत


तन्मय प्रताप सिंह के साथ वेटरेंस क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव।

**अमृत विचारः** जनपद के युवा तन्मय प्रताप सिंह पुत्र संजीव प्रताप सिंह का चयन अंडर-16 जोन टीम के लिए किया गया है। उनके चयन पर बड़ी संख्या में लोगों ने घर पहुंचकर बधाई दी।

वेटरेंस क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव जगदीश सक्सेना ने बताया कि बीसीसीआई के चयन पद्धति के अनुसार अंडर 16 में जोन के लिए तन्मय प्रताप सिंह का चयन किया गया है। यह पीलीभीत के लिए हर्ष एवं गौरव का विषय है। तन्मय प्रताप सिंह ने मंडल की टीम के चयन के लिये शानदार 55 किये थे। अब तन्मय एक व दो अगस्त को जोन का ट्रायल देने बुलंदशहर जाएंगे। राजेश शुक्ला, जिला क्रीड़ा अधिकारी बिजनौर राजकुमार, जिला डिप्टी स्पोर्ट्स ऑफिसर जयवीर सिंह, शुगर फैक्ट्री के कोच मनोज कुमार, पीसीए के सह सचिव मोहित अग्रवाल, पूर्व कप्तान शुगर फैक्ट्री राजेश डाटा, पूर्व खिलाड़ी सैयद जाफर, विक्की सोनकर ने चयन को लेकर तन्मय को बधाई दी।

## बीते दिनों बारिश और बाढ़ ने जिले में जमकर मचाई थी तबाही, अब जल्द बर्बाद फसलों का किसानों को मिलेगा मुआवजा

# बाढ़ से उजड़े 1028 आशियाने, पीड़ितों को मिली 48.07 लाख की मदद

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत


बाढ़-बारिश के दौरान क्षतिग्रस्त हुआ मकान। (फाइल फोटो)

| क्षतिग्रस्त मकानों की संख्या | दी गई सहायता राशि |
|---|---|
| 02 पक्के मकान | 2,40,000 रुपये |
| 11 आंशिक क्षतिग्रस्त पक्के मकान | 71500 रुपये |
| 886 आंशिक क्षतिग्रस्त कच्चे मकान | 35,44,000 रुपये |
| 113 क्षतिग्रस्त झोपड़ी | 9,04,000 रुपये |
| 16 क्षतिग्रस्त पशुशाला | 48,000 रुपये |


बाढ़-बारिश के दौरान क्षतिग्रस्त हुए मकानों का राजस्व टीमों द्वारा सर्वे किया गया था। सर्वे रिपोर्ट के अनुसार 1028 कच्चे व मकान क्षतिग्रस्त हुए है। इन सभी प्रभावित परिवारों को मकान क्षति का भुगतान कर दिया गया है।
– **ऋतु पूनिया,** अपर जिलाधिकारी वित्त

**अमृत विचारः** करीब पखवाड़ा भर पूर्व बाढ़-बारिश के दौरान बाढ़ प्रभावित इलाकों में 1028 आशियाने तबाह हो गए। राजस्व टीमों की ओर से किए गए सर्वे के बाद इन बाढ़ पीड़ितों को 48.07 लाख रुपये की सहायता दी गई है। फिलहाल अभी बाढ़-बारिश से तबाह हुई कृषि फसलों का पीड़ित किसानों को मुआवजा मिलना शेष है। इन किसानों को भी जल्द ही मुआवजा दिया जाएगा।

जनपद में सात जुलाई को हुई भारी बारिश के बाद शारदा और देवहा नदी उफना गई है। शारदा नदी में जलस्तर में खासी बढ़ोतरी होने से कलीनगर और पूरनपुर तहसील में हालात बेकाबू हो गए थे। शारदा नदी किनारे बसे गांवों में बाढ़ का पानी घुस गया था। कई मकान, छप्परपोश घर धराशायी हो गए थे। एनडीआरएफ, एसएसबी, पीएसी एवं स्थानीय पुलिस के सहयोग से बाढ़ में फंसे लोगों को सुरक्षित स्थानों और बाढ़ शरणालय में पहुंचाया गया था। पूरनपुर तहसील में बाढ़ में फंसे सात लोगों को एयरलिफ्ट कर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया था। जिला प्रशासन द्वारा 75 हजार से अधिक बाढ़ पीड़ितों को चिन्हित कर उन्हें राहत किट समेत अन्य सामग्री का वितरण किया गया था। हालात सामान्य होने में तीन से चार दिन लग गए। बाढ़ प्रभावित इलाकों में पानी उतरने के बाद राजस्व विभाग की टीमों द्वारा क्षतिग्रस्त घरों और कृषि विभाग द्वारा बाढ़-बारिश से तबाह हुई कृषि फसलों का सर्वे शुरू किया गया, ताकि पीड़ितों को उनके नुकसान की भरपाई की जा सके।

इधर, बाढ़ और बारिश से कलीनगर तहसील क्षेत्र में सबसे अधिक नुकसान हुआ था। जिला प्रशासन की सर्वे रिपोर्ट के मुताबिक बाढ़-बारिश के दौरान जिले में कुल 1028 पक्के-कच्चे मकान और छप्परपोश घर आंशिक या फिर पूरी तरह से नष्ट हुए हैं। सर्वे के बाद इन सभी प्रभावित परिवारों को 48,07,500 रुपये मकान क्षति का भुगतान कर दिया गया है

# एसपी का पीआरओ बनकर डॉक्टर से दस लाख की ठगी करने वाला पकड़ा गया

## बीते दिनों पूरनपुर के एक निजी अस्पताल में मरीज की मौत के बाद डॉक्टरों से हुई थी ठगी

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



पुलिस गिरफ्त में आरोपी अभिषेक शुक्ला।

- लखीमपुर खीरी का रहने वाला निकला पकड़ा गया ठग अभिषेक
- साइबर सेल ने शनिवार सुबह आरोपी को किया गिरफ्तार

**अमृत विचारः** निजी अस्पताल में इलाज के दौरान मरीज की मौत के बाद परिजनों का हंगामा शांत हो गया। इसके बाद लखीमपुर खीरी के रहने वाले एक जालसाज ने डॉक्टर को एसपी पीलीभीत का पीआरओ बनकर धमकाया और ऑनलाइन दस हजार रुपये ठग लिए। शिकायत मिलने पर साइबर सेल ने एफआईआर दर्ज कर छानबीन की। एसपी पीआरओ बनकर ठगी करने वाले की गिरफ्तारी कर जेल भेज दिया है।

बता दें, पूरनपुर ब्लाक रोड के रहने वाले डॉ.यूसुफ जमाल ने बीते दिनों साइबर क्राइम से संबंधित एक शिकायत एसपी से की थी। जिसमें बताया था कि एसपी का पीआरओ बनकर किसी जालसाज ने उन्हें डराया धमकाया और फिर ऑनलाइन दस हजार रुपये ठग लिए थे। दस हजार रुपये आरोपी को ऑनलाइन दिए गए थे। तहरीर मिलने पर पुलिस ने धारा 318 (4) भारतीय न्याय संहिता और आईटी एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज की। जिसके बाद साइबर सेल के इंस्पेक्टर अजय कुमार यादव ने टीम के साथ मामले को गंभीरता से लेते हुए छानबीन शुरू कर दी। कुछ ही समय में टीम आरोपी तक पहुंच गई।

जांच में एसपी का पीआरओ बनकर ठगी करने वाला लखीमपुर खीरी जनपद के थाना गोला गोकर्णनाथ के मोहल्ला कुमाहरन टोला का रहने वालाअभिषेक शुक्ला पुत्र दयाशंकर निकला। शनिवार को साइबर सेल टीम ने आरोपी की गिरफ्तारी की। उसके कब्जे से घटना में इस्तेमाल मोबाइल भी बरामद कर लिया गया। पुलिस लाइन में एएसपी विक्रम दहिया ने प्रेसवार्ता कर घटनाक्रम का खुलासा किया। जिसके बाद आरोपी को चालान कर कोर्ट में पेश करके जेल भेज दिया है।

### एसपी को गिफ्ट देने की कही थी बात

पुलिस के अनुसार आरोपी ने बेहद शातिराना अंदाज में वारदात को अंजाम दिया। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि 15 जुलाई को उसे व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से पता चला कि पूरनपुर कस्बे में एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान बच्चे की मौत हो गई थी। जिसमें उस बच्चे के परिवार ने काफी हंगामा किया था। पुलिस द्वारा परिजनों को समझा-बुझाकर शांत करा दिया था। डॉक्टर पर कोई एफआईआर नहीं हुई थी। इसके बाद उसने डॉक्टर का नंबर जुटाकर कॉल की। जिसमें एसपी का पीआरओ बताकर पहले घटना को लेकर बता की। फिर डॉक्टर से पार्टी करने और एसपी को गिफ्ट देने की बात कहकर रुपये की मांग की। इस पर डॉक्टर ने गूगल पे खाते में दस हजार रुपये डाल दिए थे।

### आरोपी पर सामूहिक दुष्कर्म समेत कई मुकदमें

पकड़े गए आरोपी का आपराधिक इतिहास भी पुलिस ने जुटा है। उस पर लखीमपुर खीरी के गोला व सदर कोतवाली में सामूहिक दुष्कर्म, मारपीट, धमकाने, एससीएसटी एक्ट, गाली गलौज और धमकाने के करीब पांच मुकदमे भी दर्ज ह। इसके अलावा अन्य अपराधों को लेकर भी पुलिस छानबीन कर रही है।

एसपी का पीआरओ बनकर लखीमपुर के एक ठग ने पूरनपुर के डॉक्टर से ऑनलाइन ठगी की थी। साइबर सेल थाने में मामले की शिकायत मिलने पर एफआईआर दर्ज की गई। आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की जा रही है। घटना में इस्तेमाल मोबाइल भी बरामद किया गया है।
– विक्रम दहिया, एसपी पीलीभीत

# मुआवजा और राहत किट नहीं मिलने पर ग्रामीणों का प्रदर्शन


ज्ञापन देने तहसील पहुंचे ग्रामीण। ● अमृत विचार

संवाददाता, पूरनपुर

- एसडीएम को संबोधित पत्र तहसीलदार को सौंपा

**अमृत विचारः** शारदा पार के ग्रामीणों ने राहत किट और बाढ़ से हुए नुकसान का मुआवजा न मिलने पर नारेबाजी करते हुए तहसील में प्रदर्शन किया। एसडीएम को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा।

ट्रांस शारदा क्षेत्र के बैल्हा गांव में लगभग 750 से अधिक परिवार रहते हैं। गत दिनों पहले आई बाढ़ के बाद सैकड़ो ग्रामीणों के मकान क्षतिग्रस्त हो गए। इससे ग्रामीणों के सामने रहने और खाने पीने का संकट खड़ा हो गया। झोपड़ी बाढ़ में बह गई। इसके अलावा धान और गन्ने की फसल भी पूरी तरह से बाढ़ के पानी में चौपट हो गई। शासन की ओर से बढ़ते हुए नुकसान का लगभग 180 लोगों को मुआवजा दिया जा चुका है। सैकड़ों ग्रामीणों को अभी तक मकान और फसलों का मुआवजा नहीं दिया गया। इसके अलावा सभी ग्रामीणों को राहत सामग्री किट भी नहीं मिल सकी। मुआवजा और राहत सामग्री वितरण में हीलाहवाली किए जाने पर नाराज बैल्हा गांव के सैकड़ो ग्रामीण शनिवार को पूरनपुर तहसील पहुंचे।

उन्होंने एसडीएम को संबोधित ज्ञापन वीरेंद्र कुमार से क्षतिग्रस्त हुए मकान और फसलों का सर्वे करा कर ग्रामीणों को मुआवजा दिलाया जाए। इसके साथ ही शेष बचे ग्रामीणों को राहत सामग्री किट भी दिलाने की मांग की गई। ग्रामीणों ने नाराजगी व्यक्त करते हुए विरोध प्रदर्शन भी किया। इस दौरान गुरमीत सिंह, जसवंत सिंह, सतनाम सिंह, रेशम सिंह, अमर सिंह, नरेंद्र सिंह, सोनू सिंह, रघुवीर सिंह और रतन सिंह सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### राकेश अध्यक्ष, लालता प्रसाद बने सचिव



**पीलीभीत :** सदर तहसील परिसर में शनिवार को दस्तावेज लेखकों की बैठक हुई। जिसमें कार्यकारिणी की घोषणा की गई। संरक्षक पद पर मकसूद अहमद कातिब, मोहम्मद आफाक को मनोनीत किया गया। राकेश कुमार जौहरी अध्यक्ष, लालता प्रसाद सचिव बना एगए। नासिर कमाल, मोहम्मद नईम अंसारी उपाध्यक्ष, रविंद्र जौहरी, प्रमोद कुमार महामंत्री, अनिल कुमार सक्सेना को कोषाध्यक्ष, राजीव कुमार पांडेय को प्रचार मंत्री बनाया गया। इसके अलावा कई सदस्य बनाए गए।

### पौधारोपण कर छात्रों को किया जागरूक



**बीसलपुर :** कैम स्कॉलर्स स्कूल में हुए जागरूकता कार्यक्रम में एसडीएम महिपाल सिंह, डायरेक्टर राजेश अग्रवाल ने विद्यालय परिसर में पौधे रोपे। प्रबंधक मनीष अग्रवाल, सुनीता मित्तल, प्रधानाचार्य अर्पित अग्रवाल ने छात्र-छात्राओं व शिक्षकों के साथ विद्यालय परिसर में पौधरोपण किया। छात्र-छात्राओं ने पर्यावरण से संबंधित सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। संचालन प्रधानाचार्य अर्पित अग्रवाल ने किया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला प्रचारक गोविंद बिहारी, एकाक चंद्रा, तहसील बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह चौहान, मोहित मित्तल, उप प्रधानाचार्य पवन कुमार शुक्ला आदि मौजूद रहे।

### पुलकित हेड बॉय, जीनत बनीं हेड गर्ल




**पीलीभीत।** बल्लभनगर कॉलोनी स्थित स्प्रिंगडेल पब्लिक स्कूल में छात्र परिषद का चुनाव कराया गया। सर्वप्रथम निदेशिका चारू धवन ने दीप प्रज्वलित कर शुरुआत की। छात्र परिषद के चुनाव का मुख्य उद्देश्य सभी छात्र/छात्राओं को राजनीतिक ज्ञान व चयनित पद के अनुसार कार्यों को जनता के बीच करना व पदों के बारे में जागरूक करना रहा। हेड बॉय के पद पर पुलकित गंगवार, हेड गर्ल जीनत निगार, डिसिप्लिन इंचार्ज चित्रेश धवन, स्पोर्ट्स कैप्टन मनीष पाण्डेय, स्पोर्ट्स वॉयस कैप्टन नैन्सी गंगवार, रेड हाउस कैप्टन फैजदीप, ग्रीन हाउस कैप्टन दक्ष सिंह, ऑरेंज हाउस कैप्टन रवि गंगवार, यलो हाउस कैप्टन प्रदीप वर्मा को चुना गया।

### ब्लॉक परिसर में खोली गई प्रेरणा कैंटीन




**अमरिया।** ब्लॉक परिसर में शनिवार को राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत प्रेरणा कैंटीन की शुरुआत की गई। मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख निशान सिंह, एसडीएम अजीत प्रताप सिंह, खंड विकास अधिकारी संजय कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काटकर शुरुआत कराई। संचालिका भारती मौर्य ने अतिथियों का स्वागत किया। इस मौके पर ब्लॉक मिशन प्रबंधक कुशाग्र अग्निहोत्री, रमनजीत, जागेश कुमार, मंजू, सरोज आदि मौजूद रहे।

# महिला के आरोपों को पुलिस ने नकारा

**घुंघचिहाई, अमृत विचारः** घर में घुसकर महिला से छेड़छाड़ की शिकायत पर पुलिस ने जांच की। इसके बाद पुलिस ने छेड़छाड़ के आरोपों को गलत बताया। मारपीट का मामला होने पर दोनों पक्षों का चालान किया है।

क्षेत्र की एक महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 25 जुलाई को वह घर पर अकेली थी। गांव का धर्मेंद्र कुमार तमंचा लेकर घर में घुस आया और मारपीट करने लगा। विरोध करने पर पकड़ा और छेड़छाड़ की। कपड़े भी फाड़ दिए। शोर पर आसपास के लोग जमा हुए तो आरोपी धमकी देकर भाग गया। एसओ विशेष कुमार ने बताया कि मामला छेड़छाड़ का नहीं है। महिला के पति ने पहले युवक से गाली गलौज की थी। इसी बात पर दोनों में झगड़ा हुआ। महिला सिपाही ने शिकायत करने वाली महिला का बयान भी दर्ज किया है।

# गोशाला और स्कूल में गंदगी मिलने पर डीएम नाराज

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत


कंपोजिट विद्यालय में अभिलेखों की जांच करते डीएम संजय कुमार सिंह।


खजुरिया पचपेड़ा गोशाला में अभिलेख देखते डीएम संजय कुमार सिंह।

- बीसलपुर के कंपोजिट स्कूल में शिक्षा गुणवत्ता को परखी हकीकत
- मिड डे मील के संबंध में बच्चों से वार्ता कर जुटाई जानकारी

**अमृत विचारः** डीएम संजय कुमार सिंह ने शनिवार को बीसलपुर में कंपोजिट विद्यालय और बरखेड़ा ब्लाक में खजुरिया पचपेड़ा गोशाला का निरीक्षण किया। दोनों ही जगहों पर गंदगी मिलने से खफा हुए डीएम ने साफ सफाई व्यवस्था को दुरुस्त रखने के निर्देश दिए।

बरखेड़ा ब्लाक क्षेत्र में खजुरिया पचपेड़ा गोशाला का निरीक्षण करने के दौरान डीएम ने निराश्रित गोवंशों के लिए भूसा, पीने योग्य पानी, हरा चारा समेत कई अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। गोशाला में वर्तमान में 106 निराश्रित मिलने पर पशु चिकित्सक को नियमित गोवंशों की देखरेख के निर्देश दिए। साथ ही गोवंशों के ईयर टैगिंग और भूसे-चारे की उपलब्धता आदि की जानकारी ली। गंदगी मिलने पर नाराज डीएम ने कर्मचारियों की फटकार लगाई और साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान खंड विकास अधिकारी मृदुला, पशु चिकित्सक समेत अन्य स्टाफ मौजूद रहा।

इधर, बीसलपुर नगर क्षेत्र के कंपोजिट विद्यालय का भी डीएम ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित मिले। डीएम को बताया गया कि विद्यालय में 261 बच्चे पंजीकृत हैं। उपस्थिति रजिस्टर, बच्चों का हाजिरी रजिस्टर, मिड डे मिल रजिस्टर समेत अन्य अभिलेखों की गहनता से पड़ताल की। बच्चों से हिंदी की किताब पढ़वाकर शिक्षा की गुणवत्ता परखी। मिड डे मील के संबंध में बच्चों से जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने प्रधानाध्यापक को विद्यालय में बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने एवं शिक्षा में और सुधार लाने के निर्देश दिए। विद्यालय परिसर की साफ सफाई को लेकर निर्देश दिए।

### सीडीओ और बीएसए ने किया स्कूलों का निरीक्षण

पीलीभीत : सीडीओ कुमुदेंद्र कलाकर सिंह और बीएसए अमित कुमार सिंह ने मरौरी ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय दियूनी केसरपुर का निरीक्षण किया। इस दौरान स्कूल परिसर, अभिलेख और उपस्थिति पंजिका आदि को चेक किया। इसके बाद कक्षा तीन के छात्रों से हिंदी की किताब पढ़वाई। जिसमें छात्रों की शिक्षा गुणवत्ता सामान्य स्तर की पाई गई। इस पर सीडीओ ने प्रधानाध्यापक और शिक्षामित्र को छात्रों की शिक्षा गुणवत्ता सुधार करने के निर्देश दिए। इसके बाद प्राथमिक विद्यालय सैदपुर पहुंचे। जहां छात्र-छात्राओं से सवाल जवाब किए। सीडीओ ने ऑनलाइन उपस्थिति को लेकर आ रहीं परेशानियों के बारे में पूछा।

# ट्रांसफार्मर फुंकने से रातभर अंधकार में डूबा बिलसंडा

संवाददाता, बिलसंडा

- समस्या का हल न होने पर व्यापारियों ने दी आंदोलन की चेतावनी

**अमृत विचारः** भीषण गर्मी के बीच बिजली की अघोषित कटौती मुसीबत बनी है। शुक्रवार को ट्रांसफार्मर में खराबी के बाद पूरा कस्बा अंधकार में डूब गया। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने शनिवार को एक्सईएन से मुलाकात कर सुधार नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

नगर में बिजली की अघोषित कटौती से हाहाकार मचा हुआ है। भीषण गर्मी में जीना मुहाल हो गया है। शुक्रवार को अचानक फाल्ट के बाद बंडा रोड पर लगा ट्रांसफार्मर जैसे तैसे ठीक कराकर बिजली सुचारू की गई थी लेकिन रात दस बजे तेज धमाके के साथ ट्रांसफार्मर दुबारा फुंक गया। जिसके चलते नगर की बत्ती गुल हो गई। नगरवासियों को उमस भरी गर्मी में पूरी रात परेशान होना पड़ा। कुछ देर चलने के बाद इनवर्टर भी दगा दे गए। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के अध्यक्ष अवनीश जायसवाल, महामंत्री मोहम्मद रेहान, युवा अध्यक्ष देवदत्त सक्सेना, बन्टू जायसवाल, राजीव गुप्ता, अंकित जायसवाल, शक्ति जायसवाल ने शनिवार को एक्सईएन से मुलाकात कर चेतावनी दी कि अगर जल्द ही समस्या का समाधान न हुआ तो आंदोलन किया जाएगा।

**समस्या** निर्धारित से अधिक शुल्क वसूलने वालों पर कार्रवाई की मांग को लेकर सछास ने तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा

# आधार कार्ड बनवाने व संसोधन के नाम पर अवैध वसूली

संवाददाता, पूरनपुर


तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** समाजवादी छात्र सभा ने आधार कार्ड संशोधन के नाम पर अवैध उगाही करने का आरोप लगाते हुए तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। आधार कार्ड कार्य का समय निर्धारित कराने और अधिक शुल्क वसूलने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई।

पहले जनसेवा केंद्रों पर आधार कार्ड बनाने और संशोधन कराने की छूट थी। लगभग दो साल पहले शासन ने जनसेवा केंद्रों से यह अधिकार छीन लिया। इससे गड़बड़ी पर तो रोक लग गई लेकिन लोगों के सामने कई दुश्वारियां खड़ी हो गईं। अब कुछ बैंक और डाकघर आदि में ही आधार संशोधित कराने का काम किया जा रहा है।

कस्बे में गिने चुने स्थानों पर आधार कार्ड का काम होने से भारी भीड़ उमड़ रही है। लोग सुबह से ही बैंक और डाकघरों के सामने लाइन लगाकर खड़े हो जाते है। घंटो लाइन में इंतजार करने के बाद भी उनका नंबर नहीं आ पाता। बच्चों के स्कूलों में प्रवेश दिलाने और राशन कार्ड में केवाईसी कराने के लिए आधार का नवीनीकरण जरूरी है। ऐसे में सैकड़ों अभिभावक रोजाना बच्चों को साथ लेकर आधार कार्ड बनवाने और उनका संशोधन कराने के लिए चक्कर लगा रहे हैं। शिकायत के बाद भी इस समस्या का निराकरण नहीं किया जा रहा है। इसे लोग परेशान हैं।

शनिवार को समाजवादी छात्र सभा के जिला महासचिव नाबिर अली मंसूरी कई कार्यकर्ताओं के साथ तहसील पहुंचे। उन्होंने आधार कार्ड से जुड़ी जनता की समस्या को लेकर एसडीएम को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार वीरेंद्र कुमार को सौंपा। आरोप लगाया कि आधार कर संशोधन के नाम पर लोगों का शोषण किया जा रहा है। सुबह लाइन में खड़े रहने के बावजूद कर्मचारी 10 बजे काम निपटाकर निकल जाते हैं। लोग घंटों धूप में खड़े रहते हैं।

आरोप है कि उनसे निर्धारित शुल्क से अधिक 100- 500 रुपए वसूले जाते हैं। कार्यकर्ताओं ने केंद्रों पर आधार कार्ड से संबंधित कार्य सुबह से शाम चार बजे तक कराने और उगाही करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन देने वालों में नाबिर अली, उदित कुमार, बंटू खां, आरिश खां, मो. फुरकान, इमरान, यूनुस गाजी आदि मौजूद रहे।

### भाकियू ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

**पूरनपुर।** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के कार्यकर्ता शनिवार को तहसील पहुंचे। उन्होंने जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार वीरेंद्र कुमार को सौंपा। जिसमें कहा गया कि ग्राम पंचायत प्रसादपुर में सांसद निधि से आरसीसी रोड का निर्माण कराया गया था। इस सास में कई गड्ढे हो गए हैं जिससे राहगीरों को आवागमन में परेशानी हो रही है। इस संबंध में जब कार्यकर्ताओं ने सड़क निर्माण कराने वाले ठेकेदार से बात की तो वह टाल मटोल करने लगा और सही जानकारी उपलब्ध नहीं कराई। सड़क काफी जर्जर हो गई है। इसके अलावा पूरनपुर और कलीनगर तहसील में मनरेगा कार्यो में घोटाला करने का आरोप कार्यकर्ताओं ने लगाया। मनरेगा की जांच कर कार्रवाई की मांग की। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष राम कृपाल और ब्लॉक अध्यक्ष पवन कुमार आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### स्कूल में निकला सांप, हड़कंप

**पूरनपुर।** प्राथमिक विद्यालय खाता में शनिवार को शिक्षण कार्य चल रहा था। खेतों से निकलकर एक सांप स्कूल के कमरे में पहुंच गया। जानकारी लगते ही बच्चे भयभीत हो गए। दहशत का माहौल बन गया। शिक्षकों ने ग्रामीणों के सहयोग से बमुश्किल सांप को कमरे से बाहर निकलवाकर दूर खेतों में छुड़वा दिया। तब जाकर छात्रों ने राहत की सांस ली।

### बच्चों के विवाद में दिव्यांग को पीटा

**पूरनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के गांव गुलड़िया खास के रहने वाले इंद्रपाल की पांच वर्षीय बेटी नैंसी शनिवार को स्कूल में पढ़ने गई थी। इस दौरान पड़ोस के रहने वाले प्रेम शंकर के बेटे से किसी बच्चे का विवाद हो गया। बच्चे ने अपने पिता से शिकायत की। आरोप है प्रेम शंकर ने नैंसी के घर पहुंच कर उसकी दिव्यांग मां राजेश्वरी देवी की पिटाई कर दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### मेडिकल कॉलेज में एक टेक्नीशियन का इंतजाम नहीं होने से ढाई साल भी शुरू नहीं हो पाई ब्लड कंपोनेंट यूनिट

# ... क्योंकि मशीनें चलें न चलें, खरीदने में तो पूरा लुत्फ है ही

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** सरकारी अस्पतालों के लिए नई-नई मशीनें खरीदने का नीचे से ऊपर तक के अफसरों को जितना शौक है, उतना उन्हें चलाकर मरीजों को सुविधाएं देने में नहीं। यही हाल पीलीभीत के मेडिकल कॉलेज का भी है जहां ढाई साल पहले लाखों रुपये खर्च करके तमाम महंगी मशीनें खरीदकर स्थापित तो कर दी गई लेकिन ब्लड कंपोनेंट सेपरेशन यूनिट एक टेक्नीशियन न होने की वजह से अब तक शुरू नहीं हो सकी है। यही कारण है कि एनएमसी ने भी पिछले दिनों इसे मान्यता देने से इन्कार कर दिया था।



मेडिकल कॉलेज का भवन।

- लैब टैक्नीशियन समेत अन्य स्टाफ पूरा नहीं करने से लाइसेंस देने से संस्था ने किया इंकार

दरअसल, अस्पताल के ब्लड बैंक में अब तक एक यूनिट ब्लड का लाभ एक ही मरीज को मिल पाता है। मगर ब्लड कंपोनेंट सेपरेटर की मदद से एक यूनिट ब्लड को चार पार्ट में अलग-अलग बनाया जा सकता है और एक यूनिट ब्लड का लाभ चार जरूरतमंदों को दिया जा सकेगा। यानी जिस जरूरतमंद को ब्लड के चार में से जिस तत्व की जरूरत होगी उसे वही तत्व देने की सुविधा है। बताया जाता है कि शासन ने दिसंबर 2021 में ब्लड सेपरेशन यूनिट की मंजूरी देने के साथ भवन निर्माण को करीब 17.61 लाख रुपये का बजट आवंटित किया था। जिसके बाद मेडिकल कॉलेज में ब्लड बैंक के बराबर में खाली पड़ी जगह पर निर्माण शुरू कराया दिया।

लेकिन, काम पूरा होने के बाद से आज तक स्टाफ की कमी कालेज प्रशासन दूर नहीं कर सका। चिकित्सकों की मानें तो ब्लड कंपोनेंट सेपरेटर यूनिट में ब्लड से चार अलग-अलग तत्व निकालने के लिए तकनीशियन ही नहीं है। जिसके कारण मरीजों को इस यूनिट का फायदा नहीं मिल रहा है।

अगर यह यूनिट चालू हो जाती है तो एक यूनिट ब्लड से चार मरीजों को लाभ दिया जा सकता है। इसके बाद जरूरतमंदों को रक्त के जरूरी तत्व मिल जाएंगे। लेकिन मेडिकल कॉलेज प्रशासन की अंदेखी के कारण ब्लड कंपोनेंट सेपरेटर यूनिट होने के बाद भी पूर्व की भांति अभी भी मरीज को पूरी यूनिट चढ़ानी पड़ रही है।

#### ड्रग इंस्पेक्टर की रिपोर्ट में कम मिले मानक

ब्लड कंपोनेट यूनिट चलाने के लिए सेंट्रल ड्रग्स स्टैंडर्ड कंट्रोल ऑर्गनाइजेशन दिल्ली में आवेदन करना पड़ता है। जिसके लिए ड्रग इंस्पेक्टर की रिपोर्ट के आधार पर केंद्र सरकार लाइसेंस जारी करती है। बताया जाता है कि किसी तरह आवेदन वहां तक पहुंचा तो संस्था ने जांच के दौरान मानक और लैब टेक्नीशियन की कमी मिलने पर लाइसेंस देने से मना कर दिया। जिस कारण कंपोनेट यूनिट की मशीनें ताला में कैद हैं। इधर, शैक्षिक सत्र की मान्यता और अब लाइसेंस अधर में लटकने के बाद मेडिकल कॉलेज का प्रशासन भर्ती प्रक्रिया सुचारु करने में जुट गया है। भर्ती आउटसोर्सिंग पर होनी है। इसलिए टेंडर प्रक्रिया चल रही है।

#### क्या है कंपोनेंट सेपरेशन यूनिट

रक्त में चार कंपोनेंट पाए जाते हैं, जिनमें रेड ब्लड सेल (आरबीसी), प्लाज्मा, प्लेटलेट्स और क्रायोप्रेसीपिटेट शामिल हैं। कंपोनेंट सेपरेशन यूनिट में रक्त की परत को अलग-अलग किया जाता है। सेपरेशन यूनिट में रक्त की एक यूनिट को चार अलग-अलग भागों में बांटा जाता है। इसके बाद जरूरतमंद मरीजों को सिर्फ वही तत्व चढ़ाया जाता है जिसकी रक्त में कमी हो। इस प्रक्रिया से अस्पताल में रक्त की कमी भी नहीं आती। मरीजों के तीमारदारों को रक्त के लिए भटकना भी नहीं पड़ता है।

> ब्लड कंपोनेट यूनिट को चालू करने के लिए तैयारियां पूरी कर ली गई है। स्टाफ को भी भर्ती करने की प्रक्रिया चल रही है। जल्द ही मेडिकल कॉलेज को नया स्टाफ मिल जाएगा। मान्यता को लेकर भी एनएमसी की टीम दोबारा निरीक्षण कर चुकी है। उम्मीद है जल्द ही मान्यता और लाइसेंस मिल जाएगा।
> **- डॉ. संगीता अनेजा,** प्राचार्य मेडिकल कॉलेज

## बैठक में 80 करोड़ से अधिक आय का अनुमानित बजट पास

**पीलीभीत, अमृत विचार :** बोर्ड बैठक न होने को लेकर नगर पालिका के कुछ सभासदों की ओर से बीते दिनों प्रशासनिक अधिकारियों को ज्ञापन दिए गए थे। जिसके बाद अब शनिवार को नगरपालिका परिषद में बोर्ड बैठक बुलाई गई। जिसकी अध्यक्षता चेयरमैन डॉ. आस्था अग्रवाल ने की।

पुरानी सहमति पर चर्चा की गई। इसके बाद वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट को लेकर चर्चा की गई। बोर्ड बैठक में वित्तीय वर्ष 2024-25 में नगरपालिका ने अपनी अनुमानित आय 80 करोड़ 80 लाख 90 हजार रुपये बताई है। जबकि नगरपालिका को व्यय करने वाली धनराशि 71 करोड़ 79 लाख सात हजार रुपये आकलन की गई है। इस बजट में नगरपालिका ने नौ करोड़ एक लाख 83 हजार रुपये की बचत का आकलन किया है। जिस पर सभी ने अपनी सहमति जताई।

# ट्रायल के बाद पीलीभीत-मैलानी रेलवे ट्रैक बहाल, अब एक अगस्त से चलेंगी ट्रेन

### 19 दिन बाद चालू हो सका क्षतिग्रस्त रेल ट्रैक, बाढ़-बारिश के चलते बह गई थी पुलिया

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार।** बाढ़-बारिश के चलते क्षतिग्रस्त पीलीभीत-मैलानी रूट 19वें दिन बहाल हो गया। ट्रायल के बाद रिपोर्ट मंडलीय अधिकारियों को भेज दी गई है। रूट पर अभी माल गाड़ियों का संचालन शुरू किया गया। नियमित ट्रेनें एक अगस्त से चलने लगेंगी। जनपद में बीते आठ जुलाई को बाढ़-बारिश से हालात बेकाबू हो गए थे।

पीलीभीत-भोजीपुरा रुट पर जहानाबाद रेलवे क्रासिंग के समीप और पीलीभीत-मैलानी रूट पर शाहगढ़-संडई हॉल्ट के बीच रेलवे ट्रैक की पुलिया पानी के तेज बहाव में बह गई थी। दोनों ही स्थानों पर रेलवे ट्रैक हवा में झूल गए थे। इसके चलते दोनों रूटों पर ट्रेनों का संचालन करीब तीन सप्ताह से प्रभावित था। रेल अफसरों की देखरेख में बीती 22 जुलाई को जहानाबाद के समीप क्षतिग्रस्त रेल ट्रैक को दुरुस्त कर ट्रेनों का संचालन शुरू करने के बाद शाहगढ़-संडई के बीच तेजी से रेस्टोरेशन कार्य कराया गया। डीआरएम रेखा यादव ने भी यहां पहुंचकर कराए जा रहे कार्यों का जायजा लिया। एडीआरएम राजीव अग्रवाल उवं एईएन सुरेंद्र कुमार की देखरेख में दिन-रात काम कराया गया। शुक्रवार को कार्य पूरा होने के बाद विधिवत ट्रायल होने पर ट्रैक से पहले इंजन और उसके बाद मालगाड़ी गुजारी गई।


शाहगढ़-संडई के बीच ट्रायल के दौरान गुजरता डीजल इंजन। ● अमृत विचार

#### मैलानी रूट पर बढ़ेगी ट्रेनों की संख्या

इज्जतनगर रेल मंडल के सीनियर डीसीएम संजीव शर्मा ने बताया कि माला में ट्रायल के बाद यह ट्रैक चालू हो गया है। फिलहाल बरेली से भोजीपुरा होते हुए एक ट्रेन चलाई जा रही है। उन्होंने बताया कि जल्द ही इस रूट पर ट्रेनों की संख्या बढ़ाने की कवायद जारी है। पीलीभीत-मैलानी सेक्शन पर स्पेशल ट्रेनें चलाने का प्रस्ताव भेज भी दिया गया है।

> शाहगढ़-संडई हॉल्ट के बीच रेस्टोरेशन का कार्य पूरा कर लिया गया है। ट्रायल भी हो चुका है। अभी मालगाड़ियों का संचालन किया जा रहा है। नोटिफिकेशन जारी होने के बाद नियमित ट्रेनों का संचालन शुरू कराया जाएगा।
> **- राजेंद्र सिंह,** जनसंपर्क अधिकारी, इज्जतनगर मंडल

#### नियमित ट्रेन संचालन के लिए नोटिफिकेशन का इंतजार

पीलीभीत-मैलानी रूट पर शाहगढ़-पीलीभीत के बीच आमान परिवर्तन कार्य पूरा होने के बाद अभी तक मात्र मालगाड़ियों और कुछ समर स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जा रहा था। रेलवे बोर्ड ने चार जुलाई को पत्र जारी कर उक्त रूट पर तीन नई पैसेंजर ट्रेनों के साथ शाहगढ़ पैसेंजर ट्रेन का पीलीभीत तक विस्तार किए जाने की स्वीकृति दी थी, लेकिन शाहगढ़-संडई के बीच रेल ट्रैक क्षतिग्रस्त होने से नियमित ट्रेनों का संचालन नहीं हो सका है। इधर अब ट्रैक दुरुस्त हो चुका है। रेल अधिकारियों की मानें तो नोटिफिकेशन आने के बाद नियमित ट्रेनों का संचालन शुरू कर दिया जाएगा।

## अधिवक्ताओं की मांग का संज्ञान लेकर केंद्रीय मंत्री ने लिखा पत्र

**पीलीभीत, अमृत विचार:** बीते दिनों जनपद दौरे पर आए केंद्रीय राज्यमंत्री और पीलीभीत से भाजपा सांसद जितिन प्रसाद को जिला संयुक्त बार एसोसिएशन के अध्यक्ष धीरेंद्र मिश्र, महासचिव आनंद मिश्रा समेत कई अधिवक्ताओं ने ज्ञापन सौंपा था। अधिवक्ताओं की मांगों का संज्ञान लेते हुए अब केंद्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद ने राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार कानून एवं न्याय मंत्रालय अर्जुन राम मेघवाल को पत्र लिखकर मांगे पूरी करने का अनुरोध किया है।

लिखे गए पत्र में अधिवक्ताओं के ज्ञापन का हवाला देते हुए कहा गया है कि जनपद पीलीभीत के उच्च न्यायालय का क्षेत्राधिकार 600 किमी दूर प्रयागराज में है। जिससे पीलीभीत के लोगों को न्यायिक मामलों की सुनवाई के लिए प्रयागराज आने जाने के दौरान कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ता है। प्रयागराज के स्थान पर उच्च न्यायालय लखनऊ खंडपीठ में कराने का आग्रह किया गया है। ये भी कहा कि पीलीभीत से लखनऊ की दूरी करीब 300 किमी है।

# सात दिन में होगा टूटे हिस्से का मूल्यांकन

संवाददाता, बरखेड़ा

**अमृत विचार:** नाला खोदाई के दौरान मस्जिद की दीवार टूटने के बाद चल रहे विवाद का आखिरकार निपटारा हो ही गया। स्थानीय लोगों और कार्यदायी संस्था के अधिकारियों की बैठक हुई। जिसमें एक सप्ताह के भीतर क्षतिग्रस्त हिस्से का मूल्यांकन कराने की बात तय की गई। लिखित में समझौतानामा लिखा गया।

बता दें, पीलीभीत बीसलपुर मार्ग का चौड़ीकरण का कार्य चल रहा है। कस्बा बरखेड़ा में कुछ ही काम शेष है। नाली निर्माण को लेकर जेसीबी से कराई जा रही खोदाई के दौरान 25 जुलाई की दोपहर ब्लॉक तिराहे के पास कादरी मस्जिद की दीवार क्षतिग्रस्त हो गई थी। इसके बाद तमाम लोग जमा हुए और लापरवाही का आरोप लगाते हुए विरोध किया था। एसडीएम बीसलपुर महिपाल सिंह ने नेशनल हाईवे के अधिकारियों से संपर्क किया था। शनिवार को एनएच के अधिकारियों ने कार्यदायी संस्था के अधिकारियों के साथ क्षतिग्रस्त हुई मस्जिद का मौका मुआयना किया। इसके बाद नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष जमील अहमद के बेटे के प्रतिष्ठान पर बैठक हुई। जिसमें एनएच व कार्यदायी संस्था एटलस कंस्ट्रक्शन लिमिटेड के अधिकारी, मस्जिद कमेटी के सदस्यों व मुस्लिम समुदाय के लोग शामिल हुए।


बैठक करते कार्यदायी संस्था के अफसर व अन्य लोग। ● अमृत विचार

- नाला निर्माण को चल रही खोदाई के दौरान टूट गई थी मस्जिद की दीवार

नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष जमील अहमद ने कहा कि जेसीबी से नाला खुदाई के दौरान मस्जिद की दीवार ढहने के साथ ही उसका लिंटर भी लपक गया है। मस्जिद की दोनों मीनारो में दरार आ गई हैं। जिसके चलते उसका लिटर व दोनो मीनारे कभी भी धराशाई हो सकती हैं। नेशनल हाईवे के निर्माण के दौरान मस्जिद की जो भी जगह रोड में गई है उसका मुआवजा अभी तक नहीं मिला है उसे तत्काल दिलाए जाने की मांग की। काफी देर बैठक चली और फिर दोनों पक्षों में इस बात पर सहमति बनी कि मस्जिद का प्रभावित भाग से अतिरिक्त जो भी क्षतिग्रस्त हुआ है। उसका मोर्थ के द्वारा एक सप्ताह के अंदर मूल्यांकन करा लिया जाएगा। एटलस कंस्ट्रक्शन कंपनी मूल्यांकन कराने की पूरी जिम्मेदारी का निर्वहन पूर्ण गंभीरता से करेगी। बैठक में एनएचआई के पर्सनल असिस्टेंट बशीउल्ला, कंस्ट्रक्शन कंपनी के सीनियर प्रोजेक्ट मैनेजर राकेश शर्मा, जूनियर प्रोजेक्ट मैनेजर दीवान सिंह, कानूनगो मोहम्मद असलम खां, हल्का लेखपाल विकास वर्मा मौजूद रहे।

## युवती व किशोरी को बहला-फुसलाकर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज

**बीसलपुर, अमृत विचार:** युवती और किशोरी को बहला-फुसलाकर ले जाने के दो मामलों में पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। क्षेत्र के एक ग्रामीण ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी पुत्री उसके छोटे बेटे के साथ पड़ोस के गांव से अपनी दवा लेने गई थी। इस बीच जसकरनापुर गांव का रहने वाला तेजराम रास्ते में मिला। पहले तो वह बातें करता रहा और फिर बेटे को झांसा देकर बेटी को फुसलाकर साथ ले गया। इसके अलावा एक अन्य मामले में नगर के रहने वाले एक व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी नाबालिग पुत्री को 26 जुलाई को मोहल्ला दुबे का आकाश बहला फुसलाकर ले गया। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

## लालकुआं-हावड़ा समर स्पेशल ट्रेन एक से दोबारा चलेगी

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** यात्रियों की बढ़ती भीड़ के दृष्टिगत पूर्व में चलाई गई 05060/05059 लालकुंआ-हावड़ा समर स्पेशल ट्रेन अब पुनः एक अगस्त तक संचालित की जाएगी। यह समर स्पेशल ट्रेन 30 अगस्त तक सप्ताह में एक दिन चलाई जाएगी।

पीलीभीत-शाहगढ़ रेलखंड के बीच आमान परिवर्तन कार्य पूरा होने के बाद इस रूट से होकर तीन समर स्पेशल ट्रेनों का संचालन शुरू किया गया था। इसमें 25 अप्रैल से लालकुआं-हावड़ा-लालकुआं समर स्पेशल ट्रेन का भी संचालन किया जा रहा था। यह ट्रेन 29 जून तक चलाई गई थी। इधर अब रेल महकमे ने यात्रियों की बढ़ती भीड़ के चलते एक बार पुनः लालकुआं-हावड़ा समर स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। इज्जतनगर मंडल के जनसंपर्क अधिकारी राजेंद्र सिंह ने बताया कि

- यात्रियों की बढ़ती भीड़ के चलते 30 अगस्त तक होगा संचालन

लाल कुआं-हावड़ा समर स्पेशल ट्रेन एक अगस्त से 30 अगस्त तक चलाई जाएगी। यह ट्रेन लालकुआं से दोपहर 1.35 बजे रवाना होकर किच्छा, भोजीपुरा होते हुए पीलीभीत जंक्शन पहुंचेगी। यहां से शाम 4.00 बजे से रवाना होकर पूरनपुर, गोला, लखीमपुर, सीतापुर, गोंडा, गोरखपुर होते हुए अगले दिन रात्रि 9.30 बजे हावड़ा पहुंचेगी। वापसी में यही ट्रेन हावड़ा से रात्रि 11.30 बजे रवाना होकर इन्हीं रूटों से होती हुई पीलीभीत जंक्शन पर अपरान्ह 10.50 बजे पहुंचेगी। यहां से यह ट्रेन 10.55 बजे रवाना होकर भोजीपुरा होते दोपहर 1.55 बजे लालकुआं पहुंचेगी। इस ट्रेन का संचालन लालकुंआ से प्रत्येक गुरुवार को एवं हावड़ा से प्रत्येक शुक्रवार को किया जाएगा।

## जाम छलकाने का मचा शोर तो प्राचार्य ने शुरू कराई जांच

**पीलीभीत, अमृत विचार :** मेडिकल कॉलेज में ओपीडी के समय कुछ कर्मचारियों के जाम छलकाने का शोर मचा था। शनिवार को सोशल मीडिया पर इससे जुड़े मेसेज वायरल होने के बाद खलबली मच गई। प्रकरण संज्ञान में आने पर मेडिकल कॉलेज की प्राचार्य की ओर से जांच शुरू करा दी गई है। उनका कहना है कि जांच में मामला सही निकला तो संबंधित पर कार्रवाई तय है।

मामला बुधवार दोपहर का बताया जा रहा है। आरोप है कि समय से पहले ही पर्चे बनाना भी बंद कर दिए जाते हैं। कुछ कर्मचारी ओपीडी के वक्त कमरे में ही शराब पीना शुरू कर देते हैं। तीन कमरों में जाम छलकाने की बात कही गई है। प्राचार्य डॉ. संगीता अनेजा ने बताया कि सीएमएस को कमेटी गठित कर जांच कराने के निर्देश दिए हैं।

## संविदा कर्मचारियों ने काली पट्टी बांधकर किया काम

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** स्वास्थ्य विभाग में एनएचएम संविदा कर्मचारियों की चल रही मांगों को लेकर एक बार फिर उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय मिशन संविदा कर्मचारी संघ की ओर से विरोध प्रदर्शन किया गया। शनिवार को समस्त संविदा कर्मचारियों ने काली पट्टी बांधकर सरकारी अस्पतालों में काम किया।

संविदा कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष देवेंद्र अस्थना के नेतृत्व में समस्त संविदा कर्मचारियों ने सीएमओ कार्यालय, जिला क्षय अस्पताल, मेडिकल कॉलेज और जनपद की सीएचसी पीएचसी पर काली पट्टी बांधकर काम किया। कर्मचारियों ने कहा कि उनका शोषण किया जा रहा है। मांगों को लेकर पूर्व में कई ज्ञापन दे चुके हैं, मगर सुनवाई नहीं हो रही है। काली पट्टी बांधकर प्रदर्शन करने के बाद वह 29 और 30 जुलाई को निर्धारित ड्यूटी समय से एक घंटे अधिक कार्य करेंगे। विरोध प्रदर्शन में मोहम्मद जुबैर, नितिन गंगवार, अबसार अहमद, गौरव, जुगल, मोहम्मद नाज़िर, कौशल कुमार, अमित कुमार, धर्मेन्द्र कुमार, आशीष, सुशील, दीपक राजेश, महविश, डा. मंजू शुक्ला, लोकेश, प्रदीप, स्मिता आदि मौजूद रहे।


जिला क्षय रोग अस्पताल में काली पट्टी बांधकर काम करते संविदा कर्मचारी।

## आइलेटस सेंटर के बाहर दो पक्षों में मारपीट से खलबली

संवाददाता, पूरनपुर

**अमृत विचार:** आइलेटस सेंटर के बाहर दो पक्ष भिड़ गए। इस दौरान जमकर मारपीट हुई। हवा में तलवारें लहराई गई। जिससे अफरा तफरी मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामला शांत कराया।कस्बे में दर्जनों आइलेटस सेंटर है। आए दिन इन सेंटरों से विदेश भेजने के नाम पर ठगी के मामले सामने आ रहे हैं। पुलिस कई मुकदमे भी दर्ज कर चुकी है लेकिन इन पर रोक नहीं लग पा रही है। शनिवार को कोतवाली रोड पर स्थित एक आईलेट्स सेंटर के बाहर विदेश भेजने के नाम पर रुपये लेने के मामले में दो पक्ष भिड़ गए। उनमें जमकर मारपीट हुई।

- विदेश भेजने के नाम पर रुपये लेने को लेकर हुई थी कहासुनी

जानकारी लगते ही काफी लोग इकट्ठे हो गए। आरोप है कि कुछ लोगों ने मारपीट के दौरान हवा में तलवारे भी लहराई। इससे अफरा तफरी मच गई। काफी देर तक सड़क पर गहमा गहमी का माहौल बना रहा।

इसके बाद दोनों पक्ष कोतवाली पहुंचे और एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत की। कस्बा इंचार्ज प्रद्युमन सिंह ने बताया दो पक्षों में विदेश भेजने को लेकर कहा सुनी हो गई थी। सूचना पर पुलिस पहुंची थी। तहरीर मिलने पर कारवाई की जाएगी।

## 500 से अधिक व्यापारी सम्मेलन में करेंगे प्रतिभाग

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की कोर कमेटी की बैठक शुक्रवार देर शाम जिला अध्यक्ष देवेश बंसल की अध्यक्षता में एक होटल में हुई। जिसमें नगर पीलीभीत, बीसलपुर, पूरनपुर के साथ ही युवा इकाई के पदाधिकारियों ने प्रतिभाग किया।

व्यापारियों ने अपने क्षेत्र की समस्याओं को दूर करने की रणनीति बनाई। बीसलपुर व पूरनपुर में बिजली की समस्या व जनपद पीलीभीत में बाढ़ की समस्या उत्पन्न होने के पश्चात बहुत से सड़क मार्ग क्षतिग्रस्त होने पर आवागमन प्रभावित होने का मुद्दा रहा। इसके समाधान को केंद्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद को ज्ञापन देने की रणनीति बनाई।जिला अध्यक्ष ने व्यापारियों से कहा कि सितंबर में व्यापार मण्डल की ओर से व्यापारी दिवस हर वर्ष की भांति इस बार भी धूमधाम से मनाया जाएगा।

राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल व्यापारियों का मनोबल बढ़ाने के लिए आएंगे। उसी दिन जिला सम्मेलन होगा और 500 से अधिक व्यापारी प्रतिभाग करेंगे। बीसलपुर नगर अध्यक्ष वीरेन्द्र अग्रवाल ने आग्रह किया कि व्यापारी दिवस व जिला सम्मेलन को करने का अवसर इस बार बीसलपुर की नगर इकाई को दिया जाए। ताकि बीसलपुर में अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल को मजबूती मिल सके। उनके इस आग्रह का सभी ने समर्थन किया व यह ऐलान किया गया जनपद पीलीभीत में होने वाला व्यापारी दिवस व जिला सम्मेलन सितम्बर में राष्ट्रीय अध्यक्ष की उपलब्धता अनुसार बीसलपुर में होगा।

इस मौके पर महामंत्री विनीत अग्रवाल, नगर अध्यक्ष संजय अग्रवाल, पूरनपुर अध्यक्ष जितेन्द्र गुप्ता, महामंत्री हरगोविन्द वाजपेई, युवा विंग के जिला अध्यक्ष मोहित अग्रवाल, ईश बंसल, नवीन लोधी, मोहम्मद अज़ीम, अनिल अग्रवाल आदि मौजूद रहे।


बैठक में मौजूद व्यापारी। ● अमृत विचार

- व्यापार मंडल ने सितंबर में होने वाले जिला सम्मेलन को लेकर आयोजित बैठक में बनाई रणनीति

## सार-संक्षेप

### करंट से गोवंश की मौत, लोगों ने किया प्रदर्शन



**बीसलपुर, अमृत विचार :** मोहल्ला दुबे में बिजली के पोल में करंट आने से गोवंश की मौत हो गई। गुस्साए लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया। भाजपा विधायक विवेक वर्मा के निर्देश पर टीम मौके पर पहुंची और समाधान कराया। नगर के मोहल्ला दुबे में गांधी प्राथमिक विद्यालय के नजदीक लगे बिजली के पोल में बीते 24 घंटे से करंट आ रहा था। शनिवार को एक छुट्टा गोवंश की करंट से मौत हो गई। काफी लोग जमा हो गए। इसके बाद नारेबाजी करते हुए पावर रपोरेशन के खिलाफ प्रदर्शन किया। आरोप लगाया कि पोल में करंट प्रवाहित होने की शिकायत लगातार की जा रही थी लेकिन कोई ध्यान नहीं दे रहा था। लोगों ने विधायक विवेक वर्मा से मामले की शकायत की। विधायक ने एसडीओ रामानुज गुप्ता को मामले से अवगत कराया। उनके निर्देश पर टीम ने पहुंचकर करंट ठीक कराया। प्रदर्शन करने वालों में रघुवंश तिवारी, सुखलाल, दीपक अग्रवाल, संजय हरिश्चंद्र अग्रवाल, रितेश अग्रवाल, संजीव अग्रवाल, चंगीलाल, फरहान, यश मिश्रा, तुषार अग्रवाल, राहुल ठाकुर आदि थे।

### नोटिस के बाद भी नहीं हटा सरकारी जमीन से कब्जा

**दियोरियाकलां, अमृत विचार :** एसडीएम की सख्ती के बाद राजस्व टीम ने अवैध कब्जेदारों को नोटिस देकर तीन दिन में कब्जा हटाने के निर्देश दिए। लेकिन एक माह बीतने को है लेकिन, अभी तक समाधान नहीं हो सका है। कोतवाली क्षेत्र के गांव भगौतीपुर के रहने वाले संजीव कुमार ने एसडीएम को दिए शिकायती पत्र में बताया कि उसके गांव में कृषि योग्य बंजर भूमि पर कुछ लोगों ने अवैध तरीके से कब्जा कर लिया है। इसको लेकर पूर्व में उसकी विपक्षियों से कई बार कहासुनी हो चुकी है। कहा कि अवैध कब्जे वाली जगह में 20 पेड़, चार शौचालय और नल लगवा लिया गया है। बीते साल 21 नवंबर को इस मामले की शिकायत की गई थी। जिस पर नायब तहसीलदार के निर्देश पर टीम मौके पर पहुंची और अवैध कब्जा हटाने के निर्देश दिए। मगर इसका अब तक कोई असर नहीं हुआ। इसके बाद 26 फरवरी, पांच मार्च को शिकायत पर भी कोई एक्शन नहीं हो सका। 24 जून को भी शिकायत की गई। इस पर एसडीएम के निर्देश पर टीम ने तीन दिन के भीतर अवैध कब्जा छोड़ने के नोटिस कब्जेदारों को दे दिए। लेकिन, एक माह से अधिक समय बाद भी अवैध कब्जा नहीं हटाया जा सका है। एसडीएम से मामले में दखल देते हुए सख्त कार्रवाई की मांग की है।

### एसडीएम ने बाढ़ प्रभवित क्षेत्र का किया निरीक्षण

**पूरनपुर, अमृत विचार :** एसडीएम राजेश कुमार शुक्ला शुक्रवार को ट्रांस शारदा क्षेत्र के गावों में पहुंचे। उन्होंने राणाप्रताप नगर, नहरोसा और बैल्हा गांव के ग्रामीणों से वार्ता की। ग्रामीणों ने बाढ़ से हुए नुकसान के बारे में बताया। एसडीएम ने ग्रामीणों को मदद का भरोसा दिलाया। एसडीएम ने नहरोसा के बाढ़ शरणालय का भी निरीक्षण किया और साफ सफाई के निर्देश दिए। खिरकिया बरगदिया के ग्रामीणों ने सड़क पर जलभराव की समस्या रखी।

### पति को नींद की गोली देकर चली गई विवाहिता

**गुलाबटांडा।** थाना माधोटांडा में दी तहरीर में क्षेत्र के एक ग्रामीण ने बताया कि 26 जुलाई की रात दस बजे पत्नी ने दूध में नींद की गोली मिलाकर दे दी। दूध पीने के कुछ देर बाद ही वह गहरी नींद में सो गए। 27 जुलाई की सुबह तीन बजे जब आंख खुली तो पत्नी नदारद थी। आरोप लगाया कि पत्नी घर पर रखे जेवरात, 35 हजार रुपये लेकर किसी के साथ चली गई है। मामले की रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई करने की मांग की।

# बेची जा रही थी एक्सपायर बीयर, 257 पेटी बरामद

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- आबकारी विभाग ने की छापेमारी स्टेशन रोड पर दो लोग देशी शराब बेचते गिरफ्तार

**अमृत विचार:** आबकारी आयुक्त के निर्देश पर जिला आबकारी टीम ने बीयर की दुकानों पर स्टॉक चेक किया। इस दौरान दुकान पर किंगफशर की 257 पेटियां बरामद की। बरामद किंग फ्रिशर की वैधता अवधि समाप्त हो गई थी। बीयर को नष्ट कराया गया। इधर सदर बाजार पुलिस ने स्टेशन रोड पर ब्लैक में देशी शराब ट्रैटा बेचते हुए दो को गिरफ्तार कर 16 ट्रैटा बरामद किए।

सदर सर्किल के आबकारी निरीक्षक सौरभ यादव ने बताया कि शनिवार को जिले में बीयर की दुकान चेक की गई। दुकान पर अवशेष स्टॉक में बीयर किंगफिशर की 257 पेटियां, जिसकी वैधता अवधि समाप्त हो गई थी बरामद बीयर को नियमानुसार नष्ट कराया गया। नष्ट की गई बीयर आबकारी नियमानुसार वर्ष 2024-25 में उपयोग किए जाने हेतु वैध नहीं मिली। वहीं, सदर बाजार पुलिस ने शुक्रवार रात साढ़े दस बजे स्टेशन रोड पर दो लोगों को देशी शराब ट्रेटा बेचते हुए गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने अभियुक्तों के कब्जे से देशी शराब के 16 ट्रैटा बरामद किए है। सदर बाजार थाना के प्रभारी निरीक्षक रवींद्र सिंह को गुरुवार की रात साढ़े दस बजे सूचना मिली कि स्टेशन रोड पर बर्फ खाना तिराहे पर देशी शराब के ट्रैटा ब्लैक में बेच रहे है। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए अभियुक्त विनोद कुमार निवासी आलमबाग थाना कृष्णानगर लखनऊ और नंद किशोर निवासी रानीखेड़ा थाना बछरावा जिला रायबरेली है। पुलिस ने उनके कब्जे से एक थैले में 16 देशी शराब के ट्रैटा बरामद कर चालान कर दिया।

**23 जुलाई को लापता गांव सिरसा दबरई निवासी 12 साल के नितेश का शुक्रवार को मिला था शव, दुख में डूबे पिता बोले-**

# बेटे को मार दिया, सिर और हाथ तो काट कर न ले जाते हत्यारे

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** सिविल लाइन कोतवाली क्षेत्र के गांव सिरसा दबरई में 12 साल के लापता बालक की हत्या का दूसरे दिन भी खुलासा नहीं हो सका और न ही बालक का सिर, हाथ और पैर की उंगलियां मिल सकी हैं। पुलिस ने घटनास्थल के पास के मंदिर के महंत और ग्रामीणों से पूछताछ की। लेकिन कुछ पता नहीं चल सका है। बालक के पिता ने कहा कि बेटे को तो मार दिया लेकिन उसका सिर, हाथ और पैर की उंगलियां काटकर क्या मिल गया। उन्हें जिंदगी भर इस बात का दुख रहेगा।


पीड़ितों से बात करतीं डीएम निधि श्रीवास्तव और एसएसपी डॉ. बृजेश कुमार सिंह।


मां टिकोली


पिता सोरन सिंह

- दूसरे दिन भी बालक का सिर, हाथ और पैर की उंगलियां नहीं मिल सकीं
- पुलिस ने घटनास्थल के पास मंदिर के महंत और ग्रामीणों से पूछताछ की

गांव सिरसा दबरई निवासी सोरन सिंह आठ बीघा जमीन पर खेती करके परिवार का पालन पोषण करते हैं। उनके पांच बच्चे थे। सबसे बड़ा राजेश व विजय राजस्थान में रहकर काम करते थे जबकि तीसरे नंबर का 12 साल का बेटा नितेश, मोहित और बेटी करिश्मा घर पर रहते थे। 23 जुलाई दोपहर 12 बजे नितेश छोटे भाई के साथ खेल रहा था। इसके बाद वह लापता हो गया। शुक्रवार को नितेश के लापता होने की सूचना पर घर आए उनके मामा बरेली के थाना आंवला क्षेत्र के गांव नठेरे खेरे निवासी ओमकार और एक अन्य ग्रामीण शौच करने गए तो झाड़ियों में नितेश का शव देखा। उसका सिर, एक हाथ और एक पैर की उंगलियां नहीं थीं। पुलिस ने सिर की तलाश की लेकिन कुछ पता नहीं चला। शनिवार को पुलिस ने सिर व उंगलियों की तलाश की लेकिन कोई सुराग नहीं मिल सका है। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह ने घटनास्थल के पास मंदिर के महंत मूल रूप से दातागंज क्षेत्र के गांव रुकुमपुर निवासी जीवाराम से जानकारी की। जो 12 साल से मंदिर की सेवा कर रहे हैं। पुलिस ने पास के गांव गौरामई जाकर भी जानकारी ली। हल्का लेखपाल, कानूनगो ने जहां शव मिला था उसके आसपास की झाड़ियां कटवाकर सिर और हाथ की तलाश कराई। शव के पास मिला कैमिकल का डिब्बा जांच के लिए भेजा गया है। मौत के बाद नितेश की मां टिकोली रोते-रोते बेसुध हैं।

### दुकान से लाया था सोया वाली कटोरी, फिर लापता

परिजनों के अनुसार नितेश अपने भाई के साथ खेलने से पहले गांव निवासी राजवीर उर्फ गुड्डू मास्टर की दुकान से सोया वाली कटोरी खरीदने गया था। जिसके बाद से वह लापता हो गया। दुकान पर सीसीटीवी कैमरे भी लगे हैं। पुलिस फुटेज चेक करेगी।

### डीएम, एसएसपी पीड़ित परिवार से मिले

डीएम निधि श्रीवास्तव और एसएसपी डॉ. बृजेश कुमार सिंह शनिवार को सोरन सिंह के घर पहुंचे। पीड़ित परिवार से बात की। पुलिस को जल्द से जल्द घटना का खुलासा करने का निर्देश दिया है। सीओ सिटी आलोक मिश्रा ने ग्रामीणों से जानकारी की।

### मंदिर पर लगा था मेला

गांव में वर्षों पुराना मंदिर है। इससे 30 मीटर दूर झाड़ी में शव मिला था। मंदिर पर हर साल मेला लगता है। इस बार रविवार को मेला लगा था। पहले दिन शाम को कुछ दुकानें सिमट गई थीं बाकी सोमवार को उठ गईं थीं। इसके बाद मंगलवार को नितेश लापता हो गया था।

**बच्चा न होने पर मन्नत मांगने की परंपरा :** ग्रामीणों की मान्यता है कि जिसके किसी के बच्चे नहीं होते हैं वह गांव के इस मंदिर पर आकर मन्नत मांगते हैं। मांग पूरी न होने पर दक्षिणा देकर जाते हैं। मन्नत पूरी होने पर दो लोगों ने मंदिर पर दो नल भी लगवाए हैं। दिल्ली तक के लोग मंदिर पर आते हैं।

# कुपवाड़ा में बलिदान मोहित के गांव में सन्नाटा, परिजन बेहाल

## सर्च ऑपरेशन के दौरान शनिवार सुबह आतंकियों से मुठभेड़ में हो गए शहीद, उनके ही खेत में किया जाएगा अंतिम संस्कार

संवाददाता, इस्लामनगर

**अमृत विचार :** जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा में शनिवार सुबह आतंकी हमले में मोहित सिंह के बलिदान होने की खबर घर पहुंची तो पत्नी, पिता समेत परिजन बदहवास हो गए। मोहित सिंह 2017 में सेना में भर्ती हुए थे। उनकी डेढ़ साल पहले ही शादी हुई थी। शव आने के बाद गांव के पास उनके खेत में ही अंतिम संस्कार किया जाएगा। प्रशासन ने अंतिम संस्कार की तैयारी कर ली है।


मोहित की मौत पर विलाप करतीं परिजन। ● अमृत विचार


गुमसुम बैठी रुचि।

- 2017 में सेना में भर्ती हुए थे इस्लामनगर के गांव सभानगर निवासी मोहित सिंह
- गांव के पास खेत में किया जाएगा अंतिम संस्कार, प्रशासन ने बनवाया रास्ता


मोहित सिंह के बलिदान होने की जानकारी के बाद गांव में पसरा सन्नाटा।

इस्लामनगर के गांव सभानगर निवासी नत्थू सिंह खेती कर परिवार का भरण पोषण करते हैं। उनका इकलौता बेटा मोहित सिंह राठौर (28) 57 राष्ट्रीय राइफल यूनिट में तैनात थे। डेढ़ साल पहले उनकी शादी बिसौली के गांव करेंगी निवासी रुचि से हुई थी। जनवरी में छुट्टी पर आए मोहित 14 फरवरी को वापस गए थे। दो साल से मदर यूनिट 17 राज राइफल यूनिट में जम्मू कश्मीर के कुपवाड़ा में तैनात थे। जहां सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा था। शनिवार सुबह रुचि के पास सेना के दिल्ली स्थित हेड क्वार्टर से फोन आया। कहा कि मोहित के पिता से बात करा दें। रुचि ने कहा कि वह खेत पर गए हैं कुछ देर में बात करा दूंगी। कुछ देर बाद नत्थू सिंह आए तो रुचि ने उन्हें बताया। इसके बाद फिर फोन आया। उधर से बताया गया कि आतंकी हमले में मोहित सिंह घायल हो गए हैं। बाकी जानकारी देते रहेंगे। उसके बाद मीडिया के माध्यम से मौत की सूचना मिली तो परिजन सन्न रह गए। इकलौते बेटे के देश पर न्यौछावर होने पर नत्थू सिंह को बेटे पर गर्व है हालांकि वह अस्सीम दुख में डूबे हैं। मोहित की बहनों रजनी और नीतू की शादी हो चुकी है जबकि तीसरी बहन पूजा की शादी होनी थी। मां कलावती की कई साल पहले मौत हो चुकी है।

### अंतिम संस्कार की तैयरियों में जुटे अधिकारी

राजस्व टीम समेत खंड विकास अधिकारी मुनब्बर खान और थाना प्रभारी हरेंद्र सिंह अंतिम संस्कार की व्यवस्था में लग गए। खाली पड़े खेत को ट्रैक्टर से जुतवाया गया है। खेत पर जाने के लिए कोई ठीक रास्ता नहीं है। लेखपाल और कानूनगो द्वारा अभिलेखों में देखकर पैमाइश कर नया रास्ता बनाया जा रहा है ताकि अंतिम संस्कार करने में दिक्कत का सामना न करना पड़े। बताया गया कि जवान का शव बरेली आ गया। देर रात तक गांव पहुंच जाएगा। खेत पर अंतिम संस्कार की व्यवस्थाओं के चलते सुबह अंतिम संस्कार होगा।


खेत में अंतिम संस्कार की तैयारी करती राजस्व विभाग की टीम। ● अमृत विचार

### शुक्रवार को चाचा से वीडियो कॉल की, कहा तुम्हारा भतीजा बहुत आगे तक जाएगा

मोहित ने शुक्रवार रात लगभग 8 बजे अपने चाचा सोनपाल को वीडियो कॉल कर बात की थी। कहा था कि वह सर्च ऑपरेशन पर निकले हैं। देखना तुम्हारा भतीजा बहुत आगे तक जाएगा। और सच में वह बहुत आगे तक चला गया जहां से लौटकर आना संभव ही नहीं।

### दुख में परिवार के साथ है भाजपा

मोहित की शहादत पर भाजपा के जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने कुपवाड़ा में आतंकियों द्वारा किए गए कायरतापूर्ण हमले पर गहरा दुख व्यक्त किया। कहा कि मोहित साहसी वीर सैनिक थे। उनके निधन से पूरे जिले में शोक की लहर है। प्रभु परिजनों को दु:ख सहन करने की असीम शक्ति प्रदान करें। कहा कि भाजपा इस दुख की घड़ी में शहीद सैनिक के परिवारजनों के साथ है।

# गंजडुंडवारा में दो पक्षों के बीच लाठी-डंडे चले, एक की मौत

संवाददाता, गंजडुंडवारा

- दोनों तरफ के आधा दर्जन लोग घायल, पशु चराने के दौरान हुआ विवाद
- मृतक की बेटी ने विरोधी पक्ष पर कार्रवाई की मांग को लेकर शव उठने से रोका

**अमृत विचार:** गंजडुंडवारा क्षेत्र के गांव अकबर नगर पलिया में पशु चराने को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। कहासुनी बढ़ने के बाद दोनों पक्षों के बीच जमकर लाठी डंडे चले। इसमें गंभीर चोट आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि आधा दर्जन लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सीएचसी ले जाकर भर्ती कराया।

पुलिस के अनुसार गंजडुंडवारा इलाके के अकबर नगर पलिया निवासी लोकेंद्र व उसका भाई शैलेंद्र पुत्र महेश चंद्र गांव के बाहर स्थित शिवाला प्लांट के निकट खेतों में पशु चरा रहे थे। वहीं पड़ोस के खेत में त्रिलोकी पुत्र महेन्द्र, रवेन्द्र व रामू अपने पशु चरा रहे थे। इसी दौरान किसी बात को लेकर लोकेंद्र, शैलेंद्र व त्रिलोकी, रवेंद्र, रामू के बीच कहासुनी हो गई। इसका पता लगने पर परिवार के अन्य लोग पहुंच गए। धीरे-धीरे विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों के बीच जमकर लाठी-डंडे चले। इसमें लोकेंद्र पक्ष के महेश चंद्र पुत्र केदार के सिर में गंभीर चोट आ गई, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इसके अलावा शेलेन्द्र, लोकेन्द्र, त्रिलोकी, रवेन्द्र व चिरन देवी घायल हो गए। घटना की सूचना सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर जा पहुंची। इसके बाद घायलों को सीएचसी गंजडुंडवारा ले जाया गया। जहां शेलेन्द्र, लोकेन्द्र व त्रिलोकी की हालत गंभीर देखकर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।उधर, मौके पर पहुंची पुलिस ने महेश चंद्र के शव को पोस्टमार्टम हउस भेजना चाहा। मगर मृतक बेटी चिरन देवी विरोधी पक्ष के खिलाफ कार्रवाई होने के बाद ही की मांग अड़ी रही।

> दो पक्षों के बीच पशु चराने के दौरान संघर्ष हुआ था। इसमें एक व्यक्ति की मृत्यु हुई और कई लोग घायल हुए हैं।
> -राजकुमार पाण्डेय, सीओ पटियाली

# बंद घर से लाखों का नगदी-जेवर चोरी

संवाददाता, कुंवरगांव

- शुक्रवार रात चोरों ने गांव बनेई में एक घर को बनाया निशाना
- एक लाख नगद समेत 35 लाख की चोरी

**अमृत विचार :** थाना कुंवरगांव क्षेत्र में चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। चोरों ने दिल्ली में कारोबार करने वाले व्यापारी के घर को निशाना बनाया है। बंद मकान से नगदी, जेवर समेत करीब 35 लाख की चोरी कर ली। पुलिस ने मौका मुआयना किया।


थानाध्यक्ष रामेंद्र सिंह से बात करते गृह स्वामी मोहम्मद हफीज के रिश्तेदार सपा नेता मोहतशाम सिद्दीकी। ● अमृत विचार

कुंवरगांव थाना क्षेत्र के गांव बनेई निवासी मोहम्मद हफीज पुत्र जियाउल्ला दिल्ली में जीन्स की फैक्ट्री चलाते हैं। वह कभी-कभार ही गांव आते रहते थे। वह परिजनों के साथ दिल्ली में रह रहे थे। उन्होंने गांव के घर पर ताला लगाया था। शुक्रवार रात चोरों ने उनके बंद घर को निशाना बनाया। ग्लेंडर से मकान का ताला काटा और भीतर दाखिल हो एक लाख रुपये की नगदी और लाखों रुपये के सोने-चांदी के जेवर चोरी करके ले गए। कीमती सामान निकालने के बाद बक्से गांव के बाहर बाग में फेंक दिए। शनिवार सुबह ग्रामीण शौच के लिए खेत पर जा रहे तो उन्होंने बाग में बक्से, कपड़े और अन्य सामान फैला देखा।

ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने मौका मुआयना किया। घर पर जाकर देखा तो सामान तितर-बितर पड़ा था। ग्रामीणों की सूचना पर मोहम्मद हफीज के रिश्तेदार सपा नेता मोहतशाम सिद्दीकी पहुंचे और पुलिस से बात की। उन्होंने मोहम्मद हफीज को बताया तो वह भी दोपहर में गांव आ गए। उन्होंने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि चोर उनकी घर से एक लाख रुपये नगद, 30 से 35 लाख रुपये के सोने-चांदी के जेवर चोरी करके ले गए हैं। थानाध्यक्ष रामेंद्र सिंह ने बताया कि गांव में चोरी की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंचकर जानकारी की है। तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज करके आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# पति समेत सात पर दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** कटरा थाना क्षेत्र के गांव अलियापुर निवासी शिवानी ने बताया कि उसकी शादी दो साल पहले सौरभ कुमार निवासी राजनपुर थाना तिलहर के साथ हुई थी। उसके पिता ने सामर्थ्य के अनुसार दहेज दिया था। जिससे ससुराली संतुष्ट नहीं थे और मायके से एक लाख रुपये मंगा रहे थे। शिवानी के मना करने पर वह नाराज हो गए। 12 जून की रात नौ बजे उसका पति सौरभ कुमार शराब पीकर घर आया। आरोप है कि जान से मारने की नीयत से उसके पति ने पीटकर घायल कर दिया। उसके मायके वाले आए और ससुराल वालों को समझाया। ससुराल वालों ने कहा कि एक लाख रुपये चाहिए। दीनानाथ अपनी पुत्री को लेकर चले आए। प्रभारी निरीक्षक गौरव त्यागी ने बताया कि पति सौरभ कुमार, सास सरस्वती, ससुर दामोदर समेत सात के खिलाफ दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की विवेचना कर ली है।

# फरियादियों को टरकाएं नहीं, वरना होगी कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- जनसहयोग कार्यालय पर बढ़ती फरियादियों की संख्या पर राज्यमंत्री हुए सख्त
- शनिवार को ही तीन घंटे में राज्यमंत्री के समक्ष पेश हुए 500 से अधिक फरियादी

**अमृत विचार:** जन सहयोग कार्यालय पर लगातार तीन दिन से उमड़ती फरियादियों की भीड़ को देखते हुए राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार सख्त हुए हैं कोतवाली और तहसील स्तर पर शिकायतों का त्वरित समाधान करने में लापरवाही बरतने की बात कहते हुए अधिकारियों को इसमें सुधार कराने के लिए निर्देशित किया है।

साफ कहा कि शासन की मंशा के अनुसार ही जनसमस्याओं को सुनकर संबंधित विभाग के अधिकारी शिकायतों का निस्तारण कराएं। किसी तरह की लापरवाही मिली तो कार्रवाई कराई जाएगी। इधर, जन सहयोग कार्यालय पर पहुंचे फरियादियों की शिकायतें सुन अधिकारियों को समाधान कराने के निर्देश दिए। टनकपुर हाईवे पर स्थित जन सहयोग कार्यालय पर राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने शनिवार सुबह से जनता की शिकायतें सुनी। तीन घंटे के भीतर 500 से अधिक फरियादियों को सुना। जबकि शनिवार को ही थाना स्तर पर समाधान दिवस का आयोजन चल रहा था।

जिसमें फरियादियों की संख्या इससे काफी कम थी। एक छात्र ने परिवार की आर्थिक स्थिति का हवाला देते हुए फीस जमा कराने में दो माह का समय मांगने की गुहार लगाई। इस पर राज्यमंत्री ने छात्र के भविष्य को देखते हुए स्कूल प्रबंधन से वार्ता की और उनसे छात्र की दिक्कत को समझते हुए समाधान कराया। जहानाबाद क्षेत्र की एक छेड़छाड़ पीड़िता का परिवार भी राज्यमंत्री के समक्ष पेश हुआ। उसका आरोप था कि पुलिस ने छेड़छाड़ और पॉक्सो एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज की, लेकिन आरोपी का महज शांतिभंग की आशंका में चालान किया जा रहा है। इस पर राज्यमंत्री ने इंस्पेक्टर जहानाबाद से वार्ता कर जानकारी की और महिला अपराध संबंधी मामलों में शासन की मंशा के तहत नियमानुसार सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। ललौरीखेड़ा ब्लॉक क्षेत्र के कुछ गांवों से आए बाढ़ पीड़ित भी राज्यमंत्री से मिले। इसके अलावा पुलिस, बिजली, राजस्व विभाग से संबंधित अन्य समस्याएं लेकर भी फरियादी पहुंचे, जिनको निस्तारण का भरोसा दिलाया गया। राज्यमंत्री ने कहा कि क्षेत्र के लोग बड़ी संख्या में अपनी समस्यायें लेकर आ रहे है। इससे प्रतीत होता है कि थाना कोतवाली और तहसील स्तर पर लोगो की समस्याओं का समाधान त्वरित गति से नहीं हो पा रहा है।

### डीएम-एसपी ने बरखेड़ा थाने में सुनी फरियाद

**बरखेड़ा, अमृत विचार :** जनपद के समस्त थानों में शनिवार को समाधान दिवस आयोजित किया गया। डीएम संजय कुमार सिंह, एसपी अविनाश पांडेय बरखेड़ा थाने पहुंचे और समस्याएं सुनी। पुलिस, राजस्व, विकास विभाग, निकाय आदि विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। यहां कुल सात शिकायतें आई और तीन का ही निस्तारण कराया जा सका। चार शिकायतों के समाधान के लिए टीम गठित कर भेजी गई। अन्य थानों में फरियादियों और निस्तारण की स्थिति धीमी रही।

# कार से टकराकर पलटा ई-रिक्शा, नाना-नातिन की मौत

संवाददाता, वजीरगंज

- शनिवार को वजीरगंज थाना क्षेत्र में नदवारी और सैदपुर के बीच हुआ हादसा

**अमृत विचार :** मुरादाबाद-फर्रुखाबाद राजमार्ग पर थाना वजीरगंज क्षेत्र के गांव नदवारी के पास तेज रफ्तार कार ने ई-रिक्शा को टक्कर मार दी। हादसे में ई-रिक्शा पलट गया। जिसके नीचे दबकर पांच साल की बच्ची की मौके पर मौत हो गई जबकि उसके नाना गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया। जहां चिकित्सक ने नाना को भी मृत घोषित कर दिया। हादसे में चार लोग घायल हुए हैं।

वजीरगंज क्षेत्र के गांव कादरनगर निवासी नेम सिंह उर्फ पप्पू की बेटी रितु आठ महीने की गर्भवती है। वह आठ दिन पहले अपनी दो बेटियों के साथ मायके आई थी। शनिवार को नेम सिंह रितु का अल्ट्रासाउंड कराने के लिए अपनी पत्नी संगीता, भाभी गौरी, रितु की तीन साल की बेटी इंदु और पांच साल की बेटी नंदनी के साथ ई-रिक्शा से जा रहे थे। एमएफ राजमार्ग स्थित गांव नदवारी और सैदपुर के बीच पास पीछे से तेज रफ्तार कार ने ई-रिक्शा को टक्कर मार दी।


ई-रिक्शा पलटने से नंदनी और अन्य लोग दब गए। लोगों को ई-रिक्शा को उठाकर बाहर निकाला। तब तक नंदनी की मौत हो चुकी थी। घायलों को सैदपुर के सीएचसी ले जाया गया जहां चिकित्सक ने नेम सिंह और उनकी गर्भवती बेटी रितु को जिला अस्पताल भेजा। जहां नेम सिंह ने भी दम तोड़ दिया। पुलिस कार चाल की तलाश कर रही है।

### खेत की जुताई करते समय ट्रैक्टर से कूदे बालक की रोटावेटर में फंसकर मौत

**आसफपुर , अमृत विचार :** खेत की जुताई कर रहे चलते ट्रैक्टर से उतरते समय ट्रैक्टर चालक के 12 साल के बेटे की रोटावेटर में उलझकर मौत हो गई। थाना फैजगंज थाना क्षेत्र के ग्राम पहाड़पुर निवासी सुरेश यादव शनिवार सुबह लगभग 9 बजे अपने खेत में उड़द की बुबाई कर रहे थे। साथ में उनका बेटा रामधारी (12) भी था। जुताई करते समय ट्रैक्टर चालक सुरेश ने खेत में चल रहे नलकूप को बंद करने को अबोला तो रामधारी चलते हुए ट्रैक्टर से ही अचानक नीचे कूद पड़ा। नीचे गिरते ही वह रोटावेटर की चपेट में आ गया। उसकी रोटावेटर की खुरपी में फंसकर मौत हो गई। हादसा होता देख सुरेश ने ट्रैक्टर रोक बेटे को बाहर खींचा लेकिन तब तक रोटावेटर बालक के शरीर को क्षत विक्षत कर चुका था। बेटे रामधारी की मौत से पिता सुरेश बदहवास हो गए। पुलिस को सूचना दिए बिना ही शव को दफना दिया।

# रोडवेज यात्री को जहर खुरानों ने लूटा

**सहसवान, अमृत विचार :** दिल्ली के आनंद विहार परिवहन निगम बस स्टेशन से बैठे एक मजदूर जहर खुरानी को शिकार हो गया। कई महीने दिल्ली में मजदूरी कर पैसे एकत्र कर वापस लौट रहा था। उसी की सीट बैठे एक अपरिचित यात्री ने बातों में लगाकर उसे नशीला पदार्थ दे दिया जिससे वह बेहोश हो गया। इसके बाद समान एवं नकदी लेकर रास्ते में उतर गया। बस चालक ने नशे की हालात में पड़े यात्री को शहबाजपुर पुलिस चौकी पर उतार दिया। पुलिस ने उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उपचार के लिए भेज दिया। पीड़ित के होश आने पर जानकारी परिजनों को दी तो वे उसे घर ले गए।


जहर खुरानी का शिकार युवक।

# आइलेटस सेंटर के बाहर दो पक्षों में मारपीट से खलबली

संवाददाता, पूरनपुर

- विदेश भेजने के नाम पर रुपये लेने को लेकर हुई थी कहासुनी
- पूरनरपुर में कोतवाली रोड पर स्थित आईलेट्स सेंटर का मामला

**अमृत विचार:** आइलेटस सेंटर के बाहर दो पक्ष भिड़ गए। इस दौरान जमकर मारपीट हुई। हवा में तलवारें लहराई गई। जिससे अफरा तफरी मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामला शांत कराया। कस्बे में दर्जनों आइलेटस सेंटर है।

आए दिन इन सेंटरों से विदेश भेजने के नाम पर ठगी के मामले सामने आ रहे हैं। पुलिस कई मुकदमे भी दर्ज कर चुकी है लेकिन इन पर रोक नहीं लग पा रही है। शनिवार को कोतवाली रोड पर स्थित एक आईलेट्स सेंटर के बाहर विदेश भेजने के नाम पर रुपये लेने के मामले में दो पक्ष भिड़ गए। उनमें जमकर मारपीट हुई। जानकारी लगते ही काफी लोग इकट्ठे हो गए। आरोप है कि कुछ लोगों ने मारपीट के दौरान हवा में तलवारे भी लहराई। इससे अफरा तफरी मच गई। काफी देर तक सड़क पर गहमा गहमी का माहौल बना रहा। इसके बाद दोनों पक्ष कोतवाली पहुंचे और एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत की। कस्बा इंचार्ज प्रद्युमन सिंह ने बताया दो पक्षों में विदेश भेजने को लेकर कहा सुनी हो गई थी। सूचना पर पुलिस पहुंची थी। तहरीर मिलने पर कारवाई की जाएगी।

# हादसे में मौत मामले में चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** हरदोई के थाना पिहानी के गांव उस्मनपुर निवासी योगेश कुमार ने रामचंद्र मिशन थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसका भतीजा सनी कुमार (23) 17 जून को शाम पांच बजे घर से पंजाब जाने के निकला था।

रात तीन बजे हरदोई बाईपास चौराहे पर सड़क पार करते समय वाहन ने उसे टक्कर मार दी, जिससे सनी कुमार घायल हो गया था। घायल को मेडिकल कॉलेज ले गए थे। जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया था। रामचंद्र मिशन थाना प्रभारी सीपी शुक्ला ने बताया कि अज्ञात चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

## एक नजर

### मेडिकल एसोसिएशन ने लगाया स्वास्थ्य कैंप

**कछला, अमृत विचार :** मेडिकल एसोसिएशन के कछला सहकारी समिति के नजदीक स्वास्थ्य कैंप का उद्घाटन औषधि निरीक्षक लवकुश प्रसाद ने किया। स्वास्थ्य कैंप में कांवड़ियों को निशुल्क दवाइयां दी गईं। इसमें सोनू मेडिकल स्टोर, सूर्य प्रताप मेडिकल स्टोर, मौर्या मेडिकल स्टोर, के एम मेडिकल स्टोर, दिनेश मेडिकल स्टोर, वंश मेडिकल स्टोर, एकता मेडिकल स्टोर, ओम मेडिकल स्टोर, और नियाजी मेडिकल स्टोर शामिल रहे।

### केमिस्ट एसोसिएशन ने लगाया स्वास्थ्य कैंप

**उझानी, अमृत विचार :** उझानी केमिस्ट एंड ड्रग्स संगठन के द्वारा निशुल्क प्राथमिक उपचार कैंप लगाया गया। जिसमें कांवड़ियों को दवाइयों का वितरण किया। संगठन के अध्यक्ष अवधेश गोयल ने बताया कि यह कैंप सावन माह के प्रत्येक शुक्रवार से रविवार तक तीन दिनों के लिए लगाया जाएगा। राजीव अग्रवाल, गोपाल कृष्ण अग्रवाल, डा. मोहित अग्रवाल, अभिनव सक्सेना के अलावा औषधि सुरक्षा विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

# नए कानूनों के बनने से दोष सिद्धि की संख्या सुधरेगी

## रुहेलखंड विश्वविद्यालय में आयोजित नए कानूनों पर राष्ट्रीय संगोष्ठी में बोले एडीजी रमित शर्मा

बरेली कार्यालय



रूहेलखंड विश्वविधालय के अटल सभागार में नेविगेटिव क्रिमिनल लॉ रिफॉर्म इन इंडिया पर आयोजित संगोष्ठी में पुस्तक का विमोचन करते एडीजी रमित शर्मा व अन्य।

- **कहा, नए कानूनों में लैंगिक समानता का रखा गया है पूरा ध्यान**

**अमृत विचार :** पुराने कानूनों के तहत जघन्य अपराधों में दोष सिद्धि काफी कम रही है, जबकि नए कानूनों में इसमें सुधार होगा। नए कानूनों में लैंगिक समानता का भी पूरा ध्यान रखा गया है और इनमें प्रौद्योगिकी के सही उपयोग का भी ध्यान रखा गया है। यह बातें रुहेलखंड विश्वविद्यालय के अटल सभागार में शनिवार को नेविगेटिंग क्रिमिनल लॉ रिफॉर्म्स इन इंडिया विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी में मुख्य वक्ता अपर पुलिस महानिदेशक रमित शर्मा ने कहीं।

डॉ. भीमराव अंबेडकर पुलिस अकादमी मुरादाबाद के सहयोग से आयोजित संगोष्ठी में रमित शर्मा ने तीनों कानूनों की संरचना पर चर्चा करते हुए इसके दांडिक न होकर पीड़ित केंद्रित होने के बारे में बताया। उन्होंने कानून के आलोचकों को सिर्फ आलोचना न कर विस्तृत विमर्श के लिए कहा। उन्होंने कानूनों की मुख्य विशेषताओं ई-ट्रायल और ई-परीक्षण के साथ-साथ दंड प्रावधानों में हुए परिवर्तनों के बारे में बताया।

मुख्य वक्ता जनपद न्यायाधीश विनोद कुमार ने शून्य प्राथमिकी, त्वरित न्याय और नए कानूनों में जोड़े गए नए अपराधों पर चर्चा की। मुख्य वक्ता सहायक शासकीय अधिवक्ता राजेश शुक्ला ने उत्तर प्रदेश भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (नियमावली) 2024 पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 के प्रावधानों को सरल रूप से समझाया। विशिष्ट अतिथि न्यायाधीश इलाहाबाद उच्च न्यायालय अरुण कुमार सिंह देशवाल ने व्यावहारिक विधि के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि मेडिकल जांच, साक्ष्य संकलन और निर्णय देने आदि में समय की बाध्यता को नए कानून सुनिश्चित करते हैं। उन्होंने फोरेंसिक इंफ्रास्ट्रक्चर की कमी का जिक्र करते हुए खोज और जब्ती के समय ऑडियो-वीडियो रिकॉर्डिंग की व्यवस्था की सराहना की।

मुख्य अतिथि इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश सिद्धार्थ वर्मा ने संक्षिप्त विचारण प्रक्रिया विधि के प्रावधानों की चर्चा की। कुलपति प्रो. केपी सिंह ने विश्वविद्यालय में चल रहे नवीन विधि और टेक्निकल कोर्सेज के बारे में बताया। उन्होंने इंडस्ट्रियल और मिलिट्री साइंस के पाठ्यक्रम शुरू करने के बारे में बताया। संगोष्ठी की शुरुआत में विधि विभागाध्यक्ष डॉ. अमित सिंह ने बताया कि न्याय प्रणाली का संबंध सुशासन से है। स्वस्थ न्याय प्रणाली सुशासन को सुनिश्चित करती है। नए कानून अव्यवहारिक विधियों को बदलने की ठोस प्रक्रिया का एक हिस्सा है।

### क्विज और पोस्टर प्रतियोगिता

कॉन्फ्रेंस के दौरान क्विज और पोस्टर प्रतियोगिता भी हुईं। इसमें विधि विभाग का प्रथम पुरस्कार मोहित सिंह, द्वितीय प्रिया गोयल और तृतीय मोहित सागर को दिया गया। इसके अलावा सोशल साइंस डिपार्टमेंट से प्रथम श्रद्धा को, द्वितीय दीपांशी उपाध्याय को और तृतीय पुरस्कार अक्षिता को प्राप्त हुआ। इसके अलावा वैशाली, राशि आदि विद्यार्थियों को भी पुरस्कृत किया गया। पोस्टर प्रतियोगिता में बरेली बार एसोसिएशन के अध्यक्ष मनोज हरित, प्रो. शशि देवी शर्मा और डॉ. अनु महाजन थीं। विश्वविद्यालय कुलसचिव संजीव कुमार समारोह में मुख्य अतिथि ने डॉ. अमित सिंह और स्कॉलर निधि शंकर की पुस्तक एक्सप्लोरिंग लीगल सैफगार्ड फॉर पर्सनैलिटी राइट्स इन द एरा ऑफ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का विमोचन किया। इस मौके पर कुलसचिव संजीव कुमार, डॉ. ज्योति पांडेय के अलावा प्रोफेसर, छात्र और पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### 17 लाख की केसर और चांदी के वर्क की ठगी में सगे भाई गिरफ्तार

**संभल, अमृत विचार :** नोएडा में स्थित श्रीजगन्नाथ जी स्टर्लिंग प्रोडक्ट प्राइवेट लिमिटेड कंपनी को 15 जुलाई को फोन कर अलीगढ़ की फेमस विकास स्वीट्स के नाम पर 1000 पैकेट चांदी के वर्क और 4.850 किलो केसर सहित 17 लाख रुपये कीमत के सामान का आर्डर दिया गया। आर्डर देने वाले ने कहा कि माल की डिलीवरी के समय रकम का भुगतान कर दिया जायेगा। कंपनी ने जब माल डिलीवरी के लिए भेजा तक डिलीवरी देने वाले से कहा गया कि विकास स्वीट्स शोरूम के सामने पानी भरा है इसलिए माल की डिलीवरी अलीगढ़ जनपद के मडराक में समृद्धि टाउनशिप के सामने कर दें। यहां से माल लेकर आर्डर करने वाले गायब हो गये। कंपनी के मालिक अमित संगल लगातार फोन करते रहे लेकिन आरोपियों का नंबर बंद आ रहा था। जिसके बाद अमित संगल ने रिपोर्ट दर्ज कराई। अलीगढ़ पुलिस ने जांच शुरु की तो पता चला कि जनपद संभल के गुन्नौर कस्बा में मुहल्ला साहूकारा के रहने वाले सगे भाईयों शिव शंकर गौतम और शिवम ने ठगी की है। अलीगढ़ पुलिस ने दोनों भाईयों को उनके घर से गिरफ्तार कर लिया।

### ऑटो पलटा, सास बहू की मौत

**फिरोजाबाद, अमृत विचार :** जलेसर रोड के रहने वाले मुंशीलाल की शनिवार को मौत हो गई है। जसवंत नगर के गांव मालजानी से बडे.बेटे महेश के ससुरालीजन आए थे। वह शाम को घर जा रहे थे। नगला बहादुर के पीछे किसी वाहन ने कट मारा तो ऑटो अनियंत्रित हो गया और डिवाइडर से टकराने के बाद पलट गया। राहगीरों ने ऑटो को खड़ा किया। सभी को बाहर निकाला। पुलिस को सूचना दी। पुलिस सभी को अस्पताल लेकर दौड़ी जिसमें मायादेवी और सावित्री देवी की मौत हो गई। दोनों सास बहू है। जबकि छह अन्य लोग घायल हैं।

### बदायूं तक रोडवेज बस का किराया 17 रुपये बढ़ा

**बरेली, अमृत विचार :** कांवड़ यात्रा की वजह से रोडवेज बसों का रूट बदला गया है। ऐसे में दूरी बढ़ने की वजह से किराया भी बढ़ा दिया गया है। बरेली से बदायूं का किराया अब 92 रुपये हो गया है, जबकि पहले 75 रुपये थे। एआरएम अरुण बाजपेयी ने बताया कि रोडवेज बस का किराया 1.29 रुपये प्रति किलोमीटर के हिसाब से पड़ता है। बस जितना ज्यादा दूरी तय करेगी, मूल किराया उसी हिसाब से बढ़ जाएगा। बरेली से बदायूं के बीच बस का फेरा लगभग 14 किमी ज्यादा हो रहा है। इसकी वजह से 17 रुपये बढ़ गए हैं।

### सांसद व भाजपा जिलाध्यक्ष ने दी सांत्वना

**बदायूं, अमृत विचार :** वरिष्ठ समाजसेवी व वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. मुकेश जौहरी के निधन पर सपा सांसद आदित्य यादव ने शोक संवेदना व्यक्त की। सांसद ने कहा कि दुख की घड़ी में समाजवादी परिवार पीड़ित परिवार के साथ है। आजमगढ़ सांसद धर्मेंद्र यादव ने भी उनके निधन पर शोक जताया। कहा कि वह पार्टी के एक मजबूत स्तंभ व अखिल भारतीय कायस्थ्य महासभा के वरिष्ठ संरक्षक थे। भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता चिकित्सक के आवास पर पहुंचे और शोक व्यक्त किया। चिकित्सक की बेटी और दामाद से मिलकर ढांढस बंधाया।

### सड़क हादसे में युवा मंच संगठन के अध्यक्ष घायल

**बदायूं, अमृत विचार :** युवा मंच संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष व अधिवक्ता ध्रुवदेव गुप्ता किसी काम से प्रयागराज गए थे। जहां काम निपटाने के बाद वह कार से वापस लौट रहे थे। रात लगभग 11 बजे जिला रायबरेली में सड़क पर घूम रहे गोवंश को बचाने के चक्कर में उनकी कार अनियंत्रित हो गई और डिवाइडर से जा टकराई। हादसे में ध्रुव देव गुप्ता के पैर में चोट आई है। कार क्षतिग्रस्त हो गई है। सूचना मिलने पर रायबरेली पुलिस मौके पर पहुंची और कार को डीसीएम में लदवाकर भिजवाया।

### प्रधानाचार्यों से योजनाओं के क्रियान्वयन की अपील

**बदायूं, अमृत विचार :** माध्यमिक स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार संबंधी बैठक श्री कृष्ण इंटर कॉलेज में हुई। डीआईओएस डॉ प्रवेश कुमार ने प्रधानाचार्यों ने शासन द्वारा संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन करने का आवाहन किया। विद्यालय में कराए गए वृक्षारोपण की जियो टैगिंग कराने को आदेशित किया। कहा कि विद्यार्थियों के द्वारा किए जा रहे छात्रवृत्ति आवेदन में आ रहीं दिक्कतों का समाधान किया जाए। विद्यार्थियों का यू डाइस पर मूल्यांकन किया जाए। प्रधानाचार्य डॉक्टर संदीप भारती, प्रधानाचार्य गुलनवाज आलम तथा अन्य स्कूलों के संचालक और प्रधानाचार्य मौजूद रहे।

### कार सवारों ने पूर्व सैनिक की पत्नी से की मारपीट, लूट

**आगरा, अमृत विचार :** थाना सदर क्षेत्र के नैनाना मोड़ कार सवार युवकों ने महिलाओं से मारपीट और लूटपाट की। रजत कुमार सैकिया ने पुलिस से शिकायत की है कि उनके पड़ोसी पूर्व सैनिक सोनवीर सिंह की बेटी की तबियत खराब हो गई थी। वह सोनवीर की पत्नी अंजलि के साथ उसे दवा दिलाने ले जा रहा था। रास्ते में ईको गाड़ी ने टक्कर मार दी। ईको कार सवार लोगों में मारपीट शुरू कर दी। उन्होंने महिला और उनकी बेटी के साथ मारपीट की और अंजलि की चेन तोड़ ली। सदर पुलिस ने उल्टा उनसे अभद्रता की। एसीपी सदर सुकन्या शर्मा के आदेश पर एफआईआर दर्ज की गई।

# छुट्टा पशुओं और बिजली संकट से नाराज किसानों ने किया प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, बरेली



कमिश्नरी में प्रदर्शन करते बड़ी संख्या में किसान। ● अमृत विचार

- **बरेली, बदायूं, पीलीभीत और शाहजहांपुर जिले की समस्याओं पर भाकियू ने की बैठक**
- **गन्ना सोसायटी से पैदल पहुंचे कमिश्नरी में धरने पर बैठे, अपर आयुक्त न्यायिक को सौंपा ज्ञापन**

**अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारियों ने मंडल के किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए शनिवार को प्रदर्शन किया। यूनियन ने छुट्टा पशुओं, बिजली संकट, गन्ने के भुगतान, नहरों की सफाई, पानी समेत 11 सूत्री मांगों पर गन्ना सोसायटी में बैठक की और वहां से पैदल नारेबाजी करते हुए कमिश्नरी पहुंचे और धरने पर बैठ गए। किसानों ने अपर आयुक्त न्यायिक प्रीती जायसवाल को ज्ञापन सौंपा। अपर आयुक्त ने किसानों की समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया।

भाकियू के जिलाध्यक्ष मंजीत सिंह की अगुवाई में बरेली, बदायूं, शाहजहांपुर और पीलीभीत के किसान कमिश्नरी पहुंचे। जहां पर मंडलायुक्त मौजूद नहीं थी। कुछ देर तक इंतजार करने के बाद किसान वहीं धरने पर बैठ गए। इसके बाद सड़क पर बैठने की योजना बनाने लगे। कुछ देर में अपर आयुक्त न्यायिक प्रीती जायसवाल मौके पर पहुंची। किसानों ने उन्हें 11 सूत्री मांग पत्र सौंपा। सौंपे गए मांग पत्र में किसानों ने कहा है कि छुट्टा पशु फसलों को नुकसान कर रहे हैं। किसानों ने जिला स्तर पर चारागाह और ग्राम समाज की जमीन पर बड़ी गोशालाएं बनाने की मांग की है। ग्रामीण इलाकों में बिजली संकट से भी किसान परेशान हैं। किसानों ने बिजली के जर्जर तारों को बदलवाने की मांग की। मंडल की चीनी मिलों पर किसानों काफी पैसा बकाया है, जिसका भुगतान नहीं होने से उन्हें समस्याएं हो रही हैं। नहरों और माइनरों में पानी छोड़ने की मांग की। किसानों ने आरोप लगाया कि पीलीभीत में टाइगर रिजर्व में अधिकारियों की उदासीनता की वजह से बाघ जंगल से निकलकर खेतों और गांवों की ओर जा रहे हैं।

किसानों ने जंगल में तार फेसिंग कराकर बाघों के पुनर्वास की उचित व्यवस्थाएं करने की मांग की। पेट्रोल पंपों पर घटतौली को रोकने और घटिया क्वालिटी के डाले जा रहे ईंधन के मामले में कार्रवाई के लिए कहा है।

### बाढ़ से हुए नुकसान का दिलाया जाएगा मुआवजा

बाढ़ से किसानों की फसलों को बड़े पैमाने पर नुकसान हुआ है। प्रत्येक तहसील स्तर पर सर्वे कराकर किसानों को मुआवजा दिया जाए। मंडल के सभी जिलों में प्रधानमंत्री आवास और शौचालय पात्रों को दिए जाएं। किसानों को नकली और मिलावटी उर्वरक दिए जाने के मामले में अभियान चलाकर कार्रवाई की जाए। सड़कों की मरम्मत कराकर आवागमन को सुगम बनाया जाए। इस दौरान सतविंदर सिंह, बृजकिशोर मिश्रा, दिनेश कुमार यादव, नगेंद्र सिंह, राजेश गंगवार, संजीव अवस्थी समेत काफी संख्या भाकियू पदाधिकारी मौजूद रहे।

## मच्छर नाशक दवा का किया गया छिड़काव

**बदायूं, अमृत विचार :** मलेरिया निरीक्षक डॉ. पूजा भदौरिया एवं मोनिका सिंह ने शहरी क्षेत्र में नालियों में मच्छर नाशक दवा का छिड़काव कराया। लोगों को खुद भी अपने घरों व आस पास सफाई रखने को प्रेरित किया गया। मुख्य रूप से जवाहर पुरी, गणेश गोटिया, मधुवन कॉलोनी, इंदिरा चौक एवं अंबेडकर छात्रावास के सभी गड्ढे एवं नाले नालियों में लार्वा नाशक दवा का छिड़काव कराया गया। मलेरिया निरीक्षकों ने लोगों से कहा कि संक्रामक रोग मच्छरों से फैलते हैं। मच्छर गंदगी में पैदा होते हैं इसलिए कहीं भी गंदगी न होने दें। उधर जिला मलेरिया निरीक्षकों द्वारा पीएचसी बिसौली, वजीरगंज, सैदपुर एवं एनपीएचसी बगरैन, नौली हरनाथपुर पर अपर निदेशक कार्यालय से प्राप्त गूगल लिंक को भरा गया, एवं लार्वा सोर्स रिडक्शन कार्य भी किया गया।

## डाकघर में बनेंगे 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के आधार

**बदायूं, अमृत विचार:** 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग वाले लोगों के आधार प्रधान डाकघर में बनाए जाएंगे। अब तक इनके आधार बनाने पर सरकार द्वारा रोक लगाई हुई थी। आधार के लिए आवेदन करने के बाद उसकी जांच की जाएगी। इसके बाद आधार कार्ड जारी किया जाएगा।

डाक अधीक्षक देवेंद्र कुमार के मुताबिक केंद्र सरकार जानना चाहती है कि ऐसे कौन से लोग हैं, जिनका 10 वर्ष बाद भी आधार कार्ड नहीं बन सका है। इस व्यवस्था से ऐसे लोगों को चिन्हित किया जाएगा। आधार कार्ड बनाने में लगने वाले अभिलेखों की जांच पड़ताल खुफिया विभाग व पुलिस के माध्यम से कराई जाएगी। आधार कार्ड बनाने के लिए कोई शुल्क नहीं ली जाएगी। लेकिन आधार में संशोधन, बायोमेट्रिक के लिए 100 रुपये व अन्य के लिए 50 रुपये शुल्क लिया जाएगा।

# लाइसेंस नवीनीकरण बिना नहीं कर सकेंगे व्यापार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- **नवीनीकरण न करने वाले आढ़तियों को देना होगा छह हजार रुपये जुर्माना**

**अमृत विचार:** मंडी समिति में करीब 40 फीस आढ़तियों द्वारा निर्धारित समय निकल जाने के बाद भी लाइसेंस का नवीनीकरण नहीं कराया गया है। अब इन्हें छह हजार रुपये का जुर्माना भरना पड़ेगा।

फर्जी कागजों से जारी कराकर लाखों का कारोबार करते आ रहे हैं। अब इस फर्जीवाड़े पर अंकुश लगाने के लिए सरकार ने नवीनीकरण में बदलाव कर दिया है। आढ़तियों को लाइसेंस का नवीनीकरण कराने के लिए दो गारंटर की गवाही देनी होगी। नई व्यवस्था की वजह से आढ़तियों द्वारा नवीनीकरण में लापरवाही बरती जा रही है। उन्हें डर सता रहा है कि अगर उनके द्वारा फिर से फर्जीवाड़ा किया गया तो वह पकड़ में आ सकते हैं। मंडी समिति प्रशासन के अनुसार अब तक 40 फीसद आढ़ती और व्यापारी ऐसे हैं जिनके द्वारा अभी तक नवीनीकरण कराने के लिए फीस जमा नहीं की है। कई ऐसे भी आढ़ती हैं, जिन्हें गारंटर ढूंढे नहीं मिल रहे हैं। इससे नवीनीकरण की प्रक्रिया अधूरी है। कुछ ऐसे भी है जिनके द्वारा आवेदन नहीं किया गया है।

> दिसंबर तक नवीनीकरण कराने वालों को 6000 रुपये शमन शुल्क जमा करना होगा। जबकि दिसंबर के बाद नवीनीकरण फीस के साथ 8000 रुपये शमन शुल्क जमा करना होगा। बिना नवीनीकरण लाइसेंस के कोई भी गेट पास नहीं कटेगा। इससे उनके व्यापार पर स्वत: रोक लगा दी जाएगी।
> **– प्रभात यादव**, प्रभारी मंडी सचिव

## बिजली संकट पर डीएम को लिखा पत्र

**सहसवान, अमृत विचार :** उमस भरी गर्मी के चलते हर आधे घंटे पर हो रही विद्युत ट्रिपिंग के चलते नगर वासियों का जीना हुआ मुहाल हो गया है।

सहसवान नगर के मोहल्ला मोहिउद्दीनपुर वार्ड 11 व 23 के सभासद व मोहल्ले वासियों ने विद्युत ट्रिपिंग अव्यवस्था के चलते हो रही परेशानी से निजात दिलाए जाने के लिए जिला अधिकारी को पत्र लिखा। पत्र में बताया कि मात्र 8 घंटे ही आपूर्ति ही मिल रही है। जेई का कहना है कि मोहल्ले में अधिक लोड होने से विद्युत ट्रिपिंग हो रही है।

जबकि मोहल्ले से सटे ग्राम कोल्हार में विद्युत आपूर्ति शहर से ही हो रही है। उनसे भुगतान ग्रामीण फीडर का लिया जा रहा है। शिकायती पत्र देने वालों में सभासद मोहम्मद इनाम, सभासद सीमा माहेश्वरी व ताहिर हुसैन अंसारी, रंजीत कुमार, श्वेता, मंजूर अली, मोहम्मद खुर्शीद, शादाब हुसैन आदि शामिल हैं।

# सर्प दंश...झाड़ फूंक के बाद पत्थर से बांध गंगा में डाला, युवक की मौत

संवाददाता, हसनपुर (अमरोहा)

- **गांव लुहारी खादर में हुई घटना अंधविश्वास के चलते चली गई केशव की जान**

**अमृत विचार:** कोतवाली क्षेत्र के गांव लुहारी खादर में मंगलवार रात धान फसल की रखवाली करते समय सांप ने 12वीं के छात्र को काट लिया था। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने उसे झाड़ फूंक वालों को दिखाया तो उन्होंने गंगा के जल में रखने की सलाह दी। अंधविश्वास के चलते परिजनों ने उसे पत्थर से बांधकर गंगा में डाल दिया। शुक्रवार देर शाम उसकी मौत हो गई। गंगा घाट पर उसका अंतिम संस्कार कर दिया। घटना की वीडियो वायरल हो रहा है।

गांव लुहारी खादर में रामपाल का परिवार रहता है। मंगलवार रात उनका पुत्र केशव (18) छुट्टा पशुओं से बचाने के लिए धान फसल की रखवाली करने खेत पर गया था। इस दौरान वह खेत में बने मचान पर सो गया। तभी उसे सांप ने डस लिया। इससे उसकी हालत बिगड़ गई। किसी तरह छात्र घर पहुंचा और परिजनों को सांप के काटने की जानकारी दी। परिजन छात्र को रात में ही झाड़ फूंक वालों के पास ले गए। लेकिन झाड़ फूंक से युवक की हालत में सुधार नहीं हुआ। इसके बाद परिजन उसे गंगा किनारे ले गए, जहां युवक के शरीर से पत्थर बांधकर उसे गंगा में रख दिया। शुक्रवार देर रात उसकी मौत हो गई। मौके पर पहुंचे परिजनों ने देखा तो उसके शरीर में कोई हलचल नहीं थी। इसके बाद परिजनों ने युवक के शव को गंगा में जल प्रवाह कर दिया। इसका वीडियो भी सामने आया है।

## गन्ने के खेत में बोरे में मिला अज्ञात महिला का शव

**संभल, अमृत विचार :** रजपुरा थाना क्षेत्र में गांव केवलपुर तिपेड़ा के मजरा रजापुर के घेर के जंगल में गन्ने के खेत में बंद बोरे में अज्ञात महिला का शव मिलने से सनसनी फैल गई। हत्या के बाद शव फेंके जाने की आशंका जताई गई। एएसपी और सीओ ने घटनास्थल का जायजा लिया।

थाना क्षेत्र में यारा वीरा फर्टिलाइजर पुलिस चौकी क्षेत्र के गांव केवलपुर तिपेड़ा के मजरा रजापुर के घेर के पास गांव से करीब 500 मीटर दूर अजब सिंह के गन्ने के खेत में शनिवार को दोपहर में करीब 30 वर्षीय महिला का शव बोरे में मिला। इसकी जानकारी तब हुई जब किसान अजब सिंह पशुओं के लिए चारा लाने को खेत में पहुंचा। उसे सड़क से करीब 20 कदम दूर कुछ खींचकर खेत में लाने के निशान दिखे। अजब सिंह ने खेत में जाकर देखा तो बंद बोरे में कुछ था। उसने घबराकर गांव आकर सूचना दी तो ग्रामीण एकत्र होकर मौके पर पहुंच गए। सूचना मिलने पर एएसपी दक्षिणी अनुकृति शर्मा और सीओ डॉ. गणेश कुमार पुलिस बल के साथ पहुंच गए। बोरे को खोलकर देखा तो उसमें अज्ञात महिला का शव था। महिला ने टीशर्ट व लोअर पहना हुआ है। महिला की हत्या कर शव फेंके जाने की आशंका जताई गई। पुलिस ने ग्रामीणों से शिनाख्त कराने का प्रयास किया मगर सफलता नहीं मिली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी में रखवा दिया। फोरेंसिक टीम ने भी मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए।

# रोजा में नान इंटरलॉकिंग रिपेयर किया जाएगा इंजन

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- **18 ट्रेनें निरस्त, छह ट्रेनों का डायवर्ट किया रूट**

**अमृत विचार:** रोजा में नान इंटरलॉकिंग कार्य को लेकर शनिवार से दस दिन तक रोजा के मालगोदाम के यार्ड परिसर में इंजन रिपेयरिंग का काम होगा। डाउन और अप लाइन की 18 ट्रेनों को निरस्त कर दिया है। छह ट्रेनों का डायवर्जन किया गया है।

रोजा रेलवे स्टेशन पर नान इंटरलॉकिंग का कार्य शुरु हो गया है। मंडल के अधिकारियों की देखरेख में नान इंटरलॉकिंग का कार्य चल रहा है। रोजा में इंजन रिपेयरिंग का काम चल रहा था, लेकिन इंटरलॉकिंग को कार्य को लेकर इंजन रिपेयरिंग का काम शनिवार से मालगोदाम रोड के यार्ड में चालू हो गया है। दस दिन तक यहां इंजन रिपेयरिंग का कार्य होगा। डाउन व अप लाइन की बरेली-रोजा पैसेंजर छह अगस्त, डाउन व अप लाइन की शाहजहांपुर-बालामऊ पैसेंजर 7 अगस्त, सीतापुर-शाहजहांपुर पैसेंजर छह अगस्त, शाहजहांपुर-लखनऊ पैसेंजर 6 अगस्त, डाउन व अप लाइन की बरेली-वाराणसी एक्सप्रेस एक अगस्त से 5 अगस्त, डाउन व अप लाइन की प्रयाग-बरेली एक्सप्रेस दो अगस्त से 5 अगस्त, जनता एक्सप्रेस 24 जुलाई से 5 अगस्त, डाउन व अप लाइन की त्रिवेणी एक्सप्रेस 31 जुलाई से पांच अगस्त, डाउन व अप लाइन की चंडीगढ़ एक्सप्रेस एक अगस्त से 6 अगस्त, डाउन व अप लाइन की काशी विश्वनाथ एक्सप्रेस 31 जुलाई से 5 अगस्त, डाउन तथा अप लाइन गुवाहाटी एक्सप्रेस 31 जुलाई से 5 अगस्त, डाउन व अप लाइन की अमरनाथ एक्सप्रेस एक अगस्त से 3 अगस्त, डाउन व अप लाइन की राज्यरानी एक्सप्रेस दो अगस्त से 5 अगस्त तक निरस्त रहेगी। इधर जननायक एक्सप्रेस, जनसाधरण एक्सप्रेस, नौचंदी एक्सप्रेस 24 जुलाई से सात अगस्त रूट डायवर्जन किया गया है। एसएस पीएस तोमर ने बताया कि रोजा इंटरलॉकिंग को लेकर दस दिन तक यहां इंजन रिपेयरिंग का काम होगा। कुछ ट्रेनों को निरस्त किया गया है।

### अलीगढ़ के युवक से 12 लाख हड़पे

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** अलीगढ़ के थाना अतरौली क्षेत्र के सिमथला निवासी सोरन सिंह ने बताया कि बीती एक अगस्त 2022 को तीन व्यक्ति साकित अग्रवाल, एहसान और हंसाराम उनके घर आए थे। साकित ने बताया कि वह सिविल लाइंस के वेव ग्रीन कॉलोनी में रहता और इंस्टाबेस साल्यूशन कंपनी के नाम से दवा का कारोबार करता है। आरोपी ने सोरन को सेंटर खोलकर मुनाफा कमाने का ऑफर दिया। 3500-3500 रुपये देकर पीड़ित ने चार रजिस्ट्रेशन करा दिए थे। जिसके उन्होंने साकित को सात लाख 65 हजार रुपये दिए, लेकिन आरोपी ने सेंटर नहीं खुलवाया। मुरादाबाद आने पर पता चला कि साकित अग्रवाल का असली नाम अनुराग सिसौदिया है। वह अर्चना दीप सोसायटी में रहता है। आरोपी ने सोरन को अपने घर में बंधक बना लिया और कहा कि जब तक 12 लाख रुपये नहीं मिलेंगे तब तक सेंटर नहीं खोला जाएगा। आरोप है कि आरोपी ने सोरन के नाम से पांच लाख 60 हजार रुपये का लोन स्वीकृत करा लिया और रकम अपने खाते में ले ली। इसके बाद ही पीड़ित को बंधन मुक्त किया।

## कांवड़ियों के लिए हाईवे वन वे किया

**पाकबाड़ा, अमृत विचार :** हाईवे को कांवड़ियों के लिए वन वे कर दिया गया है। दूसरी ओर वाहनों को डायवर्ट करके निकाला जा रहा है। हाईवे पर सोमवार तक भारी वाहनों की एंट्री बंद कर दी गई है।

थाना क्षेत्र पाकबड़ा के सीएनजी पंप से जीरो पॉइंट तक भारी वाहनों की एंट्री को रोक दिया गया है। छोटे वाहनों को भी जगह-जगह पर डायवर्ट किया जा रहा है। सर्विस रोड पर सभी कट बंद कर दिए गए हैं। हाईवे पर थाना पुलिस से लेकर ट्रैफिक पुलिसमुस्तैद है। जिससे कांवड़ियों को कोई दिक्कत न हो। सीएनजी पंप पर थाना पुलिस और ट्रैफिक पुलिस के साथ यातायात को असमोली संभल को डायवर्ट करने के लिए पुलिस कर्मी लगे हुए हैं। उसके बाद बागड़पुर कट के पास अगवानपुर बाईपास की ओर भारी वाहनों को रोकने एवं डायवर्ट करने के लिए पुलिस मुस्तैद है। पाकबड़ा पेट्रोल पंप के पास सर्विस रोड को बंद कर दिया गया है। सभी वाहनों को नया मुरादाबाद में होते हुए जीरो पॉइंट पर निकाला जा रहा है। बरेली रामपुर जाने वाले वाहनों को जीरो पॉइंट से बाईपास पर चढ़ाकर भेजा जा रहा है।

# पंचायती राज व्यवस्था प्रजातंत्र की नर्सरी

मुरादाबाद कार्यालय

- **कुंदरकी के डींगरपुर में पंचायत प्रतिनिधि प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल हुए पशुधन एवं दुग्ध विकास, राजनीतिक पेंशन मंत्री धर्मपाल सिंह**

**अमृत विचार:** प्रदेश के पशुधन एवं दुग्ध विकास, राजनीतिक पेंशन मंत्री धर्मपाल सिंह ने कहा कि पंचायती राज व्यवस्था प्रजातंत्र की नर्सरी है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने कहा था कि उस दिन सच्चा प्रजातंत्र आयेगा जिस दिन गांव के अंतिम छोर पर खड़ा शोषित, पीड़ित और उपेक्षित व्यक्ति अपने मौलिक अधिकारों का प्रयोग कर सकेगा और न्याय की मुख्य धारा से जुड़ सकेगा। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश के हर गरीब और जरूरतमंद व्यक्ति को मजबूत और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। वह शनिवार को कुंदरकी के ग्राम डींगरपुर में पंचायत राज विभाग द्वारा आयोजित पंचायत प्रतिनिधि प्रशिक्षण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे। उन्होंने कहा कि पंचायतें आज प्रदेश के विकास में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहीं हैं। पंचायतों को सशक्त बनाया जा रहा है। आज शासन से ग्राम पंचायतों को सीधे पैसा भेजा जाता है। सरकार द्वारा विकास की योजनाओं में बिना किसी भेदभाव के प्रत्येक पात्र व्यक्ति को लाभान्वित किया जा रहा है।

राज्य मंत्री (स्वतंत्र विभाग) सहकारिता जेपीएस राठौर ने सहकारी समितियों के माध्यम से किए जा रहे कार्यों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आज गांव के विकास के लिए प्रदेश और केंद्र सरकार लगातार अनेक योजनाएं चल रही हैं।

पिछले वर्ष सितंबर में सहकारिता विभाग में एक माह में 30 लाख नए सदस्य जोड़े गए और 70 करोड रुपये की अंशपूंजी जमा हुई। इसके बाद सभी सहकारी समितियों पर खाद भी भरपूर मात्रा में उपलब्ध कराई जा रही है। राज्य मंत्री (स्वतंत्र विभाग) गुलाब देवी ने कहा कि आज हर घर में कोई न कोई सरकारी योजना पहुंच चुकी है। आवास, शौचालय, आयुष्मान कार्ड, किसान सम्मान निधि और पेंशन योजनाएं पूरी पारदर्शी तरीके से प्रत्येक पात्र परिवार को मिल रही है।

गरीब परिवारों को खाद्य सुरक्षा प्रदान की जा रही है। राज्यमंत्री संसदीय कार्य एवं औद्योगिक विकास विभाग जसवंत सिंह सैनी ने कहा कि गांव के प्रधान के माध्यम से गांव की सरकार चलती है। गांव के विकास की जिम्मेदारी ग्राम प्रधान पर ही होती है।

**न्यायालय उपजिलाधिकारी, बिल्सी जिला बदायूँ**
**वाद संख्या 3507 सन् 2022 ई.**

सुधीर कुमार पुत्र हरीशचंद्र निवासी मु. नं. 5 बिल्सी बदायूँ वादी बनाम दिलीप कुमार माहे आदि धारा 144 रा.सं. ग्राम अम्बियापुर बाहर चुंगी तह. तहसील जिला बदायूँ

1. दिलीप कुमार माहे. नि. नवादा गली बहासे, कासगंज 2. श्रीमती गीतांजली पत्नी भुवनेश वार्ष्णेय नि.मु. नं 5 कस्बा बिल्सी जनपद बदायूँ 3. उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा कलैक्टर 4. ग्राम पंचायत अम्बियापुर तह. बिल्सी द्वारा ग्राम प्रधान प्रतिवादीगण

चूंकि उपरिनामांकित ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए 2024 के 08/02 को बजे पूर्वान्ह के समय में या सम्यक रूपेणा अनुर्दिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जावेगा अवधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज ई. के दिवस को निकाली गई।

**न्यायाधीश**

**सम्मन बनाम प्रतिवादी**
**अदालत श्रीमान उपजिलाधिकारी महोदय कलीनगर जिला पीलीभीत**
**वाद संख्या- T-202412560400723 सन् 2024**
**ज्वाला प्रसाद बनाम प्यारे लाल आदि**

1. प्यारे लाल पुत्र सीताराम नि. चिड़िया दाह तह. व जिला पीलीभीत 2. राज सिंह पुत्र गुरमुख सिंह सं. सगा पिता गुरमुख सिंह नि. ग्राम अमृता दलीपपुर तह. तलीनगर जिला पीलीभीत। 3. रामेश्वर पुत्र छदम्मी 4. रामस्वरूप पुत्र छदम्मी 5. वीरेन्द्र देवी पत्नी रामस्वरूप निवासीगण दहगला तहसील व जिला पीलीभीत हाल नि. कुँवरपुर ता. आनन्दपुर तह. कलीनगर जिला पीलीभीत 6. रोशन लाल पुत्र डोरी लाल 7. लालाराम पुत्र डोरी लाल 8. प्रानसुख पुत्र डोरी लाल निवासीगण ग्राम दहगला तह. व जिला पीलीभीत 9. ग्राम सभा द्वारा प्रधान अभयपुर मु. शाहगढ़ तहसील कलीनगर जिला पीलीभीत ..... ....प्रतिवादीगण धारा-24 उ.प्र. रा. संहिता ग्राम-अभयपुर मु. शाहगढ़ तह - कलीनगर-पीलीभीत।

वाजैही कि आपके खिलाफ एक नालिस दफा 24 उ.प्र. रा.सं. दायर की है अत: आप दिनांक 02.08.2024 वबक्त 11:00 बजे दिल असालतन या विकालतन या अन्य कोई शख्त जो वाकिफ हाल मुकदमा उक्त दिनांक पर अपनी जवाबदेही पेश करो या आपको लाजिम है कि उसी रोज अपने जुमला गवाहों को व नीज दस्तावेज जिनकी सहादत पर आपव ताईद अपनी जवाबदेही इस्तदकाल करना चाहते हो पेश करो अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो उसकी समात आपकी गैर हाजिर में आपके मसमूह फैसला होगा।

दिनांक 26.07.2024 को मेरे दस्तखत व मोहर अदालत से जारी किया गया।

**न्यायालय उपल जिलाधिकारी, कलीनगर, जिला पीलीभीत।**

# हमारी आधुनिकता वास्तविक नहीं



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

> वैदिक काल की निरंतरता का विकास हड़प्पा सभ्यता है। इसे स्वतंत्र सभ्यता बताने वाले गलती पर हैं। कोई भी सभ्यता या संस्कृति शून्य से नहीं उगती। हड़प्पा की सभ्यता नगरीय सभ्यता है। नगरीय जीवन खाद्यान्न सहित तमाम मूलभूत आवश्यकताओं के लिए ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर निर्भर होते हैं।

आधुनिकता प्रायः आकर्षण होती है। नई होती है और ताजी प्रतीत होती है, लेकिन वास्तविक आधुनिकता विचारणीय है। आधुनिकता नकली भी होती है। दरअसल आधुनिकता स्वयं में कोई निरपेक्ष आदर्श या व्यवहार नहीं है। इसका सीधा अर्थ ही प्राचीनता का अनुवर्ती है। आधुनिकता प्राचीनता के बाद ही आती है। इसलिए हरेक आधुनिकता की एक सुनिश्चित प्राचीनता होती है। इसी तरह प्राचीनता की भी और प्राचीनता होती है। आधुनिकता को और आधुनिक कहने के लिए उत्तर आधुनिकता शब्द का चलन बढ़ा भी है। सच बात तो यही है कि प्राचीनता और आधुनिकता के विभाजन ही कृत्रिम हैं। काल अखंड सत्ता है। काल में न कुछ प्राचीन है और न ही आधुनिक। हम मनुष्य ही काल संगति में प्राचीनता या नवीनता के विवेचन करते हैं। प्राचीनता ही अपने अद्यतन विस्तार में नवीनता और आधुनिकता है। हम आधुनिक मनुष्य अपने पूर्वजों का ही विस्तार हैं। वे भी अपने विषम परिस्थितियों में अपने पूर्वजों से प्राप्त जीवन मूल्यों को झाड़ पोछकर अपने समय की आधुनिकता गढ़ रहे थे। ऐसा कार्य सतत प्रवाही रहता है।

गतिशील समाज वर्तमान से संतुष्ट नहीं रहते। वे उसे और सुंदर बनाने के स्वप्न देखते हैं। कर्म भी करते हैं। वे राजव्यवस्था से भी संतुष्ट नहीं होते। जनतंत्री देशों में चुनाव होते हैं। राजव्यवस्था के कर्ताधर्ता एक निश्चित अवधि बाद चुनाव में जाते हैं। समाज उन्हें बदल देता है या फिर से उन्हें ही काम करने का जनादेश देता है,लेकिन समाज व्यवस्था के बदलने का कोई चुनाव नहीं होता। सामाजिक असंतोष को दूर करने का समयबद्ध उपाय नहीं है। सत्य की प्रतिष्ठा शाश्वत जीवन मूल्य है। असहमति के आदर से समाज की गतिशीलता बढ़ती है। सभी संस्कृतियों में प्राचीन के साथ संवाद की परंपरा है,लेकिन कथित प्रगतिवादी प्राचीन को कालवाह्य बताते हैं,लेकिन सारा पुराना कालवाह्य कूड़ा करकट नहीं होता। वह पूरा का पूरा बदली परिस्थितियों में उपयोगी भी नहीं होता। पुराने के गर्भ से ही नया निकलता है। नवजात में पुराने के अंश भी होते हैं। सत्य, शिव और सुंदर के लिए कर्म चला करते हैं। इन्हीं तीनों की त्रयी विवेचन का मूल आधार बनती है। आधुनिकता का आग्रह स्वाभाविक है,लेकिन स्वाभाविक आधुनिकता भी प्राचीनता के गर्भ से ही आती है। हमें जीवन मूल्यों का आयात नहीं करना चाहिए। यों आधुनिकता कोई जीवनमूल्य नहीं है और प्राचीनता भी नहीं। दोनों समय और परिस्थिति का ही बोध कराते हैं।

विज्ञान और दर्शन के विकास ने देखने और सोचने की नई दृष्टि दी है। इससे प्राचीनता को सुंदर नूतन परिधान मिले हैं। ऋग्वेद प्राचीनतम ज्ञान कोष है। हम ऋग्वेद के समाज को प्राचीन कहते हैं। ऐसा उचित भी है। ऋग्वेद में उसके भी पहले के समाज का वर्णन है। ऋग्वेद जैसा मनोरम दर्शन और काव्य अचानक नहीं उगा। निश्चित ही उसके पहले भी दर्शन और विज्ञान के तमाम सूत्र थे। वैदिक पूर्वजों ने अपने पूर्वजों से प्राप्त परंपरा का विकास किया। ऋग्वेद की कविता वैदिक काल की आधुनिकता का दर्शन-दिग्दर्शन है। यही बात उपनिषद् और महाकाव्य काल पर भी लागू होती है। महाभारत में धर्म, सत्य और लोकव्यवहार की मान्यताएं बदल गई हैं। इसीलिए उसी समय गीता दर्शन का उदय हुआ। अर्जुन ने उस समय विद्यमान तमाम प्रश्नों और चुनौतियों को मौलिक प्रश्न बनाया। श्रीकृष्ण ने उनके उत्तर दिए। महाभारत काल के लोग गीता दर्शन के उदय को आधुनिक काल कहते थे। श्रीमद् भागवत उसी समय की आधुनिकता का भाव प्रवण चित्रण है। इसमें प्रेमरस, भावरस और भक्ति रस का प्रीतिपूर्ण प्रवाह है,लेकिन महाभारत काल की आधुनिकता में भी वैदिक परंपरा की निरंतरता है। सांस्कृतिक निरंतरता पर ध्यान देना बहुत जरूरी है। असली बात सांस्कृतिक निरंतरता है।

वैदिक काल की निरंतरता का विकास हड़प्पा सभ्यता है। इसे स्वतंत्र सभ्यता बताने वाले गलती पर हैं। कोई भी सभ्यता या संस्कृति शून्य से नहीं उगती। हड़प्पा की सभ्यता नगरीय सभ्यता है। नगरीय जीवन खाद्यान्न सहित तमाम मूलभूत आवश्यकताओं के लिए ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर निर्भर होते हैं। ग्रामीण अर्थव्यवस्था या खेती किसानी के विकास का भी इतिहास है। कौटिल्य का 'अर्थशास्त्र' ईसा के लगभग 325 वर्ष पूर्व की सूचना देता है। इस अर्थशास्त्र में भी वैदिक दर्शन की परंपरा है। 'अर्थशास्त्र' के रचनाकाल का समाज भी अपने समय आधुनिक ही था। अब यह स्वाभाविक ही प्राचीनकाल का भाग है। आधुनिक भारत का समाज प्राचीन भारत के पूर्वजों के सचेत या अचेत परिश्रम का परिणाम है। आधुनिकता में प्राचीनता की चेतना होनी चाहिए,लेकिन अंग्रेजी राज के दीर्घकाल में प्राचीनता को अंधविश्वास और पिछड़ापन बताया गया। पूर्वज आर्यों को भी विदेशी पढ़ाया गया। एक अस्वाभाविक आधुनिकता का विकास किया गया। बावजूद इसके कि अनेक यूरोपीय विद्वान भी भारतीय दर्शन और संस्कृति के पक्षधर थे,लेकिन अंग्रेजी सत्ता संस्कृतिहीन समाज बना रही थी। उन्होंने स्वयं को आधुनिक बताया और भारतीय सभ्यता को पिछड़ा। आधुनिकता भारतीय प्राचीनता की ही पुत्री है। प्राचीनता मां है और आधुनिकता पुत्री। माता पूज्य है और पुत्री आदरणीय। दोनों स्वतंत्र सत्ता नहीं हैं। आधुनिकता को यथासंभव मां के सद्गुणों का अवलंबन करना चाहिए और देश काल परिस्थिति के अनुसार स्वयं का पुनर्सृजन व विकास भी करना चाहिए। प्राचीनता पिछड़ापन नहीं है। प्राचीनता का विवेचन जरूरी है। प्राचीनता की गतिशीलता में ही हम आधुनिक होते हैं। गति के साथ अनुकूलन करना और अनुकूलन व अनुसरण में ही प्रगतिशील होते जाना काल का आह्वान है।

वर्तमान समाज व्यवस्था व जीवनशैली संतोषजनक नहीं है। इसका मुख्य कारण प्राचीनता से अलगाव है। आयातित आधुनिकता ने हमारी स्वाभाविक संस्थाएं भी तोड़ी हैं। परिवार, प्रीति और आत्मीयता के बंधन टूट रहे हैं। असंतोष विषाद बन रहा है और विषाद अवसाद। इसलिए लोकमत निर्माण में लगे सभी विद्वानों, पत्रकारों, साहित्यकारों, सामाजिक कार्यकर्ता और मूल्यनिष्ठ राजनेताओं को ध्येयनिष्ठ, स्वाभाविक आधुनिकता के सृजन में जुटना चाहिए। भारतीय प्राचीनता और परंपरा से ही आधुनिकता का विस्तार होता तो हम अपने जीवनमूल्यों और संस्कृति के प्रति आग्रही भाव में आधुनिक होते,लेकिन ऐसा नहीं हुआ। हमारी आधुनिकता 'वास्तविक' नहीं है। यह उधार की है। विदेशी है। यह विदेशी सत्ता के प्रभाव में विकसित हुई है। भारत की स्वाभाविक आधुनिकता के विकास के लिए विवेकानंद, दयानंद, गांधी, डॉ. हेडगेवार और डॉ. आंबेडकर, पं. दीनदयाल उपाध्याय आदि सामाजिक कार्यकर्ताओं ने तमाम प्रयास किए। लोकमत का परिष्कार और संस्कार भी हुआ। इसके तमाम सकारात्मक लाभ भी हुए। विश्व संपर्क से भारत की समझ भी बढ़ी। भारतीय संपर्क से विश्व का भी ज्ञानवर्द्धन भी हुआ,लेकिन भारत में लोकमत के संस्कार का काम संतोषजनक नहीं है। हम भारत के लोग बहुधा दुनिया के अन्य देशों की जीवनशैली की प्रशंसा करते हैं। विदेशी सभ्यता को अपनी सभ्यता से श्रेष्ठ बताने वाले भी हैं यहां। संप्रति भारतीय आधुनिकता भारतीय नहीं जान पड़ती। यह प्राचीनता का स्वाभाविक विस्तार नहीं है। इस आधुनिकता में विदेशी जीवनमूल्यों का प्रवाह है। यह भारत के स्वयं को आत्महीन बना रही है। इसलिए मूल परंपरा से संवाद जरूरी है।

# सूखे का आसन्न संकट



डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

> नतीजतन अंधाधुंध भूजल के भारी दोहन से जलस्तर रसातलोन्मुख है,वहीं खपत बढ़ जाने से बिजली बार-बार कट रही है, भारी खपत का लोड नहीं ले पा रही।

पूर्वांचल के कई जिलों में विगत एक पखवारे से अवर्षण की स्थिति के चलते किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें गहराने लगी हैं। यह क्षेत्र सूखे की ओर अग्रसर है। एक ओर सूखे का बढ़ता संकट तो सही सलाह के अभाव में जहां दशक भर पहले धान की खेती नहीं होती थी, वहां ज्यादातर किसान अब धान की फसल ले रहे हैं। कृषि विभाग और कृषि विज्ञान केंद्र या तो समय से सही सलाह नहीं दे पा रहे या फिर किसानों की हठधर्मिता के कारण लाचार हैं।

नतीजतन अंधाधुंध भूजल के भारी दोहन से जलस्तर रसातलोन्मुख है वहीं खपत बढ़ जाने से बिजली बार-बार कट रही है, भारी खपत का लोड नहीं ले पा रही। यह दोहरी विसंगति है। नल पानी छोड़ दे रहे हैं, पेयजल का संकट आसन्न है। कम गहराई के सबमर्सिबल पंप भी पानी नहीं उठा पा रहे। जल के स्रोत - एक्विफर्स सूख रहे हैं।

इस दौरान उत्तर प्रदेश के कृषि मंत्री ने अपने एक वक्तव्य में किसानों को अति विलंब से धान रोपने के बजाय मक्का, उड़द, ज्वार, बाजरा एवं कोंदो को बोने की सलाह दे रहे हैं। यह सलाह तब आई है जब किसानों को धान को रोपे माह भर गुजर गया है। मतलब का वर्षा जब कृषि सुखाने को ही मंत्री जी ने चरितार्थ किया है।

एक किसान ने टिप्पणी की क्या मंत्री जी लंदन में रहते हैं, जो उन्हें यह पता नहीं कि धान की बुआई और बेहन रोपाई काफी पहले हो गई है। उसे आश्वस्त किया गया कि नहीं भाई मंत्री जी अपने पूर्वांचल जिले जवार के हैं। असंतुष्ट किसान का जवाब था फिर काहे वे अब जाकर धान बोने की मनाही कर रहे हैं। यह उन्हें एक दो माह पहले ही बताना था।

अपने उक्त बयान में मंत्री जी ने कम पानी की फसलों में मक्का भी गिनाया है और उसकी कई वैरायटी जैसे हाइब्रिड, बेबीकार्न, स्वीटकार्न का उल्लेख किया है। जौनपुर मक्के की अच्छी उपज के लिए जाना जाता रहा है। मगर अब छुट्टा गोवंश और नीलगायों के आतंक के चलते इस फसल को उगाना ज्यादातर किसानों ने बंद कर दिया है। पता नहीं मंत्री जी को इस तथ्य का भी संज्ञान है या नहीं। या कृषि विभाग भी मंत्री जी को सही जानकारी नहीं दे पा रहा।

हां जानकारी मिली कि बाजरा और कोंदो के बीज विकास खंड से पंजीकृत किसानों को मुफ्त वितरण के लिए मिल रहा है। भूजल के गिरते स्तर और अनियमित होती वर्षा के मद्देनजर अब किसानों को कम पानी की फसलों पर आश्रित रहने का वक्त आ गया है। मोटे दानों (मिलेटस, महीन बीज होने के बावजूद भी न जाने इन्हें हिन्दी में मोटा आनाज क्यों कहते हैं?) को बोने का स्वास्थ्य कारणों से भी प्रोत्साहन है। इनमें पानी की भी बहुत खपत होती है। और बाजार में दाम भी अच्छा मिल रहा है और खपत भी बढ़ रही है। इसके सरप्लस को बेचकर किसान अपने इस्तेमाल के लिए अन्यान्न खरीद सकते हैं।

सूखे का आसन्न संकट पूर्वांचल ही नहीं कमोबेश पूरे उत्तर प्रदेश को डरा रहा है। यह स्थिति सरकार के लिए भी अब प्राथमिकता की सूची में पहले नंबर पर आ जाना चाहिए। केवल बयानबाजी से इसका कोई ठोस हल निकलने वाला नहीं। कृषि विभाग को इस चुनौती से निपटने की मुकम्मल तैयारी कर लेनी चाहिए। यह अब एक वार्षिक त्रासदी बनती जा रही है। पेयजल संकट भी इसी का एक और भयावह पहलू है। समय रहते ठोस रणनीति तैयार करनी होगी।

# सर्कुलर कानून का स्थान नहीं ले सकता



डॉ. चंद्र गोपाल पांडेय
अयोध्या

> उच्च न्यायालय ने एक महत्वपूर्ण बिंदु यह उठाया कि संविधान के अनुच्छेद 14 व 19 के तहत प्राप्त मौलिक अधिकारों को किसी कार्यकारी निर्देशों, सर्कुलर और कार्यालय ज्ञाप से नहीं बदला जा सकता है।

इस समय राजनीतिक दलों और सामाजिक-सांस्कृतिक संगठनों के मध्य केन्द्र सरकार का 9 जुलाई 2024 का निर्णय चर्चा का विषय बना है। यह निर्णय कर्मचारियों का संघ का स्वयंसेवक बनने का मार्ग प्रशस्त करता है। लगभग 58 वर्ष पूर्व 1966 में केंद्र सरकार ने एक कार्यालय ज्ञाप के जरिए सरकारी कर्मचारियों का राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ व जमात-ए-इस्लामी की गतिविधियों में भाग लेने को प्रतिबंधित कर दिया था। अब उसी आदेश से राष्ट्रीय स्वयं सेवक (आरएसएस) हटा लिया है। यह निर्णय भाजपा नीत केंद्र सरकार ने अपने आप से समीक्षा करके नहीं लिया है, बल्कि मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय की इंदौर खंडपीठ में योजित एक याचिका के चलते लिया है। याचिका केंद्र सरकार की सेवानिवृत अधिकारी पुरुषोत्तम गुप्ता ने गत वर्ष योजित की थी।

उच्च न्यायालय ने एक महत्वपूर्ण बिंदु यह उठाया कि संविधान के अनुच्छेद 14 व 19 के तहत प्राप्त मौलिक अधिकारों को किसी कार्यकारी निर्देशों, सर्कुलर और कार्यालय ज्ञाप से नहीं बदला जा सकता है। उसे केवल संविधान सम्मत कानून बनाकर ही बदला जा सकता है। यहां उच्च न्यायालय ने सुप्रीम कोर्ट द्वारा फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया बनाम राजीव कॉलेज ऑफ फार्मेसी (2023) 3 एससीसी 502 मामले में दिए गए निर्णय को उद्धरित किया है। इस निर्णय में फार्मेसी काउंसिल के कार्यालय ज्ञाप की संवैधानिकता का परीक्षण किया गया है। सुप्रीम कोर्ट ने फार्मेसी काउंसिल के कार्यालय ज्ञाप को यह कहकर निरस्त कर दिया कि मौलिक अधिकार कार्यकारी निर्देशों से नहीं बदले जा सकते। इस निर्णय की विवेचना में उच्च न्यायालय ने आगे भी कहा है कि कार्यालय ज्ञाप कानून नहीं बन सकते। उच्च न्यायालय ने कहा कि भारत संघ ने याचिका पर जवाब दाखिल करने में 10 माह लगा दिया। न्यायालय ने इस बात को लेकर नाराजगी व्यक्त की कि केंद्र सरकार को आरएसएस जैसे अंतर्राष्ट्रीय ख्याति के संगठन से कर्मचारियों के जुड़ने पर लगी पाबंदी की गलती का एहसास होने में 50 साल लग गए। यहां यह टिप्पणी इसलिए भी प्रासंगिक है कि स्व. बाजपेयी और मोदी सरकार के 15 साल के शासन में भी इस तरफ ध्यान नहीं गया। दोनों प्रधानमंत्री स्वयंसेवक रहे हैं।

पीठ की यह टिप्पणी कम महत्वपूर्ण नहीं है कि केंद्र सरकार के कई कर्मचारियों की कई तरीकों से देश की सेवा करने की आकांक्षाएं इन पांच दशकों में इस प्रतिबंध के कारण कम हो गईं। यह प्रतिबंध तभी हटाया गया जब इसे न्यायालय के ध्यान में लाया गया। पीठ का सुविचारित मत था कि आरएसएस की अराजनीतिक गतिविधियों को भी सांप्रदायिक, धर्मनिरपेक्ष विरोधी और राष्ट्रीय विरोधी दिखाना एक ऐसा निर्णय है, जिससे न केवल संगठन, बल्कि इससे साथ जुड़ने की इच्छा रखने वाले हर व्यक्ति के लिए उचित नहीं रहा। न्यायालय ने कहा, मौलिक अधिकारों का उल्लंघन करने वाले किसी भी कार्यकारी या विधायी निर्णय पर प्रतिबंधों को उचित ठहराने के लिए ठोस डेटा और साक्ष्य होना चाहिए।

उच्च न्यायालय ने कहा कि केंद्र सरकार 'मैं सब से ऊपर' जैसा व्यवहार नहीं कर सकती। केंद्र सरकार को कर्मचारियों के लिए 'न शामिल होने वाले' संगठन का निर्णय तर्कों, कारणों और न्याय के नियमों से लेना चाहिए न कि सत्ता में बैठे लोगों की राय से। निर्णय के अनुसार "राजनीति के अलावा धार्मिक, सामाजिक, परोपकारी, शैक्षिक जैसी गतिविधियों के लिए आरएसएस जैसे संगठन की स्वैच्छिक सदस्यता को इन निर्देशों के माध्यम से प्रतिबंधित नहीं किया जा सकता है। अगर ऐसा करने की जरूरत महसूस की गई थी तो उन्हें केवल कानून के माध्यम से ही किया जाना चाहिए था या कंडक्ट रूल में संशोधन के माध्यम से।" यह बात अलग है कि संघ का व्यावहारिक पक्ष कुछ अलग ही है। उसकी अपनी एक अलग किस्म की कार्यसंस्कृति है। यहां का स्वयंसेवक आजीवन स्वयंसेवक बना रहता है या बना रहना चाहता है। स्वयंसेवकों की शिक्षा-दीक्षा इस तरह के परिवेश में दी जाती है कि आगे चलकर शायद ही उन पर कोई अन्य विचारधारा हावी हो सके। संघ से दीक्षित, प्रशिक्षित अधिसंख्य स्वयंसेवक सरकारी सेवा में आने के बाद भी निर्विकार, निःस्वार्थ भाव से निष्ठा के साथ संघ की गतिविधियों से जुड़े रहे हैं। कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय द्वारा 9 जुलाई को जारी कार्यालय ज्ञाप से कर्मचारियों की संघ की गतिविधियों में भाग लेने की झिझक व संकोच काफी हद तक कम हुई है। भय भी समाप्त हुआ है। उनका यह कार्य अब अनुशासन हीनता की परिधि में नहीं आएगा। परिणामस्वरूप अनुशासनिक कार्यवाही की तलवार भी नहीं लटकेगी। उल्लेखनीय है कि 30 नवंबर 1966 को गृह मंत्रालय ने कार्यालय ज्ञाप में कहा था कि किसी सरकारी कर्मचारी का संघ का सदस्य होना या उससे जुड़ना या उसकी गतिविधियों में भाग लेना सेंट्रल सिविल सर्विस (कंडक्ट) रूल्स 1964 के नियम-5(1) के तहत अनुशासनिक कार्यवाही की परिधि में आएगा।

सरकार के इस कदम की आरएसएस ने सराहना की है। उसके प्रवक्ता सुनील आंबेकर ने सरकार के इस निर्णय को सही ठहराया है और भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत करने वाला निर्णय कहा है। आंबेकर ने कहा कि राजनीतिक हितों के कारण, तत्कालीन सरकारों ने कर्मचारियों को संघ जैसे रचनात्मक संगठन की गतिविधियों में भाग लेने से प्रतिबंधित किया था।

# लोककथा : जीवनी शक्ति



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

परिवेश की भिन्नता के छिलके को उतार दें,तो संसार के सभी देशों की लोक-कहानियों में एक ही रस है। लोककथा की चेतना विश्वचेतना है। यदि ऐसा न होता तो सभी देशों की कहानियों में एक जैसे मोटिफ कैसे मिल जाते? लोककथा की कल्पना उसी मनुष्य की हैं,जो हमारी तरह सोचता है। हमारी तरह चिंतित होता है,जिसमें जिजीविषा है, रिरिंसा है, जीने की इच्छा और सुख की खोज। विश्वास का सच विज्ञान के सच से छोटा नहीं होता। लोक कथा आपको झूठी लगे तो सौ बार लग जाए,पर उसने जीवन की घोर अंधेरी रातों में आश्वासन दिया है। उस अकिंचन के पास था क्या? लोककथा में जीवनी शक्ति न होती तो आदमी उसे अपने पास क्यों रखता? वह निर्बल का बल है।

किताब में लिखा था सच बात तो यह है कि हमारी अध्ययन प्रणाली से ही लोकजीवन गायब है। यह परिकल्पना ही नहीं है कि हम साहित्य को लोकजीवन की पृष्ठभूमि में समझ सकें। "हमने कमरे में बैठकर पढ़ना तो सीखा है, उसे लोकजीवन के संदर्भों से जोड़ना नहीं सीखा। मैं एमए कर रहा था, मेरे प्रोफेसर मुझे किताब में लिखी बात पढ़ा रहे थे कि विद्यापति श्रृंगारी कवि हैं, जयदेव श्रृंगारी कवि हैं। दूसरी ओर मैं वृंदावन में देखता था कि मृदंग बज रही है,करताल और मजीरे गूंज रहे हैं तथा असम, उड़ीसा,बंगाल के सौ-सौ टोल जयदेव की पदावली पर संकीर्तन-नृत्य कर रहे हैं, आनंद में झूम रहे हैं,जीवन को धन्य बना रहे हैं।

वे आलोचक जिन्होंने लिख दिया कि जयदेव श्रृंगारी हैं,अपने मन को जान सके थे,किंतु लोकजीवन को वे कहां देख सके थे? परंतु इसमें हमारे प्रोफेसर का दोष ही क्या था? किताब में यही लिख रहा था और पढ़ाई का मतलब जो किताब में लिखा है। यह सोचा ही नहीं जा सका कि किताब का ज्ञान जीवन में से आता है। जर्मनी के एक लोकवार्ताशास्त्री मिले थे,बतला रहे थे कि वहां बूथ लगे हुए हैं, लोग जाते हैं, जितने रुपये डालते हैं, उतना दूध मशीन में से निकल आता है। वे बतला रहे थे कि जब उन्होंने बच्चे को बतलाया कि यह दूध भैंस देती है तो बच्चे को भरोसा ही नहीं हुआ। भैंस उसने देखी नहीं थी, मशीन ही उसके सोच में थी। किताब साधन है,साध्य नहीं।

# पराजित पक्ष का अपमान उचित नहीं



सलिल पांडेय
मिर्जापुर

किसी प्रतिद्वंद्विता में एक पक्ष जीतता है तो एक पक्ष हारता है। देश, काल और परिस्थितियों पर हार-जीत का निर्धारण होता है। पराजित व्यक्ति हो या समूह, उसकी खिल्ली न उड़ाने का उदाहरण त्रेतायुग में मर्यादापुरुषोत्तम श्रीराम ने प्रस्तुत किया था। उन्होंने अनुज लक्ष्मण से कहा, 'जाओ, रावण से ज्ञान प्राप्त कर लो।' इसके साथ ही रावण के अंतिम संस्कार की व्यवस्था खुद श्रीराम ने अपनी देखरेख में कराई। इसी तरह द्वापर युग के दौरान महाभारत युद्ध में पराजित होकर शरशैय्या पर लेटे भीष्म पितामह से शिक्षा लेने के लिए श्रीकृष्ण ने युधिष्ठिर को भेजा जबकि स्वयं ही ज्ञान के प्रतिमूर्ति थे। इन दोनों उदाहरणों से जाहिर होता है कि भारतीय संस्कृति एक दूसरे को सम्मान देने के कारण उत्कृष्ट है।

इसके विपरीत सामान्य जीवन में जब इन उदाहरणों के विपरीत कार्य होता है तो इसका असर समाज पर पड़ता है। स्वाभाविक है कि जीते हुए व्यक्ति और समूह में उत्साह और भीड़ होती है। ऐसी स्थिति में पराजित वर्ग का उपहास शुरू होने लगता है,जो किसी दृष्टि से लाभप्रद तो नहीं होता,बल्कि कटुता का बीजारोपण होने लगता है। पराजय पर भी बधाई और खिल्ली न उड़ाने का वर्तमान दौर में सबसे अच्छा उदाहरण खेल के मैदान में दिखता है। प्रथमतः विजयी टीम पराजित टीम को बधाई देती है और दोनों टीम अगली जीत के लिए प्लानिंग करने लगती हैं। दर्शक भी विजयी टीम का स्वागत करते हुए पराजित टीम के शानदार प्रदर्शन की भी प्रशंसा करती है। ऐसा माहौल राजनीति के मैदान में भी हो तो स्वस्थ समाज की संरचना में वृद्धि होगी,जबकि खिल्ली उड़ाने से विषक्तता ही बढ़ेगी। इसके लिए जीते-हारे दोनो पक्षों को चिंतन-मनन करना पड़ेगा।

# महामारी को लेकर शोध प्रकाशनों की एनालिसिस



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

> देश में होने वाले साइंटिफिक रिसर्च की क्वालिटी तय करने या इसकी गुणवत्ता को जांचने के लिए इंफार्मेशन साइंटिस्ट्स कई पद्धतियों से क्वांटिटेटिव और क्वालिटेटिव एनालिसिस करते हैं।

कोविड-19 के पहले वायरस और वेरियंट्स के आने के बाद इसके प्रभाव से भारत में संक्रमण के दौरान और एक्टिव फेज खत्म होने के बाद के अनेक वैज्ञानिक अध्ययन प्रमुख रूप से भारत के लीडिंग बायो-मेडिकल जर्नल-इंडियन जर्नल ऑफ मेडिकल रिसर्च में सन 2020 से लेकर अब तक के लेटेस्ट इश्यू फरवरी 2024 में प्रकाशित हुए हैं। ये करीब 100 या इससे अधिक हो सकते हैं और भारतीय जनों में इस संक्रमण से संबद्ध अध्ययनों की विविधता चकित करती है। वायरस करैक्टरायिजेशन, इम्यूनोलॉजिकल स्टडीज, वैक्सीन से संबद्ध स्टडीज और इसके प्रभाव, अनेक व्याधियों से पीड़ित इंसानों में कोविड के दुष्प्रभाव, मोर्टेलिटी और इसकी व्यापकता, डेटा एनालिसिस के तौर-तरीके, डायग्नोसिस और इसकी विधियां, नैतिक, प्रशासनिक और लॉजिस्टिक्स से जुड़े इश्यूज और अनुसंधानकर्मियों, फ्रंट हेल्थ वर्कर्स की सेहत, सैनिटेशन और डिस-इंफेक्शन से जुड़े मसले सब पर जानकारी जुटाकर इसे प्रकाशित किया गया।

विद्वत्तसमीक्षा और स्टिटेस्टिकल एनालिसिस से इसे त्रुटिहीन किया गया ताकि रिजल्ट्स भरोसेमंद हों और फिर कभी कोई महामारी आए तो ज्ञान के इस सृजन से मार्गदर्शन मिले। भारत में कोविड के कारण महामारी से जुड़े हुए सभी किस्म के प्रयासों पर प्रत्यक्ष रूप से अनुमानतः 10 हजार करोड़ रुपए खर्च होने का अनुमान है। रुपयों के मूल्य के समकक्ष अप्रत्यक्ष हानि तो कहीं अधिक है। जिन पर कोरोना वायरस और इसके वेरियंट्स का हमला हुआ और वे संयोग से जीवित हैं, उनके शरीर में आए परिवर्तनों पर भी अध्ययन जारी है। इसे अभी 'लॉन्ग-कोविड' खा जा रहा है। ऐसी महामारी के दौर की सोशल, इकोनॉमिक कास्ट के अलावा ह्यूमन कास्ट अत्यधिक होती है, लेकिन यह भी मानव जनसंख्या को नियंत्रित करने का एक कुदरती उपाय है। मनुष्य ने अपने बुद्धिबल से ऐसी चुनौतियों को झेलने की क्षमता और साइंटिफिक उपाय तो ढूंढ लिए हैं, लेकिन कुदरत में माइक्रोब्स का रूपांतरण और एंटी-माइक्रोबियल रेजिस्टेंस तो बनी ही रहेगी, वायरस, बैक्टीरिया, फंगस और पैरासाइट्स मानव शरीर के शत्रु बने रहेंगे। इसके लिए सतत निगरानी अर्थात स्वायलेंस, अवसर अनुसार नई दवा की खोज या पुरानी में संशोधन, डायग्नोस्टिक टेक्निक्स, ऑटोमेशन, से भी अधिक जरूरी है। कुदरत के इस खेल को समझने के लिए उन्नत बौद्धिक संसाधन की जो हमारे साइंसदान और अन्य क्षेत्रों के शोधकर्मी जानते हैं। इन्हें सपोर्ट करने से ही धरती पर मनुष्य रूपी जीव का अस्तित्व कायम रह सकता है। इसलिए आर एंड डी के लिए पहले से अधिक धनराशि की व्यवस्था करने के साथ-साथ मानव संसाधन को विकसित करने की भी जरूरत है। इसमें से दूसरे संसाधन को विकसित करने की जिम्मेवारी यूनिवर्सिटीज और वैज्ञानिक संस्थानों की है। भविष्य में हमें ऐसे संशाधनों में कम से कम हर साल 10 प्रतिशत की दर से इजाफा तो करना ही होगा। दिक्कत यह है कि क्वालिटी रिसर्च करने में ऊंची पढ़ाई करने वाले सभी युवजनों की रुचि घटती जा रही है। इसका एक हल है कोलैबोरेशन और संसाधनों को साझा करना और टैलेंट को विकसित करने के लिए ग्राउंड लेवल पर काम करना। यह खेदजनक ट्रेंड है कि हमारे अधिकांश यूनिवर्सिटीज देश के उच्च वैज्ञानिक शोध संस्थानों से अधिक वास्ता रखने की इच्छुक नहीं, पढ़ाई में सुधार नहीं करती और इन-कांसीक्वेंशियल एंड इंफीरियर टाइप की रिसर्च में समय और संसाधन व्यर्थ कर देती हैं।




इस बारे में देश की साइंटिफिक एस्टेब्लिशमेंट के अलावा प्रधानमंत्री के विज्ञान सलाहकार ने पांच दशकों से अनेक बार चिंता जताई है। इसके परिणाम स्वरुप यू.जी.सी के स्तर पर बहुत कोशिश हुई,लेकिन पीएचडी कार्य की गुणवत्ता में कोई खास वृद्धि नहीं हुई जबकि संख्या में बढ़ोतरी बहुत हुई। देश में होने वाले साइंटिफिक रिसर्च की क्वालिटी तय करने या इसकी गुणवत्ता को जांचने के लिए इंफार्मेशन साइंटिस्ट्स कई पद्धतियों से क्वांटिटेटिव और क्वालिटेटिव एनालिसिस करते हैं। साइंटोमैट्रिक्स और बिब्लियोमैट्रिक्स तकनीकों से ऐसी एनालिसिस में बहुत मदद मिलती है। संयोग से भारत में इंफार्मेशन और डाटा एनालिसिस के एक्सपर्ट्स उच्च स्तरीय काम करने में सक्षम हैं और प्रशासन तंत्र के अलावा पॉलिटिकल गवर्नमेंट को भी मानक सूचना प्रदान करने में चूक नहीं करते।

# समष्टि के बिना व्यष्टि का सुख अधूरा



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

जैसे अतिशय रोष, वैसे ही अतिशय दुःख भी जीवन और जगत पर आदमी की पकड़ ढीली कर देता है। उसकी प्रकृत क्षमता का क्षरण कर देता है। पैमाना तो यही है कि युद्ध ही करना पड़े तो बिना रोष और बिना दुःख के किया जाए। यथार्थ में पैमाने के जितने निकट हों उतना ही बेहतर। पैमाने होते ही इसीलिए हैं।

भारतीय परंपरा में नेवले और सांप का उदाहरण दिया जाता है। सांप रोष में ऐंठ-ऐंठकर अपनी शक्ति जाया करता रहता है। नेवला ठंडे दिमाग से वार करने के मौके का इंतजार करता है,स्थितियां बनाता है, उन पर मास्टरी रखता है और अपनी शर्तों पर लड़ता है। सांप को नेवले द्वारा बनाई गई स्थितियों में,उसकी शर्तों पर लड़ना पड़ता है और विष की अतिरिक्त शक्ति होने के बावजूद हारता वही है, व्यर्थ में जान भी वही गंवाता है। किसी निर्दोष का दुःख, संकट, शोषण दूर करने के लिए सार्थक दिशा में कुछ किया जा सकता है तो उसे करना मानवीयता का तकाजा है। माना कि संपूर्ण मानवता एक इकाई है और समष्टि के सुख के बिना व्यष्टि का सुख अधूरा है। किंतु शोषित मानवता की मुक्ति के लिए खाली-पीली रोष और उन्माद में बने रहना, दुःखी होते रहना अपने आप में कोई मूल्य नहीं हो सकता। पर दुःखकातरता एक मूल्य है,किंतु उसके चलते निष्क्रिय बैठकर रोष और उन्माद में उबलते रहना, या बिना किसी रोडमैप के निरर्थक शक्ति जाया करना कोई मूल्य नहीं हो सकता।

दूसरों को उकसाकर उन्हें निरर्थक आवेश, रोष और दुःख की स्थिति में बनाए रखना तो अपराध नुमा है। सुकून में रहने वाला आदमी उद्भ्रांत आदमी से ज्यादा सक्षम होगा। दूसरों का दुख दूर करने में भी। मार्क्स के साथ,मार्क्स के बिना भी।

# नीट यूजी 2024 की काउंसिलिंग को तैयार होगी राज्य मेरिट सूची

## चिकित्सा शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव पार्थ सारथी ने दिए निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** नीट यूजी 2024 परीक्षा के परिणाम जिलेवार घोषित होने के बाद में प्रदेश में नीट उत्तीर्ण अभ्यर्थियों की स्टेट मेरिट सूची तैयार की जाएगी। राज्य सरकार ने सरकारी व निजी मेडिकल व डेंटल कॉलेजों में एमबीबीएस व बीडीएस में दाखिले लेने के लिए शनिवार को दिशा- निर्देश जारी किए हैं।

राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र(एनआईसी) द्वारा ऑन लाइन नीट यूजी काउंसिलिंग करायी जाएगी। केजीएमयू, डॉ.राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान व शासन स्तर के प्रतिनिधि, चिकित्सा शिक्षा महानिदेशालय(डीजीएमई) के अधिकारियों के साथ मिलकर(समिति) नीट यूजी काउंसिलिंग के लिए विवरण पुस्तिका(ब्रोशर) तैयार करेंगे। चिकित्सा शिक्षा विभाग के प्रमुख




सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने निर्देशों में कहा कि, स्टेट मेरिट सूची एनआईसी के सहयोग से डीजीएमई द्वारा नामित अधिकारी द्वारा तैयार की जाएगी।

उन्होंने कहा कि प्रदेश के सरकारी व निजी मेडिकल कॉलेजों में उपलब्ध सीटों में 85 प्रतिशत सीटें राज्य कोटे से भरी जाएंगी। इसके अलावा पिछले साल नीट यूजी 2023 के स्ट्रे वैकेन्सी राउंड में सीट आवंटन के बाद भी दाखिला न लेने वाले अभ्यर्थियों को इस साल काउंसिलिंग में शामिल नहीं किया जाएगा। शेष नीट यूजी-2024 उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को मेरिट के आधार पर काउंसिलिंग में शामिल होने का अवसर मिलेगा, प्रदेश में लागू आरक्षण नियम लागू होंगे।

### 13 नए मेडिकल कॉलेजों में शुरू होने वाले सत्र पर संशय

मालूम हो कि प्रदेश में इस समय 31 सरकारी मेडिकल कॉलेजों में कुल 3950 सीटों पर प्रवेश लिए जाएंगे। अगर, नेशनल मेडिकल कमीशन द्वारा 13 नए मेडिकल कॉलेजों को सत्र शुरू करने की मान्यता दे दी जाती है तो प्रदेश में एमबीबीएस की 1300 सरकारी सीटों का इजाफा होगा। यानि प्रदेश में 44 सरकारी मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस की 5250 सीटें हो जाएंगी। साथ ही प्राइवेट मेडिकल कॉलेजों में 5950 सीटों पर प्रवेश दिया जाएगा। वहीं, बीडीएस की 70 सीटें सरकारी डेंटल कॉलेज में होंगी, प्राइवेट डेंटल कॉलेजों में 2200 सीटों पर दाखिले लिए जाएंगे।

## मेडिकल पाठ्यपुस्तक के हवाले से दुष्कर्म आरोपी को जमानत दी

**प्रयागराज, अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने दुष्कर्म से संबंधित एक मामले में टिप्पणी करते हुए कहा कि एक अनुभवहीन व्यक्ति के लिए बिना किसी व्यवधान के सो रहे व्यक्ति को बेहोश करना असंभव है। कोर्ट ने मेडिकल पाठ्यपुस्तक का हवाला देते हुए कहा कि यह किसी समाचार-पत्र में अक्सर प्रकाशित होने वाली कहानी की तरह लगता है, जिसमें एक महिला के चेहरे पर क्लोरोफॉर्म से भिगोए रुमाल को रखकर उसे बेहोश किया जाता है और उसके साथ दुष्कर्म किया जाता है। उक्त आदेश न्यायमूर्ति कृष्ण पहल की एकलपीठ ने रविंद्र सिंह राठौर के खिलाफ पुलिस स्टेशन दादरी, गौतमबुद्ध नगर में आईपीसी की विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज मामले में जमानत याचिका स्वीकार करते हुए पारित किया। कोर्ट ने आगे माना कि संविधान के अनुच्छेद 21 द्वारा गारंटीकृत किसी व्यक्ति के जीवन और स्वतंत्रता के अधिकार को केवल इस आधार पर नहीं छीना जा सकता कि उस व्यक्ति पर अपराध करने का आरोप है, जब तक अपराध उचित जांच द्वारा सिद्ध ना हो जाए।

# मेनका गांधी ने राम भुआल के चुनाव को दी चुनौती



हाईकोर्ट के अधिवक्ताओं अमित जायसवाल व प्रशांत सिंह अटल के साथ मेनका गांधी।

विधि संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** भाजपा नेता मेनका गांधी ने सुल्तानपुर से निर्वाचित सपा सांसद राम भुआल निषाद के निर्वाचन को हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच में चुनौती दी है। इस सम्बन्ध में मेनका गांधी ने शनिवार को चुनाव याचिका दाखिल की।

याचिका दाखिल करने के लिए वह अपने अधिवक्ता प्रशांत सिंह अटल के साथ लखनऊ बेंच के वरिष्ठ निबंधक के समक्ष प्रस्तुत भी हुईं। उनके अधिवक्ता ने बताया कि याचिका में अन्य पहलुओं के साथ-साथ मुख्य रूप से यह आधार लिया गया है कि राम भुआल निषाद ने नामांकन के समय दाखिल शपथ पत्र में अपने आपराधिक इतिहास से सम्बन्धित जानकारियां छिपाई हैं। उनहोंने बताया कि राम भुआल निषाद पर 12 आपराधिक मुकदमे चल रहे हैं जबकि उन्होंने अपने शपथ पत्र में मात्र 8 मुकदमों की ही जानकारी दी है। याचिका में कहा गया है कि गोरखपुर जनपद के पिपराइच थाने के एक, बड़हलगंज थाने के दो व देवरिया के मदनपुर थाने के एक आपराधिक मुकदमों की जानकारी राम भुआल निषाद ने छिपाई है। याचिका में राम भुआल निषाद का निर्वाचन निरस्त कर याची मेनका गांधी को निर्वाचित घोषित किये जाने की मांग की गयी है।

## सार-संक्षेप

### लाओस के डाक टिकट में रामलला की तस्वीर




**अयोध्या, अमृत विचार :** दक्षिण पूर्वी एशिया के लाओस देश ने श्री रामलला का चित्र लगा एक डाक टिकट जारी किया है। विहिप मीडिया प्रभारी शरद शर्मा ने लाओस राष्ट्र द्वारा रामलला पर डाक टिकट जारी किये जाने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि सुखद एहसास प्रदान करने वाला अवसर है। रामलला हमारे धर्म संस्कृति के मेरुदंड हैं, जो जन जन में समाए हैं। उन्होंने कहा श्रीराम के प्रति जहां विश्व में आस्था समर्पण दिखाई दे रहा है। वहीं दुर्भाग्य है कि भारत में नकारात्मकता और तुष्टिकरण की राजनीति कर रोटियां सेंकी जा रही है। उन्होंने बताया कि लाओस ने महात्मा बुद्ध की भी पोस्टल स्टैंप भी रिलीज की है।

### जितिन प्रसाद के निजी सचिव बने पीसीएस कुणाल प्रताप

**लखनऊ, अमृत विचार :** वित्त विभाग के अधिकारी पीसीएस कुणाल प्रताप सिंह को केंद्र सरकार में अहम जिम्मेदारी दी गई है। उन्हें भारत सरकार के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय में प्रतिनियुक्ति पर तैनात किया गया है। वर्तमान में वे राज्य सरकार में उपनिदेशक (ऑडिट) के पद पर कार्यरत थे। उन्हें प्रतिनियुक्ति पर भेजे जाने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सहमति दे दी। मूलरूप से देवरिया के रहने वाले कुणाल को वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जितिन प्रसाद के अपर निजी सचिव के पद पर तैनात किया गया है। जितिन प्रसाद पीलीभीत से सांसद हैं। इसके पहले राज्य में लोक निर्माण विभाग के मंत्री थे।

### पुलिस आवास निगम के कार्यों की डीजीपी ने की समीक्षा

**लखनऊ, अमृत विचार :** पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार की ओर से शनिवार को उप्र पुलिस आवास निगम का भ्रमण किया गया एवं पुलिस विभाग के आवंटित निर्माण कार्यों की समीक्षा की गई। इस दौरान उन्होंने समस्त जारी निर्माण कार्यों को निर्धारित मानक एवं उच्च गुणवत्ता से कराने के साथ-साथ पुलिस लाइन कासगंज के आवासीय एवं अनावासीय भवन को निर्धारित समयसीमा के अन्तर्गत पूर्ण कराने के निर्देश दिये। समीक्षा के दौरान आवास निगम द्वारा पुलिस विभाग के निर्माणाधीन कार्य जो कि कतिपय कारणों से रुके हुए हैं को सम्बन्ध में क्षेत्रिय पुलिस अधिकारियों से समन्वय स्थापित करते हुए तत्काल समस्या का निराकरण कराने के भी निर्देश दिये। इस अवसर पर कई अधिकारी मौजूद रहे।

### चयनित 3.49 लाख परिवार बिना शौचालय

**लखनऊ, अमृत विचार :** प्रदेश में एक वर्ष से चल रहे त्वरित गरीबी उन्मूलन अभियान में पंचायती राज विभाग ने व्यक्तिगत शौचालय से लाभान्वित करने के लिए 6,22,713 परिवारों का चयन किया है। सर्वे के दौरान इनमें से 3,49,447 परिवारों ने शौचालय न मिलने की जानकारी दी। यह स्थिति तब है जब ओडीएफ योजना के तहत कई बार शौचालय बांटे गए हैं। प्रदेश में 2,32,361 परिवारों का सत्यापन नहीं हो पाया है। इसमें महाराजगंज, महोबा, अंबेडकर नगर, देवरिया, कुशीनगर, एटा, चंदौली, बस्ती, आगरा, बांदा, प्रयागराज व बहराइच की प्रगति 25 फीसदी से कम है। इस पर पंचायत राज विभाग ने नाराजगी जताई है।

### दो आईपीएस अफसरों का तबादला

**लखनऊ, अमृत विचार :** राज्य सरकार ने दो आईपीएस अधिकारियों का तबादला कर दिया है। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में अपर पुलिस उपायुक्त विवेक चंद्र यादव को डीजीपी मुख्यालय से संबद्ध किया गया है। एसपी स्थापना सुरेन्द्र नाथ तिवारी को गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट में पुलिस उपायुक्त बनाया गया है।

# घरेलू उड़ान में 45वें पायदान पर पहुंचा अयोध्या एयरपोर्ट

- बरेली को छठवां और आगरा को 37वां स्थान मिला

पुनीत श्रीवास्तव, अयोध्या

**अमृत विचार :** अयोध्या का महर्षि वाल्मीकि अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट नित नए कीर्तिमान बना रहा है। एयरपोर्ट का संचालन हुए अभी छह माह से थोड़ा अधिक समय ही बीता है, लेकिन उसने देश के 61 घरेलू उड़ान वाले एयरपोर्ट में 45वां स्थान हासिल कर लिया। हाल ही में एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एएआई) की ओर से ग्राहक संतुष्टि सूचकांक के जारी होने के बाद अयोध्या एयरपोर्ट प्रशासन की ओर से सुविधाएं बढ़ाने का काम और तेज हो गया है। दावा किया जा रहा है कि छह माह बाद आने वाली रिपोर्ट में अयोध्या एयरपोर्ट टॉप-10 में शामिल होगा।

30 दिसंबर 2023 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अयोध्या के अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट का लोकार्पण किया था। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद से देश के कोने-कोने से यात्रियों को अयोध्या पहुंचाने के लिए तमाम एयरलाइन्स कंपनियों ने अपने विमान उतार दिए। जनवरी से जून माह के बीच ग्राहक संतुष्टि सूचकांक के लिए देश के 61 एयरपोर्ट पर एएआई की टीम ने वहां मौजूद सुविधाओं के बारे में यात्रियों का फीडबैक लिया। इसमें अयोध्या एयरपोर्ट भी शामिल रहा। वह संतुष्टि देने वाला माना जा रहा है। इस सूची में पहले स्थान पर राजमुंदरी एयरपोर्ट है, जबकि दूसरे स्थान पर गग्गल (कांगड़ा), तीसरे स्थान पर लेह, चौथे स्थान पर मदुरै और पांचवें स्थान पर विशाखापट्टनम एयरपोर्ट है। वहीं बरेली को छठवां, प्रयागराज व गोरखपुर को आठवां, आगरा का 37वां, कानुपर का 44वां स्थान है।

## सीएचओ संघ ने अखिलेश यादव को सौंपा ज्ञापन

**अमृत विचार :** सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी(सीएचओ) संघ उप्र. के प्रतिनिधि मंडल ने शनिवार को सपा के अखिलेश यादव से मिलकर वेतन बढ़ोत्तरी और छह साल पूरे होने पर नियमितीकरण करने संबन्धी मांग पत्र सौंपा। सपा मुख्यालय में सपा प्रमुख को सौपे ज्ञापन देने के बाद सीएचओ संघ के प्रदेश प्रवक्ता रामेन्द्र यादव ने बताया कि कि साल 2016 में शुरू आयुष्मान आरोग्य योजना अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी(सीएचओ) के पद सृजित किए गए थे। नियमावली में सीएचओ केडर निर्माण कर 4800 ग्रेड-पे निर्धारित कर छःसाल पूर्ण करने पर नियमितीकरण करने का प्रावधान है। साथ ही न्यूनतम वेतन 25,000 और 15,000 रूपए बतौर कार्य प्रोत्साहन राशि के रूप में निर्धारित है। बावजूद, प्रदेश सरकार द्वारा न्यूनतम वेतन में पांच हजार कम दिया गया।

# मानसून सत्र: 25 हजार करोड़ तक का हो सकता है अनुपूरक बजट

- सभी एक्सप्रेस-वे को आपस में जोड़ने समेत धर्म-आस्था, परिवहन और ऊर्जाक्षेत्र के विकास पर फोकस

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** विधानमंडल के मानसून सत्र में राज्य सरकार द्वारा पेश किया जाने वाला अनुपूरक बजट का आकार 25 हजार करोड़ रुपये तक हो सकता है। इसमें सभी एक्सप्रेस-वे को आपस में एक दूसरे से जोड़ने, औद्योगिक विभाग, प्रयागराज महाकुंभ समेत धर्म, आस्था, परिवहन और ऊर्जा क्षेत्र के विकास पर खास फोकस होगा।

राज्य सरकार का लंबी दूरी के एक्सप्रेस-वे के साथ ही सभी एक्सप्रेस वे को आपस में जोड़ने पर खास फोकस है। इससे जहां यात्रा तो आरामदायक होगी ही, साथ ही सफर की देरी भी घटेगी। इससे बलिया, चित्रकूट, आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे से पूर्वांचल एक्सप्रेस -वे तक लिंक एक्सप्रेस-वे, गंगा एक्सप्रेस-वे से आगरा एक्सप्रेस-वे वाया फर्रुखाबाद लिंक एक्सप्रेस-वे, यमुना एक्सप्रेस वे से गंगा एक्सप्रेस-वे वाया बुलंदशहर लिंक एक्सप्रेस-वे के सभी निर्माणाधीन और प्रस्तावित कार्य तेजी से पूरे करने के प्रावधान होंगे। सूत्रों के अनुसार अनुपूरक बजट के केंद्र में प्रयागराज महाकुंभ की तैयारियां हैं। यहां आने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी मुख्यमंत्री ने शनिवार को नई दिल्ली में मिलकर आने का न्योता दिया है। श्रध्दालुओं की सहुलियत के विकास को धनराशि का आवंटन किया जा रहा है। इसके अलावा नैमिषारण्य, गोला गोकर्णनाथ जैसे अन्य जिलों में धार्मिक व पर्यटन स्थलों के विकास की कई योजनाएं अनुपूरक से बजट के लिए प्रस्तावित की गई हैं।

### 7.36 लाख करोड़ का था मूल बजट

2024-25 का मूल बजट सरकार ने फरवरी माह में पेश किया था। इसका आकार 7.36 लाख करोड़ का था, जिसके जरिए युवाओं, महिलाओं, किसानों और गरीब कल्याण के साथ ही धर्मस्थलों की सड़कों और धार्मिक पर्यटन स्थलों के विकास के मद में भारी भरकम राशि का आवंटन किया गया था।

## वर्ग पहेली-144

**बाएं से दाएं**

2. 1. कोस की आधी माप, एक मील 2. दूरी की एक माप, लगभग एक सांस में दौड़कर पूरी की जा सकने वाली दूरी 3. लंबा-चौड़ा मैदान 4. दौड़।

4. 1. मनुष्य या पशु-पक्षी के पैर, टांग 2. अड़ंगा, रोक। (मु.) -मारना : बाधा डालना, बाधा उत्पन्न करना।

5. यान या इंजनों को चलाने वाला व्यक्तियों का समूह।

7. परंतु, किंतु, लेकिन।


8. बद्रिकाश्रम के पास स्थित एक कुंड

**ऊपर से नीचे**

1. 1. राजा बनाने वाला 2. महत्वपूर्ण पद पर किसी को प्रतिष्ठित करने की क्षमता रखने वाला

3. आजीविका हेतु पशु पालने का कार्य, गाय

6. 1. आलिंगन करना 2. गले मिलना 3. लपेटना।




### वर्ग पहेली -143 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 क | ■ | ■ | 2 हि | ■ | 3 नि |
| ल | ■ | 4 स | मा | द | र |
| म | ■ | ■ | य | ■ | श |
| 5 त | द | ■ | त | ■ | न |
| रा | ■ | 6 दे | ग | चा | ■ |
| 7 श | नि | वा | र | ■ | 8 निं |
| ■ | ■ | ल | ■ | 9 अं | ब |

# नत्थूलाल को चुनौती दे रहीं डीजीपी की मूंछें : धनखड़

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने उप्र. के पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार की मूंछों को लेकर कसीदे गढ़े। उन्होंने डीजीपी की मूंछों की तारीफ करते हुए कहा कि वह नत्थूलाल की मूंछों को चुनौती दे रहे हैं। उन्होंने अमिताभ बच्चन अभिनीत उस फिल्म का भी जिक्र किया, जिसमें उन्होंने यह डायलाग बोले थे। उप राष्ट्रपति के इस वक्तव्य पर सभा में बैठे सभी ठहाके मारकर हंसे। उप राष्ट्रपति यह बातें दिल्ली स्थित हंसराज महाविद्यालय के स्थापना दिवस समारोह में आयोजित कार्यक्रम के दौरान कही। बतादें कि इस कार्यक्रम में डीजीपी प्रशांत कुमार को हंसराज गौरव सम्मान से सम्मानित भी किया गया।

उप राष्ट्रपति के इस बयान पर



दिल्ली में डीजीपी को सम्मानित करते कुलपति प्रो योगेश सिंह।

डीजीपी प्रशांत कुमार की मूंछे एक बार फिर चर्चा में है। डीजीपी की मूंछों पर बयान सोशल मीडिया पर टॉप ट्रेंड कर रहा है। पुलिस अधिकारियों के साथ साथ प्रदेश के नागरिक भी एक दूसरे को उप राष्ट्रपति का बयान शेयर कर रहे हैं। उधर, कार्यक्रम के दौरान डीजीपी प्रशांत कुमार को हंसराज महाविद्यालय की ओर से महात्मा हंसराज गौरव सम्मान प्रदान किया गया। बता दें कि उन्होंने हंसराज महाविद्यालय से 1982-85 के दौरान बीएससी की डिग्री ली थी। स्थापना दिवस समारोह में केंद्रीय राज्यमंत्री हर्ष मल्होत्रा, सांसद नवीन जिंदल को भी दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो योगेश सिंह द्वारा सम्मानित किया गया।

### 1990 बैच के आईपीएस हैं प्रशांत कुमार

प्रदेश के डीजीपी प्रशांत कुमार 1990 बैच के आईपीएस अफसर हैं। उनको योगी सरकार के सबसे भरोसेमंद अफसरों में गिना जाता है। इससे पहले प्रशांत कुमार मेरठ के एडीजी भी रह चुके हैं। प्रशांत कुमार मूल रूप से बिहार राज्य के सिवान जिले के निवासी हैं। 26 जनवरी को प्रशांत कुमार को गैलेंट्री अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान उनको चौथी बार मिला है। प्रशांत कुमार की गिनती सख्त अफसरों में होती है।

# अनपरा और ओबरा समेत आधा दर्जन इकाइयां ठप, संकट गहराया

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** अनपरा व ओबरा की इकाइयों समेत आधा दर्जन इकाइयां शनिवार को ठप हो गई। इससे प्रदेश में बिजली संकट गहरा गया। एनर्जी एक्सचेंज व अन्य स्रोतों से बिजली आयात कर स्थिति को काबू में करने के प्रयास जारी रहे।

उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के सूत्रों के अनुसार अनपरा की पांच सौ मेगावाट की एक इकाई, ओबरा सी की 660-660 मेगावाट की दो इकाइयां, ओबरा की दो सौ मेगावाट की एक इकाई, जवाहरपुर और ललितपुर बिजलीघरों की 660-660 मेगावाट क्षमता की दो इकाइयां ठप हो गईं। इससे प्रदेश में उत्पादन बिजलीघरों में 3340 मेगावाट बिजली उत्पादन घट गया।



पहले से बंद चल रही सिंगरौली बिजलीघर की दो सौ मेगावाट की एक इकाई को मिलाकर कुल 3423 मेगावाट उत्पादन घटने से बिजली संकट गहरा गया। सूत्रों ने बताया कि शनिवार को प्रदेश में 29,087 मेगावाट अधिकतम बिजली मांग दर्ज की गई। मांग को पूरा करने के लिए एनर्जी एक्सचेंज व अन्य स्रोतों से बिजली आयात कर स्थिति काबू में की गई। गांवों, नगर पंचायतों-तहसीलों व बुंदेलखंड क्षेत्र में घोषित बिजली कटौती का सिलसिला जारी रहा।

## सुडोकू-57

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 3 | 2 | 9 | | | 8 | | |
| | | 8 | | | 5 | 1 | | |
| 6 | | | | 4 | | | | 2 |
| | 4 | | | | 3 | 2 | | 8 |
| | 2 | | 1 | | 4 | | 9 | |
| 1 | | 3 | 7 | | | | 5 | |
| 2 | | | | 8 | | | | 6 |
| | | 1 | 6 | | | 4 | | |
| | | 7 | | | 2 | 3 | 8 | |

### सुडोकू -56 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 5 | 1 | 9 | 8 | 7 | 2 | 6 |
| 7 | 2 | 9 | 5 | 3 | 6 | 8 | 1 | 4 |
| 6 | 8 | 1 | 4 | 7 | 2 | 5 | 9 | 3 |
| 1 | 5 | 3 | 6 | 2 | 4 | 9 | 8 | 7 |
| 2 | 6 | 7 | 9 | 8 | 3 | 1 | 4 | 5 |
| 8 | 9 | 4 | 7 | 5 | 1 | 3 | 6 | 2 |
| 9 | 4 | 2 | 3 | 1 | 7 | 6 | 5 | 8 |
| 5 | 7 | 8 | 2 | 6 | 9 | 4 | 3 | 1 |
| 3 | 1 | 6 | 8 | 4 | 5 | 2 | 7 | 9 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 28 जुलाई रविवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास- श्रावण, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि- अष्टमी 19.27 तक तत्पश्चात नवमी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**-पश्चिम। **ऋतु**-वर्षा।
चन्द्रबल-मेष, मिथुन, कर्क, तुला, वृश्चिक, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-अश्विनी 11.47 तक तत्पश्चात भरणी।

**मेष** – आज कार्यक्षेत्र में आपको नए अनुभव मिलेंगे। मित्रों के साथ आत्मीयता बढ़ेगी। ललित कलाओं में आप काफी रुचि ले सकते हैं। व्यवसाय में बड़ा फेरबदल कर सकते हैं। मृदु व्यवहार के कारण लोगों के चहेते बने रहेंगे।

**वृष** – आज बुरी संगत वाले लोगों से दूरी बनाकर रखें। गठिया के रोगियों को तेज दर्द की शिकायत हो सकती है। कारोबार में कुछ गिरावट देखने को मिल सकती है। अति आत्मविश्वास के कारण आपको परेशानी झेलनी पड़ सकती है।

**मिथुन** – आज आपके मान-सम्मान में वृद्धि होगी। सामाजिक कार्यों में आप काफी सक्रिय रहेंगे। धार्मिक कार्यों में मन लगाएंगे। व्यापार में बड़ा आर्थिक लाभ मिल सकता है। आलस्य की वजह से काम में रुकावटें आ सकती हैं।

**कर्क** – आज लोग आपसे काफी अपेक्षा रखेंगे। जीवनसाथी और इष्टमित्रों का सहयोग प्राप्त होगा। घर में कुछ बदलाव कर सकते हैं। आपके व्यवहार में गंभीरता की प्रशंसा होगी। वैवाहिक जीवन में परस्पर सम्मान की भावना में वृद्धि होगी। वरिष्ठ जनों का सहयोग प्राप्त होगा।

**सिंह** – आज रुके हुए सरकारी कार्य पूरे हो जाएंगे। कार्यक्षेत्र में आपकी बातों को विशेष महत्व मिलेगा। मनोरंजन संबंधित कार्यों में आप धन खर्च करेंगे। आपकी जीवनशैली में सुधार आएगा। बड़े अधिकारी आपसे बहुत प्रसन्न रहने वाले हैं।

**कन्या** – आज काम के प्रति एकाग्र नहीं हो पा रहे हैं इसीलिए नए काम की शुरूआत न करें। प्रेम संबंधों को लेकर तनाव बढ़ेगा। सुख-सुविधाओं में कमी आएगी। कानूनी मामलों में आपको नहीं फंसना चाहिए। दूसरों कि कही-सुनी बातों पर सहसा विश्वास न करें।

**तुला** – आज वैवाहिक जीवन में प्रेम भाव बढ़ेगा। कारोबारी अनुबंधों के लिए दिन बहुत ही अच्छा है। बच्चों की उपलब्धि से हर्षित रहेंगे। निर्माण कार्यों में तेजी आएगी। आप अपने व्यक्तिगत जीवन को काफी महत्व देंगे। घुटनों में दर्द की शिकायत हो सकती है।

**वृश्चिक** – आज सभी कार्यों को समय पर पूरा करने का प्रयास करें। यदि आप किसी काम को टालते हैं तो भविष्य में भी उसके टलने की संभावना बढ़ जाएगी। सहकर्मियों का बेहतरीन सहयोग प्राप्त होगा। शत्रुओं पर आप भारी पड़ेंगे।

**धनु** – आज समझदारी पूर्वक स्थितियों को संभालने का प्रयास करें। अधूरे कार्यों को समय पर निपटा लें। शेयर मार्केट में पहले किया गया निवेश आपको बड़ा लाभ दे सकता है। आप वही काम करना पसंद करेंगे जो आपका शौक बन गया हो।

**मकर** – आज मन में किसी पुरानी बात को लेकर चिंता हो सकती है। वाणी में हल्के शब्दों का प्रयोग करना उचित नहीं है। लेन-देन में की गई जल्दबाजी से आपको आर्थिक हानि हो सकती है। व्यर्थ दौड़धूप करनी पड़ेगी, लेकिन उसका परिणाम कुछ खास नहीं मिलेगा।

**कुंभ** – आज बुद्धि-विवेक से काम करना लाभकारी होगा। मांगलिक उत्सवों में भाग लेंगे। व्यापार में बहुत अच्छे मौके मिलेंगे। रूपरेखा बनाकर काम करना लाभकारी सिद्ध होगा। नौकरीपेशा लोगों का अचानक स्थानांतरण हो सकता है।

**मीन** – आज पुराने रोगों के कारण परेशानी होगी। अचानक आपकी कुछ महत्वपूर्ण वस्तुएं गुम हो सकती हैं। लोग आपके सही काम का भी विरोध कर सकते हैं। आपको बड़े निवेश करने से आपको बचना चाहिए। पेट में जलन की शिकायत हो सकती है।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
- माफिया राज – सुबह : 10.53
- विक्की डोनर – रात : 09.00

&pictures
- बंगाराजू – सुबह : 11.01
- खिलाड़ी 786 – रात : 08.00

SONY PIX
- जॉन विक : चैप्टर 2 – सुबह : 10.52
- लंदन हैज फालेन – रात : 09.00

ZEE CINEMA
- सैम बहादुर – दोपहर : 12.00
- धमाल – शाम : 05.20

colors CINEPLEX
- कभी खुशी कभी गम – सुबह : 11.38
- अकेली – रात : 07.58

### आज की सुपरहिट फिल्म




एंड पिक्चर्स पर रात : 08.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

वीणा अपने पति से-तुम सच में, बहुत सीधे-साधे और भोले हो, तुम्हें कोई भी आसानी से बेवकूफ बना सकता है।
पति-सच कह रही हो, शुरुआत तो तुम्हारे पापा ने ही की है।

टीचर- अच्छा बच्चों बताओ ड्राइवर और कंडक्टर में क्या फर्क होता है।
छात्र-गुरुजी, कंडक्टर सो गया तो किसी का टिकट नहीं कटेगा, लेकिन अगर ड्राइवर सो गया तो सबका टिकट कट जाएगा।

## एक नजर

### आर्मस्ट्रांग हत्याकांड में दो और लोग गिरफ्तार

**चेन्नई।** बीएसपी की तमिलनाडु इकाई के अध्यक्ष के. आर्मस्ट्रांग की पांच जुलाई को हुई हत्या में एक वकील समेत दो और लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने शनिवार को बताया कि इस मामले में कुल 18 गिरफ्तारियां हुई हैं। विशेष टीमों ने वकील शिवा (35) को गिरफ्तार किया। जांच के बाद प्रदीप (28) को भी गिरफ्तार किया गया। दोनों संदिग्धों को अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### अप्राकृतिक दुष्कर्म में 55 वर्षीय को 20 साल की जेल

**केंद्रपाड़ा।** ओडिशा के केंद्रपाड़ा जिले की एक अदालत ने एक किशोर के साथ अप्राकृतिक दुष्कर्म करने वाले 55 वर्षीय व्यक्ति को 20 साल की सजा सुनाई है। यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम (पोक्सो) संबंधित मामलों की एक अदालत ने दोषी व्यक्ति पर 50,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया और जुर्माना नहीं चुकाने पर उसे अतिरिक्त दो साल जेल में बिताने होंगे। यह घटना साल 2021 की है। पुलिस थाने में दर्ज शिकायत में पीड़ित किशोर की मां ने बताया कि आरोपी किशोर को एक सुनसान जगह पर स्थित एक गौशाला में ले गया और वहां उसके साथ अप्राकृतिक दुष्कर्म किया।

### हेमंत की जमानत को चुनौती पर 29 को सुनवाई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ईडी की उस याचिका पर 29 जुलाई को सुनवाई करेगा, जिसमें कथित भूमि घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जमानत देने संबंधी झारखंड हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती दी गई है। न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ हाईकोर्ट के 28 जून के आदेश के खिलाफ संघीय एजेंसी की याचिका पर सुनवाई करेगी। झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकारी अध्यक्ष सोरेन ने 31 जनवरी को ईडी द्वारा गिरफ्तार किये जाने से पहले ही मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था।

### पुलिस और आदिवासी छात्रों में झड़प, 15 घायल

**पाकुड़ (झारखंड)।** पाकुड़ जिले में पुलिस और आदिवासी छात्रों के बीच झड़प में छह पुलिसकर्मियों समेत 15 से अधिक लोग घायल हो गए। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। यह घटना शुक्रवार रात उस समय घटी जब पुलिस अपहरण की जांच के लिए केकेएम कॉलेज पहुंची थी। छात्रों ने पुलिस का विरोध किया, जिसके बाद झड़प हुई। भाजपा झारखंड इकाई ने आरोप लगाया कि शनिवार को जिले के महेशपुर इलाके में बांग्लादेशी घुसपैठ के खिलाफ रैली निकालने की तैयारी कर रहे छात्रों की पुलिस ने पिटाई की है।

# बैठक में नहीं आए 10 राज्यों के मुख्यमंत्री

## नीति आयोग के सीईओ ने कहा- 26 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के प्रतिनिधि हुए शामिल

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- गरीबी को शून्य स्तर पर लाने यानी इसे समाप्त करने पर हुई चर्चा

नीति आयोग के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) बीवीआर सुब्रमण्यम ने शनिवार को कहा कि शासी परिषद की बैठक में बिहार, केरल समेत 10 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश के मुख्यमंत्री शामिल नहीं हुए। अध्यक्षता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने की। बैठक में 26 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्यमंत्री, लेफ्टिनेंट गवर्नर और प्रतिनिधि शामिल हुए। बैठक में गरीबी को शून्य स्तर पर लाने यानी इसे समाप्त करने के विचार पर गहन चर्चा हुई।

सुब्रमण्यम ने कहा कि बैठक में शामिल नहीं होने वालों में बिहार, केरल, तमिलनाडु, कर्नाटक, तेलंगाना, दिल्ली, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, झारखंड और पुडुचेरी हैं। यह बैठक इस लिए थी कि राज्यों के विकास को कैसे आगे बढ़ाया जाए और उसमें कैसे योगदान दिया जा सकता है।

नीति आयोग के उपाध्यक्ष सुमन बेरी ने कहा कि मोदी चाहते हैं कि राज्य एफडीआई (प्रत्यक्ष विदेशी निवेश) के लिए प्रतिस्पर्धा करें, ताकि निवेश सभी राज्यों तक पहुंचे, खासकर उन राज्यों तक जो कम सफल हैं। बैठक में आबादी प्रबंधन और गरीबी को शून्य स्तर पर लाने यानी उसे समाप्त करने के विचार पर चर्चा हुई। सुब्रमण्यम के अनुसार प्रधानमंत्री चाहते हैं कि राज्य जिलों की मजबूती पर खर्च करें, ताकि वे विकास को गति दे सकें। सीईओ के अनुसार, प्रधानमंत्री ने कहा कि हमें गरीबी से गांव के स्तर पर निपटने की जरुरत है। आकलन के बाद गांवों को गरीबी से मुक्त गांव घोषित किया जा सकता है। सीईओ ने कहा कि राज्यों के मुख्यमंत्रियों से प्रतिक्रिया मिलने के बाद आयोग 45 दिनों में विजन इंडिया एट 2047 दस्तावेज को अंतिम रूप देगा। उन्होंने कहा कि अच्छी खबर यह है कि पिछले साल के दौरान कई राज्य दृष्टिकोण पत्र तैयार करने में आगे बढ़े हैं। उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, गुजरात, तमिलनाडु उनमें हैं।

### समय समाप्त होने पर रक्षा मंत्री के माइक थपथपाने के बाद बोलना बंद कर ममता बाहर चली गईं

सीईओ ने बैठक से चली गईं प. बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के बारे में कहा कि उन्होंने दोपहर के भोजन से पहले बोलने का मौका देने का अनुरोध किया था, जिसे स्वीकार कर लिया गया। राज्यों के नाम के हिसाब से उनकी बारी दोपहर में आती। जब मुख्यमंत्री का समय समाप्त हुआ, तो रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बस माइक थपथपाया। इस पर उन्होंने बोलना बंद कर दिया और बाहर चली गईं। हालांकि, बंगाल सरकार के अधिकारी वहां मौजूद रहे। बिहार पर उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार विधानसभा सत्र में व्यस्त होने से बैठक में नहीं आ सके।

# लिव-इन के इच्छुक विवाहितों को संरक्षण देना द्विविवाह प्रथा को बढ़ावा देना : कोर्ट

**चंडीगढ़, एजेंसी**



- हाईकोर्ट ने कहा- घर से भागने वाले माता-पिता के सम्मान-गरिमा से जीने के अधिकार का उल्लंघन करते हैं

पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने कहा है कि लिव-इन में रहने के इच्छुक विवाहित लोगों को संरक्षण देना गलत काम करने वालों को प्रोत्साहित करने और द्विविवाह प्रथा को बढ़ावा देने जैसा है। न्यायमूर्ति संदीप मौदगिल की पीठ ने कहा कि घर से भागने वाले न केवल परिवारों की बदनामी करते हैं, बल्कि सम्मान और गरिमा के साथ जीने के अपने माता-पिता के अधिकार का भी उल्लंघन करते हैं। कोर्ट ने कई याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान यह फैसला सुनाया।

इन याचिकाओं में 40 वर्षीय महिला और 44 वर्षीय पुरुष की याचिका भी है, जिसमें उन्होंने उनके परिवारों से खतरे के कारण उन्हें सुरक्षा देने का उल्लेख किया है। वे दोनों साथ रह रहे हैं, जबकि पुरुष शादीशुदा है और महिला तलाकशुदा है। दोनों के बच्चे भी हैं।

कोर्ट ने कहा कि याचिकाकर्ताओं को पूरी जानकारी थी कि वे पहले से शादीशुदा हैं और वे लिव-इन में नहीं रह सकते। इसके अलावा, याचिकाकर्ता पुरुष ने पहली पत्नी से तलाक नहीं लिया है। सभी लिव-इन संबंध विवाह की प्रकृति के नहीं हैं। कोर्ट ने कहा कि अगर यह माना जाता है कि याचिकाकर्ताओं के बीच संबंध विवाह की प्रकृति के हैं, तो यह व्यक्ति की पत्नी और बच्चों के साथ अन्याय होगा। विवाह का मतलब ऐसा रिश्ता जिसका सार्वजनिक महत्व है।

कोर्ट ने कहा कि विवाह और परिवार महत्वपूर्ण सामाजिक संस्थाएं हैं, जो बच्चों को सुरक्षा प्रदान करती हैं और उनके पालन-पोषण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत हर व्यक्ति को सम्मान और गरिमा के साथ जीने का अधिकार है, इसलिए ऐसी याचिकाओं को स्वीकार करके हम गलत काम को प्रोत्साहित करेंगे।

# तीन आतंकियों के स्केच जारी, इनाम घोषित

**जम्मू, एजेंसी**



- सूचना देने वाले को मिलेंगे पांच-पांच लाख रुपये इनाम, जानकारी रखी जाएगी गुप्त

जम्मू कश्मीर पुलिस ने डोडा हमले में शामिल तीन आतंकियों के शनिवार को स्केच जारी किए। साथ ही सूचना देने पर पांच-पाच लाख रुपये इनाम देने की घोषणा की। डोडा हमले में एक कैप्टन समेत चार सैनिक शहीद हो गए थे।

जम्मू के डोडा में हुए आतंकी हमले के आरोपियों के स्केच जारी करते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि ये तीनों जिले के ऊपरी इलाकों, डेसा जंगल में घूम रहे हैं, जहां 16 जुलाई को एक आतंकवाद रोधी अभियान के दौरान हुई मुठभेड़ में सेना के एक कैप्टन और तीन सैनिक शहीद हो गए थे। पुलिस ने तीनों पर पांच-पांच लाख के नकद इनाम की घोषणा की है। पुलिस ने स्थानीय लोगों से इनके बारे में जानकारी देने का आग्रह किया है। पुलिस ने भरोसा दिलाया है कि जानकारी देने वाले की पहचान गुप्त रखी जाएगी। पुलिस ने वरिष्ठ अधिकारियों और नियंत्रण कक्ष के फोन नंबर सहित एक दर्जन से अधिक फोन नंबर साझा किए हैं, ताकि लोग संपर्क कर सकें।

### भारत की परीक्षा लेने वालों के सिर कुचले जाएंगे

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने कहा है कि देश में आतंकवाद के लिए कोई जगह नहीं है। उन्होंने चेतावनी दी कि जल्द ही उन लोगों के सिर कुचले जाएंगे जो भारत के धैर्य और क्षमताओं की परीक्षा लेना चाहते हैं। सिन्हा ने शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर संभव उत्सव 2.0 में यह बात कही। उन्होंने कहा कि जम्मू क्षेत्र में, चाहे वह जम्मू-कश्मीर पुलिस हो, सेना हों या सीएपीएफ हों, एक रणनीति तैयार की गई है और यह समय की बात है; जो लोग यहां समस्याएं उत्पन्न कर रहे हैं उनका भी वही हश्र होगा जो दूसरों का हुआ।

### अनंतनाग में कार खाई में गिरी, पांच बच्चों सहित आठ की मौत

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले में शनिवार को सड़क से फिसलकर वाहन खाई में गिरी, जिससे पांच बच्चों समेत एक ही परिवार के आठ लोगों की मौत हो गयी। अधिकारियों ने बताया कि मृतकों में एक पुलिसकर्मी, दो महिलाएं और छह से 16 वर्ष के पांच बच्चे हैं। पीड़ित किश्तवाड़ से सिंथन टॉप होते हुए मारवाह की ओर जा रहे थे तभी उनका वाहन डक्सुम में सड़क से फिसलकर खाई में गिर गया। परिवार के आठ सदस्यों की मौके पर ही मौत हो गई।

### कारगिल विजय दिवस



शनिवार को कारगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में भुवनेश्वर में आयोजित तिरंगा यात्रा के दौरान विशाल राष्ट्रीय ध्वज को लेकर जाते लोग। ● एजेंसी

# 9 वर्षीया बालिका से दुष्कर्म कर 13 वर्षीय भाई ने की हत्या, सच परिवार ने छुपाया

**रीवा, एजेंसी**

- तीन माह पहले हुई घटना, पुलिस ने नाबालिग आरोपी समेत चार को किया गिरफ्तार
- मामले को छिपाने में सगी दो बड़ी बहन व मां को भी पुलिस ने बनाया आरोपी

मोबाइल फोन पर अश्लील वीडियो देखने के आदी तेरह साल के भाई ने नौ वर्षीया बालिका से दुष्कर्म कर उसकी हत्या कर दी। यह वारदात तीन माह पहले हुई और परिजन इसे छिपाते रहे। पुलिस ने नाबालिग आरोपी समेत चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। नाबालिग समेत दो को बाल सुधार गृह और दो को जेल भेजा गया है।

जवा थाना क्षेत्र में बच्ची के साथ 24 अप्रैल को यह घटना हुई। दुष्कर्म के बाद हत्या का आरोपी का बच्ची का भाई है। मामले को छिपाने में सगी दो बड़ी बहन और मां को भी आरोपी बनाया गया है। पुलिस को जांच में पता चला कि आरोपी बालक ने मोबाइल फोन पर पॉर्न वीडियो देखकर इस घटना को अंजाम दिया, वहीं दो बड़ी बहन और मां ने घटना को छिपाने की कोशिश की थी। पहले घरवालों ने लड़की की जहरीले कीड़े के काटने से मौत का बहाना बनाया था। पुलिस को कुछ जानकारियां मिलीं, तो शव का पोस्टमार्टम कराया, जिससे दुष्कर्म के बाद हत्या की पुष्टि हुयी। पुलिस ने जांच दौरान बालिका के 13 वर्षीय भाई व दो बड़ी बहनों और मां से पूछताछ की गयी, जिस सच्चाई उजागर हुई।

### नवी मुंबई में चार मंजिला इमारत ढही, तीन की मौत

**मुंबई।** महाराष्ट्र में नवी मुंबई के सीबीडी बेलापुर इलाके में शनिवार तड़के चार मंजिला आवासीय इमारत के ढहने से तीन लोगों की मौत हो गई और दो घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि यह हादसा तड़के 4.50 बजे शाहबाज गांव में हुआ और दो घायलों को मलबे से निकाला गया।

इस हादसे में अधिक लोगों की जान जा सकती थी लेकिन सुबह इमारत में दरारें देखे जाने के बाद उसमें रह रहे 52 लोगों को निकाल लिया गया था। नवी मुंबई नगर निगम (एनएमएमसी) के आयुक्त कैलाश शिंदे ने बताया कि आज तड़के चार मंजिला एक इमारत ढह गई, जिसमें 13 कमरे और तीन दुकानें थीं। इमारत ढहने के बाद मलबे में फंसे एक पुरुष और एक महिला को बचा लिया गया है और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एनडीआरएफ और नगर निगम के दमकल कर्मियों ने बचाव अभियान शुरू किया।

### दिल्ली में बारिश से हुआ जलभराव, रास्ते बंद

**नई दिल्ली।** दिल्ली के कुछ हिस्सों में शनिवार को बारिश हुई और अधिकतम तापमान 36.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ, जो औसत से 1.4 डिग्री अधिक है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने यह जानकारी दी। दिल्ली के कुछ इलाकों में जलभराव होने और पेड़ उखड़ने से रास्ते बंद हो गए। लोगों को वैकल्पिक मार्ग की सलाह दी गई है।

विभाग ने रविवार को दिल्ली में हल्की बारिश की संभावना जताई है। मध्य दिल्ली और दक्षिणी दिल्ली समेत कई इलाकों में बारिश हुई। शाम 5.30 बजे तक पूसा वेधशाला ने 26.5 मिमी बारिश दर्ज की।

# गर्लफ्रेंड ने नहीं की बात तो उसकी दोस्त को मार डाला

**बेंगलुरु, एजेंसी**

- पीजी में घुसकर चाकू से रेता गला बेंगलुरू पुलिस ने भोपाल से पकड़ा

बेंगलुरु पुलिस ने 23 जुलाई को पेइंग गेस्ट आवास में 24 वर्षीय युवती की हत्या के आरोपी अभिषेक को भोपाल से गिरफ्तार किया। वह कृति कुमारी की हत्या के बाद भोपाल भाग गया था। बेंगलुरु पुलिस आयुक्त बी दयानंद ने कहा कि आरोपी को ट्रांजिट रिमांड पर बेंगलुरु लाया जा रहा है।

इसका वीडियो शुक्रवार को सोशल मीडिया पर आया था। पुलिस के अनुसार, अभिषेक पेइंग गेस्ट आवास में घुसा और बिहार निवासी कृति की हत्या कर दी। कृति एक अन्य युवती के साथ रह रही थी। वीडियो अनुसार एक व्यक्ति पेइंग गेस्ट आवास पहुंचता और दरवाजा खटखटाता है। दरवाजा खुलते ही युवती को बाहर खींचा और उसका गला रेतकर भाग जाता है। आरोपी, कृति की रूममेट का बॉयफ्रेंड है। दोनों का झगड़ा होता था। कृति ने रूममेट को अभिषेक से दूर रहने सलाह दी थी, जिसके बाद उसने बात बंद कर दी थी जिससे नाराज आरोपी ने कृति की हत्या कर दी।



## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन**–तुलसी 2060, राज श्री 1390, फ़ॉर्चून कि. 1735, रविन्द्रा 1960, फॉर्चुन ली. 1580, जय जवान 1510, सचिन 1510, सूरज 1535, अवसर 1645, राग गोल्ड 1605, गृहणी 1495, क्लासिक (किलो) 1700, मोर 1590, चक्र टिन 1875, ब्लू 1615, आशीर्वाद मस्टर्ड 1900, स्वास्तिक 2030 । किराना–( प्रतिकु.) हल्दी निजामाबाद 19200, जीरा 32500, लाल मिर्च 19500–25000, धनिया 9000–11000, अजवायान 15500–23000, मेथी 7400, सौंफ 9000–13000, सोंठ 41000, (प्रतिकि0) लौंग 920–1000, बादाम 580–680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140–180, मखाना 650–900 । चावल–( प्रति कु0 )डबल चाबी सेला 10100, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5150, शर्बती स्टीम 5200, डायमंड मंसूरी 4700, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9600, राजभोग 7350, हरी पत्ती ( 1किलो,5किलो) 10500, हरी पत्ति नेचुरल नया 10400, जेनिथ 10600, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4950, खजाना 4950 । दाल दलहन –मूंग दाल इंदौर 10200, मूंग धोवा 10800, राजमा चित्रा 13700–14600, राजमा भूटान नया 12300, मलका काली 7050–7500 मलका दाल 7575–7900, मलका छाँटी 7470, दाल उड़द बिलासपुर 10000–10800, मसूर दाल छोटी 8900–9500, दाल उड़द दिल्ली 12200, उड़द साबुत दिल्ली 11900, उड़द धोवा इंदौर 13900, उड़द धोवा 11900–12900, चना काला 7700, दाल चना 8350, लाल हिंदुस्तान 8450, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 9000, चना अकोला 8400, डबरा 9800–11700, सच्चा हीरा 11900, मोटा हीरा 13800, अरहर गोला मोटा 15300, अरहर पटका मोटा 16000, अरहर कोरा मोटा 16300, अरहर पटका छोटा 16000–16200, अरहर कोरी छोटी 17000 । चीनी – डालमियां 4020, पीलीभीत 4000, नवाबगंज 3990, बहेड़ी 4000 ।

## सर्राफा

**बरेली**

| | |
|---|---|
| गोल्ड (पक्के जेवर) | 71300 |
| गोल्ड (गिन्नी जेवर) | 70300 |
| सिल्वर ( पक्की) | 830 (अनुमानित)। |

# घरेलू इस्पात उत्पादन 2030 तक 30 करोड़ टन होने की उम्मीद

## कार्बन उत्सर्जन में कमी लाने के प्रयासों के चलते बाधा की आशंका नहीं : इस्पात सचिव

**कोलकाता, एजेंसी**



- कुल कार्बन उत्सर्जन में इस्पात क्षेत्र की हिस्सेदारी 12%
- कार्बन कम करने पर जनता की राय के लिए मसौदा होगा जारी

भारत में 2030 तक घरेलू इस्पात उत्पादन 30 करोड़ टन को पार कर जाएगा। केंद्र सरकार के वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को यह उम्मीद जताई कि प्रतिकूल परिस्थितियों के बीच इस्पात की मांग बेहतर बनी हुई है।

इस्पात सचिव नागेंद्र नाथ सिन्हा ने कहा कि मंत्रालय को इस्पात क्षेत्र में कार्बन उत्सर्जन में कमी लाने के प्रयासों के चलते क्षमता वृद्धि में किसी भी बाधा की आशंका नहीं है। उन्होंने कहा कि जल्द ही इस्पात क्षेत्र में कार्बन उत्सर्जन को कम करने पर जनता की राय लेने के लिए एक मसौदा जारी किया जाएगा। कुल कार्बन उत्सर्जन में इस्पात क्षेत्र की हिस्सेदारी 12 प्रतिशत है।

भारत चैंबर ऑफ कॉमर्स (बीसीसी) के सदस्यों को संबोधित करते हुए सिन्हा ने कहा कि सरकार के बुनियादी ढांचे को बढ़ावा दिए जाने और लगभग 10 प्रतिशत की वृद्धि की उम्मीद के साथ मौजूदा इस्पात की मांग मजबूत बनी हुई है। उन्होंने साथ ही जोड़ा कि जीडीपी भी मजबूती से बढ़ रही है, और सरकारी तथा निजी, दोनों क्षेत्रों के बुनियादी ढांचे पर जोर देने से इस्पात की मांग मजबूत बनी रहेगी। वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान तैयार इस्पात का उत्पादन 13.85 करोड़ टन था, जो इससे पिछले साल की तुलना में 12.4 प्रतिशत अधिक है। ऐसे में 30 करोड़ टन स्थापित क्षमता हासिल करने के लिए 12 प्रतिशत की दर से वृद्धि हासिल करनी होगी।

### एसएईएल ने 30.5 करोड़ डॉलर के बॉण्ड किए जारी

**नई दिल्ली।** घरेलू नवीकरणीय ऊर्जा कंपनी एसएईएल ग्रुप ने अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में 30.5 करोड़ डालर मूल्य के हरित बॉण्ड जारी किए हैं। कंपनी ने कहा कि ये बॉण्ड अमेरिका, यूरोप और कई एशियाई देशों के निवेशकों के लिए जारी किए गए हैं। कंपनी का 30.5 करोड़ डॉलर (2,500 करोड़ ) का हरित बॉण्ड एसएईएल और पांच पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनियों द्वारा संयुक्त रूप से जारी किया गया। कंपनी ने कहा कि इस राशि का उपयोग कंपनी के नवीकरणीय ऊर्जा कारोबार के विस्तार के लिए किया जाएगा। कंपनी के मुख्य निवेश अधिकारी वरुण गुप्ता ने कहा कि एसएईएल समूह का लक्ष्य अगले दो साल तक सौर और अपशिष्ट-से-ऊर्जा परियोजनाओं को पांच गीगावाट तक पहुंचाना है। एसएईएल ग्रुप एक स्वतंत्र हरित ऊर्जा उत्पादक इकाई है।

# 151 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता की तैयारी : प्रह्लाद जोशी

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- ऊर्जा मंत्री बोले- तीन-चार साल में 76.42 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता चालू होगी

केंद्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा है कि देश में 151 गीगावाट क्षमता की नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाएं क्रियान्वयन के विभिन्न चरणों में हैं। अगले तीन-चार साल में 76.42 गीगावाट (एक गीगावाट बराबर 1,000 मेगावाट) नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता चालू हो जाएगी।

जोशी ने शुक्रवार को दिल्ली में मेरकॉम इंडिया रिन्यूएबल्स समिट 2024' के सत्र में कहा कि सरकार नवीकरणीय ऊर्जा को प्राथमिकता देने के लिए कई पहल कर रही है। करीब 151 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाएं लागू की जा रही हैं और 76.42 गीगावाट तीन-चार साल में चालू हो जाएंगी। मंत्री ने कहा कि 76.42 गीगावाट क्षमता की परियोजनाओं के लिए निविदा प्रक्रिया पहले ही पूरी हो चुकी है। जोशी ने कहा कि नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता 2014 में 76 गीगावाट से 2.5 गुना बढ़कर जून 2024 तक 195 गीगावाट से अधिक हो गई है। उन्होंने कहा कि सौर ऊर्जा क्षमता 2014 में केवल तीन गीगावाट थी। वह बढ़कर अब 85 गीगावाट से अधिक हो गई है, जबकि पवन ऊर्जा क्षमता 21 गीगावाट से बढ़कर 46 गीगावाट से अधिक हो गई। मेरकॉम कैपिटल ग्रुप के सीईओ राज प्रभु ने कहा, ''हालिया बोली प्रक्रिया एक शानदार पहल रही है। यदि सरकारी एजेंसियां अपने लक्ष्यों को हासिल करना जारी रखती हैं, और इस प्रक्रिया के तहत पीपीए/पीएसए (बिजली खरीद समझौता/बिजली आपूर्ति समझौता) पर हस्ताक्षर के जरिए नीलामी को अनिवार्य बनाती हैं तो हम आने वाले वर्षों में इसमें उल्लेखनीय वृद्धि देखेंगे।

# दिल्ली-एनसीआर में 60 रुपये किलो की दर से टमाटर बेचेगा एनसीसीएफ

**नई दिल्ली, एजेंसी**



टमाटर की कीमतों पर नियंत्रण के लिए भारतीय राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता संघ (एनसीसीएफ) सोमवार से दिल्ली व एनसीआर में 60 रुपये प्रति किलो की दर पर टमाटर बेचेगा। यह कदम ऐसे समय उठाया गया जब उत्पादक केंद्रों में बारिश से आपूर्ति में व्यवधान से टमाटर की कीमतों में उछाल आया है।

उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के अनुसार 27 जुलाई को दिल्ली में खुदरा टमाटर की कीमतें 77 रुपये प्रति किलो थीं, लेकिन कुछ क्षेत्रों में कीमतें 80 रुपये प्रति किलो से अधिक हो गई हैं। एनसीसीएफ ने कहा कि यह सुविधा 29 जुलाई को शुरू होगी और आने वाले दिनों में धीरे-धीरे दिल्ली-एनसीआर के अन्य स्थानों तक विस्तारित होगी। सब्सिडी वाले टमाटर कृषि भवन, सीजीओ कॉम्प्लेक्स, लोधी कॉलोनी, हौज खास, संसद मार्ग, आईएनए मार्केट और नोएडा, रोहिणी और गुरुग्राम के कई इलाकों सहित विभिन्न स्थानों पर उपलब्ध होंगे। यह हस्तक्षेप उपभोक्ताओं पर बढ़ती खाद्य कीमतों के प्रभाव को कम करने के लिए सरकार के प्रयासों को रेखांकित करता है।

# चीनी का एमएसपी बढ़ाने पर फैसला जल्द : खाद्य सचिव

**मुंबई, एजेंसी**

## उद्योग निकायों ने एमएसपी 42 रुपये प्रति किलो तक बढ़ाने का किया है आग्रह



- 2019 से चीनी का एमएसपी 31 रुपये प्रति किलो पर बना हुआ है
- 57 लाख से बढ़कर 58 लाख हेक्टेयर तक हो चुकी है गन्ने की बुवाई
- 2023-24 में चीनी उत्पादन 3.2 करोड़ टन होने का अनुमान है
- गत सत्र के 3.28 करोड़ टन कम, 2.7 करोड़ टन घरेलू मांग के लिए पर्याप्त

केंद्रीय खाद्य सचिव संजीव चोपड़ा ने शनिवार को कहा कि सरकार चीनी के न्यूनतम बिक्री मूल्य (एमएसपी) में बढ़ोतरी पर फैसला ले सकती है। ऑल इंडिया शुगर ट्रेड एसोसिएशन (एआईएसटीए) के सम्मेलन में उन्होंने कहा कि हम एमएसपी प्रस्ताव पर चर्चा कर रहे हैं। आने वाले दिनों में उम्मीद करते हैं कि हम कोई फैसला लेंगे।

गन्ना किसानों को दिए जाने वाले उचित और लाभकारी मूल्य (एफआरपी) में वार्षिक बढ़ोतरी के बावजूद, चीनी का एमएसपी 2019 से 31 रुपये प्रति किलो पर बना हुआ है। नेशनल फेडरेशन ऑफ कोऑपरेटिव शुगर फैक्ट्रीज (एनएफसीएसएफ) सहित उद्योग निकायों ने सरकार से बढ़ती उत्पादन लागत के बीच मिलों को संचालन बनाए रखने में मदद करने के लिए एमएसपी को 42 रुपये प्रति किलो तक बढ़ाने का आग्रह किया है। चोपड़ा ने कहा कि 2024-25 सत्र (अक्टूबर-सितंबर) के लिए चीनी उत्पादन आशाजनक दिख रहा है, जिसमें पिछले साल की समान अवधि के 57 लाख हेक्टेयर से बढ़कर अब तक 58 लाख हेक्टेयर तक गन्ने की बुवाई हो चुकी है। चीनी सत्र 2023-24 में चीनी उत्पादन 3.2 करोड़ टन होने का अनुमान है, जो पिछले सत्र के 3.28 करोड़ टन से कम है, लेकिन 2.7 करोड़ टन की घरेलू मांग को पूरा करने के लिए पर्याप्त है। इससे पहले, कार्यक्रम को संबोधित करते हुए खाद्य सचिव ने कहा कि कृषि मंत्रालय विभिन्न उपज से एथनॉल बनाने के लिए पानी की जरूरतों का मूल्यांकन करने के लिए अनुसंधान कर रहा है। शुरुआती निष्कर्षों से पता चलता है कि मक्का और चावल के मुकाबले गन्ने से एथनॉल बनाने के लिए कम पानी की जरूरत होती है।



# पेरिस ओलंपिक 2024



## दूसरे दिन भारत के मुकाबले

**बैडमिंटन :** महिला एकल (ग्रुप चरण) : पीवी सिंधू बनाम एफएन अब्दुल रज्जाक (मालदीव), दोपहर 12 :50 बजे से

**पुरुष एकल (ग्रुप चरण) :** एचएस प्रणय बनाम फैबियान रोथ (जर्मनी), रात आठ बजे

**निशानेबाजी :** महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल क्वालीफिकेशन : इलावेनिल वलारिवन, दोपहर 12 .45 बजे

**पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल क्वालीफिकेशन :** संदीप सिंह और अर्जुन बाबूता, दोपहर 2 .45 बजे

**महिला 10 मीटर एयर पिस्टल फाइनल :** मनु भाकर, दोपहर 3 .30 बजे

**नौकायन :** पुरुष एकल स्कल (रेपेचेज दो) : बलराज पंवार, दोपहर 1.18 बजे

**टेबल टेनिस :** महिला एकल (दूसरा दौर) : श्रीजा अकुला बनाम क्रिस्टीना कालबर्ग (स्वीडन) – दोपहर 12 .15 बजे से

**महिला एकल (दूसरा दौर) :** मनिका बत्रा बनाम अन्ना हर्से (ग्रेट ब्रिटेन) – दोपहर 12 .15 बजे से

**पुरुष एकल (दूसरा दौर) :** शरथ कमल बनाम डेनी कोजुल (स्लोवेनिया) – दोपहर 3 .00 बजे से

**तैराकी :** पुरुषों की 100 मीटर बैकस्ट्रोक (हीट 2) : श्रीहरि नटराज – दोपहर 3 .16 बजे

**महिलाओं की 200 मीटर फ्रीस्टाइल (हीट 1) :** धीनिधि देसिंगु – दोपहर 3 .30 बजे

**तीरंदाजी :** महिला टीम (क्वार्टर फाइनल) : भारत (अंकिता भक्त, भजन कौर और दीपिका कुमारी) बनाम फ्रांस/नीदरलैंड – शाम 5 .45 बजे

**महिला टीम (सेमीफाइनल) :** शाम 7 .17 बजे से

**महिला टीम (पदक चरण के मैच) :** रात 8 .18 बजे से।

## खेल डायरी

### नौकायन : भारत के बलराज पंवार रेपेचेज में पहुंचे

**चेटेरोक्स (फ्रांस)।** पेरिस ओलंपिक में हिस्सा ले रहे भारत के एकमात्र नौकायन (रोइंग) खिलाड़ी बलराज पंवार शनिवार को यहां पुरुष एकल स्कल स्पर्धा की पहली हीट (शुरुआती रेस) में चौथे स्थान पर रहे और अब रेपेचेज में हिस्सा लेंगे। 25 साल के बलराज पंवार ने सात मिनट 7 .11 सेकेंड का समय लिया। बलराज पंवार न्यूजीलैंड के थॉमस मैकिनटोश (छह मिनट 55 .92 सेकेंड), स्टीफानोस एनतोस्कोस (सात मिनट 1.79 सेकेंड) और अब्देलखालेक एलबाना (सात मिनट 5 .06 सेकेंड) से पीछे रहे। प्रत्येक हीट से शीर्ष तीन प्रतिभागियों ने क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। रेपेचेज के जरिए बलराज पंवार को सेमीफाइनल या फाइनल में जगह बनाने का दूसरा मौका मिलेगा।

### जॉर्जिया की निशानेबाज सालुकवाजे का 10वां ओलंपिक

**चेटोरॉक्स (फ्रांस)।** जॉर्जिया की निशानेबाज नीनो सालुकवाजे कॅरियर में दस ओलंपिक खेलने वाली पहली महिला खिलाड़ी बन गईं जो पहले सोवियत संघ के लिए खेलती थीं। सालुकवाजे ने 1988 से हर ओलंपिक खेला है। उन्होंने 1988 में 19 वर्ष की उम्र में स्वर्ण पदक जीता था। वह पेरिस ओलंपिक में जॉर्जिया के लिए दस मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में उतरीं। वह पिछले आठ ओलंपिक वह जॉर्जिया के लिये खेली हैं।

### स्पेन के रूडी फर्नांडिज का छठा ओलंपिक

**विलनोवडास्क (फ्रांस)।** स्पेन के रूडी फर्नांडिज छह ओलंपिक में हिस्सा लेने वाले पहले पुरुष बास्केटबॉल खिलाड़ी बन गए हैं। इस 39 वर्षीय खिलाड़ी ने पेरिस ओलंपिक में शनिवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ स्पेन की ओर से उतरकर यह उपलब्धि हासिल की। सोमवार को जब अमेरिका की महिला टीम जापान के खिलाफ उतरेगी तो डायना टोरासी भी छह ओलंपिक में खेलने वाली पहली महिला बास्केटबॉल खिलाड़ी बन जाएंगी।

### द. कोरिया का गलत परिचय कराने पर मांगी माफी

**पेरिस।** ओलंपिक खेलों के आयोजकों ने कहा कि वे पेरिस में उद्घाटन समारोह के दौरान द. कोरिया के खिलाड़ियों को उत्तर कोरिया के रूप में पेश करने के लिए तहे दिल से माफी मांगते हैं। समारोह के दौरान शुक्रवार शाम जैसे ही दक्षिण कोरिया के दल ने सीन नदी में तैरती एक नाव पर अपने देश का झंडा लहराया, तो उन्हें फ्रेंच और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में डेमोक्रेटिक पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ कोरिया (उ. कोरिया) घोषित किया गया। द. कोरिया को कोरिया गणराज्य के तौर पर जाना जाता है।

### बारिश का खलल, स्केटबोर्डिंग की स्पर्धाएं स्थगित

**पेरिस।** पेरिस ओलंपिक के शुरू होने के बाद बारिश सबसे बड़ा चर्चा का विषय बन गयी है, जिसके कारण शनिवार को यहां स्केटबोर्डिंग की स्पर्धाएं स्थगित करनी पड़ी। स्केटबोर्डिंग की स्पर्धाएं पेरिस के बाहरी क्षेत्र ला कॉनकॉर्ड अर्बन पार्क में होंगी। इस खेल की विश्व संस्था ने बताया कि मौसम की प्रतिकूल परिस्थितियों के कारण शनिवार को होने वाली स्पर्धाओं को स्थगित करना पड़ा। पुरुषों की स्ट्रीट स्केटबोर्डिंग शनिवार को आयोजित की जानी थी लेकिन अब इसे सोमवार तक स्थगित कर दिया गया है। महिलाओं की स्पर्धा रविवार को होगी। पेरिस में लगातार हो रही बारिश के कारण शुक्रवार को उद्घाटन समारोह भी प्रभावित हुआ था।

# मनु भाकर 10 मीटर एयर पिस्टल के फाइनल में

## 580 अंकों के साथ क्वालिफिकेशन राउंड में तीसरा स्थान हासिल किया, पदक के लिए शीर्ष आठ क्वालीफायर से मुकाबला

पेरिस, एजेंसी

भारत की शीर्ष निशानेबाज मनु भाकर ने शनिवार को पेरिस 2024 ओलंपिक में महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। भाकर ने अपनी छह श्रृंखलाओं में सटीक निशानेबाजी का प्रदर्शन करते हुए 580 अंकों के साथ क्वालिफिकेशन राउंड में तीसरा स्थान हासिल किया। उनके 97, 97, 98, 96, 96 और 96 के स्कोर ने उन्हें लगातार शीर्ष पर बनाए रखा।

अब वह रविवार को दोपहर साढ़े तीन बजे पर स्वर्ण पदक के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी। दूसरी ओर रिदम सांगवान फाइनल में नहीं पहुंचे और उन्हे 15वें स्थान पर संतोष करना पड़ा। 97 के स्कोर के साथ एक ठोस शुरुआत के बावजूद, सांगवान को असंगतता से जूझना पड़ा, जिसमें दूसरी श्रृंखला में कम 92 भी शामिल था। फाइनल की तैयारी के दौरान भाकर पर सभी का ध्यान रहेगा, उनका लक्ष्य पदक जीतना और दुनिया के शीर्ष निशानेबाजों में से एक के रूप में अपनी प्रतिष्ठा बढ़ाना है। हंगरी की वेरोनिका मेजर सहित शीर्ष आठ क्वालीफायर फाइनल में स्वर्ण पदक के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे।

भारतीय निशानेबाज सरबजोत सिंह शनिवार को पेरिस ओलंपिक में पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में पदक राउंड के लिए क्वालीफाई करने के बेहद करीब पहुंच गए, लेकिन बेहद कम अंतर के कारण अंततः उन्हें पोडियम पर जगह नहीं मिल पाई। सिंह ने असाधारण कौशल और फोकस का प्रदर्शन करते हुए अपनी एक श्रृंखला में 100 के पूर्ण स्कोर के साथ उल्लेखनीय प्रदर्शन किया।

इस प्रभावशाली उपलब्धि के बावजूद, उनकी अंतिम श्रृंखला में एक महत्वपूर्ण गलती महंगी साबित हुई। वह मेडल टेली में नौवें स्थान पर रहे और फाइनल में मात्र एक अंक से चूक गये। अंतिम परिणाम में सिंह जर्मनी के रॉबिन वाल्टर के साथ बराबरी पर रहे। वाल्टर के अतिरिक्त इनर-10 ने उन्हें बढ़त दिला दी, जिससे सिंह पदक की दौड़ से बेहद कम अंतर से बाहर हो गए। सिंह के साथी अर्जुन सिंह चीमा को भी पूरे आयोजन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। मजबूत शुरुआत के बावजूद, चीमा का प्रदर्शन खराब हो गया, खासकर चौथी सीरीज में, जिससे रैंकिंग में काफी गिरावट आई। उन्होंने प्रतियोगिता का समापन 18वें स्थान पर किया और अंतिम राउंड से चूक गए। यह परिणाम भारतीय निशानेबाजी दल के लिए एक बड़ा झटका था, जिसकी सिंह और चीमा पर बहुत उम्मीदें टिकी थीं। हालांकि, यह जोड़ी अब मिश्रित टीम स्पर्धा पर ध्यान केंद्रित कर रही है।

- बेहद कम अंतर से निशानेबाज सरबजोत मेडल राउंड से चूके
- मजबूत शुरुआत के बावजूद चीमा का प्रदर्शन रहा खराब



## बैडमिंटनः चिराग-सात्विक, लक्ष्य सेन की जीत



**पेरिस।** पेरिस ओलंपिक में पदक के दावेदार सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग सेन की जोड़ी ने पुरुष युगल स्पर्धा में पहले दौर में शनिवार को आसान जीत दर्ज की जबकि पदार्पण कर रहे लक्ष्य सेन ने पुरुष एकल स्पर्धा में जीत के साथ शुरुआत की। लक्ष्य ने ग्रुप एल में दुनिया के 41वें नंबर के खिलाड़ी केविन कोर्डन को सीधे गेम में हराया। दुनिया के 18वें नंबर के खिलाड़ी लक्ष्य को गुआटेमाला के केविन ने दूसरे गेम में कड़ी टक्कर दी लेकिन भारतीय खिलाड़ी 42 मिनट में 21–8, 22–20 से जीत दर्ज करने में सफल रहा। वहीं पुरुष युगल में सात्विक और चिराग ने 46 मिनट तक चले मुकाबले में फ्रांस के लुकास कोरवी और रोनान लाबार को 21–17, 21–14 से हराया। लक्ष्य ने मुकाबले की शानदार शुरुआत करते हुए लगातार पांच अंक जुटाकर 5–0 की बढ़त बनाई। भारतीय खिलाड़ी ब्रेक तक 11–2 से आगे था। ब्रेक के बाद भी लक्ष्य ने दबदबा बनाए रखा और स्कोर 18–5 तक पहुंचाया। लक्ष्य ने 19–8 के स्कोर पर क्रॉस कोर्ट स्मैश के साथ 12 गेम प्वाइंट हासिल किए और फिर केविन ने कोर्ट से बाहर शॉट मारकर पहला गेम भारतीय खिलाड़ी की झोली में डाल दिया। केविन ने दूसरे गेम में बेहतर शुरुआत करते हुए 4–1 की बढ़त बनाई। केविन लक्ष्य की गलतियों का फायदा उठाते हुए ब्रेक तक 11–6 से आगे हो गए।

## टेबल टेनिसः हरमीत पुरुष एकल के दूसरे दौर में पहुंचे



**पेरिस।** अनुभवी भारतीय खिलाड़ी हरमीत देसाई शनिवार को यहां जॉर्डन के जैद अबो यमन पर 4–0 की शानदार जीत के साथ ओलंपिक पुरुष एकल टेबल टेनिस प्रतियोगिता के दूसरे दौर में पहुंच गए। ओलंपिक खेलों में पदार्पण कर रहे हरमीत ने विश्व रैंकिंग में 538वें स्थान पर काबिज खिलाड़ी के खिलाफ महज 30 मिनट में 11–7 11–9 11–5 11–5 की जीत के साथ शानदार आगाज किया। विश्व रैंकिंग में शीर्ष 100 में शामिल 31 साल के हरमीत 2018 और 2022 में राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाली टीमों का हिस्सा रहे हैं। जॉर्डन के प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ उन्हें लय में आने में ज्यादा समय नहीं लगा। शुरुआती गेम को आसानी से जीतने के बाद दूसरे गेम में उन्हें कड़ी टक्कर मिली लेकिन अगले दो गेम को उन्होंने आसानी से अपने नाम कर मुकाबला जीत लिया।

## निशानेबाजीः चीन को पहला स्वर्ण पदक

**पेरिस।** यूटिंग हुआंग और लिहाओ शेंग की चीन की जोड़ी ने शनिवार को यहां निशानेबाजी की मिश्रित टीम एयर राइफल स्पर्धा जीतकर पेरिस ओलंपिक का पहला स्वर्ण पदक जीता। यूटिंग और लिहाओ की जोड़ी ने स्वर्ण पदक के मुकाबले में जिहयिओन केयुम और हाजुन पार्क की दक्षिण कोरिया की जोड़ी को 16–12 से हराया। जिहयिओन और हाजुन की जोड़ी को रजत पदक से संतोष करना पड़ा। इस स्पर्धा का कांस्य पदक एलेक्सांद्रा ली और इस्लाम सतपायेव की कजाखस्तान की जोड़ी के नाम रहा, जिन्होंने कांस्य पदक के मुकाबले में ऐना यानसेन और मैक्सिमिलियन उल्ब्रिच की जर्मनी की जोड़ी को 17–5 से शिकस्त दी।



# हॉकी टीम का जीत के साथ आगाज

पेरिस, एजेंसी

आखिरी मिनटों में पेनल्टी स्ट्रोक पर कप्तान हरमनप्रीत सिंह के गोल के दम पर तोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता भारतीय टीम ने पेरिस में अपने अभियान का आगाज न्यूजीलैंड पर शनिवार को 3-2 से मिली रोमांचक जीत के साथ किया। एक गोल से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए भारतीय टीम ने बढ़त बना ली थी लेकिन आखिरी सीटी बजने से सात मिनट पहले न्यूजीलैंड टीम ने 2-2 से बराबरी कर ली। भारत को 57वें से 58वें मिनट के बीच तीन पेनल्टी कॉर्नर और 59वें मिनट में पेनल्टी स्ट्रोक मिला, जिसे हरमनप्रीत ने गोल में बदलकर युवेस डु मनोयेर स्टेडियम पर आये भारतीय समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ा दी।

न्यूजीलैंड के लिये सैम लेन (आठवां मिनट) ने पहला और साइमन चाइल्ड (53वां) ने दूसरा गोल किया जबकि भारत के लिये मनदीप सिंह (24वां मिनट), विवेक सागर प्रसाद (34वां मिनट) और हरमनप्रीत (59वां मिनट) ने गोल दागे। तोक्यो में 41 साल बाद ओलंपिक पदक जीतने वाली भारतीय टीम को 29 जुलाई को पूल बी के अगले मैच में रियो ओलंपिक चैम्पियन रही अर्जेंटीना से खेलना है।




- भारतीय टीम का अगला मुकाबला 29 जुलाई को अर्जेंटीना से

# अल्काराज, जोकोविच स्वियातेक दूसरे दौर में

पेरिस, एजेंसी

सात सप्ताह पहले फ्रेंच ओपन का खिताब जीतने वाले कार्लोस अल्काराज और इगा स्वियातेक ने रोलां गैरो में खेले जा रहे ओलंपिक टेनिस स्पर्धा में अपने अभियान का आगाज सीधे सेटों में जीत के साथ किया। बारिश के कारण छत को बंद करके इन मुकाबलों को खेला गया। स्वियातेक और अल्काराज की तरह नोवाक जोकोविच ने भी सीधे सेटों में जीत हासिल की।

फ्रेंच ओपन में तीन बार की गत चैंपियन और दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी स्वियातेक ने रोमानिया की इरिना कैमेलिया बेगु को सीधे सेट में हराया। सात हफ्ते पहले रोलां गैरो पर चौथा फ्रेंच ओपन खिताब जीतने वाली पोलैंड की स्वियातेक ने बेगु को 6-2, 7-5 से शिकस्त दी। मौजूदा फ्रेंच ओपन और विंबलडन चैंपियन अल्काराज ने लेबनान के हेडी हबीब को 6-3, 6-1 से हराया। ओलंपिक में शीर्ष वरीयता प्राप्त सर्बिया के जोकोविच ने ऑस्ट्रेलिया के मैथ्यू एबडेन को आसानी से 6-0, 6-1 से हराया। जून में फ्रेंच ओपन और दो हफ्ते पहले विंबलडन में उप विजेता रही इटली की जैस्मिन पाओलिनी पेरिस ओलंपिक खेलों में जीत दर्ज करने वाली पहली टेनिस खिलाड़ी बनीं जब उन्होंने रोमानिया की ऐना बोगडेन को 7-5, 6-3 से हराया।

## बारिश के कारण स्थगित हुआ टेनिस का मैच

**पेरिस।** पेरिस में बारिश के कारण रोलैंड गैरोस स्टेडियम में खेले जाने वाले टेनिस मैच स्थगित हो गए हैं। भारत के रोहन बोपन्ना और एन श्रीराम बालाजी को कोर्ट नंबर 12 पर दूसरा मैच खेलना था, जबकि पहला मैच शुरू में दोपहर साढ़े तीन बजे शुरू होना था। पुरुष युगल स्पर्धा के अपने पहले मैच में भारतीय जोड़ी का सामना मेजबान देश के गेल मोनफिल्स और एडौर्ड रोजर-वेसलिन से होगा। अपने तीसरे ओलंपिक खेलों में भाग ले रहे बोपन्ना ने पेरिस में वापस आने पर अपनी खुशी व्यक्त की, जहां उन्होंने 2017 में कनाडा की गैब्रिएला डाब्रोवस्की के साथ मिश्रित युगल ग्रैंड स्लैम खिताब जीता था।

# आठवें खिताब के लिए उतरेगी टीम इंडिया

**महिला टी20 एशिया कप**

दाम्बुला, एजेंसी

- भारतीय टीम लगातार जीत के साथ फाइनल में पहुंची है
- हरमनप्रीत कौर के नेतृत्व वाली टीम का मुकाबला श्रीलंका से

एशिया कप टी20 के फाइनल में पहुंची हरमनप्रीत कौर के नेतृत्व वाली भारतीय महिला टीम रविवार को मेजबान श्रीलंका के खिलाफ मैदान पर उतरेगी तो उसका इरादा जीत हासिल कर लगातार आठवीं बार प्रतिष्ठित ट्राफी को घर लाना होगा। चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ मैच के साथ टूर्नामेंट का आगाज करने वाली भारतीय टीम लगातार जीत के साथ फाइनल में पहुंची है।

हरमनप्रीत की सेना ने अब तक पाकिस्तान को सात विकेट, संयुक्त अरब अमीरात को 78 रन और नेपाल को 82 रन से धूल चटाई है जबकि सेमीफाइनल मुकाबले में भारत ने बांग्लादेश को 10 विकेट से धो दिया था। स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा ने बल्ले से धाकड़ प्रदर्शन कर भारत को तेज शुरुआत दिलायी है। वहीं दीप्ति शर्मा और रेणुका सिंह ने नियमित अंतराल पर विकेट चटकाकर विपक्षी टीम के जीत के मंसूबों पर पानी फेरा है। दीप्ति ने टूर्नामेंट में अभी तक सर्वाधिक नौ विकेट लिए हैं जबकि रेणुका के खाते में अब तक सात विकेट आये हैं। बल्लेबाजी में कप्तान हरमनप्रीत कौर और जेमिमा रोड्रिग्स को अब तक हाथ खोलने के लिये पर्याप्त मौका नहीं मिला है। मेजबान टीम होने के नाते श्रीलंका के पास दर्शकों का अपार समर्थन होगा। वहीं अकेले दम पर मैच जिताने वाली चमारी अटापट्टे की शानदार फार्म भारत के लिये खतरे का सबब बन सकती है। श्रीलंकाई कप्तान ने मौजूदा टूर्नामेंट में अब तक 243 रन बनाए हैं।



**भारत :** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), शेफाली वर्मा, दीप्ति शर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, ऋचा घोष (विकेट कीपर), उमा छेत्री (विकेट कीपर), पूजा वस्त्रकार, अरुंधति रेड्डी, रेणुका सिंह ठाकुर, दयालन हेमलता, आशा शोभना, राधा यादव, श्रेयंका पाटिल, सजाना सजीवन।

**श्रीलंका :** चमारी अटापट्टू (कप्तान), अनुष्का संजीवनी, हर्षिता समरविक्रमा, हासिनी परेरा, अमा कंचना, उदेशिका प्रबोदानी, विशमी गुणरथने, काव्या कविंदी, इनोशी प्रियदर्शनी, सुगंधिका कुमारी, अचिनी कुलसूर्या, कवीशा दिलहारी, नीलाक्षी डी सिल्वा, सचिनी निसानसाला, शशिनी गिम्हानी।

## घोड़े के साथ बर्ताव पर ब्राजील के राइडर को मिली चेतावनी

**वर्सलीज (फ्रांस)।** घुड़सवारी की संचालन संस्था ने शनिवार को ब्राजील के राइडर कार्लोस पैरो को अपने घोड़े सफीरा की गर्दन ज्यादा मोड़कर उसे असुविधा पहुंचाने के लिए चेतावनी जारी की। संगठन पेटा से शुक्रवार पत्र और फोटो मिलने के बाद घुड़सवारी खेल महासंघ (एफईआई) ने यह चेतावनी जारी की। महासंघ के अध्यक्ष इंगमार डी वोस को ये फोटो भेजी गईं जिसमें पैरो अपने घोड़े की गर्दन ज्यादा मोड़ते हुए दिख रहे हैं और ऐसा करना प्रतिबंधित है क्योंकि इससे घोड़े को सांस लेने में परेशानी होती है। एफआई ने एक बयान में कहा, एफईआई अधिकारियों ने पैरो को एक पीला चेतावनी कार्ड जारी किया है क्योंकि इस हरकत से घोड़े को अनावश्यक असुविधा हुई होगी। साथ ही मैदान पर मौजूद जूरी ने एथलीट और ब्राजील के दल प्रमुख को इसके बारे में बताया है।

# भारत ने श्रीलंका को 43 रनों से रौंदा

पल्लेकल, एजेंसी

- भारत ने कप्तान सूर्यकुमार ने आक्रामक 58 रनों की पारी खेली

कप्तान सूर्यकुमार यादव (58) और ऋषभ पंत (49) की शानदार पारियों के बाद रियान पराग (पांच रन देकर तीन विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी की बदौलत भारत ने शनिवार को पहले टी-20 मुकाबले में श्रीलंका को 43 रनों से हरा दिया है। इसी के साथ भारत ने तीन मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली है।

214 रनों के बड़े लक्ष्य का पीछा करने उतरी श्रीलंका की पथुम निसंका और कुसल मेंडिस की सलामी जोड़ी ने बेहतरीन बल्लेबाजी का मुजाहिरा करते हुए 84 रन जोड़े।नौवें ओवर में अर्शदीप सिंह ने कुसल मेंडिस को जयसवाल के हाथों कैच आउट कर भारत को पहली सफलता दिलाई। मेंडिस ने 27 गेंदों में 45 रन बनाये। जीत की ओर बढ़ रही श्रीलंका को 15वें ओवर में अक्षर पटेल ने पतुम निसंका को बोल्ड कर भारत को दूसरी सफलता दिलाई। निसंका ने 48 गेंदों में सात चौके और चार छक्के लगाते हुये 79 रनों की पारी खेली। इसके बाद अक्षर ने कुसल परेरा (20) और रियान ने कामिंडु मेंडिस (12) को आउट कर श्रीलंका की पारी की कमर तोड़ दी। इसके बाद तो तीन बल्लेबाज शून्यू और दो बल्लेबाज 2-2 रन बनाकर पवेलियन लौट गये। मतीशा पतिराणा ने छह रन बनाये। श्रीलंका की पारी टीम 19.2 ओवर में 170 रन पर सिमट गई। भारत की ओर से रियान पराग ने 1.2 ओवर में पांच रन देकर तीन विकेट लिये। अक्षर पटेल और अर्शदीप सिंह को दो-दो विकेट मिले। मोहम्मद सिराज और रवि बिश्नोई ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां श्रीलंका ने टॉस जीतकर भारत को बल्लेबाजी का न्यौता दिया। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए श्रीलंका को जीत के लिये 214 रनों का लक्ष्य दिया।



सूर्यकुमार यादव

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने,बरेली,पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

## बचाव अभियान



महाराष्ट्र के सांगली जिले में भीषण बारिश के कारण कृष्णा नदी उफान पर है। जिस कारण शहरों में पानी घुस गया। भारतीय सेना एक दल नाव पर सवार होकर प्रभावित क्षेत्र में बचाव और राहत अभियान चलाता हुआ।

## हमले के दौरान ट्रंप के कान पर वास्तव में गोली लगी थी : एफबीआई

**वाशिंगटन।** डोनाल्ड ट्रंप पर करीब दो सप्ताह पहले हुए हमले को लेकर लगाई जा रही अटकलों पर विराम लगाते हुए संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) ने शुक्रवार को इस बात की पुष्टि की कि पेनसिल्वेनिया में रैली के दौरान अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति के कान पर वास्तव में गोली लगी थी। एफबीआई ने एक बयान में कहा कि हमलावर की रायफल से चली पूरी गोली या छर्रा पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप के कान पर लगा था। दरअसल, एफबीआई के निदेशक क्रिस्टोफर रे ने इस सप्ताह की शुरुआत में हमले को लेकर कुछ अस्पष्ट टिप्पणियां की थीं, जिससे इस बात को लेकर अटकलें लगने लगी थीं कि क्या ट्रंप को वास्तव में गोली लगी थी। जिसको लेकर ट्रंप व सहयोगियों ने नाराजगी जताई थी।

### न्यूयॉर्क टाइम्स/सिएना कॉलेज की ओर से किए गए सर्वेक्षण की पहली तस्वीर आई सामने

# बाइडेन के हटने के बाद कमला-ट्रंप के बीच कड़ी टक्कर

**वाशिंगटन, एजेंसी**

अमेरिका में राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव में डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवारी हासिल करने की दौड़ में शामिल उपराष्ट्रपति कमला हैरिस इस मुकाबले में पूर्व राष्ट्रपति एवं रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप के साथ लगभग बराबरी पर हैं। शनिवार को जारी एक ताजा सर्वेक्षण में यह जानकारी सामने आई है।

न्यूयॉर्क टाइम्स/सिएना कॉलेज की ओर से किए गए सर्वेक्षण के मुताबिक राष्ट्रपति जो बाइडेन के पार्टी नेताओं के दबाव में चुनाव से हटने के कुछ ही दिनों बाद डेमोक्रेटिक पार्टी के कई शीर्ष नेता कमला हैरिस (59) का समर्थन कर रहे हैं। हैरिस के राष्ट्रपति पद की



दौड़ में शामिल होने से डेमोक्रेटिक पार्टी में एकजुटता भी दिखाई दे रही है। न्यूयॉर्क टाइम्स के सर्वेक्षण के मुताबिक डेमोक्रेटिक पार्टी के करीब 70 प्रतिशत मतदाता हैरिस का समर्थन कर रहे हैं। मतदाताओं ने कहा कि वे चाहते हैं कि पार्टी हैरिस के प्रति तेजी से एकजुट हो। हालांकि, डेमोक्रेटिक पार्टी द्वारा हैरिस को अभी तक आधिकारिक रूप से राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार घोषित नहीं किया गया है। डेमोक्रेटिक पार्टी के अधिकांश सदस्यों ने कहा कि वे हैरिस को उम्मीदवार के रूप में देखकर उत्साहित हैं, जबकि केवल 10 प्रतिशत असंतुष्ट या नाराज हैं। न्यूयॉर्क टाइम्स ने कहा कि डेमोक्रेटिक गठबंधन को तेजी से पुनः एकजुट करने से ट्रंप को कुछ सप्ताह पहले तक बाइडन पर मिली महत्वपूर्ण बढ़त को कम करने में मदद मिली। इसमें कहा गया कि हैरिस को डेमोक्रेटिक पार्टी के सदस्यों से 93 प्रतिशत समर्थन मिल रहा है, जो कि ट्रंप को रिपब्लिकन से मिल रहे समर्थन के बराबर है। कुल मिलाकर, संभावित मतदाताओं के बीच ट्रंप, हैरिस से 48 प्रतिशत से 47 प्रतिशत आगे हैं।

### आधिकारिक तौर पर हैरिस उम्मीदवार घोषित

**वाशिंगटन।** कमला हैरिस ने शनिवार को अपने फॉर्म पर हस्ताक्षर कर अमेरिका के राष्ट्रपति पद के लिए अपनी उम्मीदवारी की आधिकारिक रूप से घोषणा की और विश्वास व्यक्त किया कि वह 5 नवंबर को होने वाले चुनाव में जीत हासिल करेंगी। भारतीय-अफ्रीकी मूल की हैरिस ने कहा वोट हासिल करने के लिए वह कड़ी मेहनत करेंगी।

## एक नजर

### द. अफ्रीका में मुक्ति संग्राम, मंडेला से जुड़े ऐतिहासिक स्थलों को धरोहर का दर्जा

**नई दिल्ली।** दक्षिण अफ्रीका में मानवाधिकारों के पैरोकार और मुक्ति संग्राम के अगुआ रहे पूर्व राष्ट्रपति नेल्सन मंडेला से जुड़े ऐतिहासिक स्थलों को शनिवार को यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल किया गया। यहां विश्व धरोहर समिति के एक सत्र के दौरान जैसे ही यह घोषणा की गई तो दक्षिण अफ्रीकी प्रतिनिधिमंडल के सदस्य जश्न मनाने लगे। मानवाधिकार, मुक्ति संघर्ष और सुलह : नेल्सन मंडेला विरासत स्थल नामक नामांकन अफ्रीकी देश द्वारा प्रस्तुत किया गया था।

### डॉ. नीरज की लेबर पार्टी की कार्यकारी समिति में नियुक्ति

**लंदन।** लंदन बरो ऑफ लैम्बेथ के पूर्व मेयर डॉ. नीरज पाटिल को ब्रिटेन की सत्तारूढ़ लेबर पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारी समिति में नियुक्त किया गया है। राष्ट्रीय कार्यकारी समिति, लेबर पार्टी में निर्णय लेने वाली इकाई है। लेबर पार्टी के महासचिव डेविड इवांस ने पिछले सप्ताह एक पत्र के जरिये पाटिल को राष्ट्रीय कार्यकारी समिति (एनईसी) में नियुक्ति किये जाने की पुष्टि की। लेबर पार्टी को नियंत्रित करने वाली एनईसी में 39 सदस्य हैं, जिनमें प्रधानमंत्री केअर स्टॉर्मर, श्रमिक संगठनों के प्रतिनिधि, सांसद और पार्टी के सदस्य भी शामिल हैं।

### इराक में तुर्की के हवाई हमले में कुर्दिश के 25 ठिकानें नष्ट

**अंकारा।** तुर्की सेना ने उत्तरी इराक में हवाई हमले करके प्रतिबंधित कुर्दिस्तान वर्कर्स पार्टी (पीकेके) के 25 ठिकानों को नष्ट कर दिया है । तुर्की के रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने कहा कि हवाई हमलों का उद्देश्य तुर्की सुरक्षा बलों के खिलाफ हमलों को विफल करना और देश की सीमा सुरक्षा सुनिश्चित करना है।

### पाकिस्तान में 38 संदिग्ध आतंकवादी गिरफ्तार

**लाहौर।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में 38 संदिग्ध आतंकवादियों को गिरफ्तार किया गया है जिनमें से अधिकतर इस्लामिक स्टेट (आईएस) और तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) से जुड़े हैं। पंजाब पुलिस के आतंकवाद रोधी विभाग (सीटीडी) ने कहा कि उसने पिछले सप्ताह पंजाब में 2,500 से अधिक तलाशी अभियान चलाए और लोधरान, रहीम यार खान तथा बहावलपुर से 38 संदिग्ध आतंकवादियों को गिरफ्तार किया।


# कूटनीति, संवाद से रुकेंगे संघर्ष

### आसियान की बैठक में भारत ने गाजा-यूक्रेन में चल रहे संघर्ष को समाप्त करने पर दिया जोर

**वियनतियाने (लाओस), एजेंसी**

भारत ने युद्धग्रस्त गाजा में तनाव कम करने और संयम बरतने का आह्वान करने के साथ यूक्रेन में संघर्ष को समाप्त करने के लिए बातचीत और कूटनीति के महत्व पर शनिवार को जोर दिया। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने दक्षिण पूर्व एशियाई देशों के संगठन (आसियान) की बैठकों के तहत लाओस की राजधानी में 14वें पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन (ईएएस) के विदेश मंत्रियों की बैठक को संबोधित करते हुए गाजा और यूक्रेन संघर्षों पर भारत के रुख पर प्रकाश डाला।

जयशंकर ने ईएएस प्रक्रिया, भारत की एक्ट ईस्ट नीति के एक दशक और हिंद-प्रशांत क्षेत्र की शांति एवं स्थिरता के लिए खुले समुद्री मार्ग के महत्व को रेखांकित करने के साथ दुनिया के दो सबसे गंभीर संघर्षों इजराइल-फलस्तीन और यूक्रेन-रूस के मुद्दों पर चर्चा की। भारत फिलिस्तीन के लोगों को मानवीय सहायता देना जारी रखे हुए है। लाल सागर में वाणिज्यिक जहाजों पर हमले चिंताजनक हैं। भारत समुद्री नौवहन की सुरक्षा सुनिश्चित करने में स्वतंत्र रूप से योगदान दे रहा है। भारत ने 15 जुलाई को फलस्तीनी शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र राहत एवं कार्य एजेंसी (यूएनआरडब्ल्यूए) को उसके मुख्य कार्यक्रमों और सेवाओं में सहयोग के लिए 25 करोड़ अमेरिकी डॉलर का योगदान दिया। यह भारत द्वारा प्रतिवर्ष दिए जाने वाले कुल 50 लाख अमेरिकी डॉलर की पहली किस्त थी। कई मंचों पर भारत ने गाजा के लिए द्वि-राष्ट्र समाधान का समर्थन और मानवीय आधार पर गाजा में तनाव कम करने एवं संयम बरतने का आह्वान किया है।



आसियान की बैठक के दौरान अमेरिकी विदेश मंत्री से मिलते जयशंकर।

### मोदी ने की थी जेलेंसकी और पुतिन से मुलाकात

जयशंकर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हाल में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से मुलाकात की। भारत हरसंभव तरीके से योगदान देने के लिए तैयार है। जून में मोदी ने इटली में जी7 शिखर सम्मेलन के दौरान जेलेंस्की से मुलाकात की थी। बाद में प्रधानमंत्री ने रूस की अपनी आधिकारिक यात्रा के दौरान मॉस्को में राष्ट्रपति पुतिन से मुलाकात की। जयशंकर ने कहा ईएएस हमें ऐसे समय में साथ लाने में महत्वपूर्ण है जब मतभेद तीखे हैं और हित विविध हैं। भारत हमेशा ईएएस प्रक्रिया के प्रति अपनी प्रतिबद्धता पर अडिग रहेगा।

### सभी तरह के आतंकवाद का मजबूती से हो मुकाबला : जयशंकर

**लाओस।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से सभी तरह के आतंकवाद का पूरी मजबूती से मुकाबला करने और आतंकी पनाहगाहों तथा आतंकवाद के वित्तपोषण नेटवर्क को नष्ट करने का आह्वान किया। जयशंकर ने यह टिप्पणी लाओस की राजधानी वियनतियाने में 31वें आसियान क्षेत्रीय मंच (एआरएफ) में की। उन्होंने अपने संबोधन के बारे में एक्स पर पोस्ट किया सभी तरह के आतंकवाद से लड़ने को लेकर प्रतिबद्ध रहें, आतंकी पनाहगाहों और संयुक्त राष्ट्र द्वारा प्रतिबंधित आतंकवाद के वित्तपोषण नेटवर्क को नष्ट करें तथा साइबर अपराध से निपटें। एआरएफ बदलाव ला सकता है। कोविड, संघर्ष और जलवायु आज दुनिया में व्याप्त समस्याओं को उजागर करते हैं।, समाधान केवल सहयोग – आर्थिक, राजनीतिक, तकनीकी और संपर्क के माध्यम से ही निकल सकते हैं।

## लाओस ने जारी किया रामलला पर डाक टिकट

**वियनतिएन।** दक्षिण पूर्वी एशिया के देश लाओस ने भारत के साथ अपने सभ्यतागत जुड़ाव को प्रदर्शित करते हुए विश्व का पहला ऐसा डाक टिकट जारी किया है जिसमें अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि मंदिर में विराजित रामलला की प्रतिमा दर्शाई गई है। लाओ पीडीआर की राजधानी वियनतिएन में विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर और लाओ पीडीआर के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री सेलुमक्से कोमासिथ ने ये विशेष स्मारक डाक टिकट जारी किये।

डॉ. जयशंकर आसियान-भारत मंत्रिस्तरीय सम्मेलन, पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन के विदेश मंत्रियों की बैठक और आसियान क्षेत्रीय मंच की बैठक के लिए वियनतिएन की यात्रा पर हैं। लाओ पीडीआर और भारत के बीच गहरे सभ्यतागत जुड़ाव को दर्शाने वाले दो टिकटों के इस स्टांप सेट में लाओस की प्राचीन राजधानी लुआंग प्रबांग शहर के भगवान बुद्ध और भगवान राम की पवित्र राजधानी अयोध्या के भगवान श्री राम को दर्शाया गया है। बौद्ध धर्म के संबंधों ने सहस्राब्दियों से भारत और लाओ पीडीआर को एक साथ बांध रखा है। रामायण के लाओ संस्करण को रामकियेन या फ्रा लाक फ्रा राम की कहानी कहा जाता है।

# अमेरिकी मिसाइल की तैनाती पर फिलीपींस को चेतावनी

**वियनतियाने, एजेंसी**

- चीनी विदेश मंत्री वांग यी ने फिलीपींस के विदेश सचिव एनरिक मनालो से की मुलाकात

चीनी विदेश मंत्री वांग यी ने शुक्रवार को फिलीपींस के विदेश सचिव एनरिक मनालो से मुलाकात की और अमेरिकी मध्यवर्ती मिसाइल प्रणाली की तैनाती पर फिलीपींस को चेतावनी दी। चीनी कम्युनिस्ट पार्टी की केंद्रीय समिति के राजनीतिक ब्यूरो के सदस्य वांग ने कहा कि चीन और फिलीपींस समुद्र पार करीबी और अच्छे पड़ोसी हैं और पारस्परिक रूप से लाभकारी सहयोग और आम विकास दोनों देशों के बुनियादी हितों में हैं। उन्होंने कहा कि हाल के वर्षों में चीन-फिलीपींस संबंधों के सकारात्मक और नकारात्मक सबक ने बार-बार साबित किया है कि अच्छे संबंध बनाना आसान नहीं है, लेकिन उन्हें समाप्त करना आसान है।

वांग ने कहा कि वर्तमान में चीन-फिलीपींस संबंध गंभीर कठिनाइयों और चुनौतियों का सामना कर रहे हैं, जो इस तथ्य में निहित हैं कि फिलीपींस पक्ष ने बार-बार दोनों पक्षों की सहमति और अपनी प्रतिबद्धताओं का उल्लंघन किया है। वांग ने कहा कि चीन इस बारे में गंभीर रूप से चिंतित है और इसका कड़ा विरोध करता है। उन्होंने कहा कि अगर फिलीपींस अमेरिकी मध्यवर्ती मिसाइल प्रणाली अपनाता है, तो यह क्षेत्रीय तनाव और टकराव उत्पन्न करेगा, जिससे हथियारों की दौड़ शुरू हो जाएगी।



### चीन-फिलीपींस संबंध अब एक चौराहे पर

चीनी विदेश मंत्री ने कहा कि फिलीपींस को अपनी प्रतिबद्धताओं को पूरा करना और अपनी स्थिति को बदलने से बचना महत्वपूर्ण है। अगर ऐसा नहीं हुआ तो चीन निश्चित रूप से इसका कड़ा जवाब देगा। वांग ने कहा कि चीन-फिलीपींस संबंध अब एक चौराहे पर हैं और बातचीत और परामर्श के अलावा संघर्ष और टकराव से बाहर निकलने का कोई रास्ता नहीं है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि फिलीपींस चीन-फिलीपींस संबंधों के भविष्य के बारे में गंभीरता से विचार करेगा।

## अरबपतियों पर कर लगाने पर सहमत हुए जी20 देशों के वित्त मंत्री

**रियो डि जिनेरियो।** दुनिया के शीर्ष विकसित और विकासशील देशों के वित्त मंत्री अरबपतियों पर प्रभावी ढंग से कर लगाने के प्रस्ताव पर शुक्रवार को सहमत हुए। एक संयुक्त मंत्रिस्तरीय घोषणापत्र में यह जानकारी दी गई है। रियो डि जिनेरियो में जी20 देशों के वित्त मंत्रियों की दो दिवसीय बैठक के बाद जारी घोषणापत्र में कहा गया है कर संप्रभुता के प्रति पूर्ण सम्मान के साथ, हम सहयोगात्मक रूप से यह सुनिश्चित करने का प्रयास करेंगे कि अरबपतियों पर प्रभावी रूप से कर लगाया जाए। ब्राजील ने रियो डि जिनेरियो में 18-19 नवंबर को प्रस्तावित जी20 शिखर सम्मेलन से पहले अरबपतियों पर न्यूनतम दो फीसदी संपत्ति कर लगाने का प्रस्ताव रखा है।

# तोड़फोड़ के बाद फ्रांस में रेल नेटवर्क आंशिक रूप से बहाल

**पेरिस, एजेंसी**

फ्रांस में रेल कंपनी एसएनसीएफ ने शनिवार को कहा कि सीन नदी पर ओलंपिक खेलों के उद्घाटन समारोह से पहले तीन प्रमुख रेल मार्गों पर तोड़फोड़ और आगजनी की घटनाओं से ठप पड़ी हाई स्पीड रेल सेवा को आंशिक रूप से बहाल करने में उसे सफलता प्राप्त हुई।

एसएनसीएफ ने कहा कि उसके मजदूरों ने पेरिस जाने वाले उत्तर, पूर्व और पश्चिम के क्षतिग्रस्त रेल मार्गों को ठीक करने के लिए प्रतिकूल मौसम के बीच पूरी रात काम किया। कंपनी ने कहा कि शनिवार सुबह पूर्वी हाई स्पीड मार्ग पर सामान्य सेवा बहाल कर दी गयी। एसएनसीएफ ने कहा उत्तर ब्रिटेन और दक्षिण-पश्चिम हाई स्पीड मार्ग पर औसतन 10 में से सात ट्रेनें एक से दो घंटे की देरी से दौड़ रही हैं। कंपनी ने कहा कि रविवार को उत्तर मार्ग पर रेल यातायात बाधित रहेगा लेकिन अगले सप्ताहांत तक अटलांटिक मार्ग पर स्थिति में सुधार होने की उम्मीद है। कंपनी के मुताबिक, ग्राहकों से उनकी ट्रेनों के चलने की पुष्टि करने के लिए टेक्स्ट संदेश और ईमेल के माध्यम से संपर्क किया जा रहा है।



- ओलंपिक खेलों से चंद घंटे पहले प्रमुख रेल मार्गों पर तोड़फोड़ और आगजनी हुई थी

## अजीत डोभाल ने सीमा क्षेत्र में शांति व स्थिरता पर की चर्चा

**नेपीता।** एनएसए अजित डोभाल ने म्यांमा के प्रधानमंत्री सीनियर जनरल मिन आंग ह्लाइंग से मुलाकात की और सीमा क्षेत्र में शांति एवं स्थिरता बनाने के उपायों पर चर्चा की। डोभाल म्यांमा में बिम्सटेक के सदस्य देशों के सुरक्षा प्रमुखों की चौथी वार्षिक बैठक में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे हैं। स्टेट एडमिनिस्ट्रेशन काउंसिल के अध्यक्ष ह्लाइंग ने डोभाल का अपने कार्यालय में स्वागत किया। बैठक में ह्लाइंग और डोभाल ने भारत और म्यांमा के बीच मैत्री संबंधों व सहयोग, म्यांमा की राजनीतिक प्रगति, स्वतंत्र व निष्पक्ष लोकतांत्रिक आम चुनाव कराने की तैयारियों और सीमा क्षेत्र में शांति एवं स्थिरता के लिए उपायों पर विचार साझा किए।

# गाजा के स्कूल व अस्पताल पर हवाई हमले, 30 की मौत

- इजराइली सेना ने कहा उसने हमास की कमान एवं नियंत्रण केंद्र को निशाना बनाया

**गाजा पट्टी।** इजराइली हवाई हमले में शनिवार को मध्य गाजा में एक स्कूल को निशाना बनाया गया, जिससे बच्चों समेत कम से कम 30 लोगों की मौत हो गई। इस स्कूल में विस्थापित फलस्तीनियों ने शरण ली हुई थी। ये हमले ऐसे समय में हुए, जब फलस्तीन के वार्ताकार प्रस्तावित संघर्षविराम पर चर्चा के लिए अंतर्राष्ट्रीय मध्यस्थों से मिलने की तैयारी कर रहे थे।

इजराइली हमले में दीर अल-बलाह में एक स्कूल में शरण लिए हुए कम से कम 30 लोग घायल हो गए। घायलों को अल अक्सा अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। मृतकों में सात बच्चे और सात महिलाएं भी शामिल हैं। वहीं, इजराइली सेना ने कहा कि उसने हमास की कमान एवं नियंत्रण केंद्र को निशाना बनाया, जिसका इस्तेमाल हथियार रखने और हमलों की योजना बनाने के लिए किया जाता था। वहीं, हमास ने एक बयान में इजराइली सेना के इस दावे को खारिज किया।



## नेतन्याहू ने अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप से की मुलाकात

**अमेरिका।** इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने पूर्व राष्ट्पति डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात की और गाजा में संघर्ष विराम समझौते की दिशा में आगे बढ़ने को लेकर सकारात्मक प्रतिक्रिया दी। इजराइली प्रधानमंत्री की अमेरिका की यात्रा अब खत्म होने वाली है और इस यात्रा के दौरान उन्हें इजराइल-हमास युद्ध के समर्थन को लेकर अमेरिका में बढ़ते मतभेदों का भी सामना करना पड़ा। दोनों नेताओं ने चार साल बाद पहली बार मुलाकात की। नेतन्याहू ने इस मुलाकात के बाद कहा कि वह चाहते हैं कि अमेरिका की मध्यस्थता में युद्ध विराम और बंधकों की रिहाई का समझौता सफल रहे।

## बॉलीवुड हलचल

### फिल्ममेकर सिनेमा के असली सितारे : कंगना

**मुंबई।** बॉलीवुड की जानीमानी अभिनेत्री और सांसद कंगना रनौत ने फिल्म निर्माताओं को सिनेमा का असली सितारा बताया है। निर्देशक आदित्य धर ने अपनी अगली फिल्म के लिए रणवीर सिंह, संजय दत्त, आर माधवन, अक्षय खन्ना और अर्जुन रामपाल के साथ अपने मेगा प्रोजेक्ट की घोषणा की है। इस फिल्म में पोस्टर में अभिनेता रणवीर सिंह,अक्षय खन्ना, संजय दत्त, आर माधवन और अर्जुन रामपाल के साथ निर्देशक आदित्य धर भी हैं। कंगना रनौत ने अभिनेताओं के साथ पोस्टर में निर्देशक आदित्य को शामिल करने के लिए निर्माताओं की सराहना की। कंगना ने एक्स पर इस प्रोजेक्ट की तारीफ करते हुए लिखा, इस घोषणा के बारे में, जो सबसे सराहनीय है और जिसकी मैं तारीफ करती हूं वह यह है कि सितारों के बीच निर्देशक की तस्वीर भी है। फिल्म निर्माता सिनेमा के असली सितारे हैं, उनके साथ अलग तरह व्यवहार नहीं किया जाना चाहिए। पूरी टीम को बधाई। बताया जा रहा है कि इस फ़िल्म का निर्माण जियो स्टूडियो की ज्योति देशपांडे और लोकेश धर और आदित्य धर ने अपने बैनर बी62 स्टूडियो के तहत किया है।





### रणवीर की नई फिल्म को लेकर उत्साहित हैं दीपिका पादुकोण

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री दीपिका पादुकोण अपने पति रणवीर सिंह की नयी फिल्म को लेकर उत्साहित हैं। रणवीर सिंह की आने वाली फिल्म में अक्षय खन्ना, संजय दत्त, आर माधवन और अर्जुन रामपाल की भी अहम भूमिक हैं। दीपिका ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर रणवीर सिंह, अक्षय खन्ना, संजय दत्त, आर माधवन और अर्जुन रामपाल स्टारर निर्देशक आदित्य धर की अगली एक्शन थ्रिलर फिल्म का पोस्टर साझा किया। उन्होंने पोस्टर के साथ एक ब्लैक हार्ट इमोजी लगाया है। इससे पूर्व रणवीर सिंह ने अपनी आगामी एक्शन थ्रिलर फिल्म की आधिकारिक घोषणा अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर एक तस्वीर साझा कर दी।रणवीर सिंह ने पोस्ट साझा करते हुए लिखा, यह मेरे प्रशंसकों के लिए है, जो मेरे साथ बहुत धैर्य रखते हैं और इस तरह के मोड़ के लिए शोर मचा रहे हैं। मैं आप सभी से प्यार करता हूं और मैं आपसे वादा करता हूं कि इस बार, एक ऐसा सिनेमाई अनुभव मिलेगा जो पहले कभी नहीं हुआ। आपके आशीर्वाद के साथ, हम इस शानदार, बड़े मोशन पिक्चर एडवेंचर को उत्साही ऊर्जा और शुद्ध इरादे के साथ शुरू करते हैं। इस बार, यह व्यक्तिगत है।

### फिल्म घुसपैठिया का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई।** विनीत कुमार सिंह, उर्वशी रौतेला और अक्षय ओबेरॉय की आने वाली फिल्म घुसपैठिया का ट्रेलर रिलीज हो गया है। कहानी डिजिटल दुनिया के खतरों पर प्रकाश डालती है, तथा इसमें स्टॉकिंग और ऑब्सेशन जैसे खतरों पर प्रकाश डाला गया है। फिल्म में उर्वशी रौतेला एक उत्साही गृहिणी की भूमिका में हैं जो सोशल मीडिया के प्रति दीवानी है, कहानी उसके आकर्षण और उसके प्रभावों पर केंद्रित है, जो अप्रत्याशित मोड़ के साथ एक गहरी कहानी का खुलासा करती है।

**खगोल विज्ञान** — चंद्रमा पर वैज्ञानिक अनुसंधानों को बल देती है यह खोज

# चंद्रमा के खनिज में आणविक जल की खोज

**संवाददाता, नैनीताल**

**अमृत विचारः** चंद्रमा पर पानी की तलाश में एक और सफलता वैज्ञानिकों को मिली है। इस बार यह जल खनिज आणविक के रूप में मिला है। यह खोज अभूतपूर्व मानी जा रही है, जो भविष्य में चंद्रमा पर वैज्ञानिक अनुसंधानों को बल देती है। यह खोज चीनी वैज्ञानिकों ने की है। चांद पर चीनी मिशन चांग ई 5 द्वारा एकत्र किए गए चंद्र मिट्टी के नमूनों से यह खोज संभव हो सकी।

इस खोज को लेकर वैज्ञानिकों का कहना है कि चंद्रमा पर उच्च तापमान और निर्वात वातावरण के कारण तरल पानी का अस्तित्व संभव नहीं है। इसलिए यह पहले से अस्पष्ट था कि चंद्रमा पर पानी के अणु कैसे मौजूद हो सकते हैं। जिसके चलते शोध की दिशा चांद की मिट्टी पर केंद्रित की गई। चीनी विज्ञान अकादमी भौतिकी संस्थान के वैज्ञानिकों ने 2020 में चांग 5 चंद्र जांच द्वारा एकत्र किए गए चंद्र मिट्टी के नमूनों का उपयोग किया । जिसमें चंद्रमा के उच्च अक्षांश क्षेत्र से बेसाल्ट चंद्र मिट्टी के नमूनों का अध्ययन किया गया। इस अध्ययन में बीजिंग नेशनल लेबोरेटरी फॉर कंडेंस्ड मैटर फिजिक्स, बीजिंग यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, तियानजिन यूनिवर्सिटी, सीएएस के किंघई साल्ट लेक इंस्टीट्यूट और झेंग्झौ यूनिवर्सिटी के विशेषज्ञ

शामिल हुए। शोध के निष्कर्ष पिछले सप्ताह अकादमिक पत्रिका नेचर एस्ट्रोनॉमी में ऑनलाइन प्रकाशित किए गए । शोध में बताया गया है कि आणविक सूत्र के अनुसार खनिज में छह क्रिस्टलीय पानी के अणु होते हैं, जिसमें पानी के अणु नमूने के द्रव्यमान का 41 प्रतिशत तक होते हैं। पांच साल पहले रूस के एक ज्वालामुखी में इसी तरह का एक खनिज खोजा गया था, जिससे चंद्रमा पर पानी के स्रोत के बारे में नए सुराग दिए थे। यहीं से चंद्रमा पर आणविक जल की तलाश शुरू की गई और सफलता मिल गई।



### वैज्ञानिकों का मानना है कि चांद के लिए अगले पांच साल अहम होंगे

**नैनीताल :** वैज्ञानिकों का मानना है कि अगले 5 वर्ष चंद्रमा मानव अनुसंधान को लेकर महत्वपूर्ण होने जा रहे हैं। इन 5 वर्षों में चंद्रमा न केवल वैज्ञानिकों का पड़ाव बनेगा, बल्कि मंगल के आगामी कार्यक्रम चांद की धरती के जरिए पूरे होंगे। कुछ दिन पूर्व चांद की धरती पर इंसान के ठिकाने के रूप में एक प्राचीन सुरंग की खोज हुई थी। इसके साथ ही जीवन के लिए आवश्यक तत्व पानी की तालाश में मिले सुराग चांद की महत्ता के साथ ही वैज्ञानिकों के हौसलें भी बढ़ाते हैं।